ये सब कोई छिपी हुई या गूढ बातें नहीं, वरन् अत्यंत स्पष्टता से घोषित तथ्य हैं। सामान्य मामलों में, हत्या;लूट जैसे आपराधिक कार्य करने वाले, यदि योजना बनाते पकड़े जाते हैं, तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करती है। लेकिन घोषित तौर पर यही करने वाले जब मजहब के नाम पर करते हैं तो सत्तासीन लोग आफतार पार्टी दे कर उनका मनोबल बढ़ाते हैं। उनके वे काम जिनसे काफिरों को गुस्सा आये या काफिरों को लूटा जाये, नेक काम हैं। तब राजनीतिज्ञ महोदय, तथाकथित प्रगतिशीलता और धर्मनिरपेक्षता की नौटंकी करने वाले महोदय, कृपया बतावें कि उनका क्या करेंगे जिनके पुत्रों का कत्ल, सम्पत्ति की लूट और बेटियों–बहुओं का बलात्कार, अपहरण और निकाह कातिलों से होगा ? जैसा मुस्लिम आक्रमण के आरम्भ से होता आ रहा है ? जैसा आधुनिक काल में, मोपलों का जेहाद, पंजाब और बंगाल में देश विभाजन के समय जेहाद, अभी-अभी कश्मीर में जो पूरा होने जा रहा है और विस्फोटों द्वारा पूरे देश में जगह-जगह हिन्दुओं के चिथड़े उड़ाए जा रहे हैं ? अपराध जिसका नेक काम है, उसको अपराध की स्वतंत्रता और भुक्तभोगी को भुगतने की स्वतंत्रता यही न आपकी धर्मनिरपेक्षता है!

कश्मीर में सेना भी पराजित हो चुकी है, वहाँ के तीन लाख हिन्दुओं की वह रक्षा न कर सकी; क्योंकि हिन्दू राजनीतिज्ञों में समझ, स्वाभिमान, नैतिकता, न्यायप्रियता एवं इच्छाशक्ति का घोर अभाव है। इन्होंने सेना की स्वतंत्र कर्रवाई पर अंकुश लगा कर उसे पंगु बना दिया और हिन्दुओं के सर्वनाश का तमाशा देखा सिर्फ इसलिए कि

'नेक' वोट पाकर ये सत्ता सुख भोगते रहें। वास्तव में आज के धर्मनिरपेक्ष हिन्दू राजनीतिज्ञ का मतलब है निम्न स्वार्थी लोग सत्ता, शक्ति, पद और धन के भूखे, सिद्धांतहीन, अनैतिक और अन्यायी लोग। अन्यथा वह कैसे इस देश का नागरिक हो सकता है जो खुले रूप में गैर मुसलमानों का कत्ल करने ,उन्हें लूटने, उनकी महिलाओं से बलात्कार करने, उनको बलात् बीवियाँ या रखैल बनाने और बलात् अपना मजहब मनवाने को अल्लाह का हुक्म कहता है ? जो बलपूर्वक इस्लामी सत्ता स्थापित करने को अपना प्रथम मजहबी फर्ज समझता है ?

मजहबी शिक्षा पर रोक, मजहबी उन्माद को बल पूर्वक मिटाना, विदेशी घुसपैठ को कडाई से रोकना, समान नागरिक संहिता लागू करना, सबको समान रूप से परिवार नियोजन के लिए बाध्य करना, धर्मान्तरण पर रोक, अल्पसंख्यक विशेषाधिकारों की समाप्ति, हिन्सापूर्ण जेहादी विश्वास का त्याग की मजहबी घोषणा तक नागरिक अधिकारों का स्थगन, सभी विद्यालयों में एक समान राष्ट्रीय, वैज्ञानिक और नैतिक शिक्षा की व्यवस्था आदि के विपरीत ये राजनीतिज्ञ इनको ही धर्म निरपेक्ष कहते हैं और उनके मजहब के प्रचार की छूट और मजहबी शिक्षा के लिए सरकारी सहायता देते हैं।

यथार्थ की अनदेखी कर अंध तुष्टिकरण की राह से चलने के कारण ही देश विभाजन के समय बीस लाख लोगों का रक्त बहा था। अभी-अभी कश्मीर के विध्वंस को सारा देश देख चुका है। आगे परिणाम क्या होने वाला है ? गाँधी नेहरू के उसी आत्मघाती मार्ग पर चलते हुए आज कै ये भ्रष्ट राजनीतिज्ञ पूरे हिन्दू समाज को उसी ज्वाला में ढकेल कर भस्म कर डालने की राह पर पुनः चल पड़े हैं।

समाज के दूसरे वर्ग के लोग भी, जैसे सरकारी नौकरशाह, बुद्धिजीवी, डाक्टर, वकील, प्रोफेसर, इन्जीनियर, व्यापारी, कारीगर, कृषक, मजदूर, आदि सभी अपनी जीविका कमाने में व्यस्त हैं। सामाजिक संबंध सिर्फ अपने काम की सीमा तक सिमट गए हैं। हिन्दू समाज में इस सर्वनाशी समस्या पर विचार कर कुछ न कुछ कार्रवाई करने का न कोई मंच है, न कोई बौद्धिक संवेदना और न ही किसी के पास समय। पूरा समाज धन और साधन–सुविधा के पीछे अंध दौड़ में शामिल है। उसे इस दौड़ में यह नहीं सूझ रहा है कि वह दिन बहुत दूर नहीं रह गया है जब उसके परिजनों का कत्लेआम होगा, जिनकी सुख-सुविधा के लिए साधन जमा करने में अंधा बना सारे कुकर्मों पर उतारू है। उसकी पीढ़ियों की संचित कमाई सहित सब कुछ लूट जायेगा, छिन जायेगा या बलात् अधिकृत कर लिया जायेगा। उनकी महिलाएँ अपमानित, बलात्कृत और अपहरित होंगी। दुनिया में कोई जातीय समुदाय शायद ही इतना अंधा हो,जितना हिन्दू।

कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से निकलने वाले विद्यार्थी, मैकाले शिक्षा नीति के प्रभाव के कारण इस समस्या की समझ खो बैठे हैं; परिणाम स्वरूप इसका उलटा ही निष्कर्ष निकालते हैं। फिर मार्क्सवादी किताबी विचारधारा का फैशन आजकल विश्वविद्यालयों में विशेष रूप से दिख रहा है। अधिकांश लड़के तो सिरफिरों की तरह बात करते मिलेंगे। नेहरू ने इस देश के हिन्दुओं के सर्वनाश की जो व्यवस्थाएँ कर

दी थीं, उनमें से शिक्षा का स्वरूप भी एक है जिसका असर साफ दिखने लगा है। दुर्भाग्य है कि इनकी समझ में बात तब आयेगी, जो आयेगी ही; जब सब कुछ खोया जा चुकेगा और जेहादी तलवार इनके सर के पास पहुँच जायेगी।

मुस्लिम आबादी तथा प्रशासन, न्याय, पुलिस और सेना में मुस्लिम प्रतिशत के बढ़ते ही, जिसके प्रयास में वे निरन्तर लगे हुए हैं, मुसलमान अपने सबसे महत्वपूर्ण मजहबी फर्ज को पूरा करने की स्थिति में पहुँच जायेंगे। मोपलों की तरह तथा बंगाल और पंजाब के जेहाद की तरह जब दस-दस, बीस-बीस, पचास-पचास हजार की संख्या में आधुनिकतम हथियारों से लैश जेहादी मुजाहिदीन (मुस्लिम लड़ाके) देश भर में एक साथ निहत्थे काफिरों का सफाया करना शुरू करेंगे, सिर्फ उस दिन ही धर्म निरपेक्षता का असली अर्थ समझ में आयेगा। लेकिन उस दिन के बाद से धर्मगुरू, उपदेशक, राजनीतिज्ञ, प्रगतिशील और बुद्धिहीन बुद्धिजीवी, खून चूस-चूस कर धन बटोरने वाले सभी अपना सब कुछ खो कर, ठिकाने लग चुके होंगे और बचे खुचे लोग गोमांस का भोग लगा कर "मुहम्मदुर्रसूलल्लाह" का कलमा पाठ कर रहे होंगे। यह कोई कल्पना या हवाई अनुमान की बात नहीं है बल्कि तथ्यपूर्ण परिस्थितियों के निश्चित परिणाम का आकलन है। इतिहास पर दृष्टि डालते ही और वर्तमान का मूल्यांकन करते ही भविष्य का भयावह दृश्य आँखों के सामने तैर जाता है। स्वार्थान्धों और वामान्धों को यह दृश्य सूझ नहीं रहा है तो कोई क्या करे।

एक बार पुनः डा0 अम्बेडकर की तत्कालीन आशंकाओं की प्रासंगिकता आज के संदर्भ में उपस्थित है। आज के नेताओं की भी "देख सकने में सक्षम आँखें लुप्त हो चुकी हैं और वे कुछ खोखले भ्रमजालों की चमक ओढ़े घूम रहे हैं, भय है, जिनके परिणाम हिन्दुओं के लिए बड़े घातक होंगे।"

हिन्दू समाज में जातीय विभाजन के कारण जातीय विखराव और वैमनस्य की स्थिति कभी-कभी बन जाती है। इसे मिटा कर समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से जब कुछ लोग हिन्दू के नाम पर एकता बनाने का प्रयास करते हैं तब ये नीच स्तर के स्वार्थी राजनीतिज्ञ उन्हें साम्प्रदायिक कह कर हतोत्साहित करते हैं। मुस्लिम-ईसाई मिशनरी हित, हिन्दुओं के कमजोर बने रहने में होता है; इसलिए उन्हें खुश करने के लिए ये हिन्दू विरोध और जातीय आधार की राजनीति के कारण वैसा करते हैं। इनमें दूर दृष्टि और गम्भीर राष्ट्रीय भावनाओं का अभाव होता है। इनकी सोच और कार्य की दिशा सिर्फ कुर्सी तक पहुँचने की होती है। कुछ को छोड़ कर अधिकांश अर्धशिक्षित, अपराधी, सत्ता और धन की आकांक्षा वाले भ्रष्ट लोग होते हैं। उनका पूरा जीवन उसी के आसपास और उसी के जोड़तोड़ में बीतता है। लेकिन नेता बनने की उनमें कुछ विशेषताएँ होती हैं, जन सामान्य की भावनाओं और धारणाओं के अनुरूप स्वयं को दिखाने की छद्म नाटकीयता; जातीय भावनाओं को उभाड़ कर उनका नेतृत्व एवं भलाई का झूठा आश्वासन देने की धृष्टता। यही काम विद्वान और चिन्तक नहीं कर सकते हैं। वे परिस्थितियों का अध्ययन और उसकी समीक्षा कर भविष्य निर्माण हेतु विवेक सम्मत उचित परामर्श दे सकते हैं, लेकिन राजनीतिज्ञ नहीं बन सकते। परिणाम होता है दिशाहीनता और अन्ततः विनाश।

राजनीतिज्ञों के चरित्र से सभी परिचित हैं। पर कोई कुछ नहीं कर पाता, सिवाय उनके कुकर्मों की सजा भोगने के।

इसलिए, अब यह आवश्यक हो गया है कि संपूर्ण हिन्दू समाज अपनी चेतना विकसित करे। हिन्दू जहाँ भी हों, जिस किसी सामाजिक आर्थिक स्थिति में हों, यह उनका कर्तव्य है कि राजनीतिज्ञों और धर्म के ठेकेदारों का भरोसा त्याग कर, मरणोन्मुख हिन्दू समाज के अस्तित्व की रक्षा के लिए स्वयं को एवं पूरे हिन्दू समाज को जागृत करें। सभी प्रकार के भेद-भाव एवं वैमनस्य भूल कर घर-घर, गाँव-गाँव, नगर-मुहल्ला में नियमित साप्ताहिक, अर्द्ध साप्ताहिक बैठकें करें। सारे देश में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं साहित्य प्रचार के द्वारा इस समस्या की गम्भीरता से देश भर के लोगों को अवगत करावें। धर्म निरपेक्षता के मूढतापूर्ण पाखण्ड और इस संबंध में वामपंथी सोच की दिशाहीनता की परवाह न करते हुए, लोगों को बताया जाय कि हिन्दू समाज को मिटा डालने के लिए इस्लाम और ईसाइयत किस प्रकार भीतर घात में जुटे हुए हैं। दृढ़ता पूर्वक कार्रवाई न की गई तो 20-25 वर्षों में देश इस्लामी हाथ में पहुँच जायेगा।

साधु-संत और धर्मगुरू, अब हिन्दू समाज की बुराइयों को मिटाने के अभियान में शामिल हों। जातिप्रथा, छुआछूत, दहेजप्रथा और ऊँच-नीच की भावना को समाप्त करने की दिशा में पहल करें। सभी प्रकार की सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास और पाखंड को मिटाकर वैज्ञानिक जीवन मूल्यों को स्थापित करने की दिशा में सबको सक्रिय होने की आवश्यकता है। हर स्तर पर हिन्दू संगठन और गहन विचार-विमर्श, शक्ति-संचय और अस्तित्व-रक्षा के लिए आत्म बलिदान को तैयार होना पड़ेगा। अस्तित्व-रक्षा की इस समस्या से बढ़कर और कोई समस्या नहीं हो सकती। इसलिए अपनी जीवनशैली, धारणा, सोच और कार्य में शीघ्र बदलाव लाकर, भय, संकोच, और झिझक त्याग कर, तन-मन और धन से अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए कुछ करें अन्यथा आनेवाला इतिहास आप को अपने ही बच्चों का हत्यारा लिखा करेगा जैसा कश्मीरी पंडितों के पूर्वजों को, उनके अपने ही वंशजों का हत्यारा लिखा कर रहा है।

◆

3. देश-विभाजन के समय जेहाद

पंजाब स्थित शेखपुरा के एक प्रत्यक्षदर्शी का कथन है :—"दिनांक 26 अगस्त (1947 में, लाहौर में) की सुबह 7 बजे मैं सरदार आत्मा सिंह के मिल पर पहुँचा। करीब सात आठ हजार गैर मुस्लिम शरणार्थी शहर के विभिन्न भागों से आकर वहाँ जमा हुए थे। करीब 8 बजे मुस्लिम बलूच मिलिटरी ने मिल को घेर लिया। उनके द्वारा एक फायर किया गया जिससे मिल के अंदर एक औरत की मृत्यु हो गई। उसके बाद कांग्रेस समिति के अध्यक्ष स्वामी आनन्द सिंह मिलिटरी वालों के पास अपने हाथ में हरा झंडा लेकर गये और पूछा कि आप क्या चाहते हैं ? उन्होंने कहा कि शहर में पूरी गैर मुस्लिम सम्पत्ति लूट ली गई है और जला दी गई है। मिलिट्री वालों ने दो हजार छः सौ रुपये की माँग की, जिसे उन्हें दे दिया गया। इसके बाद दूसरा फायर किया गया जिससे एक आदमी की मौत हो गई। पुनः आनन्द सिंह द्वारा अनुरोध करने पर उन्होंने बारह सौ रुपये की और मांग की; उसे भी दे दिया गया। इसके बाद उन लोगों ने कहा कि वे सभी लोगों की तलाशी लेना चाहते हैं, इसलिए सभी बाहर निकल जायें, जो अन्दर रह जायेंगे उन्हें गोली मार दी जायेगी। सभी सात–आठ हजार शरणार्थी बाहर निकल गये। तब उन्हें कहा गया कि उनके पास जो भी कीमती सामान और रुपये हों उसे एक जगह जमा करें। स्वामी आनन्द सिंह ने अभागे शरणार्थियों को आदेश पालन करने की सलाह दी। थोडी ही देर में सात–आठ मन सोने का ढेर और करीब तीस–चालीस लाख रुपये जमा हो गये। मिलिटरी के लोगों द्वारा यह सारी दौलत उठा ली गई। उसके बाद वे शरणार्थियों में से सुन्दर लड़कियों की छँटैया करने लगे। इस पर स्वामी आनन्द सिंह ने आपत्ति की तो उन्हें तुरंत गोली से उडा दिया गया। उसके बाद एक बलूच मुस्लिम सैनिक द्वारा सभी गैर मुस्लिम शरणार्थियों के सामने ही एक लड़की को छेड़ा जाने लगा। यह असह्य था। इस पर एक युवक ने बलूच सैनिक पर वार किया। इसके बाद तो सभी बलूच सैनिक शरणार्थियों पर गोलियाँ बरसाने लगे। शरणार्थियों की अलगी पाँत के लोग उठकर अपनी लड़कियों की इज्जत बचाने के लिए उनकी हत्या करने लगे। इस बीच फायरिंग जारी रही जिससे शरणार्थी उसी जगह गिर कर मरने लगे। मैं एक पेड़ के पीछे जमीन पर पड़ गया। कुछ देर बाद मैंने सोचा कि यहाँ रहने से मैं बच नहीं सकूँगा, इसलिए अति विक्षिप्तता में उठा और गोली वर्षा के बीच में ही बगल की दीवार फाँद कर उस तरफ चला गया। इस अन्तराल में मेरे सिर और पैर के पास गोलियों की बौछार आ रही थी। मैं सोच नहीं पा रहा हूँ कि मैं जीवित कैसे बच गया। दूसरी तरफ एक बलूच सैनिक जो पहरे पर था, मुझ पर बन्दूक तान दिया। मैं उसके बहुत करीब था। मैंने झपट कर उसकी बन्दूक छीन ली और कुंदे के, जोर से, उसके सिर पर वार किया, जिससे वह बेहोश हो गया। पूरे समय मेरे चारों ओर गोलियों की बौछार हो रही थी। मैं पूरी ताकत से दौड़ कर मैदान की ओर भागा, जहाँ सटे हुए एक मिल में रखे हुए जूट के बोड़ों के नीचे छिप गया। मिल के अंदर भी बन्दूकें चलने

की आवाज सुनाई पड रही थी। दो–तीन घंटे बाद, इस डर से कि मैं यहाँ पकडा जाऊँगा, मिल के ऊपर के एक कमरे में गया जहाँ दो अभागी हिन्दू लड़कियाँ पहले से ही छिपी हुई थीं। वहाँ से मैं देख सकता था कि जिस मिल से मैं भागा हूँ वहाँ के अभागे गैर मुसलमानों के साथ क्या हो रहा है। जो बलूच सैनिकों के हमले से बच निकले थे, उन्हें मुस्लिम दंगाई बर्बर तरीके से कत्ल कर रहे थे। एक घटना में, उन्होंने एक औरत से उसके छोटे बच्चे को छीन कर टुकड़े–टुकड़े कर दिया और उसके बाद औरत के पेट में भाला घोंप दिया। अब वहाँ से जीवित बच निकलना असंभव था कि तभी एक मुसलमान सिपाही, जो मेरा बहुत पुराना मित्र था, को देखकर उसके पास गया। मैंने लडकियों को अपना बहन बताया। हमलोगों पर दूसरे दंगाइयों द्वारा हमला होने ही वाला था लेकिन मुसलमान सिपाही पास ही था। मैंने हाथ देकर उसे पुकारा और बहनों के साथ अपनी रक्षा की भीख माँगी। सौभाग्य से वह मान गया और हम लोगों को छुपाकर मालियाँ कलाँ बस्ती में पहुँचा दिया।"

(स्टर्न रेकनिंग – जस्टिस जी0 डी0 खोसला, पृष्ठ 133)

खिलपाड़ा के एक शिक्षक ने बताया कि इस प्रकार उनके घर पर सात भिन्न–भिन्न जत्थों द्वारा आक्रमण किया गया। प्रत्येक जत्थे में तीन सौ से चार सौ तक मुसलमान होते थे। उनके घर में मूर्तियों और देवी–देवताओं के चित्रों को तहस–नहस कर बलपूर्वक उनको परिवार सहित मुसलमान बनाया गया। पूरे जिला के लिए यह एक मिसाल है। लगातार बसे कई बस्तियों से मुसलमान जमा होकर किसी चुने हुए गाँव पर आक्रमण करते थे। उनके घरों को लूट कर आग लगा देते थे। उसके बाद मौत की धमकी पर सामूहिक रूप से मुसलमान बनाते थे। उनकी जवान औरतों को उठा ले जाते थे और मुसलमानों से उनकी शादियाँ कर देते थे। इस प्रकार से नोआखाली जिला के 95 प्रतिशत हिन्दुओं को मुसलमान बनाने का आयोजन किया गया था जिसमें उनकी औरतों का बलात्कार और अपहरण के बाद मुसलमानों से शादियाँ होना शामिल था। धर्मान्तरितों को कलमा पढ़ाया जाता था, बाद में गाय कटवाई जाती थीं और उनका मांस खिलाया जाता था, मुसलमानों से निकाह के पहले औरतों की चूड़ियाँ तोड़ कर सिन्दूर मिटा दिया जाता था।

10 अक्टूबर 1946 को लक्ष्मीपूजा के दिन साहापुर इंगलिश हाई स्कूल में पन्द्रह हजार मुसलमानों की सभा हुई। पीर, गुलाम सरवर ने मुसलमानों को नारायणपुर के जमीन्दार बाबू सुरेन्द्र नाथ बोस की कचहरी बाड़ी और राय साहब राजेन्द्र लाल चौधरी, कारापाड़ा के मकान पर धावा बोलने के लिए उकसाया। उसके तुरंत बाद साहापुर बाजार के हिन्दुओं की दुकानें पुलिस अवर निरीक्षक के सामने ही जला दी गईं। मुसलमानों ने फिर नारायणपुर कचहरी पर धावा बोल कर उसमें आग लगा दी। जब घर जलने लगा, सुरेन्द्र बाबू ने छत से छलांग लगा दी। वे मुसलमानों के सामने ही गिरे। उन्मादी मुसलमानों ने उनके शरीर के टुकड़े–टुकड़े कर आग के हवाले कर दिया और उनका सिर काट कर पीर साहब के पास ले गये जो पास ही खड़ा था।

उसके बाद राजेन्द्र बाबू के घर पर आक्रमण कर उसमें आग लगा दी। उनके परिवार के सभी लोग छत पर चढ़ गये। कुछ बदमाशों ने उन पर गोलियाँ

चलाईं। ऊपरी कमरा के पीछे कुछ ने छिपने का प्रयास किया कि छत टूट गया। वे आग में गिर पड़े और जलकर मर गये। कुछ उपद्रवियों ने एक नारियल का पेड़ काटा। उसे सीढ़ी की तरह इस्तेमाल कर छत पर चढ़ गये। एक–एक कर मर्दों को नीचे लाया गया और उन्हें कसाई की तरह क्रूरता से काट डाला गया। औरतों को नीचे लाकर उन्हें पीर साहब के यहाँ हाँक कर ले जाया गया। जो, कुछ दूरी पर एक नाव में उनका इंतजार कर रहा था। उसने किसी दूसरे घर में उनको ले जाने के लिए कहा। राजेन्द्र बाबू और दूसरों का सिर काट कर पीर साहब को भेंट किया गया। चौंतीस लोग जिनमें आधा दर्जन अनजान लोग थे, उस स्थान पर काट डाले गये।

("स्टर्न रेकनिंग" – जस्टिस जी0डी0 खोसला, पृष्ठ 71, 72)

इन घटनाओं से निष्कर्ष निकालना और अपने बन्धु–बान्धवों को इसकी जानकारी देना हिन्दू विद्वानों और विचारकों का कर्तव्य था। किन्तु इसकी समीक्षा करने के विपरीत इसे ढँक कर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। नेहरूवादी सरकार ने कानून बना कर इसकी व्यवस्था कर दी कि कोई इसकी स्पष्टता के साथ समीक्षा प्रकाशित न कर सके। यह कानून बनाया गया कि ऐसी कोई सामग्री प्रकाशित न की जाय जिससे उत्तेजना या निराशा प्रकट हो और समाज में शांति भंग होने की आशंका हो।

लेकिन यह तो, और भी बुरा हुआ। इससे कुछ आगे चलकर बहुत बड़े विध्वंस, बर्बादी, नरसंहार, लूट, नारियों के शीलभंग और अपहरण जैसे असभ्य और जंगली कृत्य के लिए आसानी हो गयी। जिनके साथ यह हैवानियत होती रही है और आगे भी होने वाली है उसके बचाव के लिए कोई उपाय नहीं किया गया। उल्टे उससे वह जाति, वह समुदाय अनभिज्ञ बना रहे इसकी व्यवस्था कर दी गई। जिस मजहबी व्यवस्था में यह शैतानियत एक सबाब (पुण्य) माना गया है, ऐसा करना उनका फर्ज बतलाया गया है, उसके विस्तार के लिए तो सरकारी सहूलियत प्रदान की गई; लेकिन जिसे भुक्तभोगी होना है उसे इस अत्याचार के स्वरूप की समीक्षा और समुदाय को इससे अवगत कराने के लिए इसके प्रकाशन पर ही रोक लगा दी गई। यह कैसा दुष्चक्र है ? इस तरह का अन्यायपूर्ण कृत्य करने वाले की खोजकर उसकी भर्त्सना करनी चाहिए। वैसे अपवित्र और विश्वासघातियों को अपमानित किया जाना चाहिए, जिससे आगे आने वाले समय में किसी को भी अपनी सनक, गैर जिम्मेदारी, मूढ़ता या हैवानियत के कारण ऐसा करने का साहस न हो। अब तो उस महाविनाश का समय निकट आता जा रहा है।

हिन्दुओं को ऐसे कानूनों का पालन क्यों करना चाहिए ? अपनी सुरक्षा की व्यवस्था करने का सबको अधिकार है। जब हम जान चुके हैं कि मुसलमानों का मजहब ही जेहाद के नाम पर मूर्तिपूजकों का कत्ल करने, उनको लूटने, उनकी औरतों को बेइज्जत करने, उनका अपहरण करने, उनको बल पूर्वक गोमांस खिलाकर धर्मान्तरित करने, उनकी पूजा की मूर्तियों को तोड़ने, उनके मंदिरों को ध्वस्त करने, उनके विश्वास के हर चीज को तहस–नहस करने, उनको हर तरह से कुचल कर अपमानित करने, उनसे अकारण झगड़ा करने, उनके साथ सख्ती से पेश आने और

उनसे शत्रुता बनाए रखने का हुक्म देता है तो फिर मूर्ति पूजकों को क्या करना चाहिए?

चुपचाप रहना चाहिए ? इसकी कोई जानकारी उन्हें न हो इसकी व्यवस्था कर देनी चाहिए ? इस विषय की समीक्षा नहीं करनी चाहिए ? अपने समुदाय के लोगों से इस विषय में बात नहीं करनी चाहिए ? यदि जानकारी हो भी जाय तो अपने बचाव या शत्रुता रखने वाले से मुकाबला की कोई तैयारी नहीं करनी चाहिए ? अपनी शक्ति नहीं बढ़ानी चाहिए ? मुकाबला के लिए अपने समुदाय को तैयार रहने की प्रेरणा नहीं दी जानी चाहिए ? यदि मुसलमान अपने मजहब का पालन करते हुए शत्रुता का बर्ताव करता है और हिन्दुओं के साथ दुर्व्यवहार पूर्वक और कड़ाई से पेश आता है, तो हिन्दुओं को फिर भी सहिष्णुता के साथ व्यवहार करना चाहिए और सहन करते रहना चाहिए ? हिन्दुओं को हर हालत में अहिंसा का पालन करना ही चाहिए, जब तक कि उनका अन्त न हो जाय ? गाँधी-नेहरू के विचार से तो यही चाहिए। इसी 'चाहिए' के चलते पाकिस्तान बना, कश्मीर से हिन्दुओं का सफाया हो चुका है और अब पूरे भारत में वही होने वाला है।

यदि वे हिन्दुओं की हत्या कर दें तो वैसा करना उनका धर्म है। ये बातें कोई व्यंग्य में नहीं हैं। हमारे महात्मा गाँधी ने अपनी महा आत्मा का परिचय कई बार दिया है। मालावार में मोपला मुसलमानों ने हिन्दुओं पर जेहादी आक्रमण किया था। हिन्दुओं को इस आक्रमण की कोई जानकारी नहीं थी। कल शाम तक सब कुछ सामान्य था। जीवन रोज की तरह चल रहा था। शाम को मस्जिदों में विषेश नमाजें और बैठकें हुईं और सुबह में जेहाद की शुरुआत के लिए निर्णय हो गया। समुदाय को तो पहले से ही तैयार रहने की चेतावनी थी। वैसे मुसलमान हर समय जेहाद की तैयारी में लगे ही रहते हैं। तो अगले दिन का सुबह भी रोज की तरह ही हुआ। वही सूरज। वैसे ही सूरज की रोशनी भुवन में छा गई थी। सर्वत्र प्रकाश फैल चुका था। सभी हिन्दू अपनी नित्य क्रिया के बाद दैनिक काम में लग चुके थे। हवा रोज की तरह मन्द–मन्द चल रही थी। तभी जगह–जगह हथियार बन्द मुस्लिम जत्थे अल्लाह–ओ–अकबर का घोष करते हुए हिन्दुओं पर टूट पड़े। उनके घरों में आग लगा दी गई। उनकी सम्पति लूटी जाने लगी। उनकी जवान औरतों को खींच कर बाहर लाया जाने लगा। उनके पतियों के कातिलों से उनका निकाह कर दिया गया। वे खींच खींच कर मुसलमानी घर में पहुँचायी जाने लगीं। मजबूर बचे हिन्दुओं को गोमांस खिला–खिला कर मुसलमान बनने पर विवश किया जाने लगा। बर्बर अत्याचार की ऐसी आँधी चली कि देखते देखते सारी खुशहाली मातम में बदल गई। दूर–दूर तक समाचार पहुँचने लगा। हिन्दुओं के सर शर्म और ग्लानि से झुकने लगे। सब जहाँ थे, पड़े रहे। खून की दरिया बही, किन्तु हिन्दू समाज में सुगबुगाहट का नाम नहीं था। हाय रे पतन ! हाय री कायरता ! इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में लगभग 5000 हिन्दुओं का कत्ल कर दिया गया। अपार सम्पति लूट ली गई। असंख्य औरतों के बलात्कार सहित 20000 लोगों का बलात् धर्म परिवर्तन कराया गया। मानवता रो पड़ी थी। सभ्य और सुसंस्कृत समाज के लिए यह कालिमा थी।

इसका वर्णन करते हुए डॉ0 एनी बेसेन्ट ने कहा :– "उन्होंने जी भर हत्याएँ कीं, लूट–पाट कीं और उन सभी हिन्दुओं को मार डाला जिन्होंने अपना धर्म नहीं त्यागा। एक लाख लोगों को उनके घरों से खदेड़ दिया गया। उस समय उनके तन पर केवल उनके कपड़े ही थे, शेष सब छीन लिया गया।"

(एनी बेसेन्ट – "द फ्युचर ऑफ इण्डियन पालिटिक्स")

मालावार में (मुगल कालीन) राजस्थान की भाँति सैकड़ों हिन्दू महिलाओं ने अपना सम्मान बचाने के लिए मृत्यु को गले लगाया और जिसे जो साधन मिला, उसी के सहारे "जौहर" कर लिया। मालावार की हिन्दू महिलाओं ने वायसराय की पत्नी लेडी रीडींग को हृदय विदारित करने वाली जो याचिका प्रस्तुत की थी उसमें कहा गया था, "आपको तो निश्चित रूप से पता होगा कि यद्यपि गत एक सौ वर्षों में हमारे अशांत जिले में अनेक मोपला उपद्रव हुए हैं; परन्तु इस बार का उपद्रव तो सबको मातकर गया। इतने बड़े पैमाने पर इतनी बड़ी नृशंसता तो कभी नहीं हुई। हो सकता है कि नृशंस उपद्रवियों द्वारा ढाये गये अत्याचारों के बारे में आपको पूरी जानकारी न मिली हो। विदित रहे कि हमारे जिन प्रियजनों ने अपने पूर्वजों का धर्म त्यागने से इनकार कर दिया, उनके क्षत–विक्षत बहुधा अधमरे शरीरों से कुएँ और तालाब पट गये, गर्भवती महिलाएँ खण्ड–खण्ड में काट डाली गयीं, उनके शव सड़क के किनारे और जंगलों में फेंक दिये गये। कैसा वीभत्स दृश्य था ! गर्भ के अजन्में शिशुओं के लोथड़े माताओं के क्षत–विक्षत शवों से बाहर लटक रहे थे। हमारे सुकुमार, असहाय बच्चों को हमारी गोद से छीन कर उन्हें हमारी आँखों के सामने ही काट कर फेंक दिया गया। हमारे पतियों, हमारे माता–पिताओं को सताया गया, उन पर कोड़े बरसाये गये और उन्हें जीवित ही जला दिया गया। हमारी बहिनों को बलात् अपने प्रिय जनों के बीच से उठा लिया गया। उनके साथ लज्जा और ग्लानि में डुबा देने वाला क्या–क्या दुराचार नहीं किया गया। काश धरती फट जाती। मानवता की तो जैसे अर्थी ही निकल गई। लज्जा भी लजा गई। इन जंगली कुत्तों ने जीभर कर अपनी मनमानी की। नृशंसता का नंगा नाच हुआ, विनाश की ताण्डव लीला हुई। हमारे सैकड़ों हजारों घर बार राख के ढेर बन गये। हमारे मंदिरों को अपवित्र कर, धराशायी कर दिया गया। हमारे देवी–देवताओं की मूर्तियों को चूर–चूर कर फेंक दिया गया। उनका घोर अपमान किया गया। फूल–मालाओं के स्थान पर उनके गले में मांस के लोथड़े लटका दिये गये...हम पर जो बीती हम ही जानते हैं, बेघर होकर हम इधर–उधर भटकते रहे, जंगलों में, बीहड़ों में, भूखे, प्यासे, नंगे....."।

(हो0 वे0 शेषाद्रि की पुस्तक –"..... और देश बँट गया" में शंकरन नायर की पुस्तक "गाँधी एण्ड एनार्की" से उदृधृत।)

हिन्दू समाज के लोग, जिन्हें मुस्लिम मजहबी कट्टरता और उनके द्वारा किये जाने वाले उत्पात, उपद्रव और अत्याचारों के मौलिक कारणों की जानकारी नहीं होती है; भ्रम में पड़े रहते हैं। वे समझ लेते हैं कि जिस प्रकार हिन्दुओं के भी दो गुटों में कभी–कभी लड़ाई हो जाती है, वैसी ही लड़ाई इनके द्वारा भी की जाती है भले ही यह कुछ बड़े पैमाने पर होता है। लेकिन बात उससे भिन्न है। हिन्दुओं के किसी गुट

से यदि किसी दूसरे गैर हिन्दू से लड़ाई हो जाय और गलती हिन्दू गुट की हो, तो हिन्दू समाज अपने लोगों को दोषी कहता है, आलोचना करता है, डाँटता–फटकारता है। ऐसा कभी नहीं होता कि हिन्दू द्वारा गलत किया जाय और उसके भाई–बन्धु, जाति–बिरादरी, उसका पूरा समर्थन करें। इसका कारण है कि हिन्दू धर्म और हिन्दू संस्कृति के प्रभाव से सामान्य हिन्दू मानव धर्म के प्रति और मानवीय नैतिक मूल्यों के प्रति एक सीमा तक अवचेतन रूप से समर्पित होता है। यह संभव है कि कदाचित् मानवीय आवेगों और भावनाओं में बहकर कुछ अनुचित और अन्यायपूर्ण आचरण का प्रदर्शन कर बैठे, किन्तु जहाँ तक पूरे हिन्दू समाज का सवाल है, सामूहिक रूप से हिन्दू गलत, अनुचित, अन्याय, अनैतिकता और अधर्म का समर्थन कभी नहीं कर सकता है।

मुस्लिम समाज का सामूहिक आचरण इसके ठीक विपरीत होता है। कभी–कभी अकेला मुसलमान अपने व्यक्तिगत गुणों और भावनाओं के कारण गैर मुसलमानों के साथ भी अच्छा आचरण करता है। मजहब के संस्कार के बावजूद वह मानवीय पक्ष की ओर झुक जाता है। सदाचार और कारुणिक प्रभाव के कारण सत्कर्म कर बैठता है। किन्तु वही मुसलमान जब अपने समुदाय में होता है और उसे अपने व्यक्तित्व के सामाजिक प्रदर्शन का अवसर उपस्थित होता है तब वह इस्लामी मान्यताओं के अनुसार मुसलमान द्वारा किये गये हर प्रकार के अत्याचार, दुराचार, अनाचार का समर्थन करता है। मुसलमान द्वारा किये गये गैर मुसलमानों के साथ हर प्रकार के अन्याय का पक्ष लेता है। ऐसा वह अपने मजहबी निर्देशों के कारण करता है। बचपन से उसके दिमाग में मजहब की बातें, जो गैर–मुसलमानों से शत्रुता और घृणा पर केन्द्रित होती हैं, भर दी जाती हैं जिससे न्याय–अन्याय का निर्णय करने का उसका विवेक दमित हो जाता है। मजहबी संस्कारों के भार से इतना दब जाता है कि मानवीय दृष्टिकोण के आधारभूत तत्वों की पकड़ भी उसके पास नहीं रहती। इस्लामी जेहाद की भावना में डूबा अब वह पूरी तरह गैर मुसलमानों के लिए अन्यायी, क्रूर और उन्माद से भरा इंसान होता है; क्योंकि कुरान के अनुसार यही "नेक" का पर्याय है। इसका सामान्य परिस्थितियों में अनुभव नहीं होता है पर जो मौका पाते ही उबल पड़ता है और अपने समाज के सार्वजनिक मंचों से गैर मुसलमानों के साथ अन्याय का समर्थन करने वाला बन जाता है।

मोपला कांड के बाद कांग्रेस कार्यकारिणी में मोपला निन्दा प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें राष्ट्रवादी कहे जाने वाले मुसलमानों ने भी आततायी मोपलों का पक्ष लिया।

हो0 वे0 शेषाद्रि ने अपनी पुस्तक "....और देश बँट गया" में स्वामी श्रद्धानंद की पुस्तक "इन साइड कांग्रेस" से उद्धरण देते हुए कहा है :–

स्वामी श्रद्धानंद ने बताया कि प्रस्ताव पर जब चर्चा हुई तब किस प्रकार कांग्रेस के राष्ट्रवादी मुस्लिम भी खुल्लम–खुल्ला दो–दो हाथ करने के लिए अपने साम्प्रदायिक रंग में आ गये : "हिन्दू सदस्यों ने स्वयं संशोधन रखे, जब तक कि प्रस्ताव सीमित हो कर इतना सा ही नहीं रह गया कि केवल उन कतिपय व्यक्तियों

की ही निन्दा की जाय जो उक्त अपराधों के दोषी थे। लेकिन कुछ मुस्लिम नेता इसे भी सहन नहीं कर सके। मौलाना फखीर तथा अन्य मौलानाओं ने प्रस्ताव का विरोध किया। वह तो कोई आश्चर्य की बात नहीं थी, लेकिन मुझे आश्चर्य तो तब हुआ जब मौलाना हसरत मोहानी जैसे पक्के राष्ट्रवादी कहलाने वाले व्यक्ति ने इस आधार पर प्रस्ताव का विरोध किया कि चूँकि मोपला देश अब दारुल अमन नहीं रहा बल्कि दारुल हरब बन गया है और चूँकि उन्हें आशंका है कि हिन्दुओं की साँठ–गाँठ मोपलों के शत्रु अंग्रेजों से है, अतः मोपलों ने हिन्दुओं के आगे कुरान या तलवार रखकर ठीक ही किया है। यदि हिन्दू अपने प्राण बचाने के लिए मुसलमान बन गये तो यह स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन था, बलात् धर्मान्तरण नहीं। और, अन्त में हुआ यह कि कतिपय मोपलों की निन्दा करने वाला अहानिकर प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से नहीं, बल्कि केवल बहुमत से ही पारित हो सका।''

दुर्भाग्य की बात यह है कि हमारे हिन्दू समाज के सिरमौर ने, जिनको हिन्दू समाज अपना त्राता समझ लिया था, जिस प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त की वह एक दब्बू और कायर कौम के दब्बू और कायर प्रतिनिधि की ही प्रतिक्रिया थी –

''वे धर्मभीरु वीर लोग हैं, जो उसके लिए युद्ध कर रहे हैं जो उनके विचार में धर्म सम्मत है।'' (बी0 आर0 अम्बेडकर ''पाकिस्तान'' में)

स्वामी श्रद्धानन्द ने हिन्दू से मुसलमान बने लोगों का शुद्धिकरण कर पुनः अपने धर्म में वापसी का कार्यक्रम चलाया था। उनके प्रयास से थोड़े ही दिनों में लगभग 20,000 मुसलमानों को धर्मान्तरित कर पुनः हिन्दू धर्म में वापस लाया जा चुका था।

इससे मुसलमानों में बेचैनी बढ़ गई। उन्होंने देखा कि यदि यह क्रम चलता रहा तो बहुत मुसलमान पुनः हिन्दू बन जायेंगे। इस्लामीकरण के उनके मजहबी काम में बड़ी रुकावट आ गई थी। शुद्धिकरण का विरोध करने वाले कुछ मुस्लिम नेताओं को कांग्रेस की नीति का मार्गदर्शक ही बना दिया गया था। उनके द्वारा स्वामी जी की आलोचना पर कुछ हिन्दू कांग्रेसी नेता तो उल्टे स्वामी जी पर ही मुस्करा कर उनका उपहास करते और मुसलमानों का मनोबल बढ़ाते थे, जिस प्रकार आज के मूर्ख सेक्युलरिस्ट कर रहे हैं।

मुसलमानों ने स्वामी जी की हत्या की योजना बनाई। 23 दिसम्बर 1926 को स्वामी जी बीमार थे। अब्दुल रशीद नामक एक मुसलमान उनसे मिलने के बहाने उनके घर में पहुँचा और चार–पाँच गोलियाँ चला कर उनकी हत्या कर दी। वह पकड़ा गया। उसे फाँसी की सजा हुई। अब्दुल रशीद के वकील ने अपने मुवक्किल के बचाव में फाँसी के विरुद्ध जो तर्क दिया था मात्र वही इस्लामी चरित्र को प्रकट करने के लिए पर्याप्त है। उसने कहा था कि रशीद सच्चा मुसलमान है। उसने अपने मजहब के निर्देशों का पालन करते हुए एक काफिर (स्वमी श्रद्धानन्द) की हत्या की भी हो, तब भी उसे दण्डित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि अपने धर्म का पालन करना सबका अधिकार है। किसी काफिर की हत्या के लिए किसी मुसलमान को दण्डित करने का अल्लाह का हुक्म नहीं है। यह तर्क अमान्य कर दिया गया और

अब्दुल रशीद को फाँसी पर चढ़ा दिया गया। उसकी शव यात्रा में 50,000 मुसलमान शामिल हुए थे। मस्जिदों में उसके लिए विशेष नमाजें अदा की गईं। मुस्लिम पत्र में उसे शहीद घोषित किया गया।

30 नवम्बर 1926 के टाइम्स ऑफ इण्डिया का समाचार था ''समाचार है कि स्वामी श्रद्धानंद के हत्यारे अब्दुल रशीद की आत्मा को जन्नत में स्थान दिलवाने के लिए देवबंद के प्रसिद्ध इस्लामी कॉलेज के छात्रों और प्रोफेसरों ने कुरान की पूरी आयतों का पाँच बार पाठ किया और निश्चय किया कि कुरान की आयतों के प्रतिदिन सवा लाख पाठ किये जायेंगे। उन्होंने दुआ माँगी, अल्लाह मरहूम रशीद को अलाये इल्ली–ईन (सातवें बहिश्त की चोटी) में स्थान दे।''.....

(वी0वी0 नागरकर कृत ''जेनेसिस''और ''...और देश बँट गया से'')

पट्टाभि सीता रमैया ने लिखा है कि गाँधी जी ने बताया कि सच्चा धर्म क्या होता है और हत्या के कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा ''अब शायद आप समझ गये होंगे कि किस कारण मैंने अब्दुल रशीद को भाई कहा और मैं पुनः उसे भाई कहता हूँ। मैं तो उसे स्वामी जी की हत्या का दोषी भी नहीं मानता। वास्तव में दोषी तो वे हैं जिन्होंने एक दूसरे के विरुद्ध घृणा फैलायी।'' गाँधी जी का एक रूप : हिंसा में प्रवृत्त होने के कारण भगत सिंह आदि देशभक्तों की जीवन रक्षा चाहने वाली याचिका पर हस्ताक्षर करने से गाँधी जी ने इन्कार कर दिया था और हिंसा के कारण उन्होंने शिवा जी, राणा प्रताप तथा गुरू गोविन्द सिंह को पथभ्रष्ट देशभक्त कहा था। गाँधी जी का दूसरा रूप : उन्होंने रशीद की करनी को उसी अहिंसा दृष्टि से नहीं देखा।''

(....और देश बँट गया) पृष्ठ – 95

इन तीन दृष्टान्तों से ही अनेक निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। बीती घटनाओं की समीक्षा कर उसका निष्कर्ष निकाल भविष्य की योजना निर्धारण में मदद ली जाती है। लेकिन हिन्दू समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बात यह रही है कि उसके इतिहास को विकृत कर उसे सच्चाई को जानने ही नहीं दिया गया। इसके अलावा संपूर्ण समुदाय के भविष्य के हित के लिए कोई योजना बनाने की सर्वमान्य संस्था नहीं है। कोई ऐसी बॉडी नहीं है जहाँ हिन्दुओं के सभी पंथ के लोगों को एक जगह इकट्ठा कर सर्वमान्य विषयों कि पहचान की जाती हो। आवश्यकता थी कि हिन्दू समाज की अवनति, जनसंख्या ह्रास, पंथों–संप्रदायों की भरमार, जाति प्रथा और ऊँच नीच का भेद भाव, छुआ छूत की बुराई, आदि विषय में चर्चा कर ऐसा मार्ग निकाला जाता जिससे हिन्दू के पतन को रोका जाता। इतिहास की घटनाओं की समीक्षा की जाती और उनके नतीजों का भविष्य में उपयोग और कमियों में सुधार के लिए तैयारी की जाती। ऐसी कुछ व्यवस्था नहीं रहने के कारण ही कोई सुधारवादी या क्रांतिकारी दिशा का निर्धारण नहीं हो सका और हिन्दू समाज आज अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। आर0एस0एस0 और विश्व हिन्दू परिषद की हिन्दू समाज में कोई पैठ नहीं है। ये अपने कार्यालयों तक सिमटी मात्र कागजी संस्थाएँ हैं। इनसे कोई उम्मीद करना व्यर्थ है। इनकी अक्षमता के कारण ही आज का युवा एवं तथाकथित शिक्षित हिन्दू समुदाय अनजान और उदासीन बना हुआ है।

इसलिए मुसलमानों के हिंसात्मक, बर्बर और कुसंस्कृत व्यवहार के पीछे कौन से तत्व हैं, जो सदियों से ज्यों के त्यों चले आ रहे हैं, इसे जानना हर हिन्दू के लिए आवश्यक है। जानना इसलिए आवश्यक है कि इतिहास से यह बात स्पष्ट है कि भारत में पाँव रखने के साथ ही उपर्युक्त व्यवहार द्वारा हिन्दुओं का संहार करने और उनका धर्म और उनकी संस्कृति को मिटाने का जो सिलसिला शुरू किया, वह आजतक जारी है। निकट भविष्य में ही वह हिन्दुओं के अस्तित्व का खतरा बनता नजर आ रहा है। इसलिए हिन्दुओं को अति गम्भीरता से और सबसे पहले, इस विषय में ध्यान केन्द्रित करना होगा। यह अस्तित्व के संकट का सवाल है, इसलिए जीवन से संबंधित किसी भी समस्या से अधिक महत्वपूर्ण है। हिन्दू अपने सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में कुछ क्षण का विराम देकर इस समस्या को समझने हेतु चिन्तन–मनन करें तथा उदासीनता और असावधानी का त्याग कर हर गाँव–मुहल्लों में एकत्र होकर संगठनात्मक कार्रवाई करें। हर आदमी एक धारणा के साथ जीता है। आप की भी कोई धारणा होगी। पर किसी धारणा को स्थाई नहीं बनाना चाहिए और सत्य की खोज एवं तद्नुरूप कार्रवाई हेतु सदा सचेष्ट रहना चाहिए। निष्पक्षता और सहिष्णुता के दिखावे के झूठे मोह में इस अति गम्भीर समस्या से जी चुराने का परिणाम इतना बुरा होने वाला है, जितना शायद ही आप ने कभी सोचा हो। याद रखिये आपकी यह उदासीनता आपके बच्चों के विनाश का कारण बनने वाली है जिनके भविष्य के लिए आप सारे दुष्कर्म पर उतारू हैं।

◆

4. आर्य संस्कृति, अतीत, वर्तमान एवं भविष्य

प्राचीन काल में विश्व के अधिकांश भाग में आर्य संस्कृति फैली हुई थी। यह संस्कृति एशिया के दक्षिणी पूर्वी देशों इण्डोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड, जावा, सुमात्रा, बोर्नियो फीलीपीन्स, वर्मा, मध्य एशिया के देशों, ईरान, इराक, अफगानिस्तान, उजबेकिस्तान, ताजिकिस्तान, अजरबैजान आदि पूर्व सोवियत संघ के क्षेत्र में दूर–दूर तक फैली हुई थी। यूरोप के कई भागों में पुरातात्विक महत्व के अवशेषों और खोजों द्वारा इस संस्कृति के कभी फैले होने की जानकारी मिलती है। इराक में यहूदी, ईसाइयत और इस्लाम जैसे सेमेटिक मजहबों से पूर्व यही आर्य संस्कृति विद्यमान थी। न केवल इराक बल्कि इसके आसपास के क्षेत्रों में लगभग 5000 वर्ष पूर्व इस संस्कृति के फलने–फूलने के साक्ष्य की जानकारी मिलती है।

एल0 लितक नामक यहूदी विद्वान ने लिखा है कि यहूदी और आर्य विश्वासों में अनेक साम्य मिलते हैं। गौ पूजन यहूदी मजहब के उदय के समय समाज में पहले से मौजूद था। इसका कुरान में भी जिक्र है। मूसा अपने लोगों पर आरोप लगाता है कि तुमने बछड़े को पूज्य बना डाला है। यह पूज्य बछड़ा आर्य लोगों के सिवा और किसका हो सकता है ?

ईसाई सम्प्रदाय में ट्रिनिटी की अवधारणा आर्यों के ब्रह्मा, विष्णु, महेश की अवधारणा का ही रूप है। जिसे बाद में ईसाइयों ने पिता, पुत्र और पवित्रात्मा के रूप में बदल दिया। जल प्रलय की वही कथा जो शतपथ ब्राह्मण के मनु द्वारा नाव में सभी जीवों के जोड़ों को लेकर रक्षा की गई थी, नूह की कथा के रूप में मेसोपोटामियन सभ्यता में जानी जाती है। संस्कृत साहित्य से अरबी भाषा में गणित और ज्योतिष आदि का अनुवाद किया गया था। आर्यशक्ति के मूल केन्द्र भारत के अनेक महत्वपूर्ण और पवित्र चिन्हों की अरबी भाषा में चर्चा मिलती है – जैसे गंगा, शिव आदि। इस्लाम पूर्व अरब में शिवोपासना के अनेक चिन्ह मिले हैं। ."....सीटियाँ बजाने और तालियाँ पीटने के सिवाय उनकी नमाज (पूजा) ही क्या थी।" (कुरान 8:35)। शिवपूजा की इन विधियों की कुरान में चर्चा से यह प्रमाणित होता है कि काबा शिव मंदिर था। अजरबैजान में बाकू के ज्वालादेवी मंदिर के रूप में आर्य निवास का साक्ष्य मिलता है। कैस्पियन सागर से लेकर मंगोलिया, चीन, वियतनाम, अरब और अफगानिस्तान तक हिन्दू–बौद्ध मंदिरों की भरमार के साक्ष्य आज तक मौजूद हैं।

अफगानिस्तान के उत्तर में ऑक्सस नदी के पास खुदाई में कुछ सिक्के प्राप्त हुए थे जिससे पता चलता है कि ई0पू0 दूसरी शताब्दी में यूनान शासक अगाथोलिक्स ने इनको जारी किया था। इनके एक ओर चक्रधारी श्रीकृष्ण और दूसरी ओर हलधर बलराम की आकृतियाँ अंकित थीं। इससे यूनान में भी इस आर्य संस्कृति का प्रभाव उजागर होता है।

जब दुनिया के अधिकांश भागों में लोग ज्ञान के प्रकाश से वंचित थे, असभ्य और बर्बर जीवन जी रहे थे, उस समय भारत के लोग ज्ञान, विज्ञान, दर्शन, ज्योतिष

साहित्य और कला को विकसित कर चुके थे। अपने इस ज्ञान को दुनिया में फैलाना आर्य मनीषियों ने अपना कर्तव्य समझा था। इस ज्ञान, विज्ञान और संस्कृति को स्वीकार करने वाले लोग आर्यजन अर्थात श्रेष्ठ लोग कहे जाते थे। जहाँ–जहाँ यह संस्कृति पहुँचती थी वहाँ के लोग आर्य होते जाते थे। उस समय हमारे ऋषि मुनि सारी दुनिया का भ्रमण करते हुए ज्ञान की रोशनी पूरे संसार में बिखेर रहे थे।

इतिहास के विशेष काल में पाश्चात्य समाज में संस्कृति में बदलाव आ चुका था। पश्चिम में ईसाई सम्प्रदाय का प्रचार–प्रसार हो चुका था। ईसाइयत ने अपनी संस्कृति और संप्रदाय (रिलीजन) के प्रचार के लिए अपने प्रचारकों का दीर्घकालिक योजनानुसार उपयोग किया। उन्हें हर प्रकार की आर्थिक और सैनिक सहायता, राज्य और प्रशासनिक सहायता का सम्बल देकर ईसाइयत के प्रचार में लगाया। धीरे–धीरे ईसाइयत का दुनिया के विभिन्न हिस्सों में प्रचार–प्रसार हो गया।

आर्यों ने "कृण्वन्तो विश्वमार्यम्" का परित्याग कर दिया था। प्राचीन समय में उनका उद्देश्य और उनका "मीशन" सारी दुनिया को आर्य बनाने का था, किन्तु समय के थपेड़ों ने उन्हें इससे विमुख कर दिया।

पाश्चात्य संस्कृति के विस्तार में लगे ईसाइयों के प्रचार विभाग के विद्वानों ने आर्यों के विषय में भ्रमित करने वाली शोधों को जानबूझ कर विकृत कर रखना शुरू किया। उन्होंने कहा कि आर्य भारत के मूल निवासी नहीं थे। वे मध्य एशिया के निवासी थे। भारत में आकर यहाँ के मूल निवासी अनार्यों से युद्ध किया। अनार्यों को परास्त कर उन्होंने यहाँ की भूमि पर कब्जा कर लिया। यहाँ के शासक और सर्वेसर्वा बन गये। उनकी संस्कृति भारत की मूल संस्कृति नहीं है। यह आर्यों द्वारा अपने साथ बाहर से लाई हुई संस्कृति है। वेद को गड़ेरियों का गीत कहा।

इस प्रचार का उनका विशेष उद्देश्य था। वे यह साबित करना चाहते थे और हिन्दुओं के मन में बिठाना चाहते थे कि यह भारत देश विदेशियों का सदा से चारागाह रहा है। इस आधार पर अपने निवास और अपनी प्रभुता के औचित्य को तर्कपूर्ण ऐतिहासिक आधार प्रदान करना चाहते थे। अंग्रेजी शिक्षा द्वारा भारतीयों को उनके गौरवपूर्ण इतिहास और सांस्कृतिक जीवनधारा से काटने का काम किया। इसमें वे बहुत हद तक सफल भी हुए। आज तक मैकाले शिक्षा–नीति के प्रभाव में शिक्षित भारतीय, इसी भ्रामक, विकृत और मनगढ़ंत इतिहास को स्वीकार कर भ्रमित हैं। इसी कारण हिन्दू राष्ट्र की उनकी धारणा दूषित हो चुकी है। वे भारतीय अध्यात्म और धर्म के मूल्य की समझ खोकर, पाश्चात्य भौतिकता की सतही दृष्टि से ही सारी समस्याओं का मूल्यांकन करने लगे हैं और अपना शत्रु आप ही बन चुके हैं।

विद्वानों का कहना है कि ऋगवेद में 33 स्थानों पर आर्य शब्द प्रयुक्त हुआ है और प्रत्येक शब्द इसका अर्थ श्रेष्ठ बताता है। श्रेष्ठ लोगों का एक समुदाय हो सकता है जो उन्नत संस्कृति के साथ जीवन यापन कर रहा हो जबकि कुछ लोग इसी समाज में ऐसे हो सकते हैं जिनपर उस उच्च संस्कृति का प्रभाव न हो और ऐसे लोगों को अनार्य कहा जाता हो। जब इनका भी एक बड़ा समुदाय हो और उच्च संस्कृति को स्वीकार करने के योग्य न हों; बल्कि असभ्यता और बर्बरता के साथ

संस्कृति लोगों को लूटने, छीनने, अपहरण, बलात्कार जैसे कार्यों में लगे रहते हों तो संघर्ष अवश्यंभावी होना निश्चित है। ऐसे ही लोग अनार्य होंगे। आर्यों और अनार्यों के युद्ध का यही रहस्य है। इन्हीं युद्धों को भिन्न जातियों में युद्ध, देशी और विदेशी लोगों का युद्ध कह कर पाश्चात्य विद्वानों ने आर्यों को विदेशी बताकर भ्रमित करने का प्रयास किया है।

ईसाइयत के बाद इस्लाम दूसरा मजहब आया जिसका उद्देश्य है पूरी दुनिया को मुसलमान बना देना। ये दोनों ही अपने मत के प्रचार–प्रसार में अपने–अपने तरीके से लगे हुए हैं। जावा, सुमात्रा, इण्डोनेशिया, मलेशिया, बोर्नियो, ताजिकिस्तान, उधर अरब, इराक, ईरान, अफगानिस्तान, उजबेकिस्तान, अजरबैजान आदि देश मुसलमान बन चुके हैं। यही हिन्दू धर्म यानी आर्य संस्कृति उनमें कभी फलफूल रही थी जिसे इस्लाम ने लील लिया।

उसके बाद इस्लाम ने अपना खूनी जबड़ा भारत को लील लेने के लिए बढाया। अफगानिस्तान के हिन्दुओं को मार–काट, लूट–पाट, बलात्कार–व्यभिचार, अपहरण–गुलामी के असभ्य और बर्बर तरीके से इस्लाम मानने के लिए मजबूर करने के बाद भारत की ओर रुख किया। मुहम्मद बिन कासिम नाम के अरबी शैतान ने 1912 में सिंध पर आक्रमण किया और भयानक अत्याचार द्वारा सिंध को जीत लिया। उसने हिन्दुओं पर अकथनीय अत्याचार किये। राजा दाहिर की सेना को पराजित करने के बाद उनको अपमानित किया। राजा दाहिर का सिर काट लिया। उनकी बेटियों को गिरफ्तार कर खलीफा की भोग की सामग्री के रूप में बगदाद भेज दिया। हिन्दुओं को धर्म परिवर्तन के लिए कहा गया। जब उन्होंने अपना धर्म छोड़ने से इनकार कर दिया तब 17 वर्ष से ऊपर उम्र के सभी पुरुषों का कत्ल करने का हुक्म दिया। इस्लाम के असभ्य क्रूर और बर्बर सिपाहियों ने देखते–देखते निहत्थे और असहाय हिन्दुओं की लाशों से जमीन पाट दी। रक्त की नदियाँ बह गईं। उनकी तमाम दौलत घरों से निकाल कर जमा की गई। पाँचवाँ हिस्सा खलीफा के लिए निकाल कर सोने, चाँदी, हीरे, जवाहरात, अन्न, मवेशी जो कुछ भी था, उसका चार भाग सिपाहियों में बाँट दिया गया। दारुण विलाप करती औरतों को घरों से खींच कर इस्लामी दरिंदे बाहर निकालते थे, उनसे बलात्कार करते थे और फिर एक जगह इकट्ठा करते थे। अति खूबसूरत औरतों में कुछ को गवर्नर हज्जाज को भेज कर बाकी को सिपाही रख लेते थे, जिनको बीवियाँ या लौंडियाँ बनाकर भोग करते थे। बचे हुए पुरुषों–स्त्रियों और बच्चों को गोमांस खिलाकर मुसलमान बनने पर विवश करते थे। यदि कोई इनकार करता तो सबके सामने ही पहले उनके बच्चों का कत्ल करते, उनके टुकड़े करते और उनका मांस, माँ–बाप के मुँह में ठूँस देते। उसके बाद उनका भी सर उतार लेते। इस वीभत्स और क्रूर आतंक से भयभीत लोग गोमांस खाकर मुसलमान बनने को विवश हो जाते थे। उसके बाद वे उनका अरबी नामकरण करते थे। उन्हें नमाज पढ़ना और इस्लामी नियमों के पालन के लिए मजबूर कर देते थे। उनके पूजा स्थलों को नष्ट करते, मंदिरों को धराशायी कर देते और मूर्तियों को तोड़कर चूर–चूर कर देते थे। पवित्र ग्रंथों और पूजा के सामानों–साधनों को जला डालते। टूटे हुए मंदिरों

की सामग्रियों से और इन्हीं हिन्दू गुलामों द्वारा मस्जिद बनवाते थे। दूर–दूर तक इलाके के लोगों को कत्ल करने से पहले उनके पीने के पानी के स्रोतों में जहर मिलवा देते थे ताकि वे बीमार हो जायँ और उनमें प्रतिरोध की ताकत न रह जाय। इस प्रकार नाना प्रकार से इन इस्लामी दरिंदों द्वारा अल्लाह के नाम पर जो अत्याचार किये गये उसका कोई अंत नहीं था। इसको वे जेहाद कहते थे।

तब से लेकर आज तक लगभग तेरह सौ वर्षों से हिन्दुओं पर इसी प्रकार के अत्याचार होते चले आ रहे हैं। इसी तरीके से हिन्दू से मुसलमान बनाने का काम होता आ रहा है। आज के सभी मुसलमान कभी न कभी इसी तरीके से मुसलमान बने हैं। इस प्रकार से मुसलमान बनाने की उनकी कार्रवाई सभी मुसलमान बादशाहों के समय में होती रही। वे अनजान–बेसहारा लोगों का कत्ल करते–करते थक जाते थे, क्योंकि बहुत सारे हिन्दुओं ने गोमांस खाने और मुसलमान बनने के बदले अपना सर कटवाना ही स्वीकार किया। अनेक बार औरतों ने अपनी लाज बचाने के लिए सामूहिक रूप से कुएँ में कूद कर अपनी जान दे दी, कभी सामूहिक चिता में जलकर अपने को पंचतत्व में विलीन कर लिया। कभी हिन्दू पुरुष, शत्रुओं की अपवित्र तलवार से कटने के पूर्व स्वयं ही अपनी जान दे देते थे। इस परिस्थिति को देखकर अर्थात असंख्य लोगों के कत्लेआम से थककर मुसलमान सुल्तान हिन्दुओं पर जजिया कर लगा देते थे। जजिया कर वसूलने के लिए उनके साथ तरह–तरह के अमानुषिक व्यवहार किये जाते थे। इससे भी तंग आकर बहुत से हिन्दू, मुसलमान बन जाते थे। हिन्दुओं के सामूहिक कत्लेआम के भय से अनेक कस्बों के लोग इस्लाम स्वीकार कर लेते थे। दूसरे कस्बों में कत्लेआम को देखकर, अब अपनी बारी में, कत्ल से बचने के लिए वैसा करते थे। इसी प्रकार के अत्याचार से इस्लाम का विस्तार होता रहा।

1947 में जब अंग्रेजी गुलामी से मुक्ति मिली उस समय तक भारत के अनेक प्रान्तों में मुसलमानों की संख्या बहुमत से अधिक हो चुकी थी। जब भारत के टुकड़े हुए और पाकिस्तान नाम से नया देश बना तब प0 पाकिस्तानी क्षेत्र में हिन्दू लगभग 12 प्रतिशत थे। प0 पाकिस्तानी क्षेत्र में उत्तर–पश्चिम सीमा प्रान्त, बलूचिस्तान, सिन्ध और पंजाब प्रान्त थे। अब तक इस क्षेत्र के 88 प्रतिशत हिन्दू, विदेशी लुटेरे मुसलमानों के अत्याचार से मुसलमान बन चुके थे। अभी भी 12 प्रतिशत हिन्दू बचे थे। देश के बँटवारे की घोषणा होते ही हिन्दुओं को सीमित संख्या में, कमजोर पाकर मुसलमानों ने जेहाद छेड़ दिया। उसी समय पू0 पाकिस्तान में जो अब बंगलादेश कहा जाता है, 32–33 प्रतिशत के लगभग हिन्दू रह गये थे। वहाँ भी जोरदार जेहाद की शुरुआत हुई। मुहम्मद बिन कासिम से होते हुए सभी मुसलमान बादशाहों के काल में इसी तरीके से जेहाद का नंगा नाच हुआ था।

चर्चिल के अनुसार सिर्फ माउन्टबेटेन के समय में ही 20 लाख लोगों का खून बहा था। पाकिस्तान से आने वाली रेल गाड़ियाँ हिन्दुओं की लाशों से भरी होती थीं। स्त्रियों के स्तन काट लिये गये होते थे। उनके सभी सामान लूट लिये गये होते थे और उनके शरीर पर मात्र वस्त्र भर बचे होते थे। अनेक बार तो औरतों के वस्त्र छीन कर उन्हें बलात्कृत कर उनके स्तन काट कर नंगा ही छोड़ दिया जाता था। तब

कोई हिन्दू अपने तन के कपड़े का एक टुकड़ा देकर उनकी इज्जत ढँकता था। बच्चों को भाले–बर्छे से बेध दिया जाता था। फिर उनके टुकड़े–टुकड़े कर दिये जाते थे। क्रूरता और अत्याचार के इस रूप की कल्पना भी करना सामान्य हिन्दू के लिए असम्भव है।

जवान लड़कियों और औरतों को मुसलमान रख लेते थे और अपनी रखैल बना कर गुलामी की जिन्दगी जीने को विवश करते थे। पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान दोनों भागों में हिन्दुओं का भयंकर संहार हुआ। कुछ हिन्दू जान बचा कर भागकर भारत में आ गये; शेष लोगों को मारकाट कर मुसलमान बना दिया गया।

दो–तीन महीने तक चलने वाले इस जेहादी अभियान में हिन्दुओं का इतना संहार हुआ कि उनकी संख्या घट कर प0 पाकिस्तान में 12 प्रतिशत से 1 प्रतिशत रह गई है। बंगलादेश में यह जनसंख्या 32 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत रह गई है। बंगलादेश में तो आज भी हिन्दुओं का संहार उसी प्रकार किन्तु धीमी गति से चल रहा है। Atrocities on The Minorities in Bangla Desh नामक अपनी पुस्तक में बंगलादेशी पत्रकार सलाम आजाद ने हिन्दुओं की दुर्दशा का वर्णन किया है। उन्होंने गणना द्वारा बताया है कि प्रतिदिन हिन्दू अल्पसंख्यकों के 475 परिवार अभी भी बंगलादेश छोड़कर भारत जा रहे हैं।

कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। जब भारत में विलय की घोषणा होने की औपचारिकता हो ही रही थी कि पाकिस्तानी फौजों ने कश्मीर पर आक्रमण कर दिया। पहले मुस्लिम बलूच कबीलों के दल को आगे कर और स्थानीय विद्रोह नाम देकर पाकिस्तानी फौजों ने सुनियोजित आक्रमण किया। महाराजा हरि सिंह की फौजों में हिन्दू अधिकारी और सिपाही, मुसलमानों से बहुत कम थे। पाकिस्तानी फौजों से महाराजा के फौज का मुकाबला शुरू होते ही, महाराजा के फौज के मुस्लिम पदाधिकारियों और सिपाहियों ने अपने ही साथी हिन्दू पदाधिकारियों और सिपाहियों को गोली मार दी और पाकिस्तानी फौजों से जा मिले। इस प्रकार पाकिस्तानी फौजों का तेजी से बढना जारी हुआ। जवाहर लाल नेहरू भारत के प्रधानमंत्री बने थे। उनका झुकाव हमेशा मुसलमानों के पक्ष में रहता था। उन्होंने भारतीय फौज भेजने में देर लगा दी। तब तक एक तिहाई से अधिक हिस्से को पाकिस्तानी सेना ने अपने कब्जे में ले लिया। सरदार पटेल की तत्परता के कारण जब भारतीय सेना पहुँच गई और मुस्लिम सेना से भिड़ गई तो मुस्लिम सेना पीछे भागने को मजबूर हुई। भारतीय सेना पाकिस्तानी सेना को लगातार पीछे खदेड़ रही थी कि उसी समय जवाहर लाल नेहरू ने लड़ाई रोकने का आदेश दिया और मामले को यू0एन0ओ0 में पंचायत के लिए ले गये। यह सरासर मूर्खतापूर्ण कार्रवाई थी। वस्तुतः नेहरू के मुस्लिम झुकाव की मानसिकता और सनक ने ही ऐसी भारी भूल करने को प्रेरित किया। देश के साथ अपराध और विश्वासघात के समान की गई इस कार्रवाई के कारण आज भी कश्मीर का एक तिहाई भाग पाकिस्तान के कब्जे में है। उस क्षेत्र में हिन्दुओं की जो थोड़ी बहुत आबादी थी उसे शीघ्र ही मारकाट कर मुसलमान बना दिया गया।

जम्मू–कश्मीर रियासत का शेष दो तिहाई भाग तीन भागों में बँटा है। एक

कश्मीर घाटी, दूसरा जम्मू क्षेत्र और तीसरा लद्दाख क्षेत्र कहलाता है। कश्मीर घाटी में हिन्दुओं की बहुत थोड़ी आबादी थी। उनके साथ मुसलमानों ने वैसा ही व्यवहार किया जैसा मुहम्मद बिन कासिम ने 712 के अपने आक्रमण के बाद किया था। उसी जेहादी अभियान द्वारा वहाँ के तीन लाख हिन्दू निवासियों के साथ कत्ल, लूट, बलात्कार, अपहरण और बलात् धर्मान्तरण की कार्रवाई की गई। बचे हुए लोग अपना घर बार और अपनी करोडों की सम्पत्ति छोड़कर, अपने जवान बेटों का कत्ल होता हुआ, अपनी जवान बेटियों का अपनी आँखों के सामने बलात्कार होता हुआ तथा उनको मुसलमानों द्वारा उठा कर ले जाते हुए देखकर और इस प्रकार अपना सब कुछ गँवा कर आज जम्मू क्षेत्र और दिल्ली में शरणार्थी की जिन्दगी जी रहे हैं या यों कहें कि वे अब बेवशी से अभिशप्त जीवन जी रहे हैं।

हिन्दू फौज भी उनको नहीं बचा सकी। अब कश्मीर घाटी का पूरा इस्लामीकरण हो चुका है। लद्दाख क्षेत्र के बौद्धों और जम्मू क्षेत्र के हिन्दुओं पर अब यही कार्रवाई शुरू हो चुकी है। उनका भी अन्त कुछ ही समय की बात है। वहाँ भी फौज कुछ नहीं कर सकेगी। उनका भी वही हश्र होने वाला है जो कश्मीर घाटी के हिन्दुओं का हुआ है। अगले कदम के रूप में उग्रवाद के नाम पर कश्मीर को भारत से अलग कर इस्लामी राज्य घोषित कर दारुल इस्लाम बनाने की मजहबी योजना पर भी कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

बंगलादेश से नियमित हिन्दू और मुसलमान देश छोड़कर भारत में आकर बस रहे हैं। हिन्दू भाग कर आ रहे हैं जबकि मुसलमान, भारत में मुसलमानों की जनसंख्या बढ़ाकर भारत को दारुल इस्लाम बनाने और भारत के पूर्ण इस्लामीकरण में सहयोग करने के उद्देश्य से आ रहे हैं। वैसे यहाँ आने से सबसे पहला फायदा उनको जीविका की समस्या के समाधान के रूप में होता है, इसी नाम पर वे आते भी हैं। प्रचार भी यही किया जाता है और कुछ हद तक बात भी ठीक है। लेकिन सिर्फ यहीं तक समझ रख कर आगे के उनके उद्देश्यों को नहीं समझना नासमझी होगी। इस्लाम के चरित्र और इस्लाम के उद्देश्य की जानकारी रखने वाले लोग जानते हैं कि उनका उद्देश्य भारत के इस्लामीकरण के लिए मुस्लिम जनसंख्या विस्तार है।

बंगलादेशी मुसलमानों ने भारत के कई राज्यों और कई क्षेत्रों में अपनी जनसंख्या बढ़ा ली है। अब वे हिन्दुओं पर भारी पड़ना शुरू हो गये हैं। आसाम, बगाल केरल, त्रिपुरा, बिहार, महाराष्ट्र, यू0पी0, आन्ध्रप्रदेश आदि के कई जिलों में मुसलमानों की जनसंख्या निर्णायक हो चुकी है। दिल्ली, मुम्बई आदि महानगरों में खास इलाकों में ये संगठित रूप से कब्जा जमा चुके हैं।

जनसंख्या विस्फोट के माध्यम से तेजी से सत्ता पर कब्जा कर भारत को दारुल इस्लाम बनाने और फिर हिन्दू आबादी को उसी जेहादी यातना के तरीके से घोरतम अपमान और फिर संहार द्वारा मुसलमान बना डालने की उनकी योजना है। मुसलमानों द्वारा हजारों मदरसे और मख्तबों में मुजाहिद (मुस्लिम लड़ाकों) को धार्मिक जेहाद की शिक्षा और युद्ध का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनके द्वारा सभी गाँवों, कस्बों, मुहल्लों, नगरों, महानगरों में युद्धक सामग्रियों का निर्माण, भंडारण, बनाने और

चलाने का प्रशिक्षण चल रहा है। युद्धक रणनीतियाँ बनाई जा रही हैं। इस काम में पाकिस्तान का आई0एस0आई0 पूरा सहयोग कर रहा है। उनके क्रिया-कलापों पर विस्तार से ध्यान देने पर उनकी जेहादी कार्रवाई का पता चलता है।

अब भारत और नेपाल के हिन्दू चारों ओर से मुस्लिम जेहादियों एवं इनके अंध सहयोगी सिरफिरे मार्क्सवादियों से घिर चुके हैं। एक बार फिर हिन्दुओं के लिए वही जेहादी काला दिन सामने आ खड़ा हो गया है। उनका और उनके बच्चों का कत्ल, उनकी सम्पत्ति की लूट, उनकी जवान बेटियों–बहुओं और बहनों का कातिलों द्वारा बलात्कार और अपहरण तथा बचे खुचे लोगों को गोमांस खिलाकर धर्मान्तरण कराया जायेगा। आज तक का बना उनके सपनों का महल सब चूर–चूर होकर मिट्टी में मिल जाने का समय निकट आ रहा है और हिन्दू हैं कि अपने में मगन बेखबर सो रहे हैं। इस बार यदि इस्लामी प्रभुत्व अपना जेहाद चलाने में सफल हो गया तो हिन्दुओं का दुनिया से लगभग अंत ही हो जायेगा। पाकिस्तान और बंगलादेश के हिन्दुओं को तो कम से कम भारत के सहारे की उम्मीद थी, किन्तु भारत के हिन्दुओं को कहीं से भी सहारा मिलने की सम्भावना नहीं रह जायेगी। काश ! हिन्दू अब भी चेतते।

◆

5. इस्लाम और गैर मुसलमान

"हंस" पत्रिका का अगस्त 2003 अंक, "भारतीय मुसलमान वर्तमान और भविष्य" में अनेक मुस्लिम विद्वानों द्वारा प्रशंसनीय ढंग से खुला विचार प्रस्तुत किया गया है। भारतीय समाज में शांति के साथ जीवन यापन के लिए मुसलमानों को अनेक सुझाव दिये गये हैं। मुस्लिम समाज में दकियानूसी सोच को आधुनिक युग के अनुरूप प्रगतिशील सोच में बदलने हेतु खुल कर कहा गया है। सबसे द्रवित करने वाली घटना का वर्णन नसरीन हुसैन ने किया है जिसमें उनके पिता एहसान जाफरी सहित कई लोगों को दंगाइयों ने जला दिया था। अपने दर्द और गम की गहराई का एहसास औरों के दर्द और गम के साथ ही किया है ".....मैं अकेली नहीं हूँ, मुझ जैसी बहुत–सी औरतें हैं, मर्द हैं, बच्चे हैं, जिन्होंने अपने प्यारों, अपने जिगर के टुकड़ों को खो दिया है, मैं यह बात भी समझती हूँ कि मुझ जैसे बहुत से बदनसीब गोधरा और कश्मीर में भी हैं। उनका दर्द मेरे दर्द से कम नहीं; उनका नुकसान मेरे नुकसान से कम नहीं, उनकी बेगुनाही मेरी बेगुनाही से कम नहीं।"

रफीक जकरिया साहब नेक सलाह देते हैं – "मुसलमानों को अपना अलहदगी पसंदाना रवैया छोड़कर राष्ट्रीय केन्द्रीय धारा का अटूट अंग बनना होगा। इन्हें अपनी पहचान समाप्त करने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन इन्हें हिन्दुओं के साथ आवश्यक स्तर पर खुले दिल से सहयोग करना होगा ताकि मिश्रित राष्ट्रीयता परवान चढ़ सके।" असगर अली इन्जिनीयर साहब भी इस्लाम की व्यावहारिक व्यवस्थाओं में सुधार की बात करते हैं किन्तु फिर चतुराई से इस्लामी आवरण में सिमट जाते हैं। अजहर फारूकी साहब मुसलमानों की उन्नति के लिए इस्लाम की नवीन व्याख्या की बात करते हैं लेकिन दृढ़ता से इस्लामी खोल के अंदर ही। एम0 वाई0 कुरैशी परिवार नियोजन की सलाह देते हैं। कुल मिलाकर सभी विचारकों ने मुसलमानों की समस्याओं पर ही ध्यान दिया है; विशेषकर सरकार, बहुसंख्यक हिन्दुओं और थोड़ी सी अपनी कमियों के कारण होने वाली समस्याओं पर ही; लेकिन मुसलमानों के कारण समाज में किन क्षेत्रों में अव्यवस्था या आशंका का वातावरण बनता है इस पर नहीं के बराबर ध्यान दिया गया है। वैसे इस्लामी प्रावधानों की बिल्कुल ही चर्चा नहीं की गई है जिनके कारण हिन्दू समाज आशंकित एवं आतंकित है। मुस्लिम समाज को कमजोर, आतंकित, गरीब, उपेक्षित, उत्पीड़ित, दंगा पीड़ित आदि बताने का भरपूर प्रयास किया गया है। लेकिन एक साथ जीवन यापन करने वाले हिन्दुओं को आश्वस्त होने के लिए जिन प्रश्नों के स्पष्टीकरण की आवश्यकता है वे अनुत्तरित छोड़ दिये गये हैं। यहाँ कुछ मौलिक प्रश्नों को रख रहा हूँ ताकि मुस्लिम विद्वानों द्वारा विशेष अवसरों पर इनके स्पष्टीकरण में सहूलियत हो।

इस्लाम का मूलाधार ग्रन्थ कुरान है। मुसलमान इसे अल्लाह की वाणी, अल्लाह का हुक्म, आसमानी किताब, कलाम पाक आदि के रूप में जानते हैं। अटूट श्रद्धा रखते हैं। संसार की पवित्रतम वस्तु मानते हैं। उसकी मान्यताओं के बाहर की कोई मान्यता

स्वीकार नहीं करते। कुरान में दिये गये अल्लाह के हुक्म का पालन करना हर मुसलमान का आखिरी फर्ज है।

बहुसंख्यक समाज को मुसलमान मजहबी भाषा में काफिर कहते हैं अर्थात् अल्लाह और अल्लाह के रसूल में ईमान न लाने वाला। अल्लाह के रसूल पैगम्बर मोहम्मद साहब ने अपने स्तर से जो कुछ कहा है उसे हदीस कहते हैं। कुरान और हदीस के साथ पैगम्बर का जीवन और चरित्र मिल कर शरीयत का निर्माण होता हैं। यही इस्लामी कानून है। गैर मुसलमानों के साथ कैसा व्यवहार किया जाय इसके विषय में कुरान शरीफ और हदीस में बहुत आदेश हैं –

01. मोमिनों को चाहिए कि मोमिनों के सिवा काफिरों को दोस्त न बनाएँ और जो ऐसा करेगा, उससे खुदा का कुछ (अहद) नहीं। हाँ, अगर इस तरीके से तुम उन से बचाव की शक्ल निकालो (तो हरज नहीं) और खुदा तुमको अपने (गजब) से डराता है और खुदा ही की तरफ तुमको लौट कर जाना है। (कु0 3:28)
02 मोमिनों ! किसी गैर (मजहब के आदमी) को अपना राजदार न बनाना। ये लोग तुम्हारी खराबी (और फित्ना फैलाने) में किसी तरह की कोताही नहीं करते हैं और चाहते हैं कि (जिस तरह हो) तुम्हें तकलीफ पहुँचे। (कु0 3:118)
03. ऐ अहले ईमान ! मोमिनों के सिवा काफिरों को दोस्त न बनाओ। (कु0 4:89)
. . . ईमानवालों को छोड़कर काफिरों को दोस्त न बनाओ। (कु0 4:144)
04. ऐ ईमान वालों ! यहूद और नसारा (ईसाई) को दोस्त न बनाओ, ये एक दूसरे के दोस्त हैं औरजो शख्स तुम में से उनको दोस्त बनाएगा, वह भी उन्हीं में से होगा। वेशक खुदा जालिम लोगों को हिदायत नहीं देता। (कु0 5:51)
05. ऐ ईमान वालों ! अगर तुममें से कोई अपने दीन से फिर जायेगा, तो खुदा ऐसे लोग पैदा कर देगा, जिनको वह दोस्त रखे और जिसे वे दोस्त रखें। और जो मोमिनों के हक में नर्मी करें और काफिरोंसे सख्ती से पेश आयें, खुदा की राह में जिहाद करें, और किसी मलामत करने वाले की मलामत से न डरें, यह खुदा का फजल है, वह जिसे चाहता है देता है और खुदा बड़े फैलाव वाला और जानने वाला है। (कु0 5:54)
06. ऐ ईमान वालों ! जिन लोगों को तुम से पहले किताबें दी गई थी; उनको और काफिरों को जिन्होंने तुम्हारे दीन को हँसी और खेल बना रखा है, दोस्त न बनाओ और मोमिन हो तो खुदा से डरते रहो। (कु0 5:57)
07. तुम उनमें से बहुतों को देखोगे कि काफिरों से दोस्ती रखते हैं। उन्होंने जो कुछ आगे अपने वास्ते आगे भेजा है। बुरा है (वह यह) कि खुदा उनसे नाखुश हुआ और वे हमेशा अजाब में (पड़े) रहेंगे। (कु0 5:80)
08. क्या तुमलोग यह ख्याल करते हो कि (बे आजमाइश) छोड़ दिये जाओगे और अभी तो खुदा ने ऐसे लोगों को अलग किया ही नहीं; जिन्होंने तुममें से जिहाद किये और खुदा और उसके रसूल और मोमिनों के सिवा किसी को दिली दोस्त नहीं बनाया और खुदा तुम्हारे सब कामों को जानता है। (कु0 9:16)
09. ऐ ईमान वालों ! अगर तुम्हारे (माँ) बाप और (बहन) भाई ईमान के मुकाबले में

कुफ्र को पसंद करें, तो उनसे दोस्ती न रखो, और जो उनसे दोस्ती रखेंगे, वे जालिम हैं। (कु0 9:23)

10. और तुम्हें उम्मीद न थी कि तुम पर यह किताब नाजिल की जायेगी, मगर तुम्हारे परवर दिगार की मेहरबानी से (नाजिल हुई), तो तुम हरगिज काफिरों के मददगार न होना। (कु0 28:86)

रफीक जकरिया साहब की सलाह कि "मुसलमानों को खुले दिल से हिन्दुओं के साथ सहयोग करना होगा" मुसलमान कैसे मान सकते हैं जबकि अल्लाह का हुक्म इसके ठीक विपरीत है। हिन्दू काफिर लोग हैं।

मौलाना अबुल कलाम आजाद ने भी कहा है– "कुरान से बाहर की कोई बात निहायत कुफ्र है।" तब कुरान के हुक्म का पालन करने वाले मुसलमान कुफ्र पसंद काफिर से कैसे सहयोग करेंगे ? इस्लाम के अनुसार दुनिया में दो प्रकार के लोग हैं। जिन्होंने अल्लाह और अल्लाह के रसूल अर्थात पैगम्बर मुहम्मद साहब में ईमान लाया वे ईमान वाले, मुसलमान या मोमिन कहे जाते हैं। किन्तु जिन लोगों ने ईमान न लाया वे सभी काफिर हैं। यहूदी और ईसाई भिन्न किस्म के काफिर हैं। इन्हें जिम्मी भी कहा जाता है। मूर्तिपूजक निम्न प्रकार के काफिर हैं इन्हें मुश्रिक भी कहते हैं।

इस्लाम संसार के देशों को दो श्रेणियों में बाँटता है। दारुल इस्लाम और दारुल हर्व। जिस देश में इस्लामी सत्ता है वह दारुल इस्लाम है। वहाँ शरीयत कानून अर्थात अल्लाह का कानून लागू होता है। उसमें जिम्मी काफिरों को अत्यन्त निम्न कोटि के नागरिक के रूप में अपने धर्म पालन के साथ जीवित रहने का अधिकार है। उन्हें इसके एवज में जजिया कर देना होता है। किन्तु मूर्तिपूजक काफिरों को जिन्हें मुश्रिक भी कहते हैं दो में एक विकल्प चुनना होता है इस्लाम या मौत। यद्यपि बाद में, मुहम्मद बिन कासिम द्वारा भारत में अपनी विजय के बाद मुश्रिक काफिरों का धर्मान्तरण या कत्ल का नियम नहीं चलाया जा सका। काफिरों की बहुत बड़ी संख्या होने के कारण उनका पूरी तरह कत्ल द्वारा सफाया संभव नहीं था। इसलिए उनपर जजिया कर लगाकर उन्हें जीवित रहने दिया गया। जिस देश में मुस्लिम सत्ता नहीं है लेकिन वहाँ मुस्लिम आबादी है, वह दारुल हर्व अर्थात् 'लड़ाई झगड़ा का घर' है। वहाँ के मुसलमानों का फर्ज है कि वे जेहाद द्वारा दारुल हर्ब को दारुल इस्लाम में बदल डालें और शरीयत का कानून लागू करें। उनका कहना है कि धरती अल्लाह की है और उसके रसूल की है। काफिरों ने इस पर अवैध कब्जा जमा रखा है। हर मुसलमान का फर्ज है कि काफिरों के कब्जे से अल्लाह की धरती को मुक्त कराने के लिए जेहाद में शामिल हों।

दुनिया में इस्लाम से पहले जाहीलियत का काल था। अल्लाह की रोशनी धरती पर तभी पहुँची जब इस्लाम आया। सारी दुनिया के लोगों को चाहिए था कि इस्लाम की रोशनी के पहुँचते ही, इस्लाम स्वीकार कर लेते जैसा मोमिनों ने किया। उन्होंने अल्लाह और अल्लाह के रसूल में ईमान लाया और जाहीलियत से मुक्ति पाई, किन्तु कितना भी अल्लाह का पैगाम सुनाया गया, बताया गया, समझाया गया,

काफिरों ने मानने से इनकार कर दिया। अल्लाह का पैगाम (वह्य) स्वघोषित पैगम्बर, मुहम्मद साहब द्वारा ही आता था। अपने संदेश को पूरी मानव जाति तक पहुँचाने के लिए अल्लाह ने एक मात्र व्यक्ति मुहम्मद साहब को ही चुना। जब मोहम्मद साहब ने अपने को अल्लाह का पैगम्बर बनाये जाने की घोषणा की तो काफिरों ने उनका मजाक उडाया। उनको यातना दी। मक्का से उनको भागने पर मजबूर कर दिया। वे भाग कर मदीना पहुँचे। वहाँ अपने सहाबियों (साथियों) के साथ, जिन्होंने इस्लाम ग्रहण कर लिया था, मदीना वालों को इस्लाम मानने के लिए जोर देना शुरू किया। वहाँ कई कबीले के लोग रहते थे। कुछ लोगों ने तो इस्लाम स्वीकार किया और कुछ लोगों ने इनकार कर दिया। इसलिए उन्हें इस्लाम मानने के लिए बाध्य किया जाने लगा। अब तक मोहम्मद साहब के साथ कई सौ आदमी हो चुके थे। सबको लड़ाई करने के लिए, जिसे जेहाद कहते थे, प्रेरित किया जाने लगा। मानव समाज दो भागों में बँट गया। जो मुसलमान बने वे अल्लाह की पार्टी वाले और गैर मुसलमान शैतान की पार्टी वाले हुए। अल्लाह के हुक्म पर अल्लाह की पार्टी के साथ मोहम्मद साहब ने काफिरों को कुचलने, जैसे उनका कत्ल करने, उनको गुलाम बनाने, जिसमें औरतें भी शामिल थीं; औरतों से बलात्कार करने सुन्दर औरतों को बीवियाँ या लौंडियाँ बनाकर रख लेने, काफिरों को लूट लेने आदि का सिलसिला शुरू किया।

मदीना के कई कबीलों को जो मुसलमान नहीं बने मारकाट कर मदीना के बाहर खदेड़ दिया गया। अब तक वे मदीना के सर्वोच्च शासक बन चुके थे। बानू कैनुका और बानू नाजिर कबीलों को अरब से निकालने के बाद पैगम्बर ने एक अन्य कबीला बानू कुरैजा का समूल नाश करने का संकल्प लिया। अनवर शेख ने अपनी पुस्तक "इस्लाम अरबी साम्राज्यवाद" में पृष्ठ : 95–96 में घटना का इस प्रकार वर्णन किया है – "उसने यहूदियों को घेरा डाल लिया। उन्होंने 25 दिनों तक कष्ट झेल कर इस शर्त्त पर आत्म समर्पण किया कि उनके भाग्य का फैसला अनसार का मुखिया साऊधबिन मुआध करेगा। सहीह मुस्लिम की हदीस सं0 4369 में उसका फैसला वर्णित है जो यह बयान करता है कि "उनके योद्वओं को मार दो और उनकी महिलाओं और बच्चों को बन्दी बना लो।" यहूदियों को उनके किले से बाहर लाया गया और जानवरों की भाँति अलग–अलग बाड़ों में बंद कर दिया गया। वे सारी रात अपने मालिक अल्लाह के पास दया की प्रार्थना करते रहे जबकि उत्साही मुसलमान पैगम्बर के आदेश पर एक गहरी खंदक खोदते रहे। यह यहूदियों के लिए एक विशाल कब्र थी जिन्होंने अपने धर्म, सम्पत्ति, पत्नियों और बच्चों की रक्षा के लिए मुहम्मद को चुनौती दी थी। जब रात के अंधेरे को चीर कर सूर्य की किरणें बाहर आ रही थीं तो वह कब्र निःसहाय लोगों के लिए अंतिम शरण देने के लिए तैयार थी। अति कृपालु अल्लाह के आगे नमाज पढ़ने के बाद पैगम्बर मुहम्मद जिसने सभी प्राणियों के लिए दया की माँग की थी, वह खंदक के पास बैठ गया ताकि वह उस कार्यवाही को व्यक्तिगत तौर पर देख सके। यहूदी पुरुषों को पाँच–पाँच, छः–छः के टोले में लाया जा रहा था जिन्हें अपनी मंजिल का ज्ञान नहीं था। प्रत्येक व्यक्ति जिसके हाथ पीछे बँधे हुए थे, को लेटने का आदेश दिया गया और अपनी गर्दन खंदक की ओर फैलाने के लिए

कहा गया जहाँ अली और जुबेर खड़े थे। उन्होंने बड़ी–बड़ी तलवारों से उनके सिर धड़ से अलग कर दिये। गोधूलि के समय तक सारा काम तमाम हो गया।अल्लाह और मुहम्मद की खुशी के लिए 800 यहूदियों का निर्ममता से वध कर दिया गया। उनके बच्चों को गुलाम और महिलाओं को रखैल बना लिया गया ताकि निष्ठावानों को स्वर्गीय विलास का पूर्ण आनंद मिल सके।"

उसके बाद आक्रमणों का जो सिलसिला शुरू हुआ वह पैगम्बर साहब के जीवन के अंत तक चलता रहा. व्यापारिक कारवाँओं और बस्तिओं पर धावा बोलकर मर्दों का कत्ल करना, उनका धन लूटना और औरतों–बच्चों को गुलाम बना कर ईमान वालों में बाँटना। गुलामों की मुक्ति के लिए धन लेना और जो रह गये उनको मुसलमान बना कर अपने दल में शामिल करना। इस अभियान में शामिल जेहादियों को प्राप्त धन का 4/5 भाग और रसूल का 1/5 भाग होता था। जो अल्लाह के रसूल के हुक्म में संदेह करता था या मानने से इंकार करता था उसे तुरंत मौत के मुँह में पहुँचा दिया जाता था।

इस प्रकार पैगम्बर की मृत्यु के बाद भी लगातार इस्लाम के विस्तार के लिए कबीलों के व्यापारिक कारवाँ, अस्थाई कैम्पों और बस्तियों पर आक्रमण करना, पुरुषों का कत्ल करना, उनका धन लूटना, स्त्रियों–बच्चों का अपहरण कर बीवियाँ–लौंडियाँ बनाना और सभी लोगों को बलात् इस्लाम मानने पर विवश करना जैसी कार्रवाई चलती रही। यही जेहाद कहलाता है। कुरान और हदीस में जेहाद को बहुत पवित्र कर्म कहा गया है। यदि जेहाद में कोई मोमिन व्यक्ति मारा जाता है तो वह शहीद कहलाता है और अल्लाह उसको सबसे ऊँचे वहिश्त में तुरंत दाखिल करता है। बाकी मोमिनों को मौत के बाद कब्र में ही, कयामत के दिन तक रहना पड़ता है। इसलिए जेहादी सबसे पवित्र होता है। जो मुसलमान कम से कम एक काफिर की हत्या करता है वह गाजी कहलाता है। वह शहीद जेहादी के बाद दूसरी श्रेणी का पुण्यात्मा गिना जाता है। पैगम्बर मुहम्मद साहब ने अपने जीवन में जैसा आचरण निभाया है उनके व्यवहार का जो तरीका रहा है उसका श्रद्धापूर्वक अनुसरण करना प्रत्येक मुसलमान का मजहबी फर्ज है जिसे सुन्नत या सुन्ना कहते हैं। मुसलमानों द्वारा दाढ़ी रखना उसी सुन्ना का भाग है। अपने शत्रुओं से अर्थात् काफिरों से उसी प्रकार व्यवहार करना जितना क्रूरता पूर्ण ढंग से पैगम्बर साहब करते थे, मुसलमानों का फर्ज है। चूँकि अल्लाह संसार में भौतिक रूप में उपस्थित होता नहीं है, वह सारे हुक्म पैगम्बर को ही देता है इसलिए हर कार्य का आदर्श और हर आदेश का स्रोत पैगम्बर ही होता हैं। किसी व्यक्ति के पैगम्बर होने का साक्ष्य कोई दूसरा व्यक्ति नहीं दे सकता, क्योंकि अल्लाह जिसको अपना पैगम्बर चुनता है सिर्फ उसीको पता होता है और वही उद्घोषित करता है कि उसे अल्लाह ने अपना पैगम्बर बनाया है।

उस समय अरब में अनेक लोग अपने को पैगम्बर घोषित कर रहे थे। लेकिन मुहम्मद साहब ने जिस मार्ग को अपना कर विजय प्राप्त की उससे न सिर्फ उस समय वरन् आज तक उनकी स्थाई पैगम्बरी को किसी द्वारा चुनौती न दी जा सकी।

कुरान और हदीस में जेहाद करने का बार–बार हुक्म दिया गया है। जेहाद

के तरीके बताये गये हैं। उसके लाभालाभ का विवरण दिया गया है जिनमें से कुछ का यहाँ जिक्र किया जाता है –

01. ऐ पैगम्बर ! काफिरों और मुनाफिकों से लड़ो और उन पर सख्ती करो। उनका ठिकाना दोजख है और वह बहुत बुरी जगह है। (कु0 66:9)
02. तो काफिरों की बात न मानना और इस (कुरान) से तुम उनसे बड़ा जिहाद करो। (कु0 25:52)
03. तुम पर युद्ध फर्ज किया गया और तुम्हें अप्रिय है – और हो सकता है एक चीज तुम्हें बुरी लगे और वह तुम्हारे लिए अच्छी हो, और हो सकता है कि एक चीज तुम्हें प्रिय हो और वह तुम्हारे लिए बुरी हो। अल्लाह जानता है और तुम नहीं जानते। (कु02:216)
04. फिर जब हराम के महीने बीत जायें तो मुश्रिकों (मूर्तिपूजकों) को जहाँ कहीं पाओ कत्ल करो, और उन्हें पकड़ो और उन्हें घेरो, और हर घात की जगह उनकी ताक में बैठो। यदि वे तौबा कर लें और नमाज कायम करें और जकात दें, तो उनका मार्ग छोड़ दो। (कु0 9:5)
05. हे नबी ! काफिरों और मुनाफिकों से जिहाद करो और उनके साथ सख्ती से पेश आओ। उनका ठिकाना जहन्नम है और वह क्या ही बुरा ठिकाना है। (कु0 9:73)
06. वे तो यही चाहते हैं कि जिस तरह से वे खुद काफिर हैं (उसी तरह) तुम भी काफिर होकर (सब) बराबर हो जाओ, तो जब तक वे खुदा की राह में वतन न छोड़ जायें, उनमें से किसी को दोस्त न बनाना। अगर (वतन छोड़ने को) कुबूल न करें तो उनको पकड़ लो और जहाँ पाओ कत्ल कर दो और उनमें से किसी को अपना साथी और मददगार न बनाओ। (कु0 4:89)
07. निःसंदेह काफिर तुम्हारे खुले दुश्मन हैं। (कु0 4:101)
08. फिटकारे हुए गैर मुस्लिम जहाँ कहीं पाये जायेंगे बुरी तरह कत्ल किये जायेंगे। (कु033:61)
09. अल्लाह ने तुमसे बहुत सी गनीमतों (लूट) का वादा किया है जो तुम्हारे हाथ आयेगी। (कु0 48:20)
10. तो जो कुछ गनीमत (लूट) का माल तुमने हासिल किया है उसे हलाल और पाक समझ कर खाओ। (कु0 8:69)

इसी प्रकार के आदेशों की भरमार कुरान और हदीस में है। उनमें से थोड़े का यहाँ जिक्र किया गया है।

इस्लाम के इस वास्तविक स्वरूप से हर मुसलमान परिचित है। बचपन से ही इस्लामी विधि-विधानों और शिक्षा का विधिवत ज्ञान देने की प्रथा के कारण उपर्युक्त आदेशों को मुसलमान उसी प्रकार ईश्वरीय आदेश मानते हैं जैसे बचपन के संस्कारों के कारण हिन्दुओं में मूर्तियों में दैवी शक्ति होने की धारणा बन जाती है। लेकिन जहाँ हिन्दू अपनी पूजा विधियों तक ही अपने को सीमित रखता है और दूसरे की पूजा विधियों में हस्तक्षेप करना या किसी प्रकार के बल प्रयोग द्वारा दूसरों के विश्वास में बाधा डालने की इच्छा नहीं रखता, वहीं इस्लाम मजहब का मौलिक सिद्धांत अन्य सभी

पंथो, सम्प्रदायों, मजहबों, रिलीजनों और धर्म को समाप्त कर इस्लाम का सारी दुनिया में विस्तार करना है।

अल्लाह ने अपने दूत पैगम्बर मुहम्मद के माध्यम से सारी दुनिया में सत्य धर्म इस्लाम की रोशनी फैलाने के लिए तब तक युद्ध करते रहने का हुक्म दिया है जब तक सारी दुनिया के लोगों को मार–काट कर बलात् इस्लाम स्वीकार न करा दिया जाय। इस्लाम के विस्तार का जो तरीका उसके प्रवर्त्तक के जमाने में शुरू हुआ वह परिस्थिति के अनुसार थोड़ा कम या ज्यादा आज तक चला आ रहा है।

इतिहास में; मजहबी विश्वास के कारण इतना रक्तपात, उत्पीड़न और बर्बरता मानव जाति ने नहीं देखा था। यह विश्वास, कि इस्लाम के पूर्व का काल जाहीलियत का काल होता है और उस काल की ज्ञान की पुस्तकें वास्तव में जाहीलियत की पुस्तकें होती हैं, मुसलमानों को उन्हें जलाकर नष्ट कर देने की प्रेरणा देता है। इसी कारण प्रत्येक इस्लामी आक्रमण में गैर इस्लामी काल की पुस्तकें जलाकर मानवता का अपार नुकसान किया गया। अनेक गैर इस्लामी शिक्षण संस्थाओं और पुस्तकालयों के महीनों तक धू–धू कर जलने का इतिहास कौन नहीं जानता है। ज्ञान, कला और संस्कृति के क्षेत्र में आज दुनिया के सभी मुस्लिम देश दूसरों की तुलना में पिछड़े हुए हैं। फिर भी रफीक जकरिया साहब कहते हैं कि "इन फिदायीन के पागलपन के कारण मुसलमानों की सर्वोच्च सभ्यता, संपूर्ण विश्व जिसका गवाह है, आज चारों ओर जलील और बदनाम हो चुकी है।" सर्वोच्च सभ्यता और सर्वोच्च असभ्यता की, लगता है, अपनी–अपनी धारणाएँ हैं। फिदाईन जो कर रहे हैं, इस्लाम की वही सभ्यता, वही संस्कृति और वही मजहब है। इतिहास, मजहब की इसी सभ्यता और संस्कृति की गवाही देता है। तथ्य, जो अपने को अनेक प्रकार से प्रकट करता है, मात्र शब्दों के जाल से उलटा नहीं जा सकता।

इस्लाम के इसी स्वरूप के कारण सारी दुनिया में मुसलमान एक विचित्र समुदाय के रूप में देखे जाते हैं। कुछ लोग इस्लामी भाईचारा, मजहबी निष्ठा और सामुदायिक एकजुटता को देखकर यह समझते हैं कि इस्लाम की ये विशेषताएँ मजहबी समझ से विकसित हैं। बात वैसी नहीं है। कोई संगठन, दल या समुदाय, जब दूसरों के साथ आक्रामक व्यवहार में तल्लीन होता है, तब उसके अंदर भाईचारा, संगठन, आपसी एकजुटता, अनुशासन आदि की अनिवार्य रूप से आवश्यकता होती है; क्योंकि इनके बिना समुदाय न संगठित रह सकता है और न ही आक्रमक कार्रवाई कर सकता है। इसलिए मुस्लिम समुदाय द्वारा जेहाद करना, जिसमें हत्या, लूट, बलात्कार, अपहरण, दूसरों के पूजा स्थलों को ध्वस्त करना, बलात् धर्मान्तरण कराना आदि सर्वाधिक पवित्र कर्म शामिल हैं; अनुशासन, आपसी भाईचारा और सामुदायिक एकजुटता के बिना हो ही नही सकता है; इसलिए यह कोई महानता की बात नहीं है। इसे मजहब की जेहादी कार्रवाई का बाई प्रोडक्ट या साइड इफेक्ट कह सकते हैं।

जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात है और जिसे सभ्यता और संस्कृति की पहचान का केन्द्र विन्दु तत्त्व माना जा सकता है वह है दूसरों के साथ व्यवहार का तरीका।

इस मापदण्ड पर इस्लाम अपने जेहादी स्वरूप के कारण सभ्य और सुसंस्कृत होने का दावा किस आधार पर कर सकता है ? यदि उसे सर्वोच्च सभ्यता कहा जाय तो सर्वोच्च असभ्यता किसे कहा जाय ! चौदह सौ वर्षों का लम्बा इतिहास दर्पण की तरह साफ दिखा रहा है। मालावार के मोपला विद्रोह को विद्रोह कहकर इसके मजहबी स्वरूप को ढँकने का प्रयास किया जाता है। देश बँटवारे के समय पंजाब और बंगाल के क्षेत्र में जो मारकाट, लूट–पाट, बलात्कार, अपहरण, बलात् धर्मान्तरण और पूजा स्थलों का ध्वंस हुआ, वह जेहाद था। आज कश्मीर में जो हो रहा है वह जेहाद है। आगे इस जेहाद को सफलता पूर्वक संपूर्ण भारत के इस्लामी करण के लिए पूरा करने की तैयारी चल रही है। आमतौर पर गैर मुस्लिम और विशेष तौर पर हिन्दू इस्लाम के वास्तविक स्वरूप को जानते ही नहीं हैं। यदि कोई पत्र-पत्रिका इन्हें प्रकाशित करते भी हैं तो संगठित जेहादी मानसिकता किसी न किसी रूप में उस पर दबाव बनाती है। सरकारी पदाधिकारी जो लगभग अविद्वान हैं और जिनका संबंध मात्र प्रशासनिक व्यवस्था तक सीमित है, उनके विरुद्ध कोई न कोई कार्रवाई कर प्रोत्साहित करते हैं। ये अपने को हर हाल में निष्पक्ष दिखा कर अपनी साफ सुथरी छवि बनाते हैं और हिन्दू मूर्खता की परम्परा को आगे बढ़ाते हैं। दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय जो अपने मजहबी कर्तव्य के प्रति सचेत है जेहाद की तैयारी के लिए सारी व्यवस्थाएँ कर रहा है। उसके ऊँचे से ऊँचे पदाधिकारी भी अपने मजहबी जेहादी उद्देश्य के प्रति सजग और मददगार होते हैं।

सभी शहरों, कस्बों, मुहल्लों में मुस्लिम समुदाय द्वारा हथियारों का संग्रह, उनका पकड़ा जाना, समय समय पर विस्फोट आदि बातें समाचार में आती ही रहती हैं। क्या ये छुपी हुई बातें हैं ? पहले हिन्दू–मुस्लिम दंगे ज्यादा होते थे। इन दंगों के कारणों को सब लोग जानते हैं। सभी दंगे मुसलमानों द्वारा किये जाते रहे हैं। योजनाबद्ध ढंग से दंगे की शुरुआत करना, अनजान, निहत्थे और असंगठित हिन्दुओं का कत्लेआम चंद घंटों में कर डालना और फिर सुरक्षात्मक रणनीति अख्तियार करना, यही तरीका रहा है। बाद में पुलिस वाले पहुँचते हैं। क्रूरता और अत्याचार का दृश्य देखकर उत्तेजना में कभी कुछ लोगों पर गोलियाँ चला देते हैं। फिर जाँच और पुलिस की ज्यादती का ढिंढोरा पिटना शुरू होता है। मुस्लिम वोटों पर आश्रित सरकारें जाँच प्रतिवेदनों को कभी प्रकाशित नहीं करती हैं। सभी जाँच प्रतिवेदन इसी निष्कर्ष पर पहुँचे होते हैं कि मुस्लिम समुदाय द्वारा योजनाबद्ध ढंग से सोच समझ कर दंगे की शुरुआत की गई थी।

हिन्दू–संस्कारों और धर्म–शिक्षाओं के अवचेतन प्रभाव के कारण ही सामान्य हिन्दू चाहे वह समाचार पत्रों से संबंधित हो, सामाजिक कार्यकर्ता हो, प्रशासनिक या न्यायिक पदाधिकारी हो, बुद्धिजीवी हो, राजनीतिज्ञ हो, सभी एक स्वर से हिन्दुओं के विरुद्ध और मुसलमानों के समर्थन में बोलना शुरू करते हैं। जिसका परिणाम होता है सत्य, असत्य हो जाता है और असत्य, सत्य।

मार्क्सवादी विचारों से प्रभावित शिक्षकों और विद्यार्थियों की सोचने विचारने की दिशा एक पक्षीय बन कर दृढ़ हो गई है। मैंने कहीं पढ़ा था कि मार्क्सवादियों के

माथा में, बुलेट छोडकर दूसरी चीज आप नहीं घुसा सकते। "हंस" के उपर्युक्त अंक के सम्पादकीय में यही विचार यों व्यक्त है, " पचास सालों में सारी दुनिया और उसे समझने की भाषा और दृष्टिकोण बदल गये हैं–कहीं भी बिल्कुल नहीं बदले हैं तो वे हैं किताबी मार्क्सवादी गुरुकुलिए वेदान्ती। इस्लाम के विषय में इनकी सिरफिरी धारणा, जो बिना अध्ययन और उसकी समीक्षा के ही दृढ़ है, ज्यों की त्यों बनी हुई है।

हिन्दुओं में मूर्खतापूर्ण धारणा बनी हुई है कि वे बहुसंख्यक हैं और इसलिए बलवान हैं। मुसलमान अल्पसंख्यक हैं, इसलिए कमजोर हैं। हिन्दू सहिष्णुता की भावना के कारण उन पर दया की जानी चाहिए, उनकी मदद की जानी चाहिए। वास्तविकता यह है कि मुस्लिम समुदाय अपने मजहबी कारणों से अत्यन्त सबल है और अपने धर्म जनित लौकिक व्यवस्था की कमियों के कारण ही हिन्दू निर्बल हैं। पुलिस और सेना में मुस्लिम अनुपात वही हो जाय जो जनसंख्या का अनुपात है तो आज ही जेहाद द्वारा भारत का इस्लामी करण हो जाय।

मजहबी जेहादी भावना इतनी तीव्र होती है कि दूसरा कोई संबंध उसके आड़े नहीं आ सकता। पैगम्बर मुहम्मद साहब के समय जेहाद का जो तरीका आरम्भ हुआ था वह आज तक चला आ रहा है। यदि किसी को इसे देख सकने की आँख ही न हो तो कोई क्या कर सकता है। हाँ, बहुत चतुराई से जेहाद का भिन्न–भिन्न नाम देकर इसके मजहबी स्वरूप को छिपा लिया जाता है। कभी इसे विद्रोह, कभी उग्रवाद, कभी डाइरेक्ट एक्सन, कभी गदर, कभी दंगा आदि नामों से पुकारा जाता है। मोपला, देश विभाजन के समय के दंगों, डाइरेक्ट एक्शन डे, कश्मीर की घटनाएँ आदि के विस्तार में जाते ही साफ–साफ जेहाद दिखाई पड़ने लगता है।

प्रख्यात साम्यवादी स्व0 प्रो0 कल्याण दत्त ने अपनी जीवनी "आमार कम्युनिस्ट जीवन" में 1946 के "दि ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स" के समय की एक घटना का यों वर्णन किया है – "खिदरपुर डॉक यार्ड के हिन्दू मजदूरों ने वामपंथी ट्रेड युनियन्स की सदस्यता के, जिनके हिन्दू–मुसलमान दोनों ही मजदूर सदस्य थे, कार्ड दिखा कर प्राण रक्षा की भीख माँगी और कहा कि अरे कॉमरेडों (साथियों) तुम हमारा वध क्यों कर रहे हो ? हम सभी एक ही युनियन में हैं।" किन्तु चूँकि इन मुजाहिदों को इस्लाम का राज्य (दारुल इस्लाम) मजदूरों के राज्य से कहीं अधिक प्रिय है, सभी हिन्दुओं का वध कर दिया गया।" (आमार कम्युनिस्ट जीवन, पर्ल पब्लिशर्स, पृष्ठ – 10, प्रथम आवृत्ति, कलकता, 1999, "भारत में जेहाद" में जयदीप सेन द्वारा उद्धृत)

पैन इस्लामिज्म का सिद्धांत मुसलमानों को अपने देश की तुलना में बाहरी किसी मुस्लिम देश के निकट पहुँचाता है। जब तक देश दारुल इस्लाम न हो जाय, अपने देश के विकास को अपना विकास नहीं समझते। छोटी–छोटी बातों पर तोड़–फोड़ करने और सार्वजनिक या काफिरों की निजी सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाने में उन्हें तनिक देर नहीं होती है। राजनीति, इस्लामी मजहब का सर्वाधिक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हर मुसलमान का मजहबी फर्ज है कि वह जिस देश में रहता है उसे दारुल इस्लाम बनावे अर्थात् इस्लामी सत्ता स्थापित करे। इसके लिए मजहबी निर्देशानुसार उसे जेहाद करना चाहिए। जेहाद क्या है ? सुन्नत के अनुसार सैनिक

कार्रवाई ही जेहाद है, जैसा मुहम्मद साहब ने किया था। सैनिक कार्रवाई के लिए सैनिक साजो–सामान की आवश्यकता होती है; इसलिए मुसलमान अस्त्र–शस्त्र संग्रह करते हैं और युद्धाभ्यास करते हैं। युद्ध में उच्च मनोबल के लिए अल्लाह के हुक्म की शिक्षा लेते हैं। इसलिए संख्या में कम होने के बावजूद वे हिन्दुओं की तुलना में बलवान हैं।

हिन्दू को बचपन से अहिंसा, जीवों पर दया करने और सहिष्णुता का पाठ पढाया जाता है। जीवन में आध्यात्मिक चिन्तन के साथ सत्कर्म करते हुए मोक्ष प्राप्ति का धार्मिक लक्ष्य निर्धारित होने के कारण वह आत्म केन्द्रित और व्यावहारिक जीवन में अति स्वार्थी होता है। सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण हेतु कोई स्थाई सांगठनिक व्यवस्था नहीं है। छुआ–छूत, ऊँच–नीच और जाति-प्रथा के कारण समाज पूरी तरह असंगठित, अस्त्र–शस्त्र हीन, निर्बल और असहाय बना हुआ है। इसीलिए हिन्दुओं पर अत्याचार की बड़ी–बड़ी घटनाएँ घटती हैं जो मानव समुदाय के लिए अत्यन्त शर्मनाक और अपमान जनक होती हैं, फिर भी उनमें कोई प्रतिक्रिया नहीं होती। उनका स्वाभिमान मर चुका है। न जोश है न शक्ति। वास्तव में लम्बे समय से धर्म के ठेकेदारों, जैसे धर्म गुरुओं, महात्माओं, धर्मोपदेशकों, शास्त्रकारों, पंडितों–पुरोहितों, ज्योतिषियों, कर्मकांडियों, पुजारियों आदि–आदि के रूप में पाखंड और धर्माडम्बर का जाल बिछाकर, आर्थिक और बौद्धिक शोषण द्वारा हिन्दू समाज का कचूमर निकाल दिया गया है। आज भी इस वर्ग द्वारा जो कुछ किया जा रहा है, वही है। आज टी0वी0 पर जितने धर्मोपदेशक हैं वर्तमान हिन्दू समाज की समस्या और उसमें क्रांतिकारी सुधार से संबंधित कोई गम्भीर बात नहीं करते। चार हजार वर्ष पहले की जमीनी कथाओं को आसमानी बना कर लोगों को अवैज्ञानिक भ्रम जाल में डालने का ही काम करते हैं। ये वास्तव में सुविधाभोगी और कायर लोग हैं। इनमें से कोई भी क्रान्तिकारी उपायों से हिन्दू समाज की रूढ़ियों को मिटाने के लिए प्रयत्नशील नहीं है। उनका काम रह गया है सिर्फ हिन्दू समाज की भावनाओं को पौराणिक युग के कर्मकाण्डों में उलझा कर उनका आर्थिक शोषण करना। फिर भी हिन्दू धर्म में कम से कम एक बात तो है ही और वह है अनन्त सुधार की प्रक्रिया की स्वतंत्रता। यही बात इस्लाम में नहीं है। मजहब के मामले में मुसलमानों में अकल की जगह नकल की ही प्रधानता होती है और चूँकि इस्लाम का जीवन के अनेक क्षेत्रों में दखल है, इसलिए सामाजिक समरसता स्थापित करना लगभग असम्भव हैं। इसे सभी मुसलमान जानते हैं, लेकिन हिन्दू बिलकुल नहीं।

मुसलमानों की गरीबी, अशिक्षा और पिछड़ेपन की बातें बहुत की जाती हैं। इसके लिए सुविधा की कमी और सरकारों द्वारा उपेक्षा का आरोप लगा कर विशेष मदद की माँग की जाती है। लेकिन मूल कारण दूसरा है जिसे प्रकाश में न आने देने की भी भरपूर चेष्टा की जाती है।

परिवार को सीमित रखने हेतु प्रचार अभियान मुस्लिम शिक्षित वर्ग द्वारा भी नहीं चलाया जाता। जनसंख्या बढ़ने से, पूँजी बँट कर थोड़ी–थोड़ी हो ही जायेगी। मजहबी भावना में सदा सराबोर रहने, इबादत और जेहाद की तैयारी और लड़ाई–झगड़ा

में लगे रहने से कमाने का समय कम ही बचता है। मुस्लिम युवकों को आज गौर से देखिये। हिन्दू मुहल्लों में, सार्वजनिक जगहों, स्कूलों, कॉलेजों, मंदिरों, बाजारों में गुंडई करते और हिन्दू लड़कियों को फँसाने के लिए डोरे डालने में व्यस्त देख सकते हैं। पूरे देश में यही हो रहा है। मुस्लिम समाज का यह धार्मिक कर्तव्य हो गया है कि हिन्दू लड़कियों को ज्यादा से ज्यादा फँसाया जाय और वे वैसा कर भी रहे हैं। उनका कन्सेन्ट्रेशन कमाई में कम, मजहबी काम में ज्यादा है। तब आर्थिक कमजोरी तो आनी ही है। फिर भी, इस प्रकार के व्यवहार में किसी प्रबुद्ध या बुजुर्ग मुसलमान को टोका–टोकी करते नहीं देखा जाता। वास्तव में यह सब उनकी सहमति और निर्देश पर ही होता है। मुसलमानों द्वारा किसी अपराध, विस्फोट, नरसंहार की निन्दा नहीं की जाती। पाकिस्तान द्वारा खेलों में विजय मिलने पर बच्चे, युवा और वृद्ध सभी एक साथ जश्न मनाते हैं। बँगलादेश और पाकिस्तान से मुसलमान आते हैं और मुस्लिम बस्तियों में जगह पाते हैं। उन्हें न केवल आश्रय दिया जाता है वरन् सारी सुविधाओं सहित भारत में स्थाई नागरिकता की चोर दरवाजे से व्यवस्था कर दी जाती है। यह कार्रवाई देशद्रोह के समान है फिर भी की जाती है और इनकी चर्चा न हो इसकी पूरी व्यवस्था की जाती है। भारत में मुस्लिम समुदाय जनसंख्या विस्तार के हर उपाय में लगा हुआ है। सर्वाधिक शांत और बढ़िया उपाय ज्यादा बच्चे पैदा करना है। इसके द्वारा 20–25 वर्षों में वोट के माध्यम से ही इस्लामी सत्ता स्थापित हो सकती है।

प्रकृतिवश सामान्य लोग बचपन के संस्कारों और शिक्षाओं से निर्मित धारणा को आजीवन ढोते हैं। बचपन से ही बनी मजहब और उसके जेहाद की धारणा को आम मुसलमान त्याग नहीं सकता। संवेदनशील, मेधावी, मानवीय करुणा से अभिभूत और ज्ञानी मुस्लिम विद्वान, जेहाद की अमानवीय, घृणित, क्रूर, बर्बर और असभ्य कार्रवाई से द्रवित और बेचैन भले हो सकते हैं, लेकिन उसके विरुद्ध बोलने का साहस नहीं कर सकते। असगर अली इंजिनीयर साहब को अपनी बात कहने में कितना घुमाव–फिराव करना पड़ा है। हम मुस्लिम विद्वानों से आग्रह करेंगे कि वे अपना विचार हिन्दुओं के भविष्य के विषय में भी व्यक्त करें, जो मुस्लिम जेहाद की विध्वंसात्मक मार झेलते रहे हैं और जिन्हें आगे भी झेलना है । उनकी नियति क्या जेहाद की आग में जलकर भस्म होना ही है या उनके अस्तित्व के बचने की क्षीण संभावना भी नजर आती है। हिन्दुओं की अज्ञानता, आत्म केन्द्रीयता, स्वार्थपरता, सांगठनिक–असांगठनिक बिखराव, जाति–पाँत, ऊँच–नीच और छुआछूत जैसी कुरीतियों और रूढ़ियों के कारण अगर हिन्दू धर्म मिटता है तो परिणाम की भयानकता को इसी अंक में वर्णित विचारों में देखा जा सकता है।

अतिथि संपादक – असगर वजाहत की कलम से – ".....जरा कल्पना कीजिए कि मैं अरबी, इराकी, इरानी मुसलमान होता तो क्या होता ? क्या आदमी की सबसे बड़ी आवश्यकता आजादी वहाँ इतनी होती ?"

"इक्कीसवीं सदी के आरम्भ में इस्लाम" – असगर अली इंजिनीयर के शब्दों में".....इसके अलावा दकियानूस इस्लामी विचारक यह मानते हैं कि औरतों का असली कर्तव्य अपने बच्चे पालना, अपने मर्द की सेवा करना और घर की देखभाल करना है

(तदवीर अल मंजिल) और खासतौर पर इसी को आधार बना कर वे औरतों को यह इजाजत नहीं देते कि वे घर से बाहर निकलें और काम करें, लेकिन कुरान में ऐसा कहीं भी नहीं कहा गया है।"

".....उन्हें तब तक अकेले बाहर नहीं जाने दिया जाता, जब तक उसके साथ ऐसा पुरुष रिश्तेदार न हो, जिसके साथ विवाह के मामले में पाबंदी हो। कुवैत में औरतों को वोट देने का अधिकार नहीं है। इससे औरतों की कमजोरी और बौद्धिक हीनता का नहीं, बल्कि सउदी और कुवैती समाजों के पिछड़ेपन का पता चलता है।"

".....अधिकांश इस्लामी देशों में सामंती इस्लाम कायम है और पुनर्विचार तथा इज्तिहाद के रास्ते में रुकावट पैदा करता है। तर्क संगत विचार और ताजगी भरे दृष्टिकोण के लिए जनतांत्रिक खुलेपन तथा आजादी की संस्कृति की दरकार होती है। बदकिस्मती से आज इक्कीसवीं सदी के आरम्भ में भी शायद ही कोई ऐसा मुस्लिम देश हो, जो आजादी की संस्कृति का दावा कर सके। यहाँ तक कि आधिकारिक मुफ्तियों (न्यायविदों और विधि निर्माताओं) द्वारा इसे "वास्तविक इस्लाम" से विचलन कह कर इसकी निन्दा की जाती है। आज ऐसे अनेक मुद्दे पैदा हो रहे हैं, जिन पर आधुनिक दृष्टिकोण से सम्पन्न न्यायविदों को ध्यान देना बहुत जरूरी है। शरीर के अंगों का प्रत्यारोपण, किराये के कोख वाली माँएँ (सरोगेट मदर्स), परखनली शिशु (टेस्ट ट्यूब बेबी) सुख मृत्यु, मानव क्लोनिंग आदि ऐसे अनेक मुद्दे हैं जिसका कोई भी ईमानदार मुसलमान इस्लामी जबाब चाहता है। परंपरागत न्यायविद् इसे यांत्रिक तरीके से खारिज कर देते हैं। इनके साथ केवल टेक्नोलॉजी का ही नहीं, बल्कि नैतिकता का भी मुद्दा जुड़ा है, लेकिन इन सवालों का इस्लामी जबाब उन्हीं देशों में पाया जा सकता है, जहाँ आजादी की संस्कृति मौजूद हो। डाली नामक कृत्रिम भेंड़ के बनाये जाने के समय क्लोनिंग के सवाल पर जब बहस चल रही थी, तो सऊदी अरब के न्यायविदों ने इसके खिलाफ फतवा जारी करते हुए इसे अनैतिक बताया और कहा कि यह अल्लाह के क्षेत्र में दखल देना है, क्योंकि जीवों का एकमात्र निर्माता वही है। मैं यहाँ क्लोनिंग के पक्ष में दलील नहीं दे रहा हूँ बल्कि इस बात की ओर ध्यान दिला रहा हूँ कि दकियानूस लोग इस पर किस तरह सोचते हैं। ....हर नई टेक्नोलोजी की इस्लामी न्यायविदों ने कमोवेश भर्त्सना की।"

इस्लाम के इस चरित्र को उसके जन्म की परिस्थितियों, मानव-प्रकृति और मनोविज्ञान तथा उसकी शिक्षाओं और संस्कार विधियों पर ध्यान देने से सहज ही समझा जा सकता है। मदीना में इस्लाम विस्तार के समय कैसी कार्रवाई हो रही थी और आतंक का कैसा साम्राज्य था ? चारों ओर कत्लेआम चल रहा था। इस्लाम और मुहम्मद की पैगम्बरी पर संदेह और विरोध का मतलब था मौत। विरोधियों की एक एक कर हत्याएँ की जा रही थीं। इस्लाम नहीं मानने वालों को घेर-घेर कर कत्ल किया जा रहा था। उनका धन लूटा जा रहा था। उनकी औरतों को घसीट कर मुसलमानों के भोग का सामान बनाया जा रहा था। उनसे खुल्लम-खुल्ला बलात्कार हो रहा था। उनके बच्चों को गुलाम बना कर इस्लाम में बलात् ढकेला जा रहा था। उनकी आँखो के सामने आठ सौ यहूदियों को बाँध-बाँध कर कसाई की तरह वध

किया गया था। इन हत्याओं के प्रभाव से पूरा अरब थर्राया हुआ था। महत्वपूर्ण व्यक्ति मारे और अपमानित किये जा रहे थे। बूढों और महिलाओं को भी बख्शा नहीं जाता था। कवियित्री आसमा, सौ वर्षीय कवि अबू अफाक, कवि काब, अबू रफी, कवि नाजिर सहित अनेक लोगों की रोज-रोज हत्याएँ हो रही थीं। यहूदियों को मार-काट कर उनके घरों से निकाला जा रहा था। उनके सामान और घर--खेतों को मुसलमानों द्वारा हथियाया जा रहा था। इन्हें ही अल्लाह का हुक्म और इस्लामी फर्ज बताया जाता था। चारों ओर हाहाकार मचा हुआ था। उस वातावरण की सहज ही कल्पना की जा सकती है। उसी वातावरण, यातना, अत्याचार, उत्पीड़न और आतंक के साये में लोग मुसलमान बन रहे थे। बच्चों के दिमाग पर इन्हीं दण्डों और मजहबी फर्जों का स्थाई प्रभाव पड़ रहा था। इसी वातावरण में बच्चे जवान हो रहे थे। उनको इस्लाम में दीक्षित कर, इन्हीं फर्जों को पूरा करने में लगाया जाता था। यही इस्लामी संस्कार पा कर मुसलमान, उसी तरीके से, और आगे इस्लाम विस्तार कर रहे थे। यह सिलसिला जो शुरू हुआ वह आजतक चला ही आ रहा है। उत्पीड़न, अत्याचार और आतंक के साये में बनने वाले संस्कार का प्रभाव बहुत स्थाई होता है जो कट्टरता का रूप ले लेता है। हत्या, लूट, बलात्कार, अपहरण, गुलामी, यातना, बलपूर्वक दूसरों को अपने उद्देश्य के लिए कुचलना, दूसरों की संस्कृतियों को मिटाना आदि की इस्लामी शिक्षाओं के प्रभाव से यह पुष्ट होता चलता है। आज भी पूरी दुनिया में उन्हीं शिक्षाओं और संस्कारों के कारण आतंक का बर्बर और घिनौना रूप चल रहा है। कोई इसे सर्वोच्च संस्कृति कहे तो उसकी मर्जी।

◆

6. इस्लाम, जेहाद और गैर मुसलमान

इस्लाम का जन्म सातवीं शताब्दी में अरब में हुआ था। इसके प्रवर्त्तक का नाम मुहम्मद था। सौर वर्ष के अनुसार इस्लाम को पैदा हुए चौदह सौ वर्ष पूरा होने में कुछ शेष है जबकि मुस्लिम हिजरी वर्ष, जो चाँद वर्ष भी कहलाता है, के अनुसार चौदह सौ वर्ष से कुछ अधिक हो चुका है। इस्लाम दुनिया भर में अपना पाँव पसार चुका है। विस्तार के आतंकवादी तरीके के कारण आज यह पूरी दुनिया के लिए एक समस्या बन चुका है।

इस्लाम को एक पूर्ण मजहब या जीवन पद्धति के रूप में जाना जाता है; क्योंकि जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में इसका दखल है।

इस्लाम के चार आधार स्तम्भ हैं – (1) कुर्आन (2) हदीस (3) हिदाया और (4) सिरत–अन–नबी। इन सभी के संयुक्त प्रावधानों से इस्लामी शरीयत (धर्म-विधान) बनता है। शरीयत ही मुस्लिम जीवन के लगभग सभी क्रिया–कलापों में मार्ग-दर्शन करता है। यह मुस्लिम समाज की हर गतिविधि को नियन्त्रित करता है।

(1) कुर्आन को आसमानी किताब, अल्लाह का पैगाम, कलाम पाक आदि नामों से जाना जाता है। मुसलमानों को विश्वास है कि अल्लाह का हुक्म (वह्य) मुहम्मद साहब पर उतरता था जिसे वे ज्यों का त्यों बोल कर प्रकट करते थे। ये संदेश कभी फिरिश्ते लाकर देते थे। इन्हें लिखकर रख लिया जाता था। उनके कुछ अनुयायी इन्हें रट भी लिया करते थे। इनका ही संग्रह कुरान ग्रन्थ के रूप तैयार हुआ, जो मुसलमानों के लिए सर्वाधिक पवित्र ग्रन्थ है।

(2) हदीस :– का शाब्दिक अर्थ होता है बातचीत (Speech, talk) परिभाषा में हदीस उसे कहते हैं जो अल्लाह के रसूल ने कहा या किया हो या जो कार्य उनके सामने हुआ और उसे रोका नहीं।

(3) हिदाया :– इसमें इस्लामी कानूनों और हदीसों का संग्रह है।

(4) सिरत–अन–नबी में मुहम्मद साहब का पूरा जीवन चरित्र है। उन्होंने अपने जीवन में जो आचरण अपनाया और जैसा व्यवहार किया वह सब मुसलमानों का अनुकरणीय विधान बना। उसके पालन को सुन्ना या सुन्नत कहते हैं। इसका क्षेत्र बहुत व्यापक है। कोई एक ही प्रामाणिक पुस्तक इसे जानने हेतु नहीं है, बल्कि अनेक प्रचीन और आधुनिक लेखकों की रचनाएँ उपलब्ध हैं। अन्य स्रोतों से भी मुहम्मद साहब के पूरे जीवन की जानकारी मिलती है। इस्लाम को समझने के लिए उपर्युक्त सभी विषयों की जानकारी प्राप्त करना जरूरी होता है। व्यवहार की दृष्टि से मुहम्मद साहब का जीवन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

मुहम्मद साहब का जन्म अरब के मक्का नामक स्थान में कुरैश कबीले के बानू हाशिम वंश में 570 ई0 में हुआ था। उनके जन्म से पहले ही पिता "अब्द–अल्लाह" और जन्म के छह वर्ष बाद माता "आमना" का निधन हो गया। अब मुहम्मद की परवरिश दादा अब्द–अल–मुतालिब की देखरेख में होने लगी। जब मुहम्मद आठ वर्ष

के हुए दादा भी चल बसे। मरते समय दादा ने मुहम्मद की देखभाल की जिम्मेवारी चाचा अबू–तालिब को सौंप दी।

अबू–तालिब ने आजीवन अपनी जिम्मेदारी निभायी और मुहम्मद की देखभाल उचित तरीके से की। जब मुहम्मद किशोर हुए, चाचा अबू तालिब व्यापार के सिलसिले में उन्हें अपने साथ सीरिया ले गये। इस प्रकार पचीस वर्ष की अवस्था तक विभिन्न स्तर और विभिन्न प्रकार के कार्य करते हुए वे कुशल व्यक्तित्व के धनी बन गये। अबू–तालिब ने उन्हें खदीजा नाम की धनी महिला के यहाँ नौकरी पर लगा दिया। मुहम्मद के व्यापारिक अनुभवों को जान कर खदीजा ने उन्हें अपने व्यापारिक कार्य की जिम्मेवारी देकर सीरिया भेजा। सीरिया में सामनों को बेच कर और कुछ सामान खरीदने के बाद मुहम्मद अच्छी आमदनी के साथ मक्का वापस आये। मुहम्मद की योग्यता, ईमानदारी एवं सौन्दर्य ने चालीस वर्षीय, दो बार की विधवा और दो बच्चों की माँ, खदीजा का मन मोह लिया। उसने मुहम्मद का हाथ माँगा जिसे मुहम्मद ने स्वीकार कर लिया। खदीजा को सुन्दर आकर्षक और अपने से पन्द्रह वर्ष कम उम्र का नौजवान मिला और निर्धन मुहम्मद को धन का सहारा।

मुहम्मद कुछ समय के लिए हीरा पहाड़ की गुफा में निवास कर ध्यान वगैरह किया करते थे। कहा जाता है, वहीं उन्हें जिब्रील फिरिश्ता से सम्पर्क हुआ। जिब्रील ने उन्हें अल्लाह का दूत बनाये जाने की सूचना दी।

वे घर आये और खदीजा को घटना की जानकारी दी। खदीजा के सहयोग एवं समर्थन से मुहम्मद ने अपने पैगम्बरी दायित्व को आगे बढ़ाया। वे अपने मित्र और सहयोगी अबू–बक्र सिद्दीक के साथ मिल कर अपने नये मजहब इस्लाम में कुछ लोगों को शामिल करने और गुप्त तरीके से नमाज पढाने का काम करने लगे। उन्होंने बड़ी सूझ–बूझ से अपना मजहब गुप्त तरीके से शुरू किया। आरम्भ में इसमें समाज के उपेक्षित लोग ही शामिल हुए। कुछ गुलामों को आजाद कराकर, कुछ जरूरत मंदों को कर्ज और आर्थिक सहायता देकर, कुछ परिवार के निकलुओं को भोजन देकर, कुछ सरोकारी, कुछ रिश्तेदारों आदि को अपने साथ लेकर मुहम्मद ने अपने गुप्त मजहब को बढ़ाना जारी रखा। उन्हें पहले से ही भय था कि मूर्तिपूजा का सार्वजनिक विरोध करने पर उनके विरुद्ध लोगों की तीव्र प्रतिक्रिया होगी।

मक्का में काबा का प्रसिद्ध देवालय था। यह पूरे अरब में प्रसिद्ध था। इसमें देव–देवियों की 360 मूर्तियाँ थीं। पूरे अरब से साल में एक या दो बार लोग तीर्थ करने मक्का आते थे। मक्का के आसपास और भी देवालय थे। तीर्थ यात्रा के समय वहाँ मेला लगता था। काबा की प्रसिद्धि के कारण पूरे अरब में मक्का वासियों को सम्मान मिलता था। मक्का के लोगों की आमदनी का मुख्य आधार व्यापार और काबा से प्राप्त आमदनी थी।

मुहम्मद के मजहब का मूल सिद्धांत था कि अल्लाह अकेला है। वही सृष्टिकर्ता है। वह सर्वशक्तिमान और सर्वज्ञाता है। सातवें आसमान पर उसका अर्श (सिंहासन) है। वह वहिश्त और दोजख का मालिक है। उसकी आज्ञा से फिरिश्ते सभी कार्य करते हैं। सृष्टि का संचालन उसकी ही मर्जी से होता है। वही एक मात्र माबूद

(पूज्य) है। उसके साथ पूजा में और किसी को शरीक करना गुनाह है। मूर्तियों को पूजना अल्लाह के सामने अपराध है। इसके अलावा मजहब के स्थाई नियम बनाये। ये थे कलमा, नमाज, रोजा, जकात और हज जो आज भी जारी हैं। कलमा में यह शपथ लेना है कि अल्लाह से बढ़कर दूसरा कोई पूज्य नहीं है और मुहम्मद उसके रसूल हैं। "लाइलाह–इल–अल्लाह– मुहम्मदुर्रसूल अल्लाह"। प्रतिदिन पाँच बार नमाज पढना, साल में एक माह का रोजा रखना, आमदनी का कुछ भाग जकात के नाम से दान देना और साल में एक बार मक्का में हज करना, मजहब के फर्ज निश्चित किये गये।

जब मुहम्मद के पास लगभग चालीस–पचास अनुशासित और आज्ञाकारी अनुयायियों की संख्या हो गई तब उन्होंने अपने नबी होने का और अपने मजहब का खुला एलान किया। इनकी मजहबी योजना की जानकारी मक्कावासियों को पहले ही हो चुकी थी और लोग इन पर क्रुद्ध थे। जब काबा के प्रांगण में मुहम्मद ने पहली बार मूर्तिपूजा को कुफ्र कहा और स्वंय को अल्लाह का रसूल, तो लोगों की उत्तेजित भीड मुहम्मद पर टूट पड़ी। मुहम्मद को बचाने में उनका सौतेला पुत्र मारा गया जो इस्लाम का पहला शहीद बना। मुहम्मद द्वारा मजहब का प्रचार कार्य और मक्कावासियों द्वारा उनका विरोध जारी रहा। यह तनाव इतना बढ़ा कि मुहम्मद को अपने साथियों सहित मक्का छोडकर मदीना भागना पड़ा।

मक्का के अपने जीवन काल में मुहम्मद को लोग नेक और ईमानदार इंसान समझते थे। उनका विरोध उनके मजहब के मूल सिद्धांत, मूर्तिपूजा का विरोध और स्वंय को अल्लाह का रसूल घोषित करने के बाद ही शुरू हुआ था। मक्का और सीरिया के बीच में मदीना एक यहूदी बहुल शहर था। वहाँ मूर्तिपूजक कबीलों की संख्या भी बहुत थी। उनमें आपस में बहुत दिनों से लड़ाई–झगड़ा का माहौल था। मुहम्मद द्वारा अल्लाह के पैगम्बर होने की घोषणा और मक्का में उथल–पुथल के समाचार के बाद मदीना के कुछ लोगों में उत्सुकता पैदा हुई और उन्होंने उनको अपने यहाँ सादर आमंत्रित किया। मदीना में अपनी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त होने तथा मदीना वालों को अपने मजहब की जानकारी देने के उद्देश्य से मुहम्मद ने मुसाब नाम के अपने अनुयायी को पहले मदीना भेजा। वहाँ अनेक लोगों ने मुसाब के जाने के बाद इस्लाम स्वीकार कर लिया और मुहम्मद के आने की गर्मजोशी से इंतजार करने लगे। मुहम्मद के वहाँ जाने के बाद इसमें और तेजी आई। पर यहूदियों और अनेक मूर्तिपूजक लोगों ने अपना धर्म नहीं बदला और इस्लाम का विरोध किया। उसके बाद मुहम्मद में भारी परिवर्तन आया। अब वे मजहब के प्रचार के लिए शास्त्रार्थ की जगह युद्ध और कूटनीति, संगठन और फूट द्वारा समूहों की हत्या, निष्कासन, लूट, व्यभिचार के सभी दुष्कृत्यों का सहारा लेकर अपना आधिपत्य स्थापित करने में लग गये। उन्होंने मक्का के अपने अनुयायी मुसलमानों और मदीना के अनुयायियों को मिला कर सैन्यबल का गठन कर लिया और मक्का के व्यापारिक कारवाँओं की लूट के लिए छापामारी का सिलसिला जारी किया। मदीना में जो कोई उनका विरोध करता या उनके विरुद्ध कोई टिप्पणी तक करता, उसकी हत्या षड्यन्त्र द्वारा करा दी जाती थी।

इस प्रकार अपने सहयोगियों और विरोधियों, सबके ऊपर आतंक का ऐसा साम्राज्य स्थापित किया कि मुहम्मद के विरुद्ध एक शब्द भी बोलना अपनी हत्या को आमंत्रित करना हो गया। बिखरे हुए लोगों में कुछ को मिला कर कुछ का समूल नाश कराना मुहम्मद की नीति बन गई।

मदीना में षड्यन्त्र द्वारा जिन विरोधियों की हत्याएँ की गईं, उनमें आसमा नाम की एक कवियित्री भी थी। उसने मुहम्मद की बढती शक्ति, क्रूरता और आतंक के तरीके की भर्त्सना की थी। अपनी कविता में उसने अपने लोगों को धिक्कारा था और मुहम्मद के विरुद्ध लोगों को ललकारा भी था। मुहम्मद ने उसे अपने लिए खतरा समझ कर उसकी हत्या करा दी। जब रात में वह सोई हुई अपने बच्चे को दूध पिला रही थी कि हत्यारे ने उसके सीने में कटार भोंक दी। (Life of Mahomet /Sir William Muir/Page 239) दूसरे विरोधी, सौ वर्ष से भी अधिक उम्र के यहूदी कवि अबू अफाक की हत्या उस समय की गई जब वह अपने आँगन में बाहर सो रहे थे। उन्होंने भी मुहम्मद के विरुद्ध तुकबन्दी की थी।

(Life of Mahomet/Sir William Muir/Page 240)

कवि काब इब्न अशरफ को भी मुहम्मद बर्दाश्त नहीं कर सके और जुलाई 624 ई0 में उसकी हत्या की योजना बना डाली। हत्यारों के साथ कुछ दूर तक मुहम्मद स्वयं भी गये। षड्यंत्र के अनुसार काब के घर जाकर हत्यारों ने उनको मुहम्मद के विरोध में बैठक में भाग लेने के लिए आमन्त्रित किया। पत्नी के मना करने के बाद भी काब उनके साथ चल दिये। चाँदनी रात थी। कुछ दूर ले जाकर काब का कत्ल कर दिया गया। फिर 'अल्लाह–ओ–अकबर' की तकबीर ऊँची आवाज में बोलते हुए हत्यारे चले गये, ताकि उनके आका के कानों में आवाज पहुँच जाय और उनका कलेजा काब की हत्या की खुशी में शीघ्र ठंडा हो जाय।

(Life of Mahomet/Sir William Muir/Page 248)

इन हत्याओं के विरुद्ध सक्रिय प्रतिरोध के अभाव ने, मुहम्मद को और उत्साहित किया और उन्होंने अपने अनुयायियों को आज्ञा दे दी कि विरोधियों को जहाँ पाओ वहीं उनकी हत्या कर डालो। उसके बाद इब्न सुनैना नाम के यहूदी व्यापारी की हत्या मुहीसा नामक व्यक्ति द्वारा कर दी गई। यह काब की हत्या के तुरंत बाद की घटना है। (Life of Mahomet/Sir William Muir/Page 249)

मार्च 626 ई0 में बानू कुरैजा कबीले के 800 यहूदियों की उनकी गिरफ्तारी के बाद, बाँध कर, बारी–बारी से कसाई की तरह हत्या की गई। उन्होंने कुरैश आक्रमण के समय मुहम्मद का साथ नहीं दिया था। कुरैश सैनिकों से उनकी मिली भगत का आरोप लगाकर उनकी हत्या की गई। उनकी सम्पत्ति और औरतों–बच्चों को मुसलमानों में बाँट दिया गया।

उसके पहले बानू नाजिर कबीला के यहूदियों को मदीना छोड़कर भागने पर मजबूर कर दिया गया था। बिना युद्ध के ही उनके निष्कासन के कारण जो भी उनका छूटा हुआ सामान हाथ लगा, सब मुहम्मद के हिस्से में गया। यदि उनसे लड़ाई हुई होती तो उनके माल का चार भाग मुसलमानों और एक भाग ही मुहम्मद को मिलता।

कैनुका कबीला के यहूदियों को भी जो मालदार थे और मदीना के अर्थ तंत्र पर जिनका अधिकार था, मर्दीना छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा था। मदीना के मुख्य बाजार के मालिक वही थे। उनकी अपार दौलत से मुसलमान देखते–देखते धनी बन गये।

दिसम्बर 627 ई0 में खैबर में पाँच मुसलमान हत्यारों ने मुहम्मद के निर्देश पर अबू रफी नाम के यहूदी की सोये में ही हत्या कर दी। पाँचों हत्यारे हत्या के बाद आपस में इस विवाद में उलझे थे कि किसकी तलवार की चोट अधिक प्रभावी थी जिससे अबू रफी की मौत हुई। मुहम्मद ने सबके तलवार का निरीक्षण किया। अब्द अल्लाह की तलवार में अन्न कण लगा पाया गया जिससे यह निष्कर्ष निकला कि पेट पर वार के कारण उसके अधपचे अन्न कण तलवार में सट गये हैं। मुहम्मद ने अब्द–अल्लाह को ही उसकी हत्या का श्रेय दिया और धन्यवाद भी।

(Life of Mahomet/Sir William Muir/Page348)

जनवरी 628 ई0 में खैबर के वसीर नामक यहूदी की छल से हत्या कराने के लिए मुहम्मद ने इब्न रवाहा को उपाय तलाशने के लिए खैबर भेजा। खैबर से लौटते समय रवाहा के दिमाग में एक उपाय सूझा। उसने मुहम्मद को बताया। मुहम्मद को योजना जँच गई। उसके अनुसार मुहम्मद ने तुरंत 30 आदमियों को पुनः खैबर भेजा। उनलोगों ने यहूदी प्रमुख वसीर को मदीना चलने के लिए आमन्त्रित किया और कहा कि पैगम्बर मुहम्मद उन्हें खैबर का शासक बनाना चाहते हैं। वह इस धोखा को भाँप नहीं सका और अपने तीस आदमियों के साथ उनके साथ ही चल दिया। प्रत्येक ऊँट पर एक मदीनी के पीछे एक यहूदी को बैठा लिया गया। जब कारवाँ खैबर से बहुत दूर निकल गया तो मुसलमानों ने तलवार खींच ली और सभी निहत्थे यहूदियों की हत्या कर दी । सिर्फ एक आदमी बच कर भाग निकला था। मुहम्मद ने अनुयायियों को धन्यवाद देते हुए कहा, "अल्लाह ने बुरे लोगों को दुनिया से हटा दिया।"

(Life of Mahomet/Sir William Muir/Page 349)

खैबर के किनाना नाम के यहूदी सरदार को सितम्बर 628 में तड़पा–तड़पा कर मारा गया। उसे बाँध कर उसके सीने पर आग के अंगारे डाल दिये गये। वह तब तक आग से जलते हुए तड़पता रहा जबतक कि उसके प्राण नहीं छूट गये। क्रूरता के इस हद तक उसे सताने का कारण छिपा कर रखे गये उसके धन का पता लगाना था जिसकी बहुत ख्याति थी। उसके बाद किनाना की औरत को लाने के लिए बिलाल को भेजा गया। उसकी पत्नी, साफिया नाम की 17 वर्षीय युवती के सौंदर्य की ख्याति पूरे मदीना में थी। उसे अपनी चचेरी बहन के साथ बिलाल उस स्थान से होते हुए मुहम्मद के पास ले गया, जहाँ किनाना और उसके चचेरे भाई की क्षत–विक्षत लाशें बिखरी हुई थीं। यह देखकर वे दहाड़ मार कर रोने लगीं। उधर से लाने के कारण मुहम्मद ने बिलाल को बहुत डाँटा। फिर भी साठ वर्षीय मुहम्मद ने साफिया के सौंदर्य के आकर्षण के वशीभूत उसे अपना बनाने के संकेत के तौर पर अपना चादर उसके ऊपर डाल दिया। मुहम्मद का एक अनुयायी साफिया पर अति मोहित

हो गया पर उसे उसकी चचेरी बहन से ही संतोष करना पड़ा। अति कामुकता के वशीभूत मुहम्मद ने उसी रात साफिया को हमबिस्तर बनाया। ऐसा करके मुहम्मद ने अपने ही पूर्व आदेश का उल्लंघन किया जिसके अनुसार, कब्जे में लायी गई औरतों से सम्भोग के लिए उसके अगले मासिक धर्म तक इंतजार करने का मुसलमानों को आदेश था।

(Life of Mahomet/Sir William Muir/Page 376-77)

बद्र की लडाई में एक और कवि अल नाजिर इब्न हरीथ, जो गिरफ्तार कर लिया गया था, की बद्र से मदीना जाने के रास्ते में ही हत्या कर दी गयी थी। मक्का में एक समय मुहम्मद की चुनौती स्वीकार कर उसने कुरान जैसी आयतें बना कर सुना दिया था। मुहम्मद के अभियान के लिए वह भारी खतरा प्रतीत हुआ, इसलिए गिरफ्तार कर अन्य कैदियों की तरह धन लेकर छोड़ने का लाभ उसे देने का विचार ही नहीं किया जा सकता था। उसकी मृत्यु पर उसकी बेटी या बहन ने जो मर्सिया (शोकगीत) गाया वह इतना भाव पूर्ण था कि उसे सुन कर एक बार मुहम्मद की आँखों से भी आँसू आ गये। उसके परिवार में बेजोड़ कवि प्रतिभा थी। मामूली बात के लिए विद्वान कवि और वीर योद्धा की कैद कर नृशंस हत्या के लिए उसने मुहम्मद को हृदयहीन, क्रूर एवं बर्बर चरित्र कहकर धिक्कारा था। (जहू–अल–अदाब, 28)

(D.S. Margoliauth—Mohammed And The Rise of Islam, Page 268)

अपने विरोधियों की छोटी–छोटी बातों पर हत्या करा कर मुहम्मद ने जिस आतंक को कायम किया, उसके कारण और कुछ लूट के माल के लोभ में मदीना के लोग धडाधड इस्लाम में शामिल होने लगे। लूट का धन और लूट की औरतों का युवाओं में इतना आकर्षण था कि वे बिना बुलाये ही इस्लाम में शामिल होने और छापामारी में जाने लगे। हुदैविया के जंग में, जहाँ लूट के माल की आशा नहीं थी, कुछ लोग नहीं गये थे। इसलिए उनको यहूदी बस्ती 'खैबर' की लूट में शामिल होने की इजाजत नहीं दी गई, जहाँ यहूदियों से बड़े पैमाने पर उनका धन और उनकी औरतें, लूट के माल के रूप में मिलने वाली थीं।

"जब तुम खैबर में गनीमत (लूट) का माल लेने जाने लगोगे तो जो लोग (हुदैविया के सफर से) पीछे रह गये थे, कहेंगे कि हमको भी अपने साथ चलने दो। इनका मतलब यह है कि अल्लाह के कहे हुए को बदल दें। ऐ पैगम्बर इन लोगों से कह दो कि तुम हमारे साथ (जंगे खैबर में) न चलने पावोगे कि अल्लाह ने पहले ही ऐसा कह दिया है। यह सुन कर फिर कहेंगे कि नहीं, बल्कि तुम डाह रखते हो (और हमें माले गनीमत के फायदे से अलग रखना चाहते हो), कुछ नहीं यह लोग कम समझ रखते हैं।" (कुरान 48: 15)

मक्का से जिस वर्ष मुहम्मद भाग कर मदीना आये थे उसी साल से हिजरी वर्ष की शुरुआत हुई थी। मदीना पहुँचने पर लगातार अपनी सैनिक शक्ति बढ़ाने और व्यापारिक कारवाँओं को लूटने के लिए छापामारी का जो सिलसिला प्रारम्भ किया उसका तालिकाबद्ध विवरण इस प्रकार है :–

क्रं0सं0	युद्धकाल	विरोधी	मुस्लिमों का संख्या
01.	दिस0 622 ई0 (हिजरी 1)	व्यवसाई कारवाँ (रक्षक 300)	30 (सब शरणार्थी) मोहम्मद के चाचा हमजा के नेतृत्व में।

मदीना पहुँचने के केवल 7 मास बाद यह छापा मारा गया। अबू जहल के नेतृत्व में व्यावसायिक कारवाँ था। बेनीजुहैना के प्रधान के हस्तक्षेप के कारण, छापा नहीं पड़ा।

02.	जन0 623 ई0 (हिजरी 1)	व्यवसाई कारवाँ (200 रक्षक) अबू सुफियान के नेतृत्व मे	लगभग 60 शरणार्थी

कारवाँ व्यावसायिक था और मोहम्मद के चाचा जाद भाई उबैद के नेतृत्व में था। रक्षक बल की तुलना में अपने को कमजोर पाकर वे दूर से ही तीर छोड़कर भाग निकले।

03.	फर0 623 ई0 (हिजरी 1)	अज्ञात	20, साद के नेतृत्व में

इस छापे में मक्का से आये हुए शरणार्थियों के साथ मदीना निवासी भी शामिल हो गये थे, यद्यपि उन्होंने केवल मुहम्मद साहब की वैयक्तिक सुरक्षा की सौगंध ली थी। आक्रामक युद्ध में उनका साथ देने की शपथ नहीं ली थी। करवाँ पहले ही जा चुका था। छापा असफल रहा।

04.	जून 623 ई0 (हिजरी 2)	अज्ञात कारवाँ पहले ही जा चुका था	अज्ञात
05.	जुलाई 623 ई0 (हिजरी 2)	100 रक्षक	200

अब मोहम्मद साहब की ओर से लड़ने वालों में काफी सख्या में मदीना निवासी भी शामिल थे। म्योर साहब के अनुसार लूट के लोभ में अनेक मदीना निवासी जो अभी तक मुसलमान नहीं हुए थे, मुसलमान होकर मोहम्मद साहब की ओर से युद्ध में शामिल हो गये। (पृ0 207)

06.	अक्टूबर 623 (हिजरी 2) ओसैरा के पास	अबू सुफियान के नेतृत्व में बहुत बड़ा सीरिया जाने वाला बहुमूल्य कारवाँ	मोहम्मद साहब के नेतृत्व में 100–150 छापामार जिसमें 30 ऊँट भी थे। वे बारी बारी से उनपर सवारी करते थे

कारवाँ पहले ही निकल चुका था परन्तु यहाँ पर मोहम्मद साहब ने कई स्थानीय कबीलों से जो मक्का के प्रभाव में थे संधि कर ली कि वह युद्ध में कुरैश का साथ नहीं देंगे। यही कारवाँ जब सीरिया से वापस हुआ, मोहम्मद ने पुनः धावा बोला और बद्र की लड़ाई हुई।

07.	नवम्बर 623 ई0 (हिजरी 2)	व्यवसायी कारवाँ, केवल चार रक्षक, इब्न जहस के नेतृत्व में	अब्दुल्ला के नेतृत्व में, छः छापामार

पहली बार सफलता हाथ लगी। चार रक्षकों में एक की हत्या कर दी गई। एक भाग गया। दो को गिरफ्तार कर कारवाँ के सभी सामान के साथ मदीना लाया गया।

यह छापामारी पवित्र महीने में हुई थी। अरब की परम्परा के अनुसार साल में चार पवित्र महीनों की मान्यता थी जिसमें मार–काट, लूट–पाट आदि वर्जित था। इसलिए सिर्फ चार रक्षकों के साथ ही सुरक्षित महीना जान कर कारवाँ जा रहा था।

इधर बार–बार असफलता से मोहम्मद का असंतोष इतना बढ गया कि उन्होंने पवित्र महीनों की भी परवाह नहीं की बल्कि इसमें सफलता को सुनिश्चित समझ कर परम्परा को भंग कर डाला। इससे परम्परा से बँधे मुसलमान, जो अब तक नई इस्लामी संस्कृति के अभ्यस्त नहीं हुए थे इस पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। तब उनको संतुष्ट करने के लिए तुरंत अल्लाह का संदेश अवतरित हो गया "वे तुमसे पवित्र महीनों में युद्ध के बारे में पूछते हैं ? कह दो, उसमें युद्ध बहुत बुरा है, परन्तु अल्लाह के मार्ग से रोकना, उसका कुफ्र करना, काबा से रोकना और उसके लोगों को उससे निकालना अल्लाह की दृष्टि में इससे भी बढ़ कर बुरा है; और मूर्तिपूजा रक्तपात से भी बढ़कर है। (कुरान 2 : 217)

08.	जनवरी 624 ई0 (हि02)	950	(700 ऊँट और 100 घुड़सवार शामिल)	315 या 313

बदर का युद्ध

युद्ध में मुसलमानों की पूर्ण विजय हुई। विरोधियों में से 49 व्यक्ति मारे गये और 45 बन्दी बना लिये गये। मुसलमानों में कुल 14 व्यक्ति मारे गये। बाद में बंदियों को फिरौती लेकर छोड़ दिया गया।

(Life of Mahomet/Sir William Muir/Page 206-07,226)

इन प्रारम्भिक युद्धों के बाद भी युद्ध का सिलसिला चलता रहा। मुहम्मद के जीवन काल में काफिरों के साथ लगभग बयासी युद्ध लड़े गये, जिनमें छब्बीस का नेतृत्व उन्होंने स्वंय किया था। दो–चार युद्धों को छोड़कर लगभग सभी युद्ध मुसलमानों द्वारा किसी न किसी बहाने किये गये एक तरफा आक्रामक युद्ध थे।

मोहम्मद साहब के जीवन और चरित्र को इस्लाम का स्थाई अनुकरणीय विधान माना जाता है। उनके जीवन की इन घटनाओं के अलावा उनके विचार और आचरण से संबंधित सभी बातें हदीसों में संग्रहीत हैं। ऊपर वर्णित युद्धों और उनके द्वारा छल से कराई गई हत्याओं के कारण और तरीकों का पालन करना भी इस्लामी सुन्नत का भाग है जिसका मुसलमान बड़ी श्रद्धा से अनुकरण करते हैं। मुसलमान के अमल की प्राथमिकता से संबंधित एक हदीस है --

"हजरत अबू हुरैरह रजि0 से रिवायत है कि (एक बार) रसूले अकरम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से पूछा गया कि कौन सा अमल सब से अच्छा है। फरमाया, अल्लाह और उसके रसूल पर ईमान लाना। यह पूछा गया कि इसके बाद (कौन सा अफजल अमल है) फर्माया, खुदा की राह में जिहाद करना। अर्ज किया गया, फिर (कौन सा अमल बेहतर है), फर्माया मकबूल हज।"

(ह0 सं0–23 : हिन्दी, बुखारी शरीफ पृष्ठ 27, नाज पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली–6)

उपर्युक्त हदीस के अनुसार मुसलमान के लिए अल्लाह और अल्लाह के रसूल पर ईमान लाने के बाद सबसे अच्छा अमल खुदा की राह में जिहाद करना है। यह जानी हुई बात है कि अल्लाह और अल्लाह के रसूल पर ईमान लाने के बाद ही कोई मुसलमान बनता है। इसलिए किसी मुसलमान के लिए प्रथम और सबसे उत्तम कर्म अल्लाह की राह में जेहाद ही है। जेहाद के बाद हज है। जेहाद द्वारा गैर

मुसलमानों से लूट का माल और हज द्वारा मुसलमानों से उनकी कमाई का एक हिस्सा, सारी दुनिया से अरब पहुँचाने की व्यवस्था, मुहम्मद की विलक्षण बुद्धि का ही कमाल था। उसके बाद कलमा, नमाज, रोजा, जकात आदि के नियमित अभ्यास से उन्हें मजहब से दृढ़ता पूर्वक बाँधे रखने की व्यवस्था की गयी है। यही वह व्यवस्था है जिसके कारण दुनिया भर में मुसलमान मजहब के असली उद्देश्य से बेखबर होकर और अपनी मातृभूमि और संस्कृति से विमुख हो कर अरब के गुणगान में लगे रहते हैं। जेहाद क्या है, जो मुसलमानों का सबसे महत्वपूर्ण मजहबी फर्ज है और इससे गैर मुसलमानों के साथ उनके संबंधों पर क्या असर होता है; इस लेख का मुख्य विषय है।

मुहम्मद ने चालीस वर्ष की अवस्था में घोषण की थी कि अल्लाह ने उन्हें अपना पैगम्बर बनाया है। पैगम्बर को नबी या रसूल भी कहते हैं। उनके मजहब में जिन लोगों ने ईमान लाया (विश्वास किया) उनको मुसलमान, मोमिन, ईमानवाला आदि कहा गया। जिन लोगों ने ईमान नहीं लाया उन्हें काफिर (इनकारी) कहा गया। मूर्तियों को पूजने को शिर्क करना या कुफ्र करना और मूर्तिपूजकों को मुश्रिक या काफिर कहा गया।

इस्लाम मानने वालों के लिए अल्लाह; अल्लाह के रसूल, कुरान, फिरिश्तों, कयामत (आखिरत), वहिश्त (जन्नत), दोजख आदि में ईमान लाना और सर्वोच्च फर्ज जेहाद के बाद कलमा, नमाज, रोजा, जकात और हज का पालन करना आवश्यक होता है।

मुस्लिम मान्यता के अनुसार अल्लाह का वह्य (संदेश) मुहम्मद साहब को प्राप्त होता था जो कुरान के रूप में संग्रहीत है। कुरान के हुक्म के अनुसार चलना हर मुसलमान का फर्ज है। अल्लाह के रसूल के बाद मोमिनों का यह कर्तव्य है कि कुरान के रूप में प्राप्त अल्लाह की रोशनी या सच्चे धर्म को सभी मनुष्यों को बतावें। अल्लाह के सच्चे दीन के अवतरित होने से पहले दुनिया में जाहीलियत का अंधकार छाया हुआ था। जिन लोगों ने इसमें ईमान लाया वे अल्लाह के सत्यधर्म पर चलने वाले अल्लाह की पार्टी के लोग हुए और जिन लोगों ने इनकार किया वे शैतान के भ्रमित करने से जाहीलियत के अंधकार में ही पड़े रह गये। यही लोग शैतान की पार्टी वाले हैं। इस प्रकार इस्लाम के अनुसार, मुसलमान अल्लाह की पार्टी वाले और दुनिया भर के सभी गैर मुसलमान (काफिर) शैतान की पार्टी वाले हुए।

.....यह (गैर मुस्लिम) शैतान की पार्टी है। सुन लो शैतान की पार्टी ही घाटा उठाने वाली है। (कु0, 58 : 19)

.....ये (मुसलमान) अल्लाह की पार्टी है। सुन लो अल्लाह की पार्टी ही सफलता पाने वाली है। (कु0, 58 : 22)

जो लोग ईमान लाये और जेहाद किया वे ही सच्चे मुसलमान हैं और वहिश्त के वे ही अधिकारी हैं और काफिर जिन्होंने अल्लाह के दीन से इनकार किया, दोजख के भागी हैं।

धरती अल्लाह, अल्लाह के रसूल और अल्लाह की पार्टी वालों की है। काफिरों ने इस पर अवैध कब्जा जमा लिया है। हर मुसलमान का फर्ज है कि वह

जेहाद में शामिल होकर शैतान की पार्टी वाले काफिरों से लड़े और धरती को उनसे छीन कर दारुल इस्लाम बनावे, जहाँ अल्लाह के कानून शरीयत द्वारा शासन हो सके और इस शासन के बल से काफिरों को कुफ्र से मुक्त करा कर सत्य धर्म इस्लाम में शामिल किया जा सके। मुसलमानों के लिए स्थायी युद्ध (जेहाद) में शामिल होने का आह्वान करते हुए पैगम्बर मोहम्मद ने घोषणा की, "मुझे लोगों से तब तक युद्ध करते रहने का (अल्लाह से) आदेश मिला है जब तक कि वह यह सत्यापित न करने लगें कि अल्लाह के अतिरिक्त दूसरा कोई उपास्य नहीं है और मुझमें अल्लाह का रसूल (संदेश वाहक) होने के नाते और उस सब में जो मेरे द्वारा लाया गया है विश्वास न करने लग जायें। (हदीस सं0 31 : सहीह मुस्लिम)

जेहाद, मुसलमानों के लिए अल्लाह का निर्दिष्ट विधान है। हिन्दू समाज में जेहाद का अर्थ धर्म युद्ध समझा जाता है। हिन्दू अपने संस्कारों के कारण समझते हैं कि धर्मयुद्ध वह युद्ध है जो अन्याय और अधर्म के मार्ग पर चलने वाले अत्याचारी के विरुद्ध लड़ा जाता है। हर न्यायी और धर्मनिष्ठ व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह अन्याय और अधर्म के विरुद्ध युद्ध करे। यहाँ धर्म का अर्थ, मानव कल्याण और मानव प्रेम है जो मानवीयता के पर्याय हैं न कि मजहब, रिलीजन या सम्प्रदाय के। यह सशस्त्र युद्ध है जिसे अन्यायी को दण्ड देने और उसे मिटा डालने के लिए लड़ा जाता है। महाभारत को धर्म युद्ध इसलिए कहा गया कि कौरवों के अन्याय और अधर्म के विरुद्ध पाण्डवों ने युद्ध किया। भगवान श्रीकृष्ण ने पाण्डवों को इस युद्ध के लिए तैयार किया था, जो युद्ध के परिणाम स्वरूप वंशनाश की सम्भावना से चिन्तित थे। उन्हें समझाया गया कि वंश तो पैदा होते हैं और मिट जाते हैं पर धर्म मिट गया तो मानवता का ही नाश हो जायेगा। इसलिए उन्होंने अर्जुन को इस धर्म युद्ध के लिए प्रेरित किया।

फिर साधना के क्षेत्र में, मानव के अंदर की दुष्प्रवृत्तियों के विरुद्ध आन्तरिक संघर्ष को भी वे धर्म युद्ध समझते हैं जिसके कारण मनुष्य दानवी और आसुरी मनोवृत्तियों से ऊपर उठ कर दैवी सद्वृत्तियों से सम्पन्न होता है। अनेक मुस्लिम विद्वान भी जेहाद को यही अर्थ प्रदान करने का छद्म प्रयास करते हैं।

धर्मयुद्ध का एक अन्य अर्थ, युद्ध क्षेत्र में शत्रुओं के विरुद्ध लड़ते हुए धर्मशास्त्रों में वर्णित युद्ध के नियमों का पालन करना भी है। जैसे निःशस्त्र से युद्ध नहीं करना। शरणागत पर वार नहीं करना। असावधान सैनिकों के शिविरों पर धोखा से आक्रमण नहीं करना। पराजितों की नारियों, उनके धर्माचार्यों और उनके धर्मस्थलों को अपवित्र नहीं करना। प्राण–रक्षा के लिए भागे हुए शत्रु का वध नहीं करना आदि। इस्लाम पूर्व अरब में भी न्यूनाधिक यह भावना विद्यमान थी।

इस्लामी जेहाद का वास्तविक अर्थ ऊपर वर्णित सारे मान्यताओं के ठीक विपरीत है। हिन्दू धर्मयुद्ध की तरह अन्याय और अधर्म के विरुद्ध किसी से भी, युद्ध करना नहीं; बल्कि जेहाद का अर्थ है एक मजहबी समुदाय के लोगों (मुसलमानों) द्वारा निर्दोष, धर्म–प्रिय, संत, कल्याणकारी, सच्चरित्र और न्यायी समुदाय के लोगों से भी अकारण युद्ध करना जो उनके मजहबी मत को नहीं मानते। वे सभी गैर–मुस्लिम

(काफिर) अल्लाह के सच्चे दीन से विमुख, शिर्क और कुफ्र के अपराधी हैं। उनको पराजित कर सत्ता अपने हाथ में लेना, और उस भूखण्ड में, जहाँ वह रहते हैं; इस्लामी सत्ता स्थापित कर अल्लाह का कानून, शरीयत, लागू करना, हर मुसलमान का फर्ज है। फिर सत्ता की ताकत से काफिरों को जलील कर इस्लाम मानने के लिए विवश करना। अपने अनुयायियों में हिंसा, लूट और नारियों से बलात्कार की निम्न मनोवृत्तियों को उभाड़ कर भड़काना और लड़ाई द्वारा काफिरों का संहार कर धर्मान्तरित कराना, यही इस्लाम का तरीका और मुख्य उद्देश्य है।

एक हदीस है – "हजरत अबू हुरैरह रजि0 कहते हैं कि हुजूर नबी अक्रम सल्ल0 ने लडाई का नाम खुदअः (धोखेबाजी) रखा है।"

(ह0स0 1213 पृ0 327 बुखारी शरीफ हिन्दी)

जेहाद, जो मुसलमानों का सर्वोच्च मजहबी कर्तव्य है, गैर–मुसलमानों से हथियारबंद युद्ध ही होता है। अल्लाह के रसूल का मुसलमानों के लिए सर्व कालिक संदेश और आदेश है कि लड़ाई को धोखाबाजी जानें। समय के साथ युद्ध–कौशल और रणनीति का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। मात्र सीधे सशस्त्र संघर्ष की जगह शत्रु की पराजय के लिए आज अनेक तरीके विकसित हो गये हैं। अल्लाह के रसूल ने छल–कपट या धोखाबाजी से एक–एक कर अपने छोटे मोटे विरोधियों की भी हत्या कराई। यही वह सुन्नते रसूलुल्लाह है जिसका पालन करना हर मुसलमान का कर्तव्य है और जिसके अनुसार मुसलमान को काफिरों से कभी सच्चाई से व्यवहार नहीं करना है। अगर कोई मुसलमान काफिरों से सच्चाई से पेश आता है तो वह भी कुफ्र का दोषी होता है। सार्वजनिक जीवन में मुसलमान काफिरों के प्रति वहीं तक सच्चे रह सकते हैं जहाँ तक उनका अपना लाभ एवं लाचारी है। इसे ही अनुभव कर परम पूज्य महान गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज ने अपने ग्रंथ में मुसलमानों पर कभी भी विश्वास नहीं करने का निर्देश दिया। अल्लाह के रसूल के जीवन चरित्र के इस सुन्नत के अनुपालन में आज तक मुसलमान अपने विरोधियों की छल और षड्यंत्र से हत्या कराते रहते हैं। मक्का के कवि अल नाजिर इब्न हरीथ ने कुरान की आयतों के समान आयतें बना कर सुना दिया था उसके बाद तो कवियों की हत्या का सिलसिला ही शुरू हो गया। आसमा, अबू अफाक और काब के अलावा अल नाजिर की भी हत्या कराई गई।

इसी सुन्नते रसूल के पालन में मुसलमान आज तक असहमत लेखकों, कवियों, प्रकाशकों, कलाकारों आदि की धोखे से हत्याएँ करते कराते रहते हैं। चौदह सौ वर्षों से यह व्यापार चल रहा है लेकिन दुनिया के किसी समुदाय ने इसी रणनीति द्वारा बदले की कार्रवाई को सक्रियता प्रदान कर इसे रोकने की व्यवस्था नहीं की, जिसके कारण उग्रवाद, कट्टरपंथ आदि के नाम पर यह होता चला आ रहा है।

"लड़ाई की धोखेबाजी" युद्ध क्षेत्र के हिन्दू धर्मशास्त्र के नियमों के ठीक उलटा पड़ता है, जैसे निःशस्त्र से युद्ध नहीं करने की जगह, ऐसे अवसर को न चूककर शत्रु की हत्या करना; शरणागत पर वार नहीं करने की जगह, अगर शरणागत कलमा पढ़ने को तैयार न हो तो उसकी तुरंत हत्या कर देना; असावधान सैनिकों के

शिविरों पर धोखा से आक्रमण नहीं करने की जगह, उनको धोखा में डालकर उन पर आक्रमण करना; उनकी नारियों, धर्माचार्यों और धर्मस्थलों को अपवित्र न करने की जगह, उनकी नारियों को गुलाम बनाकर उनसे बलात्कार करना, धर्माचार्यों की तुरंत हत्या कर देना, क्योंकि वे कुफ्र को बढ़ावा देने वाले लोग होते हैं, और उनके धर्मस्थलों को नष्ट कर उनकी जगह अपना धर्मस्थल बना देना। चौदह सौ वर्षों का इस्लामी इतिहास इसकी स्पष्ट गवाही देता है। जेहाद और गैर मुसलमानों से संबंधों के विषय में कुरान और हदीस के बड़े स्पष्ट हुक्म है। भारत के लोग अध्यात्म बोध एवं अपने धर्म संस्कारों के अवचेतन प्रभाव के कारण इस्लाम को भी एक धर्म समझ कर इन सब तथ्यों से अनजान बने रहते हैं और सदा धोखा खाते हैं। वे नहीं जानते कि इस्लाम एक धर्म नहीं बल्कि शामी परम्परा की अरबी राजनीति का हथियार है जिसका उद्देश्य राजनीतिक सत्ता प्राप्त करना, उसे दृढ़ता से बनाये रखना और साम्राज्य विस्तार करते रहना है।

कुरान में जेहाद का हुक्म

.....बेशक काफिर तो तुम्हारे खुले दुश्मन हैं। (कु0 4 : 101)

ईमानवालों को चाहिए कि ईमान वालों को छोड़कर काफिरों को अपना दोस्त न बनावें.....हाँ किसी तरह उनसे अपना बचाव करना चाहो। (कु0 3 : 28)

ऐ ईमान वालों ! यहूद और ईसाई को मित्र न बनाओ..... (कु0 5 : 51)

हे ईमान लाने वालों ! मुश्रिक (मूर्तिपूजक) नापाक हैं। (कु0 9 : 28)

और (ऐ ईमान वालों !) अल्लाह की राह में लड़ो और जाने रहो कि अल्लाह सब सुनता और जानता है। (कु0 2 : 244)

फिर जब अदब के महीने बीत जावें तो मुश्रिकों को जहाँ कहीं पाओ, कत्ल करो और उनको पकड़ो। उनको घेर लो और हर घात की जगह उनकी ताक में बैठो, फिर अगर वह लोग (कुफ्र से) तौबा करें और नमाज कायम करें, और जकात दें, तो उनका रास्ता छोड़ दो, बेशक अल्लाह माफ करने वाला बेहद मेहरबान है। (कु0 9:5)

नोटः—यह आयत उस समय की है जब मक्का और मदीना सहित अरब के बड़े भाग पर मुहम्मद साहब का कब्जा हो चुका था और अरब को दारुल इस्लाम बनाया जा चुका था। उस प्रथम इस्लामी राज्य में काफिरों के साथ व्यवहार का, मुसलमानों को, सदा के लिए अल्लाह का यह हुक्म, अवतरित हुआ था। इस हुक्म के पालन में ही देश विभाजन के समय पंजाब और बंगाल के हिन्दुओं (जिनमें बौद्ध—सिक्ख भी थे) का कत्लेआम शुरू हुआ था। मात्र तीन महीने में पश्चिम पाकिस्तान की ग्यारह प्रतिशत हिन्दू आबादी एक प्रतिशत रह गई। बंगलादेश में 33 प्रतिशत की आबादी अब ग्यारह प्रतिशत रह गई है। भारत से भय के कारण, बंगलादेश में यह जेहादी कार्रवाई उतनी तीव्रता से नहीं हो सकी जितनी तीव्रता से प0 पाकिस्तान में हुई थी।

तो ऐ मुशरिकों ! अमन के चार महीने मुल्क में चल फिर लो, और जाने रहो कि तुम अल्लाह को हरा नहीं सकोगे, और (यह कि) अल्लाह काफिरों को हमेशा जिल्लत देता है। (कु0 9:2)

ऐ ईमान वालों ! इन लोगों से लड़ो यहाँ तक कि अल्लाह तुम्हारे ही हाथों इनको सजा दे, और इनको जलील करे। और इन पर तुमको जीत दे और कितने ही ईमान वालों के दिलों को ठण्डा करे। (कु09:14)

हल्के और बोझिल (हथियार कम या जियाद; जिस हालत में भी हो पैगम्बर के बुलाने पर निकल खड़े हुआ करो, और अपनी जान माल से अल्लाह की राह में जिहाद करो। (कु0 9:40) जो लोग अल्लाह पर और आखिरत पर ईमान रखते हैं वह तुझसे इस बात की मोहलत नहीं माँगते कि अपनी जान व माल से जिहाद में शरीक न हो..... (कु0 9:44)

ऐ पैगम्बर ! काफिरों और मुनाफिकों (ऊपर से मुसलमान और अंदर से विरोधी) के विरुद्ध जिहाद करो, और उनसे सख्ती से पेश आओ। .... (कु0 9:73)

ऐ ईमान वालों ! अपने आसपास के काफिरों से लड़ो और चाहिए कि वह तुमसे सख्ती पायें। ... (कु0 9:123)

और काफिरों से लड़ते रहो यहाँ तक कि कुफ्र बाकी न रहे और सब अल्लाह ही का दीन (मजहब) हो जाय..... (कु0 8:39)

नोटः—अल्लाह के इस हुक्म का पालन मुसलमानों को तब तक करना है जब तक कि सारी दुनिया में अल्लाह का दीन (इस्लाम) स्थापित न हो जाय। गैर मुस्लिम लोगों को इसकी गम्भीरता का ज्ञान नहीं होने के कारण वे कुछ भी स्थाई निदान खोजने में विफल रहते हैं।

ऐ नबी ! मुसलमानों को जिहाद पर उभारो । अगर तुममें बीस आदमी साबित कदम रहने वाले होंगे तो दो सौ काफिरों पर गालिब रहेंगे और अगर सौ (ऐसे) होंगे तो हजार पर गालिब रहेंगे, इसलिए कि काफिर ऐसे लोग हैं कि कुछ भी समझ नहीं रखते। (कु0 8:65)

और काफिर यह न समझें कि वह भाग कर हमेशा के लिए बच निकले। वह कदापि (हमको) थका नहीं सकते। (कु0 8:59)

नोटः—काफिर, बेखकर, लापरवाह और गैर जिम्मेदार लोग होते ही हैं, विशेष रूप से भारत के हिन्दू। वे न तो खतरे का अध्ययन करते हैं, न संगठित होने का उपाय करते हैं और न अपने बचाव के लिए खुला या गुप्त कोई सैनिक तैयारी ही करते हैं; अल्लाह को यह बात मालूम है, इसलिए काफिरों को नासमझ कहते हैं। अल्लाह को यह भी मालूम है कि ये हद दर्जे के पशुवृत्ति वाले स्वार्थी लोग हैं और स्वार्थ के अलावा इन्हें और कुछ सूझता ही नहीं है। दिन—रात स्वार्थ के धुन में लगे रहने वाले नासमझ और लापरवाह काफिरों की दो सौ की संख्या का नाश कर डालने के लिए सिर्फ बीस ही मुसलमान काफी हैं। अल्लाह की इस गणना के अनुसार 15 करोड़ मुसलमान 150 करोड़ काफिरों के लिए पर्याप्त हैं। लेकिन नासमझ काफिर कभी समझदार शायद ही बन सकें। आधुनिक हथियारों के उपयोग का निहत्थों और लापरवाहों के लिए क्या महत्व होगा, यह उन्हें उस दिन पता चलेगा, जब उनके प्रियजनों की हत्या के बाद, उनकी कमाई सारी दौलत, उनके आलिशान महल, उनकी बेटियाँ, बहनों और बहुओं सहित अल्लाह के पार्टी वालों की हो जायेगी और

वे कुछ भी नहीं कर सकेंगे। इस्लाम के जन्म काल से आज तक वैसा ही होता आ रहा है। आज सबकी आँखों के सामने कश्मीर में वही हुआ।

हदीस में जेहाद का हुक्म

स्थानाभाव के कारण यहाँ उद्धरण को उसके मूलरूप में न देकर संक्षिप्त में प्रस्तुत किया गया है – (बुखारी शरीफ,हिन्दी, नाज प0 हाउस, नई दिल्ली से)

(सवाब में) जिहाद से बढ़कर दूसरा कोई काम नहीं है। (बु0श0 1122)

वह मोमिन बेहतर है जो अपनी जान व माल से खुदा के रास्ते में जिहाद करे। (1124)

जन्नत में सौ दर्जे हैं। ये जेहाद करने वालों कि लिये हैं। उन्हें फिरदौस, जो सबसे ऊँचे दर्जे की जन्नत है, अल्लाह से माँगना चाहिए। वहाँ अल्लाह का अर्श है। इसी फिरदौस से जन्नत की नहरें जारी होती हैं। (1127)

हारिसा बिन बीरका की बद्र की लड़ाई में तीर लगने से मौत हो गई थी। उसकी माँ के पूछने पर नबी स0 ने बताया. "वह सबसे ऊँचे दर्जे के जन्नत जन्नतुल फिर्दौस में है।" (1135)

हजरत उमर रजि0 कहते हैं कि बानू नजीर का माल उन मालों में से था जिसे अल्लाह तआला ने अपने रसूल के लिए गनीमत करार दिया था और घोड़ों और ऊँटों के बगैर पामाल किए हुए हासिल हुआ था, इसलिए यह माल हजरत मुहम्मद सल्ल0 के लिए खास था। आप उसमें से अपने घर वालों को एक साल का खर्च देते थे और जो कुछ बचता तो उससे घोड़े और हथियार खरीद कर जिहाद के लिए सामान की तैयारी करते। (1170)

एक रिवायत में है कि कियामत उस वक्त ही कायम होगी जब तुम यहूदी से लड़ोगे। (1177)

नबीस० ने कहा हिजरत का जमाना गुजर चुका अब बैअत इस्लाम और जिहाद पर लेंगे। (1190)

ह0 मुहम्मद (स0) ने कहा –मुकाबले के वक्त सब्र से काम लो, क्योंकि जन्नत तलवारों के साये के नीचे है। (1192)

हुजूर सल्ल0 से पूछा गया, ऐ अल्लाह के रसूल सल्ल0 अगर कुफर पर शब खून मारा जाए और उनकी बीबी–बच्चे कत्ल हो जायें तो यह क्या गुनाह है ? फर्माया, इस हालत में उन ही में से हैं काफिरों के बच्चे भी। इसके बाद फर्माया कि अहाता (चारागाह) खुदा और उसके रसूल ह0 मुहम्मद सल्ल0 के लिए है। (1207)

रसूलुल्लाह सल्ल0 के फर्मान के मुताबिक अगर कोई शख्स अपने दीन को बदल दे तो उसको कत्ल कर डालो। (1209)

ह0 मुहम्मद सल्ल0 एक सफर में थे कि मुश्रिकों का एक जासूस आया और सहाबा रजि0 से बातें करने लगा और इसके बाद उठकर चला गया। आपने कहा इसको खोज कर कत्ल कर डालो। चुनाचे उसको कत्ल कर दिया गया और उसका सामान हुजूर सल्ल0 ने उसके कातिल को दिला दिया। (1219)

हुजूर सल्ल0 ने फर्माया अल्लाह तआला ने गनीमत (लूटा हुआ माल) हलाल कर दिया है और सिर्फ हमारी कमजोरी और आजिजी देखकर हलाल किया है। (1239)

ह0 मुहम्मद सल्ल0 जराना नाम की जगह में गनीमत (लूट) का माल बाँट रहे थे, एक शख्स कहने लगा, इंसाफ से बाँटिये, तो आपने फर्माया, अगर मैं इंसाफ से न बाँटू तो बदबख्त हो जाऊँ। (अआजहुल्लाहु) (1241)

ह0 मुहम्मद सल्ल0 ने फर्माया कि मैं कुरैश को माल, उनके दिल झुकाने के लिए देता रहता हूँ, क्योंकि वे नव मुस्लिम हैं। (1244)

गनीमत (लूट) के बारे में–कुरान और हदीस

तुमसे गनीमत के बारे में सवाल करते हैं कि क्या हुक्म है। कह दो गनीमत (लूट का माल) अल्लाह और उसके रसूल का माल है। (कु0 8:1)

और जान रखो कि जो चीज तुम (कुफ्फार से) लूट कर लाओ उसमें से पाँचवा हिस्सा अल्लाह का और उसके रसूल का और करावतदारों, यतीमों, मुहताजों और मुसाफिरों का..... (कु0 8:41)

जो गनीमत (लूट) का माल तुमको मिला है, उसे खाओ कि वह तुम्हारे लिए पाक हलाल है। (कु0 8 : 69)

मदीना वालों और उनके आसपास के देहातियों को शोभित (जेब) न था कि अल्लाह के पैगम्बर (के साथ) से पीछे रह जावें, और न यह (मुनासिब था) कि पैगम्बर की जान के मुकाबले अपनी जानों को जियादः प्यारा समझें, यह इसलिए मुनासिब न था कि उनको अल्लाह की राह में प्यास और मेहनत और भूख की जो तकलीफ पहुँचती है, और जो कदम वह ऐसे चलते हैं कि काफिरों को (उनसे) गुस्सा आये, या दुश्मनों से कुछ चीज छीनते हैं, तो हर काम के बदले इन का नेक अमल लिखा जाता है।

अल्लाह नेककारों का अज्र (प्रतिफल) अकारथ नहीं होने देता। (कु0 9:120)

नोट :–(1)अल्लाह की राह में प्यास, मेहनत और भूख की तकलीफ (अल्लाह की राह का अर्थ है, काफिरों पर आक्रमण का अभियान), (2) ऐसे कदम चलना जिनसे काफिरों को उनपर गुस्सा हो और (3) काफिरों से उनका माल लूटना, ये सभी काम नेक अमल हैं। इन्हें अल्लाह के यहाँ लिखा जाता है। अल्लाह की गारंटी है कि इन नेक कामों का प्रतिफल अवश्य मिलेगा।

अल्लाह ने तुमसे बहुत सी गनीमतों (लूट का माल) देने का वादा किया है जो तुम उन्हें पाओगे। ..... (कु0 48:20)

काफिरों के यहाँ से लूट के माल के रूप में मिलने वाली औरतों को, जो मुसलमानों के हाथ में पहुँचती हैं, बीवियाँ या रखैल बनाना मुसलमानों को अल्लाह के हुक्म से जायज है। बीवियों की संख्या की सीमा चार है लेकिन रखैलों या बाँदियों की कोई सीमा नहीं है।..... और औरतें जो (किसी के) निकाह में हैं (वे भी तुम पर हराम है) सिवाय उनके जो (कैद होकर) तुम्हारे अधिकार में आई हों। अल्लाह के ये हुक्म तुम पर (फर्ज) हैं।..... (कु0 48:24)

.....और उनकी जमीन और उनके घरों और मालों का और उस जमीन (खैबर) का जिसमें तुमने कदम तक नहीं रखा था (अल्लाह ने) तुमको वारिस बना दिया और अल्लाह हर चीज पर सर्व शक्तिमान है। (कु0 33:27)

बनी कुरैजा के आठ सौ यहूदी पुरुषों के आत्म समर्पण के बाद उन्हें उनके घरों से निकाल कर कैद कर लिया गया और कसाई के समान बारी–बारी से दिनभर में उनका कत्ल कर एक विशाल कब्र में भर दिया गया। फिर उनकी सारी दौलत और उनकी जवान औरतों को मुसलमानों में बाँट दिया गया। यह काम अल्लाह के रसूल की देखरेख में ही सम्पन्न हुआ।

खैबर के यहूदियों पर भी अचानक धावा बोलकर कुछ की हत्याएँ कर दी गईं और उन्हें अधीन बना कर उनकी सारी दौलत जो हाथ लगी लूट ली गई। उनकी जमीन को अपनेअधीन कर उनको अपनी जमीन पर ही कुछ दिनों के लिए रैयत बना दिया गया, और बाद में उन्हें स्थाई रूप से निष्कासित कर उनकी जमीन और दौलत हड़प ली गई। उनकी सुन्दर जवान औरतों को मुसलमानों द्वारा छीन लिया गया जिसमें साफिया नाम की 17 वर्षीय युवती भी थी जिसकी ऊपर चर्चा की जा चुकी है।

उपर्युक्त आयत में अल्लाह मुसलमानों को अपनी इसी कृपा की याद दिला रहा है।

.....और वह जो विषय वासना से अपने को बचाये रखते हैं। अलबत्ता अपनी बीवियों और (बाँदियों से) जो उनकी सम्पत्ति हैं (को छोड़कर उन) के बारे में दोष नहीं है। (कु0 23 : 5, 6)

बाँदियाँ और कोई नहीं बल्कि वही गुलाम औरतें होती हैं जो लूट के माल के रूप में काफिरों से छीनी जाती हैं।

लूट के माल के बँटवारे में यद्यपि अल्लाह के रसूल का पाँचवाँ भाग होता था फिर भी प्रधान के नाते हर चीज में, औरतें, धन और गुलाम में चुनाव की उनकी प्राथमिकता होती थी। यहूदियों के निष्कासन के बाद जब्त जमीन पर मुहम्मद के मदीना में आठ बाग–बगीचे थे जिनमें एक, उनकी एक रखैल मेरी के नाम पर "मेरी का ग्रीष्मकालीन बाग" कहलाता था। उसी प्रकार खैबर में भी उनकी सम्पत्ति थी। (Understanding Islam Through Hadis : Ram Swaroop, Page 107)

जेहाद के ऊपर वर्णित निर्देशों से यह बिल्कुल स्पष्ट है कि इस्लाम का उद्देश्य युद्ध के बर्बर, कपटी, क्रूर और असभ्य तरीकों से इस्लामी सत्ता स्थापित करना है और तब इस्लाम विशुद्ध राजनीति और सम्प्रदायवाद के सिवाय और कुछ नहीं रह जाता है। मजहब का वाह्य स्वरूप, इस उद्देश्य की पूर्ति का छन्दावरण मात्र है। वास्तव में साम्प्रदायिकता और राजनीति ही इस्लाम है जो मध्य कालीन अरबी संस्कृति के रंग में रँगा हुआ है।

मुहम्मदी सम्प्रदाय का उद्देश्य है, मुसलमान समुदाय का सृजन कर, बुद्धि नियंत्रण द्वारा उसमें वृद्धि करते हुए, उसके द्वारा अरबी सांस्कृतिक साम्राज्य का विस्तार करना; दुनिया के देशों को मजहबी घुसपैठ द्वारा कमजोर करना तथा अरब के अर्थतंत्र को समृद्ध करने की स्थाई व्यवस्था करना। मुस्लिम साम्प्रदायिकता किस

प्रकार उन्माद के हद तक बढ़ कर अरबी लाभ के लिए अपना अहित करती है, थोड़ा ध्यान देने पर इसे समझना कठिन नहीं है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के (1) उन्माद के हद तक बढ़ने और (2) अपना अहित करने, दोनों ही विषयों पर यहाँ विचार करना संभव नहीं है क्योंकि ये इस लेख के विषय नहीं है। हमें यह देखना है कि इस्लाम ने गैर मुसलमानों के साथ अपने जन्मकाल से ही कैसा व्यवहार किया है और आने वाले समय में इसका स्वरूप क्या होगा ? इस्लाम के आचरण के विषय में दुनिया भर के काफिरों की क्या राय है ?

मुसलमान भले ही अल्लाह और अल्लाह के रसूल में ईमान लाने की कसम खाते हैं और उसके बाद आजीवन बुद्धि नियंत्रण प्रक्रिया की जाल में उलझ कर इसे मानने के लिए विवश रहते हैं कि कुर्आन अल्लाह का संदेश है जो मुहम्मद साहब पर उतरा था, लेकिन गैर मुसलमान न तो उस समय ही इसमें विश्वास करते थे और न आज ही करते हैं। यह और बात है कि जिस प्रकार उस समय के काफिर नासमझ और लापरवाह थे, उसी प्रकार आज के भी काफिर नासमझ और लापरवाह हैं, अन्यथा इतिहास की धारा कब की उलट चुकी होती। मुहम्मद और कुर्आन के विषय में उस समय काफिर कहते थे –

".....कहते हैं कि कुर्आन को पैगम्बर ने खुद गढ लिया है।"(कु0 11:35)

और काफिर (कुर्आन के निस्बत) कहते हैं कि यह तो निरा झूठ बाँधनू है जिसको इसने गढ़ लिया है और उसमें दूसरे लोगों ने उसकी मदद की है..... (कु0 25 : 4)

दुनियाँ के धर्मों का इतिहास देखने से पता चलता है कि जिस प्रकार भारत में भगवान के अवतार की परम्परा थी। उसी प्रकार शामी प्रथा में पैगम्बरों की परम्परा थी। लेकिन दोनों में मौलिक अंतर था। भारतीय परम्परा में जहाँ व्यक्ति में भगवान की पहचान कर लोगों ने उन्हें माना और भक्ति से पूजा। वहीं शामी परम्परा में पैगम्बरों ने पैगम्बर बनने की स्वंय घोषणा की और लोगों से इसे बलपूर्वक मनवाया। आतंक के संस्कार ने बुद्धि नियंत्रण द्वारा बाद की पीढ़ियों में आतंक के साये में बलात् पैदा की गई श्रद्धा को स्थाई बना दिया।

अनवर शेख नामक ब्रितानी विद्वान ने अपनी पुस्तक "इस्लाम अरब राष्ट्रीयता का साधन" में लिखा है "इलहाम के सिद्धांत के अनुसार सृष्टि का सर्जनहार भगवान है जो अपनी पूजा करवाना चाहता है। वह अपने पैगम्बर द्वारा मानव जाति को अपनी इच्छा प्रकट करता है। भगवान के संदेश वाहक पैगम्बर की आज्ञा पालन किये बिना मुक्ति नहीं मिल सकती। परिणाम स्वरूप हर नगर, देश आदि का अपना–अपना भगवान होता था जिसका प्रतिनिधि मुल्ला राजा होता था। मानव कैसे रहें कैसे खायें कैसे सोएं आदि यह सब आदेश भगवान राजा को देता था और राजा (जो भगवान का सेवक था और जिसका अपना कोई प्रभुत्व नहीं) अपनी प्रजा से सब कुछ करवाता था। इस्लाम का यह सिद्धांत कि राज्य अल्लाह का है और इसको अल्लाह के विधान के अनुसार ही चलाना चाहिए इसी पुरानी शामी प्रथा पर निर्धारित है।"

स्वयं को अल्लाह का रसूल या पैगम्बर घोषित कर मुहम्मद ने अपनी अद्वितीय विलक्षण योग्यता से शून्य से उठकर अरब साम्राज्य की स्थापना करने में

सफलता पाई और स्वयं को दिव्य व्यक्ति और सम्राट बनाया। विडम्बना यह है कि इसकी कीमत जिनको चुकानी पड़ी वही लोग इसके साम्राज्य विस्तार का वाहक भी बने। दमन और आतंक के साये में जो संस्कार बनता है वह उसी रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी तबतक चलता रहता है जबतक कि वैसी ही परिस्थिति पैदा कर लोगों को उससे मुक्त न करा दिया जाय या नियमित शिक्षा द्वारा इसकी गहरी समझ पैदा न करा दी जाय।

मुहम्मद के जीवन काल और उनके चार खलीफाओं के कार्यकाल में इस्लाम दुनिया के अनेक भागों में फैल चुका था। इसका विस्तार जेहाद के विध्वंसक और गैर मुसलमानों के सर्वनाशी मार्ग से ही होता गया। आक्रामक मुस्लिम सैनिकों का निहत्थे, निर्दोष, अनजान लोगों पर अचानक हमला, युवा लोगों का कत्ल, उनकी सम्पत्ति की लूट, उनकी औरतों–बच्चों को गुलाम बनाना, उन्हें धर्मान्तरित करना, काफिरों की संस्कृतियों को मिटाना, इस्लामी संस्कृति और मजहब को लादना, अपने समुदाय में उन्हें शामिल करना और फिर उनको अपने साथ लेकर दूसरों पर आक्रमण के लिए आगे बढ़ जाना, इसी तरीके से इस्लाम बढ़ता गया। कल जिनके पूर्वज इस्लामी कहर झेले थे आज उन्हीं के वंशज इस्लामी झंडा उठाये चल रहे हैं।

धन और सुन्दर औरतों का लोभ अति संयमित मनुष्य के भी अंदर की दमित आकांक्षाओं को उभाड़कर भ्रष्ट करने में समर्थ होता है। फिर इनकी उपलब्धता की गारंटी और सुसंस्कृत समाज की मर्यादा के बंधन से मुक्ति मिलते ही मनुष्य दानव बन जाता है। मनुष्य की इन स्वाभाविक कमजोरियों का इस्लाम ने अपने पक्ष में भरपूर उपयोग किया। अनेक हिन्दू इनके प्रभाव में आकर उत्साह से इस्लामी बर्बरता के वाहक बन गये। संयमित पुजारी भोगी इमाम बन गये।

सबसे पहले 712 ई0 में मुहम्मद बिन कासिम ने भारत में विजय प्राप्त करने में सफलता पाई। यद्यपि, उसके पहले भी अनेक मुस्लिम आक्रमण हो चुके थे जिनमें उन्हें पराजय का मुँह देखना पड़ा था और भारत से भागना पड़ा था। भारत की सुन्दर नारियों का लुभावना रूप और सोने–चाँदी, हीरे–जवाहरात से भरे हुए वैभव का शोर अरबों को बार–बार भारत की ओर खींच रहा था। मु0 बिन कासिम ने सिंध के 70 राजाओं को पराजित किया और एक लाख हिन्दू स्त्रियों को कैद कर लिया। बर्बर, कृतघ्न अरबवासियों ने भारत में लूटने, जलाने, सताने, हरण करने, मुसलमान बनाने, व्यभिचार करने और गुलाम बनाने का जो आसुरी जाल फैलाया था वह दो प्रकार का था। एक ओर घोड़े, भाले, बर्छे, तलवार, धनुष, तीर और मादक द्रव्यों से सुसज्जित बर्बर अरबी–गिरोह को भारत भेजा जाता था, दूसरी ओर पाप की फसल दमिश्क और बगदाद के बाजारों में भेजी जाती थी। अपहृत हिन्दू स्त्रियों और बालकों, लूटी हुई सोने चाँदी की ईंटों और जवाहरातों, हिन्दू सरदारों के रक्त रंजित सिरों, भग्न देव प्रतिमाओं और हजारों मंदिरों के खजानों के वहाँ ढेर लग रहे थे।

(भारत में मुस्लिम सुल्तान, लेखक : पी0 एन0 ओक, पृष्ठ 27)

मु0 बिन कासिम, जीते हुए क्षेत्र के हिन्दुओं को तरह–तरह से तड़पाता था। उन्हें अपनी टुकड़ी में शामिल कर अगले अभियानों में सख्त निगरानी में अगले मोर्चे

पर लड़ने के लिए बाध्य करता था। सम्पूर्ण हिन्दू समाज को सैनिक संगठन के तौर पर प्रशिक्षित करने की कार्रवाई कभी नहीं हुई, परिणाम स्वरूप क्षत्रियों को छोड़कर कोई संगठित रूप से लड़ना जानता ही नहीं था। क्षत्रिय भी युद्ध की धर्मनीति का पालन करते थे। वे इस्लाम की छलनीति से बिल्कुल अनजान थे। इनकी जगह मुसलमान होते तो ठीक मुकाबला के समय शत्रु पक्ष से मिल जाते जैसा वे हमेशा करते हैं। उनके मजहब का सर्व प्रमुख भाग जेहाद होने के कारण हथियारों का प्रशिक्षण, हथियारों का संग्रह, युद्ध कौशल और रणनीति से सदा परिचित रहते हैं।

बिन कासिम, अपने आक्रमणों में बर्बर शैतानियत का परिचय देते हुए निर्दोषों का संहार करने में तनिक ढील नहीं देता था। खड़ी फसलों को जला देना, झीलों में विष घोल देना, स्त्रियों से बलात्कार करना, घरों को लूटकर मटियामेट कर देना, गाँवों में आग लगा देना, मंदिरों को मस्जिद बना देना, मूर्तियों को तोड़कर फेंक देना, कोड़े मार कर पुजारियों को कलमा और नमाज पढ़ाना आदि भाँति–भाँति के अत्याचार करता था। उनके सारे अत्याचार कुरान और हदीस की शिक्षाओं से संस्कारित हुक्म के अनुसार ही होते थे।

देवालयपुर (करांची), नीरून, शिव स्थान, वज्रनगर, सीरशाम आदि को रौंदता हुआ आगे बढ़ता ही जा रहा था। हर जगह एक ही तरीका और एक ही काम था, पराजित लोगों को गुलाम बनाना, उनको अपने साथ लेकर लूटपाट और स्त्रियों से व्यभिचार के लिए उभाड़ना, अपने आगे के अभियानों में उन्हें शामिल करना, हर स्थान पर अपने आक्रमणों में आतंक पैदा करने के लिए सैनिकों और नागरिकों का कत्लेआम करना आदि–आदि। मु0 बिन कासिम की छल–कपट के अनेक दिनों के युद्ध के बाद अन्ततः राजा दाहिर मारा गया। उसका सिर काट कर एक पत्र के साथ हज्जाज को भेज दिया गया। इस पहली इस्लामी विजय युद्ध में कुछ विशेष उल्लेखनीय बातें देखने को मिलीं –

(1) पैगम्बर की शिक्षाओं के अनुसार "लड़ाई धोखाबाजी है" का बिन कासिम और उसकी सम्पूर्ण सेना द्वारा अपने प्रत्येक अभियान में पालन किया गया। वास्तव में, इस्लामी शिक्षाओं के प्रभाव से धोखाबाजी उनके जीवन का अभिन्न आचरण बन चुका था। 500 अरबी लोगों के साथ एक अरबी व्यक्ति अल्लाफी बहुत दिनों से दाहिर की सेना में नौकरी कर रहा था। एक रात उसने बिन कासिम के लिए नगर द्वार खोल दिया जिससे नगर कासिम के कब्जे में चला गया। इस प्रकार अपनी भलाई करने वाले हिन्दू की पीठ में एक अरब मुसलमान ने छुरा घोंप दिया। सभ्य और सीधे सादे हिन्दुओं ने कभी यह नहीं सोचा था कि उनकी सेवा में एक भी मुसलमान का होना देशद्रोह और विश्वासघात के साँप को दूध पिलाना होगा।

(भारत में मुस्लिम सुल्तान – पी0एन0ओक पृष्ठ 50)

मुसलमान के लिए देशद्रोह भी धोखाबाजी के समान ही मजहबी फर्ज होता है। क्योंकि वह जिस देश में रहता है यदि वह दारुल इस्लाम नहीं; तो (लड़ाई–झगड़ा वाला दारुल हर्ब) देश होता है; और वहाँ इस्लामी सत्ता स्थापित करने के लिए, उस देश को बर्बाद भी करना हो, तो करना, उसका मजहबी दायित्व है। इस कर्तव्य पालन

में देशद्रोह भी उसका धर्म ही है। ऊपर देख चुके हैं कि इस्लामी सत्ता स्थापित करने के लिए जेहाद करना ही मुसलमानों का सर्वोच्च मजहबी फर्ज है। स्वयं मुहम्मद ने भी नेगस (नजासी) को मक्का पर आक्रमण करने के लिए आमंत्रित किया था।

दूसरी बात, हिन्दू स्वार्थ में इतने आत्मकेन्द्रित होते हैं कि उनको यह भी चेत नहीं रहता कि पड़ोस के शत्रुओं का अध्ययन करें या पराजित शत्रुओं को उनके घरों तक खदेड़ कर मिटा डालें। इस प्रथम इस्लामी विजय युद्ध के बाद से एक भी ऐसा अवसर नहीं आया जब काफिर सेना के मुस्लिम सैनिक विश्वासघात कर मुस्लिम पक्ष में न जा मिले हों। लेकिन क्या मजाल कि कभी हिन्दुओं ने इस सच्चाई से कुछ सीखा हो। वे सदा अपनी मूर्खता को सहिष्णुता और उदारता नाम देकर स्वयं को ही छलते रहते हैं। तीसरी बात, मुसलमानों ने शत्रु की संस्कृति को मिटाने के लिए धर्मस्थलों को बदल कर मस्जिद बनाने के अभियान में कभी ढील नहीं दी। अरबी इतिहासकारों के अनुसार यह काम बड़ी सरलता से हो गया था। उन्हें सिर्फ तीन काम करने पड़े – (1) देव प्रतिमाओं को चूर–चूर करना, (2) मंदिरों में मीनार और मंच बना देना और (3) मुख्य पुजारी को तलवार की नोक पर मुल्ला बना देना। वह उनका खतना करा देता था। 'देवल के ब्राम्हणों ने जब इसका प्रतिरोध किया तो सत्तरह वर्ष से ऊपर के सभी पुरुषों का कत्ल करा दिया। (Indian Islam MT Titus, Page 30)

मुहम्मद बिन कासिम तीन वर्ष तक लगातार सिन्ध को रौंदता रहा। उसकी मुलतान (मूल स्थान) की लूट काफी कीमती रही। यहाँ एक विख्यात सूर्य मंदिर था। जहाँ सोने से भरपूर 40 घडे थे। इनका वजन 13,200 मन था। सूर्य की प्रतिमा रक्तिम स्वर्ण की बनी हुई थी। आँखें लाल चमकीले रत्नों की थीं। इसके अतिरिक्त मोतियों की झालरें, अन्य बहुमूल्य हीरे, रत्न, जवाहरात और बेहिसाब खजाना प्राप्त हुआ। अरेबियन नाइट की अलीबाबा, कासिम, चालीस घड़े और चोरों की कहानी कासिम की मुलतान की लूट और अन्त में खलीफा की आज्ञा से कासिम की मृत्यु पर ही आधारित है।

बिन कासिम के आक्रमण के बाद से लगभग एक हजार वर्ष तक यही जेहादी विनाश लीला चलती रही और हिन्दुओं का नाश होता रहा। यह अंग्रेजों का आधिपत्य हो जाने के बाद ही रुक सका था। लेकिन जाते-जाते अंग्रेजों ने भी इस्लामी जेहाद में मुसलमानों का साथ देकर इतिहास का सबसे वीभत्स और क्रूरतम नरसंहार कराया।

सुबुक्तगीन (977–997) ने अमीर लम्घन नामक शहर को, जो दौलत से भरा था जीत लिया और अल्लाह की राह में जेहाद करते हुए काफिरों के घरों में आग लगा दी। मूर्तियों और मंदिरों को नष्ट कर तथा नीच हिन्दुओं का वध कर इस्लाम और मुसलमान की महिमा बढ़ाई।

(तारीख–ई–यामिनी–अल उत्वी/भारत में जेहाद पृष्ठ 20 जयदीप सेन)

महमूद गजनवी (997–1030) द्वारा पुरुषपुर (पेशावर) में जेहादः – अल उत्बी के अनुसार अभी मध्याह्न भी नहीं हुआ था कि मुसलमानों ने "अल्लाह के शत्रु" हिन्दुओं के विरुद्ध बदला लिया और पन्द्रह हजार को काट कर कालीन की भाँति भूमि पर बिछा दिया। अल्लाह की कृपा से प्राप्त माले गनीमत (लूट का माल) गिनती की

सीमा से परे था। पाँच लाख सुन्दर औरतें और मर्द गुलाम बने। मुहर्रम की आठवीं 392 हिजरी का दिन था। उसके बाद नन्दना की लूट, थानेश्वर में कत्लेआम, सिरसवा में कत्लेआम और सोमनाथ की लूट सहित मुहम्मद ने सत्तरह बार भारत के सैकड़ों नगरों को लूटा। अल्लाह के हुक्म से, कुफ्र के पाप से हिन्द की धरती को पाक करने के लिए सुल्तान ने हिन्दू काफिरों को काट–काट कर धरती को पाट दिया। तालाबों के पानी खून से लाल हो गये। मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बना दी गईं। औरतों और मर्द गुलामों के साथ अपार दौलत, सोना, चाँदी, हीरे, मोती, जवाहिरातों से ऊँटों को लाद–लाद कर गजनी भेजा गया। काफिरों को कोड़े मार मार कर गोमांस खिलाया गया और मुसलमान बनाया गया। सोमनाथ मंदिर के शिवलिंग के टुकड़ों को गजनी के जामी मस्जिद की सीढ़ियों में जोड़ने हेतु ले जाया गया। सोमनाथ की लूट के लिए तीन दिनों तक काट काट कर पचास हजार पंडितों और नगर वासियों से शहर को पाट दिया गया। जब लाशें सड़कर बदबू करने लगीं तभी वे वहाँ से हटे।

मुहम्मद गोरी (1173–1206) उसने भी वही सब किया। मंदिरों, मूर्तियों व आकृतियों के स्थान पर मस्जिदें बना दी। बनारस में एक हजार मंदिरों को ध्वस्त कर दिया गया। हिन्दुओं को काट कर उनके सिरों से आसमान तक ऊँचे तीन बुर्ज बनाये गये और उनके शवों को जंगली पशु–पक्षियों के लिए छोड़ दिया गया। आतंक से भयभीत काफिरों को अल्लाह के सच्चा धर्म में शामिल कर लिया गया और हठी मूर्खों का वध कर दिया गया।

कुतुबुद्दीन ऐबक (1206–1210) – मंदिरों को तोड़कर, भलाई के आगार मस्जिदों में रूपान्तरित कर दिया गया और मूर्तिपूजा का नामों निशान मिटा दिया गया। निडरता और शक्ति से किसी मंदिर को खड़ा नहीं रहने दिया गया। ....पचास हजार व्यक्तियों को घेरकर बन्दी बना लिया गया तड़ातड मार के कारण मैदान काला हो गया। (ताज–उल–मासीर–हसन निजामी, भारत में जेहाद)

मु0 बख्तियार खिलजी (1204–1206) – मिन्हाज के अनुसार बख्तियार ने नालन्दा पहुँचते ही सिर मुँड़ाये हुए ब्राह्मणों का कत्ल कर सफाया कर दिया। (वास्तव में वे ब्राह्मण न होकर बौद्ध भिक्षु थे, जिसे मिन्हाज ने ब्राह्मण समझ लिया)। उसमें रखी किताबों को पढ़ने के लिए जब किसी व्यक्ति को लाने को कहा तब वहाँ कोई नहीं मिल सका क्योंकि सभी भीक्षु मारे जा चुके थे। उसने पुस्तकालय में आग लगा दी। पुस्तकालय की पुस्तकें महीनों तक जलती रहीं।

अलाउद्दीन खिलजी (1296–1316) विस्तार में लिखना यहाँ संभव नहीं है सभी सुल्तानों की वही शैतानी कार्रवाई अल्लाह के नाम पर चलती रही। प्रसिद्ध सूफी कवि अमीर खुसरू ने लिखा था – हमारे पवित्र सैनिकों की तलवारों के कारण सारा देश एक दावाग्नि के कारण काँटों रहित जंगल जैसा हो गया है। हमारे सैनिकों की तलवारों के वारों के कारण हिन्दू काफिर भाप की तरह समाप्त कर दिये गये हैं। हिन्दुओं में शक्तिशाली लोगों को पाँवों तले रौंद दिया गया है। इस्लाम जीत गया है, मूर्तिपूजा हार गई है, दबा दी गई है।

(तारीख–ई–अलाई) "भारत में जिहाद" पृष्ठ 26 में उदधृत)

मुहम्मद बिन तुगलक (1326–1351) :– मुहम्मद बिन तुगलक का अत्याचार इतिहास प्रसिद्ध है। उसके राज में आम हिन्दुओं की औरतों का मनमाना अपहरण और बलात्कार मुसलमानों द्वारा किया जाता था और फिर उन्हें बेच दिया जाता था। लेकिन राजाओं की औरतों की स्थिति भी कोई अच्छी नहीं थी। इब्न का प्रत्यक्षदर्शी वर्णन इस प्रकार है – सर्वप्रथम युद्ध के मध्य बन्दी बनाये गये काफिर राजाओं की पुत्रियों को अमीरों और महत्वपूर्ण विदेशियों को उपहार में भेंट कर दिया जाता था। इसके पश्चात अन्य काफिरों की पुत्रियों को सुल्तान अपने भाइयों या संबंधियों को दे देता था।

(तुगलक कालीन भारत, एस0ए0 रिजवी, पृष्ठ 189–"भारत में जिहाद" में उद्धृत)

फीरोजशाह तुगलक (1357–1388):–"ताजरीयत–अल–असर" के अनुसार–"फिरोजशाह तुगलक के राज में मुस्लिम आक्रमणकर्ताओं द्वारा लाई हुई हिन्दू महिलाओं के साथ मात्र शील भंग ही नहीं किया जाता था वरन् उनके साथ अनुपम, अवर्णनीय यातनायें भी दी जाती थीं यथा लाल गर्म लोहे की सलाखों को हिन्दू महिलाओं की योनियों में बलात घुसेड़ देना, उनकी योनियों को सिल देना और उनके स्तनों को काट देना।"

बंगाल में नरसंहार – बंगाल में हार के बदले के लिए फिरोजशाह ने आदेश दिया कि असुरक्षित बंगाली हिन्दुओं का अंग-भंग कर वध कर दिया जाय। प्रत्येक सर के लिए एक चाँदी का टंका दिया जाता था। हिन्दू मृतकों के सिरों की गिनती की गई। जो 1,80,000 निकले। (तारीख–ई–फिरोजशाही बरनी, भारत में जेहाद)

तिमूर (1398–1399) :–उलेमा और सूफियों ने जिहाद का समर्थन किया। भटनिर में एक दिन में दस हजार हिन्दुओं का सर काट उनके खजानों, औरतों और बच्चों को पाकर मुसलमान निहाल हो गये। अल्लाह के सत्य धर्म इस्लाम के हुक्म के अनुसार सिरसा के हिन्दुओं का कत्ल कर उनकी औरतों, बच्चों और धन ले लिया गया।

जाटों का संहार :– तिमूर ने अपनी जीवनी में लिखा – मेरे ध्यान में लाया गया था कि ये उत्पाती जाट चींटी की भाँति असंख्य हैं। मुझे लगा कि जाटों का वध कर देना मेरे लिए आवश्यक है। मैं जंगलों और बीहड़ों में घुस गया और दैत्याकार दो हजार जाटों का वध कर दिया। लोगी में चुनचुन कर कत्लेआम हुआ। एक लाख असहाय हिन्दुओं का एक ही दिन में कत्ल हुआ। तिमूर ने लिखा – अमीर जहान शाह और अमीर सुलेमानशाह ने मेरे ध्यान में लाया कि हिन्दुस्तान में घुसने से लेकर अब तक हमारे पास एक लाख हिन्दू बंदी हो गये हैं। मैंने इस्लामी कानून का परामर्श माँगा जो कुर्आन में स्पष्ट दिया गया है – "किसी नबी को छूट नहीं है कि वह युद्ध में लोगों को बन्दी बनाये जब तक कि वह धरती में कत्लेआम न कर दे। तुम लोग दुनिया की सुख–सामग्री (लूट का माल) चाहते हो और अल्लाह आाखिरत चाहता है, और अल्लाह प्रभुत्वशाली और तत्वदर्शी है।" (कु0 8 : 67) सभी एक लाख हिन्दुओं को कत्ल कर मौत के घाट उतार दिया गया।

बाबर (1519–1530) का शौक था कि वह हिन्दुओं का कत्लेआम कर उनके

सिरों के मीनार बनवाया करता था। "...मुहर्रम के नौवें दिन मैंने आदेश दिया कि मैदान में हिन्दू मृतक सिरों की एक मीनार बनाई जाय।

'निकृष्ट और पतित हिन्दुओं का वध कर, गोली और पत्थरों से,
बना दिये मृत देहों के पर्वत, गजों के ढेर जैसे विशाल,
और प्रत्येक पर्वत से बहती रक्त की धाराएँ, हमारे सैनिकों के तीरों से भयभीत,
पलायन कर छिप गये, कुंजों और कंदराओं में।
इस्लाम के हित घूमता फिरा मैं वनो में, हिन्दू काफिरों से युद्ध की खोज में।
इच्छा थी बनूँगा इस्लाम का शहीद मैं, उपकार उस खुदा का कि बन गया गाजी।"

(बाबरनामा पृष्ठ 370–71, भारत में जेहाद)

अपने समकालीन मुसलमानों की गुरूनानक ने भर्त्सना की थी और उन्हें पतित, भ्रष्ट और नीच कहा था। पर जवाहर लाल नेहरू की नजर में बाबर एक दक्ष, चतुर और भावुक कवि था। नेहरू ने अपने विषय में कहा था कि वे शिक्षा से अंग्रेज, दृष्टि से अन्तर्राष्ट्रीयतावादी और संस्कृति से मुसलमान हैं। वे हिन्दू तो मात्र जन्म की दुर्घटना के कारण हैं। इसलिए उनकी दृष्टि में मुस्लिम संस्कृति का क्रूर वाहक बाबर भावुक कवि और प्रशंसनीय व्यक्ति था, तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं। सच्चाई यह है कि बाबर ने भी अन्य जेहादी मुस्लिम सुलतानों के समान ही असभ्य, बर्बर, आतंकपूर्ण और यातना पूर्ण क्रूरता के साथ हिन्दुओं का वध, लूट, बलात्कार, अपहरण, आगजनी, धर्मान्तरण, मूर्तिभंजन, मंदिर ध्वंस और उनके ऊपर मस्जिद निर्माण का कार्य किया।

1528–29 में, बाबर के आदेशानुसार, मुगल सैन्य संचालक मीरबकी ने अयोध्या में रामजन्म भूमि पर बने मंदिर का विध्वंस करा दिया और उसके स्थान पर एक मस्जिद बनवा दी। (बाबर नामा अनु0ए0एस0 बैवरिज, नई दिल्ली 1979 संस्करण, पृष्ठ 656, भारत में जेहाद)

शेरशाह सूरी (1540–1546):–"तारीख–ई–शेरशाही" में अब्बास खान शेरवानी ने शेरशाह की महानता का वर्णन यों किया है। "उसने अपने अश्वधावकों को आदेश दिया कि हिन्दू गाँवों की जाँच पड़ताल करें, उन्हें मार्ग में जो पुरुष मिलें, उनका वध कर दें, औरतों और बच्चों को बंदी बना लें, पशुओं को भगा दें, किसी को भी खेती न करने दें, पहले से बोई फसलों को नष्ट कर दें, और किसी को भी पड़ोस के भागों से कुछ भी न लाने दें।" (पृष्ठ 316)

शेरवानी आगे लिखता है – 1593 में रायसीन के दुर्ग पर आक्रमण कर शेरशाह ने हिन्दू राजा पूरनमल को सुरक्षा और सम्मान के आश्वासन पर आत्मसमर्पण कराया। लेकिन उनके किले के बाहर आते ही, अल्लाह के रसूल के "धोखाबाजी" हुक्म का पालन करते हुए मुस्लिम सेना ने आक्रमण कर दिया। सभी हिन्दू पुरुषों का वध कर दिया गया। उनकी पत्नियाँ और परिवार बन्दी बना लिये गये। अन्यों को मरवा कर उसकी पुत्री को एक बाजीगर को दे दिया गया जो उसे बाजार में नचा सके और लड़कों को बधिया, खस्सी करवा दिया ताकि हिन्दुओं का वंश न बढ़े।

(भारत में जेहाद में उद्धृत)

अकबर महान (1556–1605) – अकबर ने अपनी पहली सफलता पर पराजित और बँधा हुआ राजा हेमचन्द्र (हेमू) का सिर काट कर गाजी की उपाधि प्राप्त की थी। हेमू के 80 वर्षीय वृद्ध पिता की भी, इस्लाम नहीं मानने पर, हत्या कर दी गई। अबुल फजल ने "अकबरनामा" में लिखा – चितौड में आठ हजार राजपूत योद्धाओं को हथियार विहीन कर उनकी हत्या कर दी गई और उनके साथ 40 हजार किसानों की भी। सामान्य तौर पर इसे बादशाहों का युद्ध समझ लिया जाता है पर इन सभी युद्धों में इस्लामी मजहबी उद्देश्यों और तरीकों पर ध्यान नहीं दिया जाता है, जिसे गैर मुसलमानों को जानना उनके हित के लिए सर्वाधिक आवश्यक है। ऊपर वर्णित कुर्आन के सूर : 8 आयत 67 के हुक्म के अनुसार ही ये हत्याएँ की गई थीं। अकबर, पैगम्बर के सुन्नत के अनुसार पराजित राजाओं को अपमानित करने और विजय को अपनी पूर्णता प्रदान करने के लिए उनकी बेटियों को अपने हरम में डाल देता था। हिन्दू राजाओं, सरदारों और रईसों की सुन्दर औरतों को चुनने के लिए बाजार लगाता था। काफिरों को नीचा दिखाने और उन्हें अपमानित करने के लिए कुर्आन में अनेक हुक्म हैं। वैसे तो सम्पूर्ण इस्लाम ही काफिरों से शत्रुता करने और उन्हें कुचल कर इस्लाम में शामिल कराने का मजहब है। अकबर ने बाद में हिन्दुओं पर से जजियाकर हटा कर और उनसे निकटता बना कर वही सब किया। यद्यपि उसमें मजहबी कट्टरता नहीं थी फिर भी इस्लामी संस्कारों का असर तो था ही।

शाहजहाँ (1628–1658): –शाहजहाँ ने अपने इस्लामी फर्ज को पूरा करते हुए भयानक बर्बरता का परिचय दिया। हिन्दू नागरिकों को घोर यातनाओं द्वारा अपने संचित धन को दे देने के लिए विवश किया गया और अनेकों उच्च कुल की कुलीन हिन्दू महिलाओं का शील भंग और अंग भंग किया गया। (किन्स हैण्ड बुक फौर विजिटर्स टू आगरा एण्ड इट्स नेबरहुड तथा भारत में जेहाद, पृ0 45) उसने अनेक हिन्दू मंदिरों और हिन्दू भवन निर्माण कला केन्द्रों का बड़ी लगन और जोश से विध्वंस किया था। शाहजहाँ को पता चला कि बनारस और आसपास, उसके पिता के समय से ही कुछ मंदिर बनने शुरू हो गये हैं। यह सूचना मिलते ही उसने उन सब मंदिरों को ढहा देने की आज्ञा दी।

कश्मीर से लौटते समय 1632 में शाहजहाँ को बताया गया कि अनेकों महिलायें हिन्दू हो गईं और हिन्दू परिवारों में शादी कर लीं। शहंशाह के आदेश पर उन सभी हिन्दुओं को बन्दी बना लिया गया उन पर आर्थिक दण्ड लगाया गया। भुगतान नहीं करने पर धर्मान्तरण या मौत का विकल्प चुनने को कहा गया। धर्मान्तरण स्वीकार नहीं करने पर इस्लामी निर्देशों के अनुसार सबका वध कर दिया गया।

औरंगजेब (1658–1707) – औरंगजेब द्वारा हिन्दुओं पर किये गये अत्याचार इतने व्यापक हैं कि इस छोटे लेख में उसका वर्णन संभव नहीं है। औरंगजेब ने पूर्ववर्ती इस्लामी शासकों से कई गुना बढ़कर हिन्दू विनाश किया। इस्लामी तरीका, जिसमें काफिर की हत्या करना, उनको यातना देना, उनका धन लूटना और अचल सम्पत्ति को अपने अधिकार में करना, उनकी औरतों को लूटना, उनसे बलात्कार

करना, औरतों, बच्चों और शेष लोगों को मुसलमान बनाना, आदि का भरपूर पालन किया गया। उनके मंदिरों को तोड़कर मस्जिद बनाना, मंदिरों में गाय कटवाना, हिन्दुओं को अपने भजन–कीर्तन, व्रत–पूजा, तीर्थ आदि से रोकना, हिन्दुओं पर जजिया कर लगाना, उनकी फसलों को जलाना, उनके घरों को फूँकना, उनके अंग–भंग करना आदि अत्याचारों द्वारा औरंगजेब ने अपने लंबे शासन काल में हिन्दुओं का विनाश करने में कोई कमी नहीं की। सिक्ख गुरुओं की हत्याएँ और हिन्दू यातना के उसके तरीके क्रूरता की सभी सीमाएँ पार कर गये थे। उसने मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ने की नियमित कार्रवाई चलाने हेतु विभाग ही बना दिया था। अपनी नौकरियों में मुसलमानों को वरीयता देना, मुसलमान व्यापारियों को सह देने के लिए हिन्दू व्यापारियों पर अधिक कर लगाना, मूर्तियों को तोड़कर मस्जिदों की सीढ़ियों और रास्ते में बिछाने का प्रदर्शन करना, उनके टुकड़ों को मांस बेचने का बाट बना कर कसाइयों को देना, पाठशालाएँ और पुस्तकालयों को जलाना, इस्लाम नहीं मानने वालों को स्त्रियों, बच्चों सहित गुलाम बना कर नीलाम करना, छोटे हिन्दू बच्चों को पकड़कर बधिया कराना, हिन्दू खोपड़ियों के मीनार बनाना, दीवाली पर प्रतिबंध लगाना आदि कार्रवाई हिन्दुओं को सताने, नीचा दिखाने और तंग कर इस्लाम में शामिल करने हेतु शरीयत के अनुपालन में किये जाते थे।

अहमदशाह अब्दाली (1757 और 1761) – मथुरा शहर पर अब्दाली के आक्रमण में निहत्थे, असुरक्षित और असैनिक लोगों का चार घण्टे बेरहमी से वध किया गया। मंदिरों की मूर्तियों को तोड़ कर पुजारियों का कत्ल कर दिया गया। (हुसैनशाही, पृ0 39, भारत में जेहाद)

अब्दाली की सेना आगे बढ़ी तो नजीब की सेना ने तीन दिन ठहर कर लूटपाट की। उसके सैनिकों ने अकूत धन लूटा और बहुत सी सुन्दर हिन्दू महिलाओं को बन्दी बनाकर ले गये। कुछ यमुना में, कुछ कुओं–तालाबों में कूद कर डूब मरीं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने लिखा था, गलियों और बाजारों में सर्वत्र वध किये हुए व्यक्तियों के सिर रहित धड़ बिखरे पड़े थे। सारे शहर में आग लगी हुई थी। रक्त से दूषित हो यमुना का पानी पीला रंग का हो गया था। वृंदावन में भी विध्वंश की वही लीला हुई। एक भ्रमणशील मुसलमान ने अपनी डायरी में लिखा था "जहाँ कहीं तुम देखोगे शवों के ढेर देखने को मिलेंगे। तुम अपना मार्ग बड़ी कठिनाई से निकाल सकते थे। एक जगह बिना सिर के दो सौ बच्चों के शवों का ढेर पड़ा था.....दुर्गन्ध और सड़ान्ध इतनी थी कि मुँह खोलना और साँस लेना भी कष्टकर था।

(फॉल ऑफ दी मुगल अम्पायर–सर जदुनाथ सरकार खण्ड।।, पृ0 69–70)

पानीपत में लाखों छिपे हुए मराठों को खोज कर कत्ल कर दिया गया। बन्दी लोगों को लाकर कसाई की तरह काटा गया।(यह इस्लामी सुन्ना के अनुसार ही था जिसमें मुहम्मद ने आठ सौ यहूदियों को बँधवा कर कसाई की तरह कटवाया था) युद्ध के स्थल पर शवों के इकतीस बड़े–बड़े ढेर गिने गये थे। प्रत्येक ढेर में शवों की संख्या पाँच सौ से एक हजार के बीच थी।

टीपू सुल्तान (1786 – 1799) – विख्यात इतिहासकार सरदार पाणिक्कर ने

लन्दन के इण्डिया ऑफिस लाइब्रेरी से टीपू के कुछ पत्रों–संदेशों आदि को खोजा था। उनके अनुसार बारह हजार नम्बूदिरी लोगों को धर्मान्तरित कर शेष लोगों को वैसा ही करने का हुक्म दिया। एक संदेश में कहा – "सभी हिन्दुओं को बन्दी बना कर वध कर देना। बीस वर्ष से कम उम्र वालों को कारागृह में लेना और बाकी में से पाँच हजार का पेड़ पर लटका कर वध कर देना।" एक संदेश कहता है – "चार लाख से अधिक हिन्दुओं को मुसलमान बना दिया गया है। अब पापी रमन नायर की ओर बढ़ना है। उसकी प्रजा को भी इस्लाम में धर्मान्तरित कर लिया जायेगा।" एक अन्य संदेश में – "मेरी महान अभिलाषा का उद्देश्य जिहाद है। मैं विचार करता हूँ कि अल्लाह और उसके पैगम्बर के आदेशों से एक मत हो हमें काफिरों के विरुद्ध जेहाद के लिए संगठित हो जाना चाहिए। मुसलमान जुमा को प्रार्थना करते हैं, "हे अल्लाह ! उनलोगों को जिन्होंने पन्थ का मार्ग रोक रखा है, कत्ल कर दो। उनके पापों के लिए उनके सिरों को दण्ड दो।"

श्री रंगापट्टनम दुर्ग में प्राप्त टीपू का एक महत्वपूर्ण शिलालेख है। शिलालेख के शब्द इस प्रकार हैं – "हे सर्वशक्तिमान अल्लाह ! गैर–मुसलमानों के समस्त समुदाय को समाप्त कर दे। उनकी सारी जाति को बिखरा दो, उनके पैरों को लड़खदा दो, अस्थिर कर दो और उनकी बुद्धियों को फेर दो। मृत्यु को उनके निकट ला दो, उनके पोषण के साधनों को समाप्त कर दो। उनकी जिन्दगी के दिनों को कम कर दो। उनके शरीर सदैव उनकी चिन्ता के कारण बने रहें, उनके नेत्रों की दृष्टि छीन लो, उनके मुँह (चेहरे) काले कर दो, उनकी वाणी (जीभ) को, बोलने के अंग को नष्ट कर दो, उन्हें शिदौद की भाँति कत्ल कर दो जैसे फरोहा को डुबोया था, उन्हें भी डुबा दो और भयंकरतम क्रोध के साथ उनसे मिलो। हे बदला लेने वाले ! हे संसार के मालिक ! पिता ! मैं उदास हूँ। हारा हुआ हूँ। मुझे अपनी मदद दो !"

टीपू के कामः– कालीकट में अधिकांश मर्दों और औरतों को फाँसी पर लटका दिया जाता था। पहले माताओं को, उनके बच्चों को उनकी गर्दनों से बाँध कर, लटका कर फाँसी दी जाती थी। उस बर्बर टीपू द्वारा नंगे हिन्दू और ईसाई लोगों को हाथियों की टाँगों से बँधवा दिया जाता था और हाथियों को तब तक घुमाया जाता था, दौड़ाया जाता था, जब तक कि उन सर्वथा असहाय, निरीह, विपत्तिग्रस्त प्राणियों के शरीरों के चिथड़े–चिथड़े नहीं हो जाते थे। मंदिरों और गिरिजों में आग लगाने, खण्डित करने और ध्वंस करने के आदेश दिये जाते थे।

(वौयेज टू ईस्ट इण्डीज – फ्रा बारटोलोमाको, पृ0 141–142)

दी मैसूर गजटियर के अनुसार – "टीपू ने दक्षिण भारत में आठ सौ से अधिक मंदिर नष्ट किये थे। अंग्रेजों द्वारा मुसलमानों से सत्ता छीन लिये जाने के बाद से हिन्दू लोगों पर इस्लामी सत्ता द्वारा चलाये जाने वाली जेहादी कार्रवाइयाँ लगभग समाप्त हो गईं। मुस्लिम शरीयत कानूनों के अनेक प्रावधानों को हटाकर नये कानून लागू कर दिये गये। मुस्लिम अत्याचारों के सीधे प्रहार से हिन्दुओं को राहत मिली। लेकिन धीरे–धीरे अंग्रेजों ने भारतीय अर्थ तंत्र को छिन्न–भिन्न कर, मात्र शोषण का उपनिवेश बना दिया। इससे हिन्दुओं और मुसलमानों में समान असंतोष फैला। 1857 ई0 में अंग्रेजों

के विरुद्ध हिन्दू और मुसलमान का संयुक्त विद्रोह हुआ। मुसलमानों द्वारा अंग्रेजों के विरोध का कारण उनसे सत्ता छिन जाना था। जबकि हिन्दुओं में असंतोष अनेक कारणों से भड़का था। मुसलमानों ने हिन्दुओं को विश्वास में लेकर अपना पक्ष मजबूत कर अपनी कूटनीति सफल की। उनकी राजनीति, उनके मजहब का अंग होने के कारण, निश्चित उद्देश्य के लिए होती है। हिन्दुओं को न अपनी निश्चित दिशा का ज्ञान होता है और न मुसलमानों के उद्देश्यों और दिशा की जानकारी होती है। इस कारण हिन्दू राजनीति को सदा पराजय का मुँह देखना पड़ता है। वर्तमान समय में भी स्थिति में कोई अंतर नहीं आया है।

अपने से मजबूत शत्रु अंग्रेजों से लड़ने के लिए उन्होंने हिन्दू वर्ग को आगे कर दिया जिससे मुसलमानों को शत्रु समझने वाली ब्रिटिश सरकार हिन्दुओं से नाराज हो गई। अब वह हिन्दू सुरक्षा में अधिक रुचि नहीं लेती थी। इसलिए देश भर में हिन्दू मुस्लिम दंगों की बाढ आ गई। काफिरों को नीचा दिखाना, उन्हें दबा कर रखना, उनसे सख्ती से पेश आना आदि इस्लामी हुक्मों के आधार पर ही मुसलमान अपनी रणनीति निर्धारित करते हैं जबकि हिन्दू इस सब की बिलकुल ही समझ नहीं रखते। वे कभी अपनी शक्ति और संगठन में वृद्धि का उपाय नहीं करते हैं। बिना अपनी दिशा, कार्य योजना और उसके अनुकूल सांगठनिक और सैनिक शक्ति या सुरक्षात्मक शक्ति के आकलन के, उत्तेजनात्मक शेखी बघारने में आगे अवश्य रहते हैं। स्वार्थपरता और कायरता को अहिंसा और सहिष्णुता कहते हैं। परिणाम स्वरूप 1921 में मालावार में मोपलों द्वारा जेहाद की शुरुआत कर दी गई। जिसमें कई हजार हिन्दुओं की हत्या हुई। उनकी सम्पत्ति और औरतों की लूट और बलात धर्मान्तरण हुआ। आधुनिक युग में भी मध्ययुगीन बर्बरता का ताण्डव हुआ। इस जेहादी कार्रवाई की चर्चा इसी पुस्तक में अन्यत्र थोड़ी की गई है। उसके बाद 1946 में दी "ग्रेट कलकता कीलिंग्स" और 1947 में देश–विभाजन के समय इतिहास का क्रूरतम और बर्बरतम शैतानिय से भरा हुआ रक्त रंजित जेहाद हुआ। बंगाल, पंजाब, सिन्ध, बलूचिस्तान और सीमा प्रान्त में खून की धाराएँ चलने लगीं।

पाकिस्तानी–पंजाब से यात्री गाड़ियाँ सनातनी और सिक्ख पंथ के हिन्दुओं की लाशों से भर–भर कर भारत में आने लगीं। पूरे पाकिस्तानी क्षेत्र में, पूरी मुस्लिम जनसंख्या अपने मजहब के सर्वोच्च कर्तव्य जेहाद के आह्वान में शामिल हो गई। दो–दो, चार–चार गाँवों के मुसलमान एक साथ, दस–दस, बीस–बीस, तीस–तीस हजार के जत्थों में जमा होकर गाँव के गाँव हिन्दू–सिक्खों का कत्ल करने, गाँवों को फूँकने, उनकी सुन्दर औरतों–लड़कियों से बलात्कार करने, उनका अपहरण करने, उनका धन लूटने, मंदिरों को ढहाने, मूर्तियों को तोड़ने, गाय काट कर हिन्दुओं–सिक्खों को गोमांस खिलाने और धर्मान्तरित करने के काम में लग गये। इसमें मुस्लिम समुदाय के हर तबके के लोगों द्वारा सक्रिय भाग लिया गया। नवाब, जमीन्दार, किसान, मजदूर, कारीगर, व्यापारी, डाक्टर, वकील, पुलिस आफिसर, सिपाही, डी0सी0, कमिश्नर और सेना के साथ–साथ इस्लामी मजहबी विद्वान, मौलवी, उलेमा और राजनीतिक कार्यकर्ता, सबको एक साथ अवसर मिला, और वे सभी जेहाद के अपने सर्वोच्च

मजहबी दायित्व की पूर्ति में लग गये। अपनी पुस्तक "स्टर्न रेकनिंग" में जस्टिस जी0डी0 खोसला ने हिन्दू–सिक्ख संहार का दिल दहलाने वाला वर्णन किया है। आने वाले दिनों में अब उससे भी अधिक वीभत्स रूप में वही सब दुहराये जाने की तैयारी चल रही है।

मोपलों के जेहाद के समय गाँधी जी ने कहा था कि वे ऐसे धर्मभीरु लोग हैं जो अपने धर्म की आज्ञाओं के अनुसार युद्ध कर रहे हैं। लेकिन गाँधी महोदय ने इसके लिए उनकी भर्त्सना नहीं की। इस प्रकार उनका तो मनोबल बढ़ाया पर उनके लिए क्या कहा जो मुसलमानों के धर्मपालन का शिकार बन रहे थे ? जिनकी हत्या हो रही थी, जिनकी औरतें लुट रही थीं, जिनका धन लूटा जा रहा था और जिन्हें हर प्रकार से मटियामेट किया जा रहा था ? उनके लिए उन्होंने कहा कि हमारा धर्म अहिंसा पालन है, आप किसी पर आक्रमण न करें और अपने घरों में रहें। भगवान पर विश्वास रखें।

दुनिया के इतिहास में किसी समुदाय का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति अपने समुदाय को इस प्रकार गुमराह कर उसका संहार कराया हो और फिर भी पूजा जाता हो, ऐसा पौराणिक युग में माथा रखने वाले भारत में ही सम्भव है।

जिस व्यक्ति को कम से कम इतना मालूम था कि उसके पड़ोसी का सर्वोच्च मजहबी दायित्व हमारे धर्म को मिटाना है और वह भी निर्ममता पूर्वक हत्या, लूट, अनैतिक और घृणित दुष्कर्म द्वारा, तब क्या उसका यही दायित्व था कि वह धर्म का झूठा पाठ पढ़ा कर अपने लोगों को गुमराह और असावधान कर दे और उसका विध्वंश करा दे ? यदि बंगाल और पंजाब के हिन्दुओं–सिक्खों को सावधान किया गया होता, हथियारबंद रहने, सुरक्षा की व्यवस्था करने, सुरक्षा के साधन जुटाने और प्रशिक्षण लेने को कहा गया होता तो क्या उनका इस प्रकार सरलतापूर्वक सर्वनाश हो जाता ?

आज भी हिन्दुओं की वही स्थिति है। सोच का वही मूर्खतापूर्ण ढंग है। असावधान, असंगठित और अव्यवस्थित जीवनशैली का वही क्रम है। किसी व्यक्ति में आस्था बना लेना, उसके दोषों को भी आस्था की नजर से गुण मान कर आलोचना नहीं करना, उससे शिक्षा नहीं ग्रहण करना और सीख लेकर आगे की व्यवस्था नहीं करना, आत्मघाती मार्ग पर ही चलने के समान होता है। सभी वर्ग के हिन्दुओं जैसे सिक्ख, बौद्ध, जैन, आदि की सदियों सहस्राब्दियों की पैतृक भूमि से, उनकी पीढ़ियों की संचित दौलत को छीन कर बेदखल कर दिया गया। इस क्रम में उन्हें जिस भयंकर दानवी कृत्य का सामना करना पड़ा क्या उन्होंने उसकी कभी कल्पना भी की थी ? उनकी आँखों के सामने उनके बच्चों को टुकड़े–टुकड़े किया गया। उनकी लड़कियों को उनके सामने ही बलात्कार का शिकार बनाया गया। वे हजारों लाखों की संख्या में लकड़ी, तेल, पुआल में आग लगा कर जीवित जल मरीं। कुँओं, तालाबों में कूद कर जानें दीं। मर्दों को घरों से निकाल-निकाल कर काटा गया। बसों, ट्रेनों को रोक-रोक कर उनकी हत्याएँ की गईं। हैवानियत और पाशविकता का ऐसा बर्बर ताण्डव क्यों हुआ ? जब लोग खुद ही घर छोड़–छोड़ कर भागे जा रहे थे, तब उन्हें

रोक–रोक कर क्यों कत्ल किया गया ? क्या कभी किसी हिन्दू ने इसे जानने का प्रयास किया कि वह कौन सी बात थी जिसके कारण एक मजहबी समुदाय के सभी तबके के लोग एक साथ निर्दोषों के संहार में शामिल हुए ?

देश का विभाजन हो गया। एक तिहाई भाग को दारुल इस्लाम बना दिया गया। वहाँ से काफिरों को कत्ल कर, उनकी औरतों और उनका धन लूट कर, कुछ को धर्मान्तरित कर, शेष को निष्कासित कर उन्हें मिटा दिया गया। क्योंकि अल्लाह का हुक्म है: –

"और युद्ध करो उनसे यहाँ तक कि फितना (मूर्तिपूजा) बाकी न रहे और दीन अल्लाह ही का हो जाय।" (कु0 2:193)

"और जब कुफ्र करने वालों से तुम्हारी मुठभेड़ हो जाये तो गर्दनें मारना.....।" (कु0 47:4)

".....तो मुश्रिकों (मूर्ति पूजकों) को जहाँ पाओ कत्ल करो, और पकड़ो और उन्हें घेरो और हर घात की जगह उनकी ताक में बैठो।" (कु0 9 : 5)

लेकिन बात यहीं खत्म नहीं हुई। भारतीय क्षेत्र से अधिकांश मुसलमान, मुसलमानों के लिए ही बने पाकिस्तान में नहीं गये, और जो गये भी उनमें से अधिकांश धीरे–धीरे वापस आ गये। उन्होंने देश विभाजन में बढ़–चढ़ कर हिस्सा इसलिए नहीं लिया था कि उनको यहाँ कोई दबा या सता रहा था बल्कि उन्होंने वैसा इसलिए किया कि वैसा करना उनका मजहबी फर्ज था और इस बात को उन्होंने कभी नहीं छिपाया। देश विभाजन के अवसर पर अति उत्साहित मुस्लिम नौजवान नाचते–गाते नारा लगा रहे थे –

हँस के लिया है पाकिस्तान
लड़ के लेंगे हिन्दुस्तान।

उन्हें अपने मजहबी उद्देश्य की जानकारी थी और हिन्दुओं के ऊँचे से ऊँचे रहनुमाओं को भी इसका ज्ञान नहीं था। गाँधी द्वारा विभाजन के समय मुसलमानों के पक्ष में खड़ा होने और हिन्दू हितों के साथ घात करने के कारण उनसे और उनकी कांग्रेस से हिन्दू अत्यन्त कुपित हो गये थे। नेहरू ने अपने स्थाई वोट की व्यवस्था के लिए मुसलमानों को भारत में ही रोक दिया। जब किसी समुदाय का प्रतिनिधि सिर्फ अपना हित देखता है तब वह निश्चय ही देश और समाज के हित की परवाह नहीं करता है। हिन्दू व्यक्ति के नस–नस में स्वार्थपरता ऐसी समाई है कि आज के दिन भी उसका प्रत्येक नेता अपने लिए देश और समाज को नष्ट करने पर तुला है।

आज मुस्लिम जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। मुस्लिम समुदाय उसे बढ़ाने के हर संभव उपाय में लगा हुआ है। जेहादी फर्ज की शिक्षा के लिए मदरसों की बाढ़ आ गई है। मुस्लिम देशों में भारत में जेहाद की तैयारी के लिए बेहिसाब दौलत झोंकी जा रही है। पड़ोसी पाकिस्तान का आई0एस0आई0 पूरे भारत में मुस्लिम मुहल्लों और ठिकानों में आधुनिकतम हथियारों के संग्रह में लगा हुआ है। "पाकिस्तान की आई0एस0आई0 की खतरनाक गतिविधियाँ" (प्रकाशक सांस्कृतिक गौरव संस्थान) और "आई0एस0आई0 का आतंक" लेखक राम नरेश सिंह (शिवा प्रकाशन, पटना)

जैसी पुस्तकों में इनकी गतिविधियों की विस्तार से चर्चा की गई है। मुजाहिदों (मुस्लिम लड़ाकों) के प्रशिक्षण की कार्रवाई चल रही है। मजहबी माँगें अब धीरे–धीरे बढ़ने लगी हैं। अलगाववादी मनोवृत्ति को बढ़ाने के लिए हवा दी जाने लगी है ताकि इसे उन्माद की हद तक पहुँचाया जा सके। मुसलमान अलग पहनावे, दाढियाँ रखने एवं पहचान के अलग ढंग अपनाने में सक्रियता दिखाने लगे हैं। मुस्लिम समाज की गतिविधि का केन्द्र बनाने हेतु मस्जिदों का विस्तार किया जा रहा है। हिन्दुओं पर दबदबा दिखाने के लिए लाउडस्पीकरों से अजान का शोर किया जाने लगा है। (अभी अभी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से इस पर रोक लगी है)। परिवार नियोजन को अस्वीकार कर दिया गया है। पाकिस्तान और बंगलादेश से घुसपैठ कराकर मुसलमानों की स्थाई बस्तियाँ बसाई जा रही हैं। तोड़–फोड़ और भीतरघात के लिए विस्फोटकों का प्रबंध हो रहा है। इसका प्रमाण है कि देश के विभिन्न भागों में विस्फोटक सामग्रियाँ उनसे ही पकड़ी जा रही हैं। देश के चुने हुए इलाकों जैसे असम, बंगाल, केरल आदि में मुस्लिम जनसंख्या का विस्तार कर उन्हें उपद्रव ग्रस्त क्षेत्र बनाने की कोशिश चल रही है।

कश्मीर घाटी से हिन्दुओं का सफाया किया जा चुका है। तीन लाख कश्मीरी अपने स्वतंत्र देश में, अपनी जमीन से बेदखल हो चुके हैं। उनकी जमीन, उनके बाग–बगीचे, उनके घर और उनकी लड़कियाँ छीनी जा चुकी हैं। उनके युवाओं का कत्ल हो चुका है। बापों ने अपनी आँखों के सामने अपनी बेटियों से बलात्कार होता देखा है। जेहादी, अत्याचार और उत्पीड़न के दिल दहलाने वाले किस्से हिन्दुओं को शर्म आने के लिए बताये जा रहे हैं। कुछ किस्से इस प्रकार हैं:–तीस–चालीस मुजाहिद पचास एकड़ सेव के बाग के मध्य में बने भवन में प्रवेश करते हैं। घर के सारे पुरुषों और महिलाओं को अपने कब्जे में लेते हैं। फिर गाय काट कर उनके घरों में मांस पकाते हैं, शराब पीते हैं। घर के सभी लोगों को बाहर निकाल कर एक घेरा में खड़ा करते हैं। उनकी लड़की को बीच में खींच लाते हैं, उसे नंगी करते हैं, फिर बलात्कार करते हैं। सबको इस क्रिया को देखने के लिए विवश करते हैं। जो देखने से आँख चुराता है उसको गोलियों से उड़ा देते हैं। एक, दो, तीन.....लाशें गिरती हैं। बलात्कार का क्रम चलता है। लड़कियों को उठा ले जाते हैं। बूढ़ी औरतों का स्तन काट कर उसके बूढ़े पति के साथ, घूमघूम कर इस्लाम की महिमा सुनाने के लिए, भेज देते हैं। हिन्दू सुनते हैं पर उनको परवाह नहीं, कोई चिन्ता नहीं, कोई शर्म नहीं। वे इससे ऊपर उठ चुके हैं। वे सेक्युलरवादी हो चुके हैं। वे विकृत मार्क्सवादी हो चुके हैं और वे शर्म को भी शर्मा चुके हैं। उनका स्वाभिमान मिट चुका है। वे संवेदनहीन हो चुके हैं, पैसा कमाने वाली मात्र मशीन। उन्हें अयोध्या काला दिवस लगता है। उन्हें ट्रेन में जिन्दा जलाये गये लोगों की घटना ड्रामा नजर आती है। उन्हें गुजरात दंगे से शर्म आती है। वे ट्रेन में जलाये लोगों को स्टोव से जला बताते हैं। उनका स्वाभिमान मर चुका है। उन्हें सिर्फ धन चाहिए। जज पैसा लेकर इच्छानुसार कोई जाँच प्रतिवेदन दे सकता है। राजनीतिज्ञ पद, पैसा और प्रभुत्व के लिए सब कुछ बेच सकता है। ईमान, धर्म, सिद्धांत, स्वाभिमान और देश को भी। धर्म के नाम पर देश

बँटवाने वाला उसे धर्मनिरपेक्ष लगता है। मुस्लिम वोट की महिमा के आगे सभी नत मस्तक हैं। इनमें होड़ लगी है। मुम्बई में बम फटते हैं और सैकड़ों हिन्दुओं के चिथड़े उड़ते हैं और सब चुप। फिदायीन हमले होते हैं। सब चुप। कश्मीर के विस्थापितों की समस्या पर सब चुप। लोग अक्षरधाम में भूँज दिये जाते हैं। सब चुप। वोट की खुशामद में शर्म को भी शर्माने वाले वक्तव्य देते हैं।

कश्मीर के बाद अब लद्दाख और जम्मू की ओर जेहाद बढ़ चला है। अब आसाम, बंगाल, बिहार और केरल में जिहाद शुरू होगा और कल पूरे देश में शुरू होगा। जो कश्मीर में हुआ, जो पंजाब, सिंध, बलूचिस्तान और बंगाल में हुआ, जो मालावार में मोपलों का जिहाद हुआ, जो इतिहास के लम्बे काल में होता रहा वही अब पूरे भारत में होने वाला है। बाज को देखकर कबूतर आँखे बन्द कर ले तो यह उसके लिए अच्छा ही है। इस्लाम विस्तार के लिए हिन्दुओं जैसा निकम्मा, नीच–स्वार्थी, लापरवाह, कायर, मूर्ख, असावधान और असंगठित दूसरा समुदाय कहाँ मिलेगा। इधर इस्लाम अपने विध्वंस और रक्तपात के जेहादी कर्तव्य से तनिक भी पीछे नहीं हटा है। अबतक कुछ नहीं बदला है। यदि कुछ बदला है तो यही कि वह कुछ और उग्र होकर उन्माद की ओर बढ़ गया है। तलवार की जगह बारूद, आर0डी0एक्स, मशीनगन, रॉकेट और अन्य अत्याधुनिक हथियार उनके हाथों में आ चुके हैं। अब बदला है तो यही कि उन्हें मदद देने के लिए पूरब और पश्चिम दो मुस्लिम देश, उनके जेहाद में कुमक पहुँचाने के लिए तैयार हो गये हैं। अब बदला है तो यही कि मुजाहिदीन ज्यादा प्रशिक्षित हो गये हैं।

उन्हें पैगम्बर के सुन्नत पालन का मार्ग याद है। अपने कार्यों और जेहादी गतिविधियों की गोपनीयता बनाये रखना, काफिरों को अपनी सही जानकारी न देना और उन्हें भ्रमित किये रखना। काफिरों की हर स्तर पर जासूसी करना, उनके हर आन्तरिक और बाह्य कार्यों में उनके साथ जुड़े रहना। मस्जिद को अपनी जेहादी कार्रवाई का केन्द्र बनाना। सभी सूचनाएँ वहाँ देना और निर्देश लेना। देश को दारुल हर्ब समझना और जब तक इस्लामी सत्ता न स्थापित हो जाय, अनेक रूपों में अनवरत चलने वाले जेहादी कार्य को आगे बढ़ाना, आदि।

काफिरों से उनका अकूत धन और उनकी सुन्दर औरतें देने का अल्लाह का वादा उन्हें याद है। जैसे-जैसे वह दिन निकट होता जा रहा है, ईमान वालों का उत्साह बढ़ कर मजहबी उन्माद में बदलता जा रहा है।

ब्रिगेडियर एस0 के0 मल्लिक, "कुरानिक कनसेप्ट ऑफ वार" में कहता है – जिहाद एक निरंतर कभी न समाप्त होने वाली जद्दो जहद है जो सभी मोर्चे पर लड़ी जाती है – राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, मानसिक, घरेलू, नैतिक और आध्यात्मिक मोर्चे पर जब तक कि ध्येय प्राप्त न हो जाय। इसका उद्देश्य इस्लामिक राज्य का सम्पूर्ण ध्येय प्राप्त करना है और सैनिक कूटनीति उस ध्येय को प्राप्त करने के लिए अनेक उपायों में से एक उपाय है। यह वैयक्तिक, सामुदायिक आन्तरिक और वाह्य सभी मोर्चों पर लड़ी जाती है।

अपने विरोधियों की, विशेषकर लेखकों, प्रकाशकों, कलाकारों, धर्मगुरुओं

आदि की "धोखाबाजी" से हत्या कराना। अशांति के सभी कर्म करना और स्वंय को शांति का पुजारी कहना। व्यापार में टैक्स चोरी, स्मगलिंग और दो नम्बरी सारे काम करना जिससे दारुल हर्ब देश कमजोर होकर शीघ्र ही इस्लाम द्वारा पराजित हो जाय। इस्लाम की सेवा में देशद्रोह की सभी कार्रवाई करना। काफिरों के कुछ व्यक्तियों और कुछ समूहों को मिलाकर उनके ही कुछ व्यक्तियों और कुछ समूहों के लोगों में झगड़ा कराना, उनकी हत्याएँ कराना और उनका नाश कराना। उनकी औरतों को जीत कर बीवियाँ या लौंडियाँ बनाना। जैसा पैगम्बर और सभी सुल्तानों, सेनापतियों, नवाबों आदि ने किया। आज थोड़ा रूप बदलकर, फुसला–बहला, लोभ, लालच, छल–कपट से उनकी लड़कियों को अपहरित कर पूरे समुदाय को अपमान और निम्नता का एहसास कराना और अपना निरंतर विस्तार जारी रखना। किसी स्थान पर जा कर वहाँ कुछ को मिलाना, कुछ को शत्रु बनाना और धीरे–धीरे लड़ाई करते कराते वहाँ के मूल निवासियों को हटा कर कब्जा कर लेना जैसा मुस्लिम बस्तियों के विस्तार के लिए बंगलादेशियों द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से किया जा रहा है; ताकि इस्लामी सत्ता स्थापित की जा सके, शरीयत कानून लागू किया जा सके और अल्लाह का राज दारुल इस्लाम बनाया जा सके। यही सुन्नते रसूल है। इसके लिए मुसलमानों को उभाड़ना और जेहाद के लिए आह्वान करना, फिर युवाओं की हत्या, कत्लेआम, खून की दरिया, धन की लूट, खेतों–महलों पर कब्जा, जवान औरतों, बच्चों पर कब्जा और भारत का सम्पूर्ण इस्लामीकरण। आगे, भविष्य का यही दृश्य है। इसे और भी स्पष्ट करने वाली एक कविता है –

जेहाद के अभियान में जत्था मुजाहिद मोमिनों का जब चलेगा,
ध्वस्त होंगे महल तेरे, कत्ल सारे नौजवानों का,
आज हो बेचैन जिस धन के लिए, सब लुट चुकेगा,
बेटियों, बहुओं और बहनों से निकाहें हो चुकेंगी कातिलों का।।
अर्थ अर्जन और संग्रह की पिपासा तृप्त भी होने न पायेगी कि तुम,
चिर–शांत होगे, देख अपनी आँख से विध्वंश अपने प्रियजनों का,
सांत्वना के हेतु भी जीवित न कोई शेष होगा, और जो होगा अगर
धर्मान्तरित होगा, विवश, खा मांस गो का।।
हिन्दुओं ! इतिहांस से सीखो, जरा सोचो, हजारों साल से,
बन पद दलित हमलावरों का, गौरव हीन औ श्रीहीन हो कर,
हत्या, लूट, उत्पीड़न, गुलामी, अपहरण, व्यभिचार, अत्याचार
'औ' अपमान सहकर
जीना भी बकरियों, भेंड़, कुत्तों, गीदड़ों सा और क्यों कर ।।
त्याग सब कमजोरियाँ, हो संगठित औ सबल, धारण तेज कर, उत्साह,
साहस, जोश में, हो आत्म बलिदानी, कुलिश सम, शत्रु संहारक बनोगे ?
कहो तुम क्या करोगे ?

हिन्दुओं को इन सब फिजूल बातों पर ध्यान देने का कहाँ समय है ? हिन्दू समाज के सिर और हिन्दू समाज के मार्गदर्शक बेसिर और दिक्भ्रमित हो चुके हैं।

धर्मगुरू को नहीं मालूम कि धर्म क्या है ? संतों की साधना सुन्दर शाही सदनों में सद्गति प्राप्त कर रही है। धर्मोपदेशक धर्म के व्यवसाय में जुटे हैं। पंडित, कथा–वाचक, ज्योतिषी, पंड़े, पुरोहित सब अलग–अलग धर्म की चिता पर रोटियाँ सेंक रहे हैं। नये देवी–देवताओं का जन्म हो रहा है। पुराने विस्मृत हो रहे हैं। पूरा समाज अंध विश्वास में भटक रहा है। हिन्दू समाज के सभी धर्माचार्य संयुक्त रूप से विचार कर, कोई सर्वसम्मत मार्ग निकालने, जिसमें पूजा–पाठ, कर्मकाण्ड, संस्कार, सामाजिक जातीय व्यवस्था और हिन्दू धर्म में पुनः वापस लेने का विधान शामिल हो, से बिल्कुल दूर और सामाजिक हित की चिन्ता से बेखबर अपने में मग्न हैं। वे धर्माचार्य के कर्तव्य से च्युत हो चुके हैं।

राजनेता का धर्म एक मात्र सत्ता प्राप्ति तक सिमट चुका है। सत्ता का धर्म विस्मृत हो चुका है। "समुदायों के घोषित अन्यायपूर्ण विधानों" को नियंत्रित करने, रोकने या मिटाने के सत्ता के कर्तव्य से वे दूर का भी संबंध नहीं रखते। सत्ता प्राप्ति के लिए वोट की शक्ति के सामने एक इशारे पर नृत्य कर रहे हैं। सभी के सभी, तरह–तरह के लुभावने नृत्य करने में जुटे हैं। लेकिन वोट का मालिक नृत्य से संतुष्ट नहीं है, उसे तो नर्तकी का जिस्म भी चाहिए और ताज भी। नर्तकियाँ अब उसके लिए भी प्रस्ताव देने की होड़ लगा रही हैं ताकि महारानी की ताज उसे ही मिल जाय। राजनीति से न्याय और नैतिकता की विदाई हो चुकी है। इनमें किसी से कोई उम्मीद व्यर्थ है।

समाज के मालदार वर्ग, राजनेताओं के अलावा सरकारों के बड़े–बड़े नौकरशाह, व्यापारी, उद्योगपति, धनोपार्जन के काम में इतना व्यस्त हैं कि उन्हें दूसरा कुछ भी सोचना नहीं है। पेशेवर लोग और सरकारी–गैर सरकारी अधिकारी–कर्मचारी सभी अपने–अपने काम में व्यस्त हैं। किसान, मजदूर, कारीगर आदि जीविका जुटाने में लगे हैं। भविष्य का विध्वंस उन्हें नहीं सूझ रहा है। सबसे बढ़कर उनकी स्थिति सोचनीय होगी जो दोनों हाथ से धन बटोरने में लगे हैं। उन्हें क्या पता कि उनका यही धन उनके बाल–बच्चों का नाश कराने वाला है।

ये बातें कुछ लोगों को हल्की और हास्यास्पद लगेंगी क्योंकि मनुष्य–प्रकृति की यही विशेषता है। जब किसी उपेक्षित समस्या की ओर उनका ध्यान दिलाया जाता है तब वे उसका उपहास करते हैं; लेकिन उनकी उपेक्षा और मतिहीनता से जब समय निकल जाता है, तो पश्चाताप करते हैं। आज हिन्दू समाज की यही स्थिति है। नवयुवक और विद्यार्थी, मिश्र–संस्कृति के उन्नयन हेतु बनाई गई पाठ्य–पुस्तकों से शिक्षा ग्रहण कर तथ्यों और सच्चाई से अनभिज्ञ हैं। सबसे भयानक स्थिति, पूरे समाज के स्वार्थी और आत्मकेन्द्रित बन जाने के कारण उत्पन्न हुई है, जिसने समाज की नैतिक दृष्टि को भ्रष्ट बना दिया है।

पूरे हिन्दू समाज को एक इकाई में संगठित करने के बदले हिन्दू समाज में प्रत्येक जाति के लोग जातीय संगठन बना कर समाज को बाँटने का बड़ा ही स्थाई खतरनाक खेल खेल रहे हैं। उन्हें सामाजिक प्रचार और प्रभुत्व प्राप्ति से सत्ता में

भागीदारी की कुछ संभावना भले ही नजर आती हो लेकिन दीर्घ कालिक हिन्दू हित का नाश वे किस सीमा तक करते हैं, इसका आकलन करने का तनिक भी कष्ट नहीं उठाते। इसका परिणाम बहुत विनाशक और आत्मघाती होगा। अगर हिन्दू समाज शीघ्र चेत कर उचित मार्ग पर तेजी से नहीं बढता है तो आने वाली पीढी को उनकी लापरवाही का पाप झेलना पड़ेगा, जैसा अभी कश्मीरी पंडितों के वंशजों को झेलना पड़ा है।

हिन्दुओं मानो न मानो, हो खड़े तुम पतन के जिस आखिरी सोपान पर,
भविष्यत काल की हो कालिमा से बेखबर,
नष्ट होने से तेरे अस्तित्व को, सकता न है कोई बचा,
यूँ ही अगर चलते रहे, खो दूर दृष्टि मूढ बन कर.
स्वार्थान्ध, अति निकृष्ट, मतवालों दिवानों, पागलों सा,
दौलत हेतु बन विक्षिप्त व्याकुल,
और धरकर रूप, गृद्धों, श्वान की पशुवृत्ति का,
छल–कपट षड्यंत्र, छीना झपट, बेईमानी ठगी से,
त्याग नैतिक, श्रेष्ठ मानव मूल्य "औ" सद्वृत्ति का,
प्रेम, शिष्टाचार, अनुशासन, विनत–व्यवहार, आदर श्रेष्ठ जन का त्याग,
विकृत, भ्रष्ट, धन के लोभ से हो बन रहे,
नियति को सौंप, गौरव भूल, खोकर तेज, बन असहाय, निर्बल मेमनों सा
आत्म–हत्या हेतु उद्यत, एकता खोकर, कलह में सन रहे,
स्वजन, सम्पत्ति, संस्कृति, न्याय, रक्षा हेतु, जन–जन को जगा, कर संगठित
शस्त्रास्त्र कर धारण, मिटाने दनुजता का धर्म निज पालन करोगे ?
कहो तुम क्या करोगे ?
न्याय, शांति, स्वतंत्रता को छीनने है आ रही बढ़कर दनुजता सामने
सहस्रों साल से ही, अनगिनत निर्दोष मानव का वधिक,
कहती हुई काफिर तुम्हें, लूटती सर्वस्व, माँ, बहन, बेटी–बहू को रौंदती
धन, धर्म, संस्कृति, श्रेष्ठ मानव मूल्य को मिट्टी मिलाती आज तक।
पाखण्डी मजहबी जुनून के उन्माद में विध्वंस को कुछ और भी
वीभत्स करती, "औ" यहाँ अवदार्य और सहिष्णुता कादर्य का पर्याय बन
तप्त हिन्दू रक्त को शीतल बनाती।
प्रसंगातीत मूल्यों की तिलांजलि दे, नसों में
तप्त नूतन रक्त का संचार क्या अब तुम करोगे ?
कहो तुम क्या करोगे ?
एक छोटे से इलाके में, जहाँ पर सबल हिन्दू फौज रक्षा में लगी है क्या हुआ?
रोंगटे कम्पित, कभी बेहद उबलता रक्त है, सुनकर वहाँ जो हो रहा, जो कुछ हुआ।
मुजाहिद उग्रवादी नाम से हिन्दू घरों में गोलियों से भूँजते, बच्चों, जवानों को,

लाशें चीर कर हैं टाँग देते डालियों में पेड़ के, हिन्दू दिलों में डालने आतंक को,
लूट कर सम्पत्ति सारी तेरी माँओं के स्तन काटते, फिर विवश, मूर्छित बेटियों
बहुओं को तेरी, रेप करते हैं पिता के सामने,
फिर अपहरित करते उन्हें, उनके घरों को फूँक कर।
आज स्तनहीन पत्नी साथ बूढ़ा, स्मृति के डंक से पीड़ित, पड़ा है शिविर में
सर्वस्व खो, निज देश में।
कहो तुम क्या करोगे ?

◆

7. हिन्दू पराजय का कारण

हिन्दू इतिहास पराजय की लम्बी कहानी है। इस ऐतिहासिक सत्य की, तथ्यों के आलोक में, गहनतम एवं सूक्ष्मतम विवेचन द्वारा कारणों का पता लगाना हिन्दू समुदाय का प्रथम कर्तव्य था। जिन कमजोरियों के कारण हिन्दू सदा हारते रहे, उनका पता लगाना और उनमें सुधार करना हिन्दुओं ने कभी सीखा ही नहीं। इसलिए विजय के लिए आवश्यक शर्तों की न पूर्ति हो सकी और न जीत हो सकी। सिलसिला आज तक चला आ रहा है।

ऐ हिन्दुओं ! क्या कभी ठहर कर जरा भी सोचने की चेष्टा की कि हारते–मिटते, सिमट कर दुनिया के छोटे से भूभाग में ही शेष बचे हो। चारों ओर से, तुम पर, तुम्हारा अस्तित्व ही मिटा डालने के लिए प्रहार जारी है। इस्लाम और ईसाइयत सोची समझी रणनीति के तहत विभिन्न तरीकों से अपना विस्तार कर रहे हैं। प्रतिदिन तुम्हारी जनसंख्या सिमटती जा रही है। तुम्हारी तुलना में वे दोनों शामी मजहब दिन दूनी रात चौगुनी अपनी वृद्धि करते जा रहे हैं। वह समय बहुत दूर नहीं जब इस अन्तिम भूभाग से भी तुम्हारा अन्त हो जायेगा, अगर तुम इसी प्रकार बेखबर निश्चेष्ट बने रहे।

जो भी राष्ट्रीय समुदाय इतिहास से शिक्षा ग्रहण नहीं करता और उसके आलोक में अपनी वर्तमान परिस्थितियों में सुधार हेतु प्रयास नहीं करता उसका निश्चित अंत होता है।

तुम्हारे पूर्वजों ने यही किया है और तुम यही कर रहे हो। क्या तुम नहीं जानते कि संसार में सिर्फ वे ही बचते हैं जो जीवन की परिस्थितियों के सबसे अनुकूल होते हैं। इस परिवर्तनशील जगत में जो लोग बदलाव के साथ–साथ स्वंय को नहीं बदलते बल्कि अतीत में ही उलझे रहते हैं, अतीत के स्थापित मूल्यों में ही पूर्णत्व की तुष्टि पाने लगते हैं वे पीछे, बहुत पीछे छूट जाते हैं और समय की तेज चाल में पिस कर तहस-नहस हो जाते हैं।

इतिहास में अपनी पराजयों की समीक्षा नहीं करने, अपनी कमजोरियों का पता नहीं लगाने और पता लगा कर अपनी कमजोरियों को मिटाने का प्रयास नहीं करने के कारण ही तुम नष्ट होते जा रहे हो।

एक समय था जब अरब के रेगिस्तानों में यही आर्य संस्कृति फूल फल रही थी। मक्का में मक्केश्वर नाथ का भव्य मंदिर काबा बन गया और आर्य मुसलमान बनने पर विवश हो गये। इराक के ब्राह्मणों का सफाया हो गया। अफगानिस्तान में आर्य संस्कृति का नामोंनिशान नहीं बचा। दक्षिण पूर्व एशिया के इण्डोनेशिया, मलेशिया, फिलिपिंस, सुमात्रा, जावा जो कभी आर्य संस्कृति के केन्द्र हुआ करते थे इस्लाम के हाथों पराजित हो चुके हैं। आज वहाँ के रहने वाले इस्लामी परेड में दीक्षित और उसके एडिक्ट हो चुके हैं। भारतीय भूभाग के एक तिहाई भाग, पाकिस्तान और बंगलादेश में इस्लामी झंडा गड़ चुका है। वहाँ के रहने वाले हिन्दुओं

को मुसलमान बनने को विवश होना पड़ा। खुद भारत के अंदर ही कश्मीर प्रान्त से हिन्दुओं को या तो भागना पड़ा या धर्मान्तरित होना पड़ा या मर–कट कर समाप्त हो जाना पड़ा। कश्मीर घाटी से हिन्दुओं का सफाया कर लेने के बाद उसके जम्मू और लद्दाख क्षेत्र में हिन्दुओं और बौद्धों की भी वही स्थिति होनेवाली है जो कश्मीर के हिन्दुओं की हो चुकी है। भारत के अनेक प्रान्तों में बहुत से जिले मुस्लिम बहुल हो चुके हैं। आसाम, बंगाल और बिहार के पूर्वी जिलों में बंगलादेश से घुसपैठ करा कर मुस्लिम आबादी बढ़ा ली गई है। कुछ ही दिनों में वहाँ की स्थिति भी कश्मीर जैसी ही होने वाली है। इसके अलावा ईसाई भी धोखाधड़ी, छल–कपट, शिक्षा, इलाज, आर्थिक मदद आदि के नाम पर समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को फँसा कर ईसाई बनाते जा रहे हैं। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे नागालैण्ड, मेघालय, मणिपुर, असम, गोवा, केरल, तमिलनाडु के अलावा पूरे देश में ही ईसाई मिशनरियों का जाल फैल चुका है और अबाध धर्मान्तरण की प्रक्रिया जारी है। बंगलादेश में अभी भी रह रहे थोड़े से हिन्दुओं पर इस्लामी कहर जारी है। वहाँ से भाग–भाग कर हिन्दू हिन्दुस्तान में शरण लेने के लिए लगातार आते जा रहे हैं। अभी बगल में ही हिन्दू बहुमत वाले भारत देश में स्वंय को हिन्दू हितों का रक्षक कहने वाली सरकार चुपचाप तमाशा देख रही है। कोई हिन्दू संगठन या स्वंयसेवी संस्था की ओर से, समाचार पत्रों, टी0वी0, रेडियो कहीं से भी इसकी ओर न ध्यान दिया जाता है और न ही शोर मचाया जाता है। वह हिन्दू हितों की रक्षक सरकार वास्तव में संपूर्ण हिन्दू समुदाय की मानसिकता का ही प्रतिनिधित्व करती है। यह वही मानसिकता है जिसके कारण सहस्रों वर्ष से हिन्दू हारता और मिटता हुआ अपने संपूर्ण विनाश की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

हिन्दुओं ! अब भी तो चेतो। अभी भी समय पूरी तरह हाथ से निकला नहीं है। अभी भी समय शेष है। अभी भी अपने को संकट से उबारने का अवसर गया नहीं है। लेकिन अब तनिक भी देर हुई तो अंत हो कर ही रहेगा।

कैसा दुर्भाग्य है! न तो तुम्हारे पूर्वजों ने दूर दृष्टि रखी और न ही तुम्हीं दृष्टि खोल रहे हो। जब मनुष्य आत्म केन्द्रित होकर सिर्फ अपने और अपने परिवार के हितों तक ही सिमट जाता है और अपने समाज के हित की ओर ध्यान नहीं देता, तब उस समाज का नाश हो जाता है और समाज के साथ व्यक्ति का अस्तित्व भी समाप्त हो जाता है। तुम उसी स्वार्थ की पशुवृत्ति मार्ग का अनुसरण करते हुए स्वयं में सिमट कर विनाश को आमंत्रित कर रहे हो।

तुम अपने धार्मिक और मानवीय कर्तव्य से च्युत हो चुके हो। क्या वैदिक काल में भी तुम वही थे जो मध्य काल में हो चुके और जो आज बन चुके हो ? क्या तुम्हारे प्राचीन पूर्वजों ने विजीगिषु जीवनवाद को स्वीकार कर पूरे विश्व में आर्य संस्कृति का प्रचार नहीं किया था ? विश्व के दूर–दूर के देशों में आज आर्य संस्कृति के जो चिन्ह दिखाई पड़ते हैं क्या तुम्हारे पूर्वजों के संस्कृति विस्तार की अनन्य कामना और अनवरत उद्योग का फल नहीं था ? किन्तु उत्थान के बाद पतन का काल आता है। पूर्वजों ने जिस गौरव का सृजन किया था तुम उस मार्ग से भटकने लगे। स्वार्थ और भोग की ओर मुड़ कर संस्कृति की तेजधार को कुंद कर दिया। क्या त्याग

और समर्पण के बिना भी कोई उत्थान कर सकता है ? किन्तु त्याग और समर्पण की जगह स्वार्थ और भोग को चुन कर ही अपने अस्तित्व को मिटाने की ओर तुम तेजी से बढ़ रहे हो।

मुसलमानों के मौलवी, मुफ्ती आदि उलेमा तथा ईसाइयों के फादर आदि धर्मगुरू सभी अपने–अपने मजहबों के विस्तार के उपाय में लगे हैं। उनके राजनीतिक नेता मजहबी उद्देश्य और उसके लाभ के लिए सदा सक्रिय रहते हैं। सरकार पर और राजनीतिक दलों पर दबाव डालकर अपनी शक्ति विस्तार की कार्रवाई में कभी नहीं चूकते। इतिहास में शायद ही कोई अवसर आया हो जब ये अपने समुदाय, मजहब या राष्ट्रीय उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भरपूर प्रयास न किये हों। यहाँ तक कि अपने और अपने परिवार के हितों की हानि भी समुदाय के हित के लिए करते रहे हैं।

लेकिन तुम्हारे नेता, तुम्हारे शासक कितने कमजोर, कितना स्वाभिमानहीन, कितना ना समझ और कितना स्वार्थी हैं, यह रोज–रोज के क्रिया कलापों में साफ दिखाई देता है। जिस राष्ट्रीय समुदाय के प्रतिनिधि इतना संकल्पहीन और दिग्भ्रमित हों उसका कल्याण कैसे संभव है। वास्तव में जिस नैतिक पतन का शिकार पूरा हिन्दू समाज हो चुका है उसी का ये राजनेता प्रतिनिधित्व करते हैं। सिर्फ राजनेताओं को दोष देकर अपनी संपूर्ण गिरावट से आँखें चुराते रहने से हिन्दू समाज का कल्याण नहीं हो सकता। इस बात की समीक्षा करनी पड़ेगी कि इतनी गिरावट का मौलिक कारण क्या है। किन्तु अपनी कमजोरियों की पड़ताल करने की जगह हर हिन्दू अपने प्राचीन पूर्वजों के गौरव का मात्र गीत गा–गा कर आत्मतुष्टि में भूला रहता है।

तुम्हारे धर्मगुरू हिन्दू समाज पर आसन्न संकट की ओर से उसी प्रकार उदासीन हैं जैसे राजनेता। यह कहने में तनिक संकोच की आवश्यकता नहीं है कि कुछ को छोड़कर ये धर्मगुरू ही हिन्दू समाज को स्वार्थी और आत्म केन्द्रित बनाते रहे हैं। समय के बदलते परिदृश्य से तालमेल बिठा कर जीवन के सत्य से साक्षात्कार कराने के अपने कर्तव्य से ये बिल्कुल ही अलग थलग रहे हैं। आज भी अन्तर्मुखी हिन्दू समाज की वाह्य आक्रमणों से सुरक्षा एंव शत्रुओं के विनाश के लिए धर्म सिद्धांत का सम्बल प्रदान करने में ये शत प्रतिशत विफल रहे हैं। वास्तविकता यह है कि संसार को माया और भ्रम बता कर, भाग्यवाद का झूठा सिद्धांत गढ़ कर कर्म की तीव्रता की धार को कुंद करते रहे हैं। जप, तप, व्रत, तीर्थ, उपासना, दर्शन, पूजा–पाठ, भजन, मोक्ष, स्वर्ग, नरक, आत्मा–परमात्मा आदि विषयों के महत्व में उलझा कर, पारलौकिक जीवन में व्यक्तिगत लाभ तक सीमित रखने से लौकिक जीवन में भी, व्यक्तिगत स्वार्थ तक संपूर्ण समाज की सोच बन गई।

पारलौकिक जीवन से संबंधित सिद्धांतों का लौकिक जीवन के उत्थान में नाम मात्र का ही प्रभाव हुआ। वे वैदिक काल के धर्म सिद्धांतों का लौकिक कर्म के लिए प्रेरणा के मूल स्रोत के रूप में इस्तेमाल से भटक गये। बाद में विकसित पुरोहिती कर्म द्वारा जीविका अर्जन के लिए निर्मित, धार्मिक विधि विधानों में उलझ जाने के कारण भरपूर विकृति एवं कमजोरी पैदा हुई। हिन्दू समाज अन्याय और अधर्म के विरुद्ध वीरतापूर्ण सशस्त्र संघर्ष के अपने न्यायोचित कर्तव्य से विमुख हो गया। इसका

परिणाम हुआ कि वह धीरे–धीरे कायर बन गया। सर्वाधिक महत्वपूर्ण ग्रंथ श्रीमद्भागवदगीता में अर्जुन को, श्री कृष्ण के 'अन्याय और अधर्म' के विरुद्ध युद्ध करने के उपदेश का, बाद के काल में, सामयिक व्याख्या द्वारा, हिन्दू समाज में जान फूँकने हेतु, धर्म गुरुओं द्वारा कोई प्रयास नहीं हुआ। हिन्दू समाज 'क्षमा वीरस्य भूषणम्' के सैद्धांतिक आवरण से अपने को ढँक कर अपनी कायरता में ही तुष्टि पाने लगा। "संगठन ही बल है" के ऋगवेद के महान मंत्र 'सं गच्छध्वं सं वदध्वं सं ओ मनान्सि जानताम्' की कहीं चर्चा तक होनी बन्द हो गई। छुआछूत, जात–पाँत, ऊँच–नीच जैसी बुराइयों के विरुद्ध जोरदार आक्रमण करने के बदले उनको चुपचाप फलने–फूलने दिया गया। जिससे समाज में विघटन, ईर्ष्या और वैमनस्य का बोलबाला हो गया। हिन्दू जनता का मार्गदर्शन करने के बदले धर्मगुरू उनके अनुरूप, अपने को और अपने सिद्धांतों को ढालने लगे। उनका ध्यान इस बात पर केन्द्रित होता गया कि उनको प्रतिष्ठा देने वाली जनता उनके उपदेशों से नाराज न हो जाय। पूरे समाज के हित के लिए आवश्यक कटु बातों से बचने लगे। इनके द्वारा, हिन्दू समाज की सर्वाधिक हानिकर जाति व्यवस्था पर कभी सीधा प्रहार नहीं किया गया। ऊँच–नीच और छुआछूत की विकृति से पूर्ण जन्मना जाति व्यवस्था को मिटानेके लिए प्राचीन साहित्य के प्रमाणों द्वारा समाज को जागृत करने के विपरीत ये स्वयं ही उन बुराइयों का सहभागी बने रहे। उन्हें भय था और आज भी वही स्थिति है कि कहीं नाराज हो कर उनका मान–सम्मान और दान–दक्षिणा देना वे बन्द न कर दें। इसके अलावा सच्चाई यह है कि वे स्वयं भी सैद्धांतिक संसार में अपने को उतना नहीं उठा सके जितना जनता के मार्ग दर्शन हेतु विद्वत्ता और त्याग की आवश्यकता होती है। जब धर्मगुरू विद्वान की जगह अविद्वान और त्यागी की जगह भोगी बन जायँ तब उनसे मार्ग दर्शन प्राप्त करने वाली जनता का जो स्तर होना चाहिए वही हिन्दुओं का हो चुका है। वास्तव में, पारलौकिक जीवन और आध्यात्मिक दुनिया में सैर कराने वाले इन लोगों में अधिकांश ने लौकिक जीवन में भोग और आनन्द के लिए इसे व्यवसाय बना डाला है। उनके लिए पूरे समाज के कल्याण की कोई योजना नहीं है जिसमें वाह्य आक्रमणों से सुरक्षा और उत्थान शामिल हो। उनके आश्रम, पर्वतीय विश्राम गृहों और आधुनिकतम सुविधाओं से सज्जित मात्र लौकिक भोग के स्थल बने हुए हैं। विडंबना यह कि सभी साधन भक्तों द्वारा दिये गये दान से प्राप्त होते हैं। इनमें अलौकिक दिव्य शक्ति का विश्वास और उस शक्ति से लाभ की आशा, भक्तों को दान दक्षिणा देने के लिए प्रेरित करती है। यद्यपि इनके अपने चमत्कारों से भौतिक साधन पैदा होते हुए कभी नहीं देखा गया जिसका उपभोग कर वे सिर्फ अपनी ही जीविका चला पाते। वे सदा दूसरों की कमाई पर ही आश्रित रहे हैं।

मध्य काल से मुस्लिम आक्रमणों का, अत्याचार–अनाचार का, लूट और कत्ल का, बलात्कार और अपहरण का तथा बलात् धर्मान्तरण का जो दौर शुरू हुआ वह चलता ही गया। हिन्दू समाज पर आई इस घोर विपत्ति से ये धर्माचार्य बेखबर बने रहे। हिन्दू समाज से उनकी मात्र अपेक्षा मान सम्मान और दान दक्षिणा की रही। उनका, जैसे समाज के प्रति कोई दायित्व न हो। वे अन्तर्मुखी, आत्म केन्द्रित बने रहे।

मूर्तियों को अपवित्र किया गया। मंदिरों को धराशायी किया गया। पुस्तकालयों और कला मंदिरों को जला डाला गया। लेकिन हिन्दू धर्मगुरू अपने में ही मस्त रहे। तपस्या, साधना, आत्मज्ञान, दिव्य–शक्ति और न जाने किन–किन विशेषताओं का दावा करने वाले कर्महीन बने रहे। समाज के लिए अनुपयुक्त बल्कि शोषक बने रहे, इनसे समाज का कोई लाभ न हो सका। जिससे समाज का कोई लाभ न हो वह उसका पूज्य नहीं हो सकता।

यह कितना नीचतापूर्ण व्यवहार था कि अपने ही भाई बन्धु मुस्लिम आक्रमणकारियों के अत्याचार से विपत्तियों में पिसकर, हृदय को विदीर्ण करने वाले दुःखों और अपमान को सहकर अपने समुदाय से टूट कर विलग हो रहे थे और समुदाय के गुरू और धर्म के ठेकेदार उनका साथ देने, उनके घावों पर मरहम लगाने, उन्हें प्यार से पुनः अपना बनाने के बदले उन्हें दुत्कार कर अपनी श्रेष्ठता दिखा रहे थे। उन्हें जाति बहिष्कृत और अछूत बना रहे थे। उन पीड़ित बान्धवों के लिए आखिर अब कौन सा मार्ग रह गया था। मुस्लिम समुदाय का हिस्सा बन कर उनकी संस्कृति को अपनाने के अतिरिक्त वे कर ही क्या सकते थे।

और अब, जबकि वे संगठित शक्ति बन कर इन तथाकथित श्रेष्ठ लोगों के संपूर्ण विनाश की तैयारी में जुट गये हैं; तब भी इनमें न बुद्धि उपजती है, न विवेक जागृत होता है। पलायनवादी नीच वृत्ति का मोह भंग होता कहीं नहीं दिखता है। इन धर्माचार्यों का तो यह कर्तव्य था कि समाज पर आई विपत्ति का गहन अध्ययन करते। कमियों को ढूँढते उसको दूर करने के लिए लोगों को प्रेरित करते, बिछुड़े हुओं को अपनाते, किंतु वैसा कुछ भी नहीं किया। मध्यकाल से आज तक वही स्थिति बनी हुई है। इनकी दिव्य शक्ति के भ्रम जाल में पड़ा हुआ सम्पूर्ण हिन्दू समाज कर्महीन और कायर बन कर मिटता जा रहा है और इनका व्यवसाय ज्यों का त्यों चल रहा है। जनता को दिये जाने वाले उपदेशों में वही पारम्परिक शास्त्रीय ज्ञान होता है। मध्यकाल की दुःखद परिस्थितियों की समीक्षा करने के बदले प्राचीन काल की परिस्थितियों का शास्त्रीय ज्ञान पिलाना ज्यादा आसान लगता है। उस गौरवशाली अतीत के ज्ञान से भटक कर आधुनिक समाज की ज्ञान पिपासा तृप्त करने की नाकाम कोशिश चल रही है। क्योंकि सदियों की बनी बनाई लीक पर चलना सरल लगता है। समय की माँग के अनुसार शास्त्रीय ज्ञान को ढालना, लगता है, न तो इनके वश की बात है और न वैसा करना इनका उद्देश्य ही है।

हिन्दू नाम के राष्ट्रीय समुदाय की समाप्ति की जो परिस्थितियाँ बनी हुई हैं उनकी पहचान कर और उनको मिटा कर अपनी सुरक्षा के लिए शक्ति प्राप्त करने हेतु कोई उपाय होता दिखाई नहीं दे रहा है। कुछ हिन्दूवादी संगठन नाम मात्र को इस दिशा में प्रयासरत हैं। उनके कार्यों के स्वरूप और उसकी परिमाणात्मक उपलब्धियों पर ध्यान देने से ऐसा लगता है कि इनके कार्य मात्र औपचारिक हैं। इनका कोई तीक्ष्ण निर्णायक महत्व नहीं है जो संकट की दिशा को मोड़ सके। जब तक हिन्दू समाज चेतेगा तब तक बहुत देर हो चुकी होगी और तब आत्मरक्षा के लिए किये गये सारे प्रयास अपर्याप्त और निरर्थक साबित होंगे। इसलिए आवश्यकता इस बात की है

कि धर्मगुरू अपने कर्तव्य को समझें। वे मात्र रामायण, महाभारत, पुराणों एवं अन्य प्राचीन हिन्दू धर्मग्रंथों से किस्सा–कहानियाँ सुनाकर, लोगों की भावनाओं का शोषण न करें। हिन्दू समाज को उस प्राचीन वातावरण से निकाल कर आधुनिक परिस्थितियों पर गंभीरता से विचार करने और उनसे निपटने के लिए मानसिक रूप से तैयार करें।

उन्हें यह बताना चाहिए कि 712 ई0 में मुहम्मद बिन कासिम द्वारा भारत विजय के अभियानों की शुरुआत के बाद से आज तक उनका किस प्रकार विनाश होता रहा है। किस प्रकार मुसलमानों ने अपनी मजहबी जेहादी कार्रवाइयों में हिन्दुओं की सामूहिक हत्याएँ कीं। उनकी सुन्दर औरतों को चुनचुन कर अपने भोग का शिकार बनाया। अपनी रखैलें बनाया। उनको लाखों की संख्या में गुलाम बना कर गजनी आदि मुस्लिम बाजारों में मुसलमानों के भोग की सामग्री के रूप में बेचा। किस प्रकार पूर्वजों और स्वंय की कमाई सारी सम्पत्ति छीन ली गयी। असंगठित हिन्दू किस प्रकार भेंड़ बकरियों की तरह काटे गये। असंगठित और असहाय गुलामों के रूप में मुसलमान मालिकों का लथेर बने रहे। किस प्रकार हिन्दू, अपनी मूर्तियों को पूजने और उनकी कृपा से अपनी सुरक्षा का मूर्खतापूर्ण भ्रम पाले रहे और लाखों की संख्या में काटे गये। किस प्रकार मंदिरों को तोड़कर धराशायी किया गया और मूर्तियों को खण्डित कर मस्जिदों की सीढ़ियों में जोड़ दिया गया ताकि मुसलमान उस पर चढ़कर हिन्दुओं और उनके देवी–देवताओं की औकात बतावें। किस प्रकार हिन्दू विवश और श्रीहीन होकर जीवन गुजारते रहे। किस प्रकार मोपले मुसलमानों द्वारा मालावार में और देश विभाजन के समय पंजाब और बंगाल में हिन्दुओं का कत्लेआम हुआ। किस प्रकार अभी-अभी कश्मीर के हिन्दुओं पर वही अत्याचार कर उनका सफाया कर दिया गया। किस प्रकार बंगलादेश के हिन्दुओं पर आज अत्याचार हो रहा है। भारत में किस प्रकार हिन्दुओं की जनसंख्या सिमटती जा रही है। पड़ोसी मुस्लिम देशों के भीतरघात और मदद से भारत के ही जेहादी मुसलमान किस प्रकार पूरे हिन्दू समुदाय को मारकाट कर मुसलमान बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। जनसंख्या विस्तार, मुजाहिदीनों का प्रशिक्षण और अवैध हथियारों का संग्रह पूरे भारत में अबाध चल रहा है। राजनीतिज्ञ, गाँधी–नेहरू के सर्वनाशी बुरे मार्ग से भी आगे बढ़ कर हिन्दू विनाश की तैयारी में सहयोगी बने हुए हैं।

साधू–महात्मा और गुरू आध्यात्मिक व्यवसाय में जुटे हैं और सामान्य जनता उनके उपदेशों से लाभ उठा कर लोक–परलोक सँवारने में लगी है। हिन्दू समाज को जागृत करने, सतर्क करने और संगठित होकर परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करने के बदले जब धर्मगुरू पूरे समाज की भावनाओं का शोषण कर भोगवादी बन जायँ तो इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। पूरे समाज को सिर्फ पौराणिक कथाओं और पांथिक कर्मकाण्डों में उलझा कर रखना तो परोक्ष रूप से शत्रुओं से भी ज्यादा हानि करने के समान है।

जब भारत मुसलमानों के क्रूरतापूर्ण, बर्बर और हैवानियत से भरे आक्रमणों को झेल रहा था, जब पूरा देश अस्त व्यस्त और लहू–लुहान हो रहा था और चारों ओर हाहाकार मचा हुआ था तब हिन्दू समाज के धर्माचार्य हिन्दू समाज को संगठित

करने, शासकों में तालमेल और संधि कराने और संगठित शक्ति द्वारा शत्रुओं को अन्तिम रूप से मिटा डालने तक युद्ध हेतु प्रेरित करते रहने के विपरीत, स्वयं कायरों की भाँति भाग कर जंगलों में साधना करने चले गये। कुछ लोग भाग कर एकांतवास में इस विपत्ति से त्राण पाने हेतु भगवत भजन में तल्लीन हो गये। एक समय तो इनके भजनों की इतनी भरमार हुई कि इसे हिन्दी साहित्य में भक्ति काल नाम दे दिया गया। बाद में अपने पूर्वजों की नाकामी और कायरता पर पर्दा डाल कर अपनी श्रेष्ठता दिखाने के लिए इस भक्तिकाल को खूब महिमा मंडित किया गया, वरना इसका नाम भक्तिकाल की जगह भगोड़ा काल रख दिया गया होता। आज हिन्दू के अस्तित्व का सवाल उपस्थित है, लेकिन हिन्दू धर्मगुरू घर्म का व्यवसाय करने में जुटे हैं। हिन्दू मानस पौराणिक विश्वासों में भटक रहा है और ये लोग उसके आर्थिक शोषण में लगे हैं। उसे ठोंक-ठोंक कर सुलाया जा रहा है। कैसा दुर्भाग्य है। काश, ये अब भी चेतते!

◆

8. मनुष्य की मनोभावनाएँ, निम्नता की ओर सहज ही आकर्षित होती हैं।

मनुष्य का स्वभाव अपने नैसर्गिक स्वरूप में ही सहज बना रहना चाहता है। उसकी स्वाभाविक रुचि बिना कठिनाई के ही वह सब कुछ प्राप्त करने की होती है जिसकी प्राप्ति से उसे आनन्द मिलता है। वह श्रम तभी करता है जब उसे श्रम एक मनोरंजन के रूप में लगे या वह उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आवश्यक हो। उसकी आवश्यकताएँ, उसके मनोभावों को श्रम की ओर उन्मुख करती हैं। इन आवश्यकताओं की पूर्ति का आश्वासन ही उसे श्रम को सहने के लिए बल प्रदान करता है, यदि वह कष्टसाध्य है। यह शारीरिक श्रम के संबंध में कटु सत्य है।

मनुष्य जब आत्मा और हृदय की तृप्ति के लिए युक्ति, बुद्धि और मन की सीमा के पार, चेतन ब्रम्ह की ओर उन्मुख होता है और साधना के कठिन मार्गों पर चलते हुए तपन को आनन्द प्राप्ति की आकांक्षा में सराबोर कर जीता है तब आत्म विकास की अवस्था अति उच्च होती है। इस गंतब्य तक मनुष्य बिना क्रमिक और लम्बे प्रयास के जा नहीं सकता। यह सामान्य जन के लिए या सभ्य कहे जाने वाले अनेक शिष्ट और सुसंस्कृत लोगों के लिए भी कभी–कभी बेतुकी लगने वाली बात होती है। जिनकी दृष्टि भौतिक जगत (ज्ञान, मन, बुद्धि और युक्ति) की सीमाओं से बाहर न देखपाती हो, उनके लिए ऐसी धारणा का होना बिल्कुल ही सहज सामान्य स्थिति है।

गणित के लम्बे सूत्रों की व्याख्या, भौतिकी, रसायन, जीव एवं चिकित्सा विज्ञान तथा विद्या की अन्य हजारों शाखाओं की उच्चतर स्थितियों के बारे में निकट से समझ सकना क्या सामान्य लोगों के वश की बात हो सकती है ?

किन्तु उन उन्नत स्थितियों तक पहुँचने में मनुष्य की बुद्धि, मन, युक्ति और ज्ञान–विकास को सैकड़ों हजारों पीढ़ियों का लम्बा समय देखना पड़ा है और उन्हें कठिन श्रम से गुजरना पड़ा है। यही बात आध्यात्मिक क्षेत्र के लिए भी सही है। सफलता की आशा मनुष्य को श्रम के लिए प्रेरणा देती है और स्वयं आशा, सफलता प्राप्ति के हर्ष की अनुभूति से पैदा होती है। उत्थान के इस क्रमिक प्रक्रिया में मनुष्य को अपना बहुत श्रम खर्च करना पड़ा है, उसे बहुत दुःख झेलना पड़ा है और उसे बहुत तपस्या करनी पड़ी है।

इस क्रम में उसे अनेक विपत्तियों का, तूफानों और झंझावातों का सामना करना पड़ा है, कभी प्राकृतिक कभी मानवीय। वह जूझ–जूझ कर, गिरकर, उठकर, मरकर और मिटकर पुनः–पुनः उभरा है। उसने एक–एक पग बढ़ाये हैं, सफलता और विकास की सीढ़ियाँ चढ़ने में। मानव-जीवन के इस लम्बे अंतराल में मनुष्य की विविधता, दृष्टियों में अंतर, रुचियों में अंतर, स्वभाव में अंतर, क्षमता में अंतर और जीवन के विभिन्न परिस्थितियों और स्तरों की भिन्नता के कारण विश्व में अनेक प्रकार की

संस्कृतियों का उदय और विकास हुआ है। बनते बिगड़ते फिर–फिर विकसित होने की उनकी अन्तर्भूत प्रेरणाएँ उन्हें सदा आगे की ओर ही बढ़ाती चलती हैं।

किन्तु यह बात सदा सही नहीं रही है। हमने देखा है कि अनेक बार विकसित संस्कृतियों को बर्बर और असभ्य लोगों की संस्कृतियों द्वारा कुचल कर तहस–नहस कर दिया जाता रहा है।

हमें मनुष्य के उन मनोभावों की ओर उनके अंदर दुष्प्रवृत्तियों की ओर भी ध्यान देना होगा जो उन्हें उच्चतर अवस्था की ओर न ले जाकर कभी–कभी बर्बर और असभ्य व्यवहार के लिए प्रेरित कर मानवीय सांस्कृतिक जीवन के निम्न पायदान पर खड़ा कर देती हैं। न सिर्फ इतना ही वरन उच्चतर संस्कृतियों को उनके लिए असहय बना देती हैं और अन्ततः उनका विनाश कर डालने की ओर बढ़ जाती हैं।

संस्कृति का निर्माण सदा ही मनुष्य की निम्न प्रवृत्तियों के दमन और उच्च प्रवृत्तियों के विकास के बल पर, सामाजिक संबंधों में उचित तालमेल बिठा कर किया जाता है।

मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति स्त्री संभोग की भी उसी प्रकार प्रबल होती है जिस प्रकार स्वाँस, भूख और प्यास की उसे आवश्यकता होती है। भूख की ज्वाला शान्त करने के लिए उसे भोजन का जुगाड़ करना पड़ता है और इस क्रम में समाज के अन्य लोगों से उसके संबंध बनते हैं। जब एक सुन्दर सुव्यवस्थित सामाजिक विधान द्वारा और उसके अनुसार आचरण द्वारा समाज के सदस्यों को जीवन यापन की प्रेरणा मिलती है तो वह सुसंस्कृत समाज होता है। किसी विद्वान द्वारा इसे यों समझाया गया है – हमें भूख लगती है, यह प्रकृति है; हम रोटी मिल बाँट कर खाते हैं, यह संस्कृति है और हम छीन-झपट कर खाना शुरू करते हैं, यह विकृति है।

दैहिक मैथुन की भूख भी प्राकृतिक है, इसके लिए सामाजिक व्यवस्था के अनुसार स्व पत्नी से सहवास संस्कृति है और अन्यों से बलात्कार विकृति।

रोटी और मैथुन ये दो अति महत्वपूर्ण आवश्यकताएँ हैं। रोटी में मानव जीवन के लिए आवश्यक सभी साधनों एवं वस्तुओं का समावेश कर, हम देखें, तो अनुभव से ही इस स्थिति को समझ सकते हैं कि हममें धन की लिप्सा और मैथुन की प्रबल कामना सहज ही उत्पन्न होती है। किन्तु सुसंस्कृत समाज के विधानों और नैतिक मापदण्डों की स्थापना द्वारा समाज अपने सदस्यों में जन्म के साथ ही ऐसा संस्कार डालता है ताकि किसी प्रकार की विकृति न हो और समाज के क्रिया–कलाप सुव्यवस्थित रूप से चलते रहें। धर्म द्वारा इसे स्थायित्व प्रदान कर और मनुष्य को अनन्त सत्ता से जोड़ कर उसमें आध्यात्मिक बोध के साथ उसके भौतिक जीवन को एकाकार कर देने की अटल चेष्टा होती है।

मनुष्य की भावनाओं को मुख्यतः दो श्रेणियों में विभाजित कर सकते हैं उच्च और निम्न। "श्रेष्ठ" या "आर्य" की भारतीय परिकल्पना में उच्च भावनाओं का होना आवश्यक माना गया है। श्री अरविन्द जी के अनुसार उसके हृदय, चरित्र, मन, कर्म, आभ्यंतरिक सत्ता और आचरण में उच्च भावनाओं की ही उपस्थिति जरूरी है। उसका हृदय करुणा, उदारता, दयालुता, सहिष्णुता और परोपकार की भावना से ओतप्रोत

होना चाहिए।

मन में – उदात्त विचारों का ज्ञान, सौन्दर्य के प्रति अनुराग, विद्या–प्रेम, प्रज्ञा, मनीषा और कलाओं की ओर झुकाव ।

चरित्र में – साहस, शौर्य, तेज और उत्साह के साथ न्याय प्रियता, सम्मान का भाव और विनयशीलता होनी चाहिए फिर भी प्रबल स्वातंत्र्य भावना और उदात्त आत्माभिमान होना चाहिए।

कर्मों में – उत्कृष्टता, ईमानदारी और कुशलता से कार्य संपादन की योग्यता, आभ्यंतरित सत्ता में तीव्र धार्मिक भावना, पुण्यशीलता और आध्यात्मिक झुकाव तथा आचरण में शुचिता, पवित्रता, स्पष्टवादिता, निष्कपटता।

सामाजिक संबंधों और आचार व्यवहार में – पिता, पुत्र, भाई, पति उसी प्रकार माँ, पुत्री, बहन, पत्नी, मित्र, संबंधी, शासक, शासित, स्वामी, सेवक, योद्धा, कर्मी, राजा, ऋषि, जाति या वर्ण के सदस्य, जो जीविका व्यवसाय से संबंधित किसी कार्य में या किसी पेशा से संबंधित हों, सबके साथ परस्पर संबंधों का धर्म और नैतिकता के आधार पर निर्मित सामाजिक आचार का कठोरता से पालन करना।

ये सभी विशिष्टताएँ श्रेष्ठ मानवों द्वारा स्थापित संस्कृति में दिखाई पड़ती हैं। मनुष्य के मनोभाव क्रमशः विकसित हो कर संस्कृति के जिस उच्चतम सोपान पर पहुँचते हैं वे ही उसके सामाजिक जीवन में महानता को प्रकट करते हैं। तभी वह सच बोलने, दूसरों की भलाई में तत्पर रहने, स्वयं कष्ट सहकर भी दूसरों की सहायता करने, अपने को संकट में डालकर भी दूसरे की रक्षा करने, आत्म संयम रखने, चोरी और बेईमानी नहीं करने, विश्वासघात से घृणा करने, दूसरी नारियों में माता, बहन और पुत्री की भावना और दृष्टि रखने, दूसरों को उचित सम्मान देने, शिष्टाचार का पालन करने आदि सद्व्यवहारों का पालन करता है।

वास्तव में संस्कृति संपूर्ण समाज के साथ सुख या आनन्द के साथ जीने की कला है जिसे मनुष्य अपने लम्बे अनुभव और ज्ञान से धर्म और नैतिकता के नाम से समाज पर लागू करता है। जीवन के सभी क्षेत्रों में मूल्यों और सौन्दर्य का बहुविध समावेश करते हुए इस उच्च स्थान पर मनुष्य निरंतर परिष्कार, संयम और तपस्या से ही पहुँचता है; क्योंकि मनुष्य की सहज प्रवृत्ति, लोभ और काम वासना के वशीभूत होकर सामाजिक मर्यादा के नियमों के उल्लंघन की होती है।

सुसंस्कृत समाज में नियमों, संयमों और मर्यादाओं की सीमा निर्धारण के बाद भी समाज में ऐसे लोग होते ही रहते हैं जो लोभ और काम वासना के झोंके में आत्म संयम और नैतिकता की मर्यादा से बाहर निकल कर अनुचित आचरण करने लगते हैं। कभी–कभी ऐसे लोगों की संख्या अधिक हो जाती है और वे अपना गिरोह बना कर निरंतर अनैतिक काम करते हैं।

इस्लाम के पैगम्बर मुहम्मद ने मनुष्य की इन्हीं दुर्बलताओं को उभाड़ा और अपने हित साधन के लिए ऐसे ही कृत्य द्वारा जिनसे मनुष्य के लोभ और काम वासना की पूर्ति होती रहे सभ्य और सुसंस्कृत समाजों को कुचलना शुरू किया। मुहम्मद के साथ जब लोग उनके इस्लाम मजहब में शामिल होने लगे तो ऐसे लोगों को मुस्लिम

कहा जाता था। मुस्लिम का अर्थ था अपने लोगों को शत्रु के हाथ में सौंपना। लोग धन के लोभ और काम वासना की तृप्ति के लिए मुहम्मद के गिरोह में शामिल होकर अपने ही लोगों के साथ विश्वासघात करते थे और उन्हें शत्रु के हाथ में सौंपने के कारण मुस्लिम कहलाते थे। मुहम्मद ने इसे बुद्धिमानी से मुस्लिम का अर्थ अल्लाह के हाथ में सौंपने वाला कर दिया। (Mohammed And The Rise of Islam by D.S. Margoliouth)

जैसे–जैसे मुहम्मद का गिरोह बड़ा होने लगा वैसे–वैसे ये लोग जेहाद के नाम पर पूर्व के उन्नत, स्वतंत्र और मर्यादित समाज को नष्ट करने लगे। इनका मुख्य काम था अरब के वासिन्दों और व्यापारिक काफिलों को लूटना। काफिलों को लूट कर उनके लड़ाकू सदस्यों का कत्ल कर देना और शेष लोगों को गुलाम बना लेना। अपने अधीन किए हुए लोगों में औरतों, बच्चों और पुरुषों को ये अपने मुस्लिम गिरोह का सदस्य बनने के लिए बाध्य करते थे। इनका प्रस्ताव स्वीकार नहीं करने पर पुरुषों का कत्ल कर औरतों और बच्चों को गुलाम बना लेना, इनका तरीका था। औरतों से बलात्कार कर अपनी काम वासना की तृप्ति करते थे और धन की लूट से जीविका चलाते थे। बच्चों को स्थाई रूप से गुलाम बना कर अपना सेवक रख लेते थे।

शुरू में जीविका एवं लुटेरी शक्ति में वृद्धि के लिए धन की अधिक आवश्यकता थी इसलिए गुलाम सदस्यों को छुड़ाने को प्रयासरत उनके परिजनों से धन लेकर छोड़ते थे; लेकिन बाद के दिनों में जब इस समुदाय के पास पर्याप्त धन हो गया, उनको अपने गिरोह में शामिल होने के लिए विवश और अस्वीकार करने पर कत्ल कर देते थे।

धन और काम इच्छा की पूर्ति के ऐसे खुले आमंत्रण से, समाज पूर्व में अपरिचित था। वह इन्हें घृणित और नीच कर्म समझता था। अरब में भी यह पाप कर्म था और ऐसा करने वालों को नीच और पापी समझ कर समाज उससे घृणा और नफरत करता था। किसी लाभ की आशा में बुरे मार्ग के अवलम्बन से लोगों को भ्रमित करने के लिए सदा अच्छे का रूप दिखाया जाता है और फिर उसकी आड़ में अपना उल्लू सीधा किया जाता है। वंचना का यह सामान्य नियम है।

मुहम्मद ने इसके लिए अल्लाह का आविष्कार कर जोर दिया कि एकमात्र अल्लाह ही पूज्य है। इसी बात को मनवाने के लिए उनका सारा अभियान है। यह तो पहले से ही बहुत लोगों के लिए स्वीकार्य सिद्धांत था और आज भी है। लेकिन मुहम्मद की चतुराई यह थी कि स्वयं को अल्लाह का रसूल घोषित किया और अल्लाह की अज्ञात–काल्पनिक शक्ति का प्रकट रूप में स्वंय को उत्तराधिकारी बना लिया। फिर अल्लाह के नाम के साये में दुष्कर्मों को सत्कर्म बना कर कुछ लोगों को अपने हित में उभाड़ा और बाकी लोगों का दमन कर राज्य सत्ता और धर्म प्रधान का सर्वोच्च पद छीन लिया। दमन के लिए अपने अनुयायियों को ललकारते हुए आदेश दिया कि ".....मुश्रिकों (मूर्तिपूजकों) को जहाँ कहीं पाओ कत्ल करो, और पकड़ो, और उन्हें घेरो और हर घात की जगह उनकी ताक में बैठो।....." (कु0 9:5)

बाद में मुहम्मद के गिरोह में बढ़–चढ़ कर इस काम में हिस्सा लेने वालों को

सम्मान मिलने लगा। उन्हें आश्वस्त किया जाता था कि मुहम्मद का कथन अल्लाह का हुक्म है। जिन को लूटना है वे सभी काफिर लोग हैं। वे अल्लाह के हुक्म को नहीं मानते। मुहम्मद को अल्लाह का रसूल नहीं मानते। वे अल्लाह के साथ अन्य देवी देवताओं की मूर्ति बनाकर पूजते हैं। यह सब पाप कर्म है। ऐसा करने वालों को लूटना पुण्य काम है। मुहम्मद के इस आश्वासन से नव युवकों की धन और काम वासना की पिपासा भभक उठी। उनको सब प्रकार के नैतिक बन्धनों से एकाएक खुली छूट ही नहीं मिली वरन् अनैतिक और नीच कर्म जैसे हत्या, लूट, व्यभिचार, अपहरण, आदि को अल्लाह की इच्छा से किया जाने वाला पुनीत कर्म की बोध दृष्टि भी मिली। उनके साथ रहने वाला उनका नेता स्वयं को अल्लाह का दूत बताता था और अपनी योजना को आगे बढ़ाने के लिए अपने निर्देशों को अल्लाह का हुक्म। युवकों को और क्या चाहिए था ! अनजान और असावधान लोगों पर अचानक आक्रमण कर उनका कत्ल कर देना, उनकी सारी दौलत लूट लेना, उनकी विधवा औरतों ओर लड़कियों से मनमाना बलात्कार करना और उन्हें बीवियाँ या रखैल बनाना आदि। कितना आनंद का विषय था और ऊपर से यह अल्लाह का हुक्म पालन। अल्लाह के संदेश वाहक साथ रह कर लूट, हत्या, व्यभिचार की खुशखबरी अल्लाह को बताते जा रहे थे।

लूट के माल का चार हिस्सा लूटने वालों को, एक हिस्सा इनके सरदार, अल्लाह के पैगम्बर को और जीभर कर भोगने के लिए असंख्य सुन्दर औरतों की प्राप्ति। ऐसा आनन्द अल्लाह के सिवा और कौन दे सकता था।

लेकिन फिर भी लूटने का प्रयास तो करना ही पड़ता था। यद्यपि अनजान और असावधान लोगों पर ही चढ़ाई करनी थी। वे तो कुछ जानते नहीं। जाना था और एकाएक उनका सिर धड़ से अलग कर देना था फिर सब कुछ उनका हो गया। उनका धन उनकी औरतें और बच्चे सब कुछ। फिर भी खतरा तो था। कभी–कभी लुटेरों का भी कत्ल हो जाता था। अनेक लुटेरे भी मारे जा चुके थे। इसलिए युवकों के मन में भय की एक लहर दौड़ जाती थी। मन थर्रा जाता था। ना बाबा इसमें खतरा है कौन अपनी जान जोखिम में डाले।

इसकी भनक लगते ही अल्लाह का हुक्म, पैगम्बर के मुँह से धारा प्रवाह आयत बन कर निकलने लगता था। "अगर कोई अल्लाह के मार्ग में जेहाद करते हुए मारा जाता है तो अल्लाह का उसके लिए जन्नत का वादा है। बाकी सभी लोग जो अल्लाह और अल्लाह के रसूल पर ईमान लाए हैं वे सभी मोमिन मरने के बाद कब्र में दफन होंगे। उनकी रूह भी उनके साथ ही कब्र में पड़ी सोई रहेगी। जब कयामत का दिन आयेगा तब अल्लाह की तुरही बज उठेगी। तब सभी मुर्दे जी उठेंगे। उन्हें अल्लाह के सामने लाया जायेगा। उनके बीच में मध्यस्थता करने को वहाँ अल्लाह के रसूल मौजूद रहेंगे। उनके कर्मों के अनुसार उन्हें जन्नत या दोजख में जगह दी जायेगी। जन्नत में जिसे वहिश्त भी कहते हैं सभी सुख के साधन मौजूद रहेंगे। वहिश्त की कई श्रेणियाँ हैं। वहिश्त के वर्णन में कहा गया है – वहाँ मीठे जल की नहरें बहती हैं। अनेक बाग–बगीचें हैं। वहाँ न ज्यादा जाड़ा पड़ता है न ज्यादा गर्मी अर्थात पूरा वहिश्त एयरकन्डीशन्ड है। वहाँ शहद, दूध और शराब की नहरें बहती हैं

जिनका मजा कभी खराब नही होता। वहाँ एक–एक आदमी को सुख पहुँचाने वाली कोमल, कुँआरी और अति सुन्दर बहत्तर हूरें मिलती हैं। ये कभी बूढ़ी नहीं होतीं। सदा उसी उम्र में होती हैं। इनका जिस प्रकार से चाहो भोग करो।" इसका मजाक उड़ाते हुए गालिब ने लिखा है "खूब मालूम है जन्नत का हकीकत लेकिन दिल को बहलाने को गालिब ये ख्याल अच्छा है।" फिर व्यंगय करते हुए कहा "उस जन्नत का क्या कहना जहाँ लाखों बरस की हूरें हों।" इसके अलावा मोती के समान सुन्दर लड़के रेशम के वस्त्र पहने किसी प्रकार की सेवा और संतुष्टि के लिए तत्पर रहेंगे।

तो जो जेहाद में शामिल होगा और शहीद होगा उसे अल्लाह तुरंत सातवें वहिश्त में भेजेगा जहाँ उसे ऊपर वर्णित सभी भोगों का तुरंत आनन्द मिलेगा।

अब नवयुवकों के बुझते मन को एक ऐसे ललचाने वाले भोग का प्रलोभन तैयार कर दिया गया जिससे अरब साम्राज्यवाद के विस्तार की युक्ति में उन्हें सहज ही भागीदार हो जाना पड़ा।

अब उनके दोनों हाथों में लड्डू पकड़ा दिया गया। यहाँ लड़ते हैं तो उन्हें लूट की सम्पदा मिलती है जिससे जी भर कर सुख के सामान खरीद सकते हैं; नई–नई सुन्दर औरतें मिलती हैं जिनका जी भर कर भोग कर सकते हैं और यदि शहीद होते हैं तो तुरंत सातवें वहिश्त में पहुँचते हैं जहाँ सुख के अपरिमित साधन उपलब्ध होते हैं।

लौकिक और पारलौकिक सुख के इसी प्रलोभन के वशीभूत नासमझ जंगली और असभ्य युवाओं की जमात खड़ी कर साम्राज्य विस्तार के अपने मंसूबे में मुहम्मद ने कामयाबी हासिल की। आज भारत के अंदर मुस्लिम समुदाय में अधिक से अधिक बच्चा पैदा करने की होड लगी हुई है। हिन्दुओं को कोई समझ नहीं है कि आखिर अधिक बच्चे पैदा कर मुसलमान क्यों पारिवारिक बोझ बढ़ा कर कष्ट सहते हैं। अधिक बच्चों के लिए साधन जुटाना उनके लिए भी कष्ट साध्य है फिर भी वैसा क्यों करते हैं ? जब इनकी जनसंख्या हिन्दुओं के आसपास हो जायेगी तब क्या होगा ? हिन्दू को इसकी कोई समझ नहीं होती और मुसलमानों के हित में यह बात है कि हिन्दू को कोई समझ न हो। उसे तो तब पता होगा जब जेहादी तलवार उसके सर पर चल रही होगी। उसकी सम्पत्ति और उसकी युवा औरतें जेहादियों की हो चुकेंगी। उसी दिन के लिए और उसी लाभ के लिए मुसलमान अधिक से अधिक बच्चा पैदा करने की होड़ में हैं क्योंकि अल्लाह के वादे के पूरा होने की वे प्रतीक्षा कर रहे हैं –"अल्लाह ने तुमसे बहुत सी गनीमतों (लूट) का वादा किया है जो तुम्हारे हाथ आयेगी।" (कु0 48:20)

मुहम्मद ने अपने संगठन की ऐसी युक्तिपूर्ण व्यवस्था कर दी है कि एक बार उस चंगुल में फँसने के बाद उससे बाहर निकल जाना किसी के लिए भी आसान नहीं हो सकता है। मुसलमान के लिए ऊपर वर्णित उत्प्रेरक प्रलोभन अपने आप में पर्याप्त हैं; लेकिन सिर्फ इतनी ही व्यवस्था पर बस नहीं किया गया। मजहब में अल्लाह के रसूल, पैगम्बर मुहम्मद ने यह भी व्यवस्था कर दी कि कोई मुसलमान यदि अपना मजहब छोड़े तो उसका तुरंत कत्ल कर दिया जाय।

"(.....रसूलुल्लाह सल्ल0 के फर्मान के मुताबिक अगर कोई शख्स अपने दीन को बदल दे तो उसको कत्ल कर डालो।)"

(ह0सं0 1209 पृ0 326, बुखारी शरीफ)

किन्हीं परिस्थितियों में कोई व्यक्ति जब एक बार मुसलमान बन जाता है उसके लिए बाहर निकलने का द्वार भी सदा के लिए बन्द हो जाता है। फिर बचपन से ही इस्लामी संस्कारों का प्रभाव मुस्लिम समुदाय के हर व्यक्ति में इतना गहरा और तीव्र होता है कि उसके लिए उचित–अनुचित, नैतिक–अनैतिक, न्याय–अन्याय जैसे विषयों पर चिन्तन करने का सवाल ही नहीं रह जाता। उसे उन प्रावधानों पर विचार करने, उनमें परिवर्तन करने या सिर्फ असहमत होने तक का भी अधिकार नहीं होता है। यदि कोई व्यक्ति अपने बौद्धिक आवेग के कारण इस सीमा से बाहर निकलने की कभी भूल कर बैठता है तो उसे इस्लामी शिक्षा, संस्कार और धर्मान्धता से ग्रसित मुल्लाओं के फतवे का सामना करना पड़ता है और दण्डित होना पड़ता है।

मानव मनोविज्ञान और इस्लाम की व्यवस्थाओं के अध्ययन से इस्लाम विस्तार की अनिवार्य परिस्थितियाँ आने वाली पीढ़ियों के लिए जिस कालिमामयी रात्रि का आभास करा रही हैं; वह आज ही संवेदनशील लोगों के लिए दिल दहलाने वाली हैं।

◆

9. भारत में अध्यात्म और प्रपंच

रहस्यमय एवं आध्यात्मिक क्षेत्र के लोग जैसे सद्गुरू, साधू, संत, महात्मा, पंडा, पंडित, पुजारी, पुरोहित, कर्मकांडी, ज्योतिषी, भविष्यवक्ता, ओझा, सन्यासी, वैरागी, अवधूत, योगी, धर्मोपदेशक, ब्रह्मचारी, तांत्रिक, कथावाचक, महंथ, शंकराचार्य, स्वामी, साधक, वेदान्ती, शास्त्री, आचार्य, नागा, ऋषि, मुनि, बाबा, तपस्वी, आदि न जाने कितने नामों से कुछ को छोड़कर शेष लोग रहस्यमय आध्यात्मिक क्षेत्र में भ्रमण कराने के काम में प्राचीन काल से ही जुटे हुए हैं। ये हजारों–लाखों नामों से विभिन्न स्तर पर, विभिन्न श्रेणियों का आध्यात्मिक कार्य कर रहे हैं।

इनमें कुछ का काम मूल आध्यात्मिक दर्शन की शिक्षा देना है। उसकी व्याख्या करना है। कुछ लोग साधना का प्रशिक्षण देते हैं। कुछ लोग अपनी साधना और तपस्या से प्राप्त चमत्कारी शक्तियों का प्रदर्शन कर लोगों में अपनी अलौकिक शक्ति का विश्वास पैदा करते हैं। सामान्य लोग जो जीवन की तरह–तरह की समस्याओं से रोज–रोज जूझते रहते हैं इन तथाकथित अलौकिक शक्ति वाले महात्माओं के आशीर्वाद से अपने कल्याण की आशा लिए हुए उनके पास पहुँचते हैं। उसके लिए वे दीन भाव से याचक के रूप में उनके पैरों पर अपना माथा पटकते हैं कि ये महात्मा प्रसन्न होकर कृपा करेंगे। इनके आशीर्वाद से मुसीबतों का निवारण हो जायेगा। कुछ लोग समाज में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए या जीवन में अन्य उपलब्धियों के लिए जैसे कोई चुनाव में जीत कर विधायक, मुखिया, एम0पी0, मंत्री आदि बनना चाहता है, बाबाओं के पास उनका आशीर्वाद लेने जाता है।

समय के साथ इन भ्रांतियों का जन्म हुआ है। आज तक इनमें ह्रास होने के बजाय वृद्धि ही हुई है। किसी को अपने गिरते व्यवसाय में सुधार की अपेक्षा है। किसी को किसी प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने की चाह है। किसी को पारिवारिक समस्याओं, जैसे बीमारी, गरीबी के कारण परेशानी है, किसी के यहाँ अचानक कोई दुर्घटना होती चली गई। किसी औरत को बच्चा नहीं हो रहा है, किसी के यहाँ परिवार में मेल–मिलाप नहीं है। कलह के कारण परिवार में गिरावट है। किसी को नौकरी नहीं मिल रही है। इसी प्रकार की विभिन्न सांसारिक समस्याओं के निवारण के लिए लोग इन महात्माओं की शरण में जाते हैं।

लोग जायें भी तो कैसे नहीं। पता चला कि अमुक स्त्री को बच्चा नहीं हो रहा था। वह बाबा के पास आशीर्वाद लेने गई थी। बाबा ने झाड़–फूँक किया, भभूत दिया, आशीर्वाद दिया और उसको बच्चा हुआ। इतनी जानकारी मिलनी काफी है। बच्चा चाहने वाली औरतें बाबा का आशीर्वाद लेने पहुँच जाती हैं। किसी ने कहा कि मेरा लड़का पागल हो गया था, बाबा ने उसको चॉकलेट खाने को दिया तब से वह ठीक है। ऐसा भी सुनने में आया कि एक बच्चे ने काँटी निगल ली। पेट में दर्द होने पर डाक्टर को दिखाया गया। एक्स–रे हुआ। काँटी का पता चला। बाबा के पास गया। बाबा ने अपनी आध्यात्मिक शक्ति से काँटी निकाल दी। पुनः एक्स–रे हुआ।

काँटी नदारद थी। एक औरत को उन्माद की बीमारी थी। बाबा ने माथे पर हाथ फेर दिया वह ठीक हो गई। एक आदमी गरीबी से अत्यन्त पीड़ित था उसने बाबा का शिष्यत्व ग्रहण किया। उसके बाद ही उसकी आर्थिक स्थिति सुधरने लगी और वह मालामाल हो गया।

कोई व्यक्ति अपनी बीमारी का इलाज सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त चिकित्सालयों में करा चुका था। सभी बड़े डाक्टरों को दिखा चुका था, लेकिन उसकी बीमारी में कोई सुधार नहीं हुआ। उसके बाद वह बाबा के पास गया और चमत्कार हो गया। उसकी बीमारी ठीक हो गई।

कुछ को बाबा के आशीर्वाद से प्रतियोगिता में सफलता, कुछ को चुनाव में सफलता, कुछ को व्यवसाय में सफलता तो कुछ को कृषि में सफलता की खबरें समाज में हमेशा सुनने को मिलती रहती हैं।

कुछ बाबा अपनी व्यक्तिगत चमत्कारिक शक्ति से और कुछ लोग किसी खास स्थान पर स्थित देवी, देवता, ब्रह्म सती आदि की स्थापित शक्ति से लोगों का कल्याण कराने का दावा करते हैं। वे नहीं करते तो उनके शिष्य और प्रचारक चमत्कारिक शक्तियों का प्रचार करते रहते हैं। इसलिए यह क्षेत्र अपना अस्तित्व सुरक्षित रखकर प्रगति कर रहा है। जो लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बाबाओं के पास जाते हैं, वे लोग समस्याओं के हल के लिए प्रयासशील रहने वाले लोग होते हैं। वे लगातार प्रयास में लगे रहते हैं। उन्हें जहाँ भी किसी मदद की संभावना नजर आती है उधर दौड़ पड़ते हैं। उसी क्रम में वे बाबाओं की ओर भी बढ़ आते हैं। यद्यपि उनके कार्य में सफलता का श्रेय उनके अनवरत प्रयास को ही जाता है। फिर भी चूँकि वे सारी संभावनाओं को आजमाते हुए साधू–संतों के यहाँ भी जाते हैं, इसलिए अपनी सफलता का श्रेय अन्तत में बाबा के आशीर्वाद को दे देते हैं। ऐसा समाज में जड़ जमाये पारम्परिक विश्वासों के कारण होता है।

चूँकि यह क्षेत्र रहस्मय है, और इसकी वैज्ञानिक व्याख्या नहीं होती है, इसलिए सही जानकारी का लोगों में अभाव रहता है। जानकारी के अभाव के कारण अनेक लोग या यों कहें कि ज्यादातर लोग इस क्षेत्र का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्य से करते हैं। साफ–साफ कहा जाए तो लोगों की अज्ञानता का लाभ उठाकर चमत्कारिक शक्ति का झूठा प्रचार कर, लोगों में विश्वास पैदा करते हैं और फिर लोगों को अपने पीछे घमाते हैं और उनका शोषण करते हैं। ऐसा एकाधबार होता तो कोई विशेष बात नहीं होती। सबसे दुःखद बात यह है कि इस भ्रम में पड़े रहने के कारण वे उचित कार्रवाई नहीं कर पाते हैं और फलतः आजीवन इन चमत्कारों की आशा में अटक कर अपना पूरा जीवन ही बर्बाद कर लेते हैं।

अब यह विचार करने की आवश्यकता है कि इस रहस्यमय क्षेत्र का फैलाव कैसा है। किन–किन कार्यों और विषयों को इस क्षेत्र में गिनेंगे। क्या यह मात्र अस्तित्वहीन काल्पनिक जगत है या इसमें कुछ सच्चाई भी है। व्यवहार में घटने वाली घटनाओं का इन से क्या संबंध है। इन घटनाओं का व्यावहारिक जीवन में क्या महत्व है, इत्यादि।

कुछ लोग अपने पंथ के विश्वास के अनुसार भजन करने वाले, ईश्वर के प्रति समर्पित, गृह–त्यागी, साधू–संत, महात्मा आदि हैं जो सामान्य व्यक्ति की तरह हैं। वे किसी चमत्कार, विशिष्ट साधना आदि का दावा नहीं करते। वे स्थिर रूप से किसी आश्रम में रहते हैं और उनमें से कुछ लोग भ्रमणशील भी हैं। यद्यपि वे अपने में विशिष्ट शक्ति होने का दावा नहीं करते और भोजन से अधिक उनकी कोई चाह भी नहीं होती, वैसे लोगों के प्रति भी गृहस्थों में श्रद्धा रहती है और यथा संभव उनकी सेवा करते हैं। इन्हीं के वेश में अब कुछ वंचक भी फिरते हैं, जो लोगों की भावनाओं का लाभ उठा कर उनको ठग लेते हैं।

कार्यकर्ताओं से बात करने पर वे संघ के कार्यों एवं उपलब्धियों का रटा रटाया ब्योरा सुना कर लोगों को प्रभावित करने की मिथ्या चेष्टा करते हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि इसके चालीस वर्ष के शिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता को भी हिन्दू समाज पर आने वाली इस्लामी विपत्ति और उससे बचाव की कार्य योजना का ज्ञान नहीं होता है। इसके नेताओं की भी वही स्थिति है। वे आधे अधूरे सुनी–सुनाई बातों तक ही जानकारी रखते हैं। स्वयं भ्रमित हैं तो हिन्दू समाज को दिशा कहाँ से दे सकते हैं ? संघ ने इस दिशा में कभी क्रांतिकारी कदम नहीं उठाया। वह एक अत्यन्त ढीला-ढाला दिशाहीन कच्छप गति से चल कर दिन काटने वाला संगठन बन कर रह गया है। कुछ लोगों की सामाजिक हैसियत और सुविधा देने का साधन मात्र। उसकी अस्सी वर्ष की उपलब्धियाँ, हिन्दू समाज पर उसकी पकड़ और उसके कार्यकर्ताओं का ज्ञान और समर्पण की भावना, कुल मिला कर यही निष्कर्ष दिखाते हैं।

सीताराम गोयल ने अपनी पुस्तक How I become A Hindu में बी0एच0पी, बी0जे0पी और आर0एस0एस0 के नेताओं की अज्ञानता और भ्रम के विषय में लिखा है कि ये इस्लामी धर्मशास्त्र और इस्लामी इतिहास के विषय में सामान्य ज्ञान भी नहीं रखते हैं। उन्होंने सलाह दी है कि हिन्दुओं को इस्लाम की पूर्ण जानकारी देना आवश्यक है ताकि हर मुस्लिम कार्रवाई का वे अर्थ समझ सकें, जिसका उद्देश्य वीभत्स, बर्बर एवं क्रूर तरीकों से हिन्दू समाज को मिटाना है।

गोयल जी ने आगे लिखा है, "संघ परिवार के लोगों को अक्सर मैंने कहते सुना है कि मुसलमानों से व्यवहार का तरीका कांग्रेस नहीं जानती है। मुसलमानों के बारे में अपना कथन व्यक्त करते हुए वे कहते हैं कि कांग्रेस उन्हें सिर्फ वोट बैंक समझती है जबकि संघ परिवार उन्हें मानव और सच्चे मुसलमान का सम्मान देता है। वे मुसलमानों से बी0जे0पी0 के झंडे तले एकत्र होने की अपील करते हैं।" (पृष्ठ–102) राष्ट्रीय शब्द से भ्रमित बना आर0एस0एस0 यह समझता रहा कि वह मुसलमानों को भारतीय राष्ट्रीयता से जोड़ सकता है। वे नहीं समझ सके कि मुसलमान की मुस्लिम राष्ट्रीयता होती है जिसका उद्देश्य ही किसी अन्य राष्ट्रीयता को बल पूर्वक या छल से पलट कर मुस्लिम राष्ट्र (दारुल इस्लाम) बनाने का होता है।

संघ परिवार की इसी विद्वता की उपज अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी हैं, जिनकी कार्यशैली और जिनके वक्तव्य उन्हें हिन्दुओं के विश्वासघाती नहीं तो कम से कम अविश्वासी के रूप में अवश्य ही स्थापित करते हैं। सत्ता के अंदर

रहकर इन्होंने हिन्दू हितों की जिस प्रकार अनदेखी की और नेहरू की तरह महान नेता बनने की स्वार्थी तृष्णा पाली उससे हिन्दू संगठन भी इनके साथ नहीं रह सके। यह सब कुछ सिर्फ इसलिए हो रहा है कि हिन्दुओं को आजतक इस्लाम के विषय में सही जानकारी नहीं है। मुसलमानों के लिए सबसे बड़ी सुविधाजनक बात यह होती है कि उनके आसपास के गैर मुस्लिम उनके मजहब के विषय में जानें नहीं और सैनिक शक्ति अर्जित न कर पावें। इसके लिए मुसलमान हमेशा चौकन्ने और प्रयासरत रहते हैं।

आर0एस0एस0 हिन्दू संस्कृति की रक्षा के नाम पर बना था। कार्यकर्ताओं की सैनिक वेशभूषा और नियमित परेड से मुसलमान उन्हें लड़ाकू समझने लगे। स्वाभाविक था कि वे इस संगठन को कमजोर करने के लिए हर स्तर पर प्रयास करते। स्वतंत्र भारत में मुस्लिम हितैषी प्रधानमंत्री नेहरू ने आर0एस0एस0 को कमजोर करने का भरपूर प्रयास किया। इन्हीं सब कारणों से सरदार पटेल तो नेहरू को मुसलमान ही कहा करते थे। हिन्दू अपनी सरलता या अनभिज्ञता के कारण ऐसे लोगों द्वारा सदा ठगे जाते हैं।

आर0एस0एस0 प्रेरित सभी संगठन उदासीनता और शिथिलता के शिकार हैं। हिन्दू हितों के लिए उनके कार्यों का कोई निर्णायक महत्व नहीं है।

आर्य समाज एक बहुत ही क्रान्तिकारी विचारधारा का संगठन बना था जो आज लगभग समाप्तप्राय है। इसने हिन्दू समाज के अनेक पाखण्डों और रूढ़ियों का खण्डन किया था। मुसलमान बने लोगों को पुनः हिन्दू धर्म में वापस लाने का विधान बनाया था। हिन्दू समाज को नवजीवन प्रदान करने का मंत्र लेकर आया था। लेकिन क्रांतिकारी क्रियाशीलता के अभाव में यह शिथिल हो कर मृतप्राय हो गया। सबसे आवश्यक काम था हिन्दुओं को हथियारबन्द कर लड़ाकू बनाना। पूरे समुदाय को हथियार बन्द कर लड़ाकू बनाने से सभी क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ जाती परिणाम स्वरूप क्रांतिकारी विचारों का तेजी से प्रसार होता और बाहरी शत्रुओं से मुकाबला के कारण हिन्दू समाज के अंदर बिखराव की स्थिति नहीं रहती।

आज आर्य समाज की स्थिति यह है कि यह स्कूल चलाने वाली ऐसी संस्था बन चुका है जिसमें आर्य समाज का ही पूरा ज्ञान नहीं दिया जाता। डी0ए0वी0 के विद्यार्थियों को स्वामी दयानन्द सरस्वती के नाम और सिद्धांत की विशेष जानकारी नहीं रहती है। आर्य समाजी स्वयं इतने संकुचित और दकियानूस बन चुके हैं कि हिन्दू समाज से धर्मान्तरित होकर मुसलमान बने लोगों को पुनः हिन्दू बना कर अपने समाज में शामिल कर रोटी–बेटी का संबंध कायम कर सकने की स्थिति में नहीं हैं। सिर्फ सिद्धांत बघारने से कुछ नहीं होता, जब तक कि सिद्धांत को व्यावहारिक कार्य रूप न दिया जाय। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और हिन्दू महासभा आदि सभी सिर्फ कार्यालयों में हैं। हिन्दू जनता के अंदर इनकी कहीं कोई पैठ नहीं है। ये ऊपर से ज्ञान बाँटते हैं। अखबार, टी0वी0, पत्र–पत्रिका और कुछ समारोहों तक ही इनका कार्य सीमित रहता है।

कोई जन समुदाय अपनी धारणा और जीवनशैली एक दो भाषण सुनकर,

एक दो समारोहों और सम्मेलनों में शामिल होकर, टी0वी0, सिनेमा या नाटक देखकर और पत्र–पत्रिकाएँ या पुस्तकें पढ़कर, एक दिन में नहीं बदलता है। समय के लम्बे अन्तराल में विभिन्न परिस्थितियों के थपेड़ों से मनुष्य एक विशेष जीवनशैली अपनाता है और उसका अभ्यस्त बन जाता है। क्रूर दमन और क्रान्तिकारी परिस्थितियाँ ही उन्हें तुरंत बदल पाती हैं या फिर उनके बीच रहकर लगातार शिक्षित, प्रशिक्षित और अभ्यस्त करते रहने से वे अपनी धारणाओं, सोच और परिस्थितियों के अनुरूप जीवन के नवीन ढंग अपना पाते हैं।

हिन्दू समाज की सर्वोन्नति को गति प्रदान करने के लिए किसी हिन्दूवादी संस्था ने इसके लिए कभी कोई व्यवस्था नहीं की। कुछ एकाकी साधुओं, महात्माओं, गुरुओं आदि द्वारा की भी गई तो वह पूरे हिन्दू समाज को गति देने के लिए नहीं बल्कि अपना शिष्य तैयार कर और अपना सम्प्रदाय चला कर आत्म तुष्टि के लिए, वह भी बहुत सीमित। सर्वांगीण विकास और रूढ़ियों को मिटाने के लिए नहीं। समाज सुधार जैसे छुआ छूत का अंत करना, जाति प्रथा को मिटाना, अन्य धर्मावलम्बियों को अपने धर्म में शामिल करना, ऊँच–नीच के भेद भाव का अंत करना, 'सभी मनुष्य जन्म से समान हैं' की भावना को स्थापित करना, सभी प्रकार के सामाजिक और आर्थिक शोषण तथा अन्याय और अधर्म को मिटाने के लिए पूरे समाज में क्रांतिकारी आन्दोलन चलाने जैसा कार्य किसी संगठन द्वारा नहीं किया गया। जिसके कारण पूरा हिन्दू समाज सोया हुआ है। इस्लाम और ईसाइयत उसको मिटा डालने के लिए अति उत्साह से अपनी योजनानुसार कार्य में लगे हैं और हिन्दू समाज इस सबसे बेखबर आपसी कलह में उलझा हुआ है।

हिन्दू हितैषी होने का दिखावा कर सत्ता में पहुँचने, फिर हिन्दू हित की उपेक्षा करने और अन्ततः मुस्लिम वोट द्वारा सत्ता में स्थाई जगह बनाने के लोभ से, मुस्लिम खुशामद में औरों को भी मात देने वाली बी0जे0पी0, हिन्दुओं के लिए अब आकर्षण का केन्द्र नहीं रह गई।

बी0जे0पी0 नेताओं द्वारा हिन्दू हितों की उपेक्षा और स्वयं को सत्ता में स्थापित करने की तृष्णा कोई नई बात नहीं है। गाँधी और नेहरू ने भी हिन्दू समर्थन से ही अपने जीवन में वह ऊँचाई पाई थी। लेकिन ऊँचाई और सत्ता की ताकत मिलते ही हिन्दुओं के हितों पर इनके द्वारा जो प्रहार किया गया वह दुनिया की किसी सभ्य जाति के नेता द्वारा अपनी जाति के हितों के साथ शायद ही किया गया हो। गाँधी नेहरू द्वारा संविधान निर्माण में मनमाना हस्तक्षेप, नेहरू सरकार की नीति एवं कांग्रेसी परम्परा ने हिन्दुओं के साथ अनेक घात किये :–

(1) महाराजा हरिसिंह द्वारा 25 अक्टूबर 1947 को अधिमिलन पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद जो बिना शर्त एवं पूर्ण अधिमिलन था, नेहरू ने कश्मीर में जनमत संग्रह कराने की बात निकाल दी। वे इतिहासकार थे। उन्हें मुस्लिम चरित्र का अवश्य ज्ञान होगा। वे अवश्य जानते होंगे कि इस्लाम का मौलिक तत्व ही विस्तार, साम्प्रदायिकता और पृथकता पर आधारित है। तब जनमत संग्रह की बात करने की क्या आवश्यकता थी ? क्या वह उनकी मुस्लिम परस्त मानसिकता का परिणाम नहीं था ?

(2) कबीलों के विद्रोह के नाम से पाकिस्तानी सेना ने अक्टूबर 1947 में कश्मीर पर नियमित आक्रमण कर दिया। नेहरू के टालमटोल और ढीला–ढाला रुख के कारण सेना भेजने में काफी देर हो गई। तब तक पाकिस्तानी सेना ने कश्मीर के अधिकांश भाग को हथिया लिया। महाराजा की सेना के मुस्लिम सैनिकों ने अपने साथी हिन्दू सैनिकों और अधिकारियों को गोली मार दी और पाकिस्तानी सेना के साथ मिल गये। इसलिए बिना कठिन मुकाबला के ही उन्होंने कश्मीर के दो तिहाई भाग से भी अधिक इलाके पर कब्जा कर लिया। जब भारतीय सेना कश्मीर पहुँची और प्रत्याक्रमण की कार्रवाई शुरू हुई तो पाकिस्तानी सेना जिस तेजी से आगे बढी थी उसी तेजी से पीछे भागने लगी। अभी कश्मीर का लगभग एक तिहाई भाग पाकिस्तानियों के कब्जे में ही था कि नेहरू ने तत्परता दिखाई और अपनी विलक्षण बुद्धि (?) या मुस्लिम पक्षपात या फिर घोर मूर्खता का परिचय देते हुए एक तरफा युद्ध विराम घोषित कर दिया। परिणाम सामने है।

(3) इतना ही नहीं, उन्होंने कूटनीतिक चातुर्य (?) का परिचय देते हुए इस मामले को संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा परिषद में पहुँचा दिया। इससे पाकिस्तान को एक पक्ष की स्वयं स्वीकृति मिल गई। राष्ट्रीय समस्या को अन्तर्राष्ट्रीय बना दिया और भारत के पक्ष को रखने के लिए प्रतिनिधि मंडल में शेख अब्दुला को रख कर और उसे विदेशों में भेज कर भरपूर प्रचार का अवसर दे दिया।

(4) 1947 में देश-विभाजन के बाद प0 पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर से आये हिन्दू-सिक्ख विस्थापितों को कश्मीर घाटी में नहीं बसने दिया गया। यदि वे बसे होते तो हिन्दुओं की संख्या बढ़ गई होती; तब इतनी जल्दी एवं सरलता से उनका विनाश नहीं किया गया होता। जम्मू क्षेत्र के लगभग दो लाख हिन्दू शरणार्थियों को जो 1947 में पाकिस्तान से आये थे, आज तक भारत की नागरिकता नहीं मिल सकी। सेक्युलरवादी, बंगलादेशी घुसपैठियों को धड़ाधड़ भारत में बसा रहे हैं और नागरिकता भी दिला रहे हैं; पर हिन्दुओं को नागरिकता दिलाने की पहल इसलिए नहीं करते कि मुस्लिम नाराज हो कर वोट नहीं देंगे। आज उन हिन्दुओं की स्थिति यह है कि वे न तो सरकारी नौकरी पा सकते हैं और न अपने बच्चों को इंजिनियरिंग–मेडिकल की शिक्षा दिला सकते हैं। उनके कठिन जीवन की सहज ही कल्पना की जा सकती है।

(5) मुस्लिम परस्ती में गाँधी–नेहरू की जोड़ी इस हद तक अंधी बन गई थी कि इन्होंने विस्थापित शरणार्थी हिन्दुओं को जो क्रूरतम यातना झेलकर दिल्ली पहुँचे थे कड़कड़ाती शीत में सड़कों पर फेंकवा दिया; क्योंकि खाली मस्जिदों में शरण लिए हुए इन हिन्दुओं–सिक्खों को निकालने के लिए मुसलमानों ने इनसे आग्रह किया था। पाखण्डी संत को उन पीड़ित हिन्दुओं पर तनिक दया नहीं आई।

(6) हिन्दुओं–सिक्खों का पाकिस्तानी क्षेत्र में एक तरफ कत्लेआम हो रहा था और दूसरी ओर पाकिस्तानी सेना कश्मीर पर आक्रमण कर उसे हथिया रही थी। इधर गाँधी पाकिस्तान को 55 करोड़ रुपया दिलाने के लिए आमरण अनशन कर रहे थे।

(7) नेहरू और मौलाना आजाद की मिली भगत से राष्ट्रभक्त नेता सरदार पटेल पर दबाव डालने के लिए उनपर आरोप तक लगाया गया।

(8) कांग्रेस के नेताओं ने अंग्रेज सरकार के प्रभाव में आकर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और उनकी आजाद हिन्द फौज के विरुद्ध युद्ध करने की घोषणा तक की थी। इसका खुला एलान नेहरू ने किया था। गाँधी के प्रभाव में राष्ट्रघात के समान इस कदम का उद्देश्य था अपने को सुरक्षित रखते हुए अंग्रेजों की कृपा दृष्टि का पात्र बनना और धीरे–धीरे आजाद भारत की सत्ता का स्वंय दावेदार बनना। महान देशभक्त नेताजी सुभाष चन्द्र बोस से इनकी क्या तुलना थी।

(9) विभाजन के बाद आबादी के स्थानान्तरण को जिन्ना ने भी स्वीकार किया था। डा0 अम्बेडकर ने अपनी पुस्तक Pakistan or Partition of India जो 1942 में प्रकाशित हुई थी, में तर्क पूर्ण ढंग से विभाजन के बाद आबादी के अदला–बदली को भारत और हिन्दुओं की भलाई के लिए उचित बताया था। लेकिन गाँधी–नेहरू ने हर बात में अपनी प्रधानता बनाये रखने की मानसिकता और मुस्लिम परस्ती के कारण, इसे स्वीकार नहीं किया। देश भर के मुसलमान विभाजन स्वीकार कर लिए जाने के बाद भारी संख्या में पाकिस्तान जाने के लिए अपने घरों से निकलकर स्टेशनों पर जमा थे। वे गाडियों में भर–भर कर पाकिस्तान जा रहे थे। हप्तों तक स्टेशनों पर गाड़ियों में जगह मिलने की प्रतीक्षा कर रहे थे। उसी समय नेहरू ने रेडियो से घोषणा की कि जो मुसलमान भारत में रहना चाहता हो वह रह सकता है। परिणाम स्वरूप सभी मुसलमान अपने घरों को लौट गये। नेहरू ने अपने लिए वोट की स्थाई व्यवस्था तो कर ली पर साथ ही हिन्दुओं के सर्वनाश की भी स्थाई व्यवस्था कर दी।

(10) देश-विभाजन स्वीकार करने के बाद मुसलमानों तक ने भारत में हिन्दू राष्ट्र के सिद्धांत को स्वीकार कर लिया था। जमाते इस्लामी के संस्थापक सैयद अबू आला मौदूदी ने कहा था : "अब यह यकीनी जान पड़ता है कि मुल्क दो हिस्सों में बँट जायेगा। पहले वाले हिस्से में वह जनमत को इस बात के पक्ष में संगठित करने की कोशिश करेंगे कि वहाँ का संविधान इस्लामी कानूनों पर आधारित हो। दूसरे हिस्से में हमारा अल्पमत होगा और आप हिन्दू बहुमत में होंगे। हमारी आपसे यही प्रार्थना है कि आप रामचन्द्र, कृष्ण, बुद्ध, गुरू नानक और दूसरे हिन्दू संत–महात्माओं की जीवनियों और उनकी शिक्षाओं का अध्ययन करें। कृपा कर वेदों, पुराणों, शास्त्रों और दूसरे ग्रंथों को पढ़ें। अगर आपको इनसे कोई दिव्य मार्गदर्शन प्राप्त हो सके, तो हम आपसे यही कहेंगे कि आप अपना संविधान इसी मार्गदर्शन के आधार पर बनाइये।"

लेकिन गाँधी–नेहरू युग्म तो अंग्रेजियत मानसिकता से ओत–प्रोत था। गाँधी द्वारा राम नाम, रामराज्य, हिन्दूधर्म, गो–हत्या, सत्य–अहिंसा का उच्चारण और प्राचीन भारतीय संतों और महात्माओं की बानगी धारण करना तो मात्र हिन्दुओं को भ्रमित करने के लिए था। क्या कभी हिन्दू हित और हिन्दू आदर्श के लिए उन्होंने अनशन किया ? परिणाम स्वरूप भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित नहीं किया गया।

(11) संविधान में 370 धारा जोड़ा गया जो कश्मीरी मुसलमानों को भारत के सभी नागरिकों से विशेष अधिकार देता है। नेहरू की मुस्लिम परस्ती के इस पाप को

पूरा देश झेल रहा है।

(12) समान नागरिक कानूनों की जगह मुसलमानों के निजी कानून को मान्यता दी गई। इस प्रकार उन्हें चार–चार शादियाँ और अनगिनत बच्चे पैदा करने की छूट दी गई; जिससे नेहरू को सत्ता में बने रहने के लिए स्थाई कांग्रेस वोट में वृद्धि कराई जा सके।

(13) मुसलमानों और ईसाइयों को अपने निजी स्कूल खोलने, उनमें मजहबी शिक्षा देने (जो पूरी तरह अराष्ट्रीय और हिन्दू विरोधी होती है) की सुविधा दी गई। उन्हें अल्पसंख्यक के नाम पर इन स्कूलों में मजहबी शिक्षा के लिए सरकारी सहायता भी दी गई। लेकिन हिन्दुओं को इस सुविधा और अधिकार से वंचित कर दिया गया। हिन्दुओं को अपने शिक्षा संस्थान खोलने की भी अनुमति नहीं है।

(14) मुसलमानों और ईसाइयों को अपने मजहब के प्रचार की छूट संविधान की धारा 25 (।) के अंतर्गत दी गई ताकि वे हिन्दुओं को तोड़ कर इस्लाम और ईसाइयत में शामिल कर सकें और कांग्रेसी वोट बढ़ा सकें। हिन्दुओं को अपना धर्म प्रचार करने या धर्मान्तरण अभियान चलाने के लिए हर सुविधा से वंचित रखा गया।

(15) जम्मू कश्मीर की लड़की से शादी कर एक पाकिस्तानी भारतीय बन सकता है, परन्तु यदि वही लड़की जम्मू–कश्मीर के अतिरिक्त किसी भारतीय से शादी करती है तो उसकी जम्मू–कश्मीर की नागरिकता समाप्त हो जाती है।

(16) गोहत्या पर प्रतिबन्ध लगाने से नेहरू ने इनकार किया।

(17) राष्ट्रपति डा0 राजेन्द्र प्रसाद की असहमति के बावजूद नेहरू ने हिन्दू कोड बिल पास कराया। लेकिन मुसलमानों के निजी कानूनों में हस्तक्षेप करने की ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया, जो औरतों को मानवीय अधिकारों से बहुत हद तक वंचित करता है। पर सवाल तो मुस्लिम तुष्टिकरण का था।

(18) नेहरू हिन्दू विरोध के प्रतीक थे। हिन्दुओं ने उन्हें वोट देकर सत्ता में पहुँचाया था जिसका बदला उनके हितों से घात कर चुका रहे थे। वे बार–बार कहा करते थे कि "मैं जन्म के संयोग से ही हिन्दू हूँ वरना शिक्षा से अंग्रेज और संस्कृति से मुसलमान हूँ।"

(19) विभाजन स्वीकार करते समय नेहरू ने पाकिस्तानी क्षेत्र के हिन्दुओं को आश्वासन दिया था कि वे उनकी सुरक्षा का प्रबन्ध करेंगे लेकिन जब उनका कत्लेआम शुरू हुआ तो वे चुप हो गये। प्रतिक्रिया में भारतीय क्षेत्र के सिक्ख बहुल इलाके में जब मुसलमानों पर आक्रमण शुरू हुआ तब नेहरू सैनिक टुकड़ी के साथ स्वयं दंगा ग्रस्त क्षेत्र में पहुँच गये। इनका यह आचरण अनेक बार स्पष्ट रूप से देखने में आया। दिल्ली में ही; नेहरू ने स्वंय हिन्दुओं पर लाठियाँ चलाईं। इसके पूर्व 1946 में कलकत्ता और नोआरवाली में हिन्दुओं का कत्लेआम हो रहा था। पर वहाँ हिन्दुओं को बचाने के लिए न तो नेहरू ही गये और न गाँधी ही। नेहरू की अध्यक्षता वाली केन्द्र सरकार ने प्रान्त का मामला कह कर हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया।

लेकिन नोआरवाली और कलकत्ता के हिन्दुओं की भयंकर हत्या और विध्वंश की प्रतिक्रिया में जब बिहार में हिन्दुओं ने मुसलमानों के विरुद्ध कार्रवाई की, तब लार्ड

बेवेल के साथ हवाई जहाज से नेहरू वहाँ तुरंत पहुँच गये। नेहरू के आदेश से पठान सैनिकों ने हिन्दुओं पर अंधाधुंध गोलियाँ चला कर कई हजार हिन्दुओं को भूँज डाला। कांग्रेस के मेरठ सम्मेलन में नेहरू अपने इस दुष्कृत्य को स्वीकार करने का साहस न जुटा सके। नेहरू का यह कुकर्म कभी सार्वजनिक नहीं हो पाता यदि विन्स्टन चर्चिल द्वारा 13 दिसम्बर 1946 को हाउस आफ कामन्स में भाषण देते हुए इसे सार्वजनिक नहीं किया गया होता। चर्चिल ने कहा था – "मुझे सूचित किया गया है कि प्रान्तीय सरकार, पुलिस तथा सैनिकों को हिन्दुओं की भीड पर गोली चलाने के लिए जिस आदेश को देने में भय, मान रही थी, वही आदेश स्वंय पंडित नेहरू ने दिया था।

(कन्हैया लाल एम0 तलूरेजा – "हिन्दू विश्व" अगस्त 16–31)

(20) जम्मू–कश्मीर, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम और नागालैण्ड में हिन्दू अल्पसंख्यक हैं पर उन्हें अल्पसंख्यक का अधिकार नहीं प्राप्त है। परन्तु दूसरे जो वहाँ बहुसंख्यक हैं, उनको अल्पसंख्यक का अधिकार प्राप्त है।

(21) नेहरू की नीति की परम्परा आगे भी चलती रही। 1971 में जीता गया पाँच हजार वर्गमील क्षेत्र मुफ्त में छोड़ दिया गया जबकि 34 हजार वर्गमील कश्मीर का क्षेत्र पाकिस्तान के कब्जे में बना रह गया।

(22) इन्दिरा गाँधी ने 1983 में मुस्लिम वोट बैंक के लोभ में आई0एम0टी0डी0 (इलीगल इमीग्रैन्टस डिटेक्शन बाई ट्रिब्यूनलस) एक्ट पास कराया था। इसके अनुसार अब संदिग्ध विदेशी पर अभियोग लगाने वाले अधिकारी पर ही आरोप सिद्ध करने की जिम्मेवारी डाल दी गई। इस प्रकार किसी घुसपैठिये को स्वंय को भारतीय सिद्ध करने की जिम्मेवारी से छूट देकर घुसपैठ को खुला बढ़ावा दिया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने, अन्ततः इस कानून को असंवैधानिक करार देते हुए केन्द्र सरकार को विदेशी आक्रमण और आंतरिक उपद्रवों से अपने नागरिकों की रक्षा करने के संविधानिक दायित्व (अनुच्छेद 355) के निर्वहन में असफल कहा।

(23) सरकार की निर्लज्जता और धृष्टता की तब पराकाष्ठा हो गई जब उसने बहलफ सुप्रीम कोर्ट में कहा "चूँकि घुसपैठियों के पास यात्रा संबंधी या अन्य कोई दस्तावेज नहीं होते इसलिए उन्हें वापस नहीं भेजा जा सकता। खदेड़ने के प्रयास में बांग्लादेश राइफल्स के जवान गोलीबारी करते हैं इस कारण उन्हें खदेड़ा नहीं जा सकता।"

तब सुप्रीम कोर्ट ने सांसद सर्वानन्द की याचिका पर फैसला सुनाते हुए बांग्लादेशी घुसपैठ को असम पर आक्रमण बताया।

(दै0 जागरण दिनांक 30.07.2005, लेख– हृदय नारायण दीक्षित)

(24) जहाँ से हिन्दू थोड़े मतों से जीत जाते हैं, उन जगहों में सुनियोजित रूप से बांग्लादेशी मुसमलानों को बसाया जा रहा है।

(25) सन् 1989 में चुनाव के समय राजीव गाँधी ने कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में वादा किया था कि यदि मिजोरम की जनता ने कांग्रेस को सत्ता सौंपी तो मिजोरम में बाइबिल के नियमों के अनुसार सरकारी कारोबार होगा।

(26) मुहर्रम का जुलूस हिन्दू बाहुल्य मुहल्लों से जा सकता है। परन्तु

हिन्दुओं के त्योहारों का जुलूस मुस्लिम बहुल मुहल्लों से नहीं जा सकता।

(27) दिल्ली जामा मस्जिद का शाही इमाम सार्वजनिक घोषणा करता है कि मुसलमानों के लिए तालिबान एक आदर्श है और ओसामा बिन लादेन उनका हीरो। उसने अपने आँगन में शौकिया काला हिरण पाल रखा है जो कानूनन अपराध है। उस पर कोर्ट का गिरफ्तारी वारंट है लेकिन वोट के लालच में मुस्लिम नाराजगी से बचने के लिए सरकारें चुप रहती हैं।

(28) मुसलमानों को हज करने के लिए सरकारी खजाने से करोड़ों का धन दिया जाता है। जबकि हिन्दू तीर्थ यात्रियों (अमरनाथ, कैलाश और सबुरीमलाअ आदि) पर यात्रा कर लगाया जाता है। यह पूरी दुनिया में सिर्फ भारत में होता है। कोई इस्लामी देश भी अपने नागरिकों को हज करने के लिए सरकारी खजाने से पैसा नहीं देता है। लेकिन भारत में यह होता है। यह सत्ता सुख के लिए वोट की व्यवस्था का उपाय है। हज के लिए अनुदान और व्यवस्था मद में खर्च मिला कर यह राशि चार अरब रुपये होती है। संप्रग सरकार अब इसमें और विस्तार करने का प्रस्ताव कर रही है।

(29) हिन्दुओं के मंदिरों का, जहाँ हिन्दुओं द्वारा चढ़ावा का अकूत धन आता है, सरकारी अधिग्रहण कर लिया गया है। उनकी सारी आमदनी सरकार के खजाने में पहुँचती है, जिस खजाने से मुसलमानों को हज करने के लिए करोड़ों रूपये दिये जाते हैं। लेकिन मस्जिदों और चर्चों को संबंधित समुदाय द्वारा अपनी इच्छा से चलाने का पूरा अधिकार है। अजमेर शरीफ और दूसरे दरगाहों के चढ़ावों को उनके द्वारा मनमाना खर्च किया जाता है, जिसमें इस्लाम विस्तार के लिए मुजाहिदीन तैयार करने हेतु मदरसों का निर्माण और हथियारों की खरीदगी शामिल है।

(30) अरबी भाषा की उन्नति के लिए तो भारत सरकार सहायता देती है। पर संस्कृत के लिए नहीं। इनकी दृष्टि में अरबी राष्ट्रीयता का प्रतीक है और संस्कृत पिछड़ापन का।

(31) जेहादी कार्यों के लिए मुस्लिम देशों की सरकारों और जेहादी संगठनों द्वारा इस्लाम विस्तार तथा ईसाई देशों से ईसाइयत के विस्तार हेतु बड़े पैमाने पर धन आ रहा है। हिन्दुओं के अस्तित्व पर दिन पर दिन संकट बढ़ता जा रहा है पर अज्ञानी, स्वार्थान्ध और सत्तालोलुप नेताओं को इसकी कुछ भी परवाह नहीं है।

विगत काल से लेकर आज तक गाँधी नेहरू जोड़ी ने मुस्लिम परस्ती की जो हवा बहाई उसे आज तक काँग्रेसियों ने न केवल अपनाया वरन उसमें वृद्धि ही की है। थोक मुस्लिम वोट की आशा में अब सभी दलों ने मुस्लिम परस्ती और तुष्टिकरण की होड़ ले ली है जिसका सबसे घिनौना रूप 'हिन्दू विरोध' है।

(32) वर्ष 2002–03 में कर्नाटक सरकार ने वहाँ के मंदिरों की दान पेटियों से प्राप्त 72 करोड़ रूपयों में से 50 करोड़ मदरसों, 10 करोड़ चर्चों और मात्र 10 करोड़ मंदिरों के रख–रखाव के लिए दिया। हिन्दू का धन हिन्दू के विनाश के लिए हिन्दू द्वारा लुटाने का कारण है वोट का लोभ, जो हिन्दू के पतन को उजागर करता है।

(33) एक साजिश के तहत योजनाबद्ध ढंग से नेहरू के जमाने से ही इतिहास का विकृतिकरण किया गया। पहले नेहरू के नाम पर जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय बनवाया गया जिसमें ऊँचे वेतन पर देश भर से मार्क्सवादियों को खोज–खोज कर लाया गया। यह विश्वविद्यालय मार्क्सवादी निर्माण का कारखाना बन गया। सारे देश के मेधावी छात्र यहाँ से मार्क्सवादी विचारधारा के नकारात्मक सिद्धांत सीख कर, जो अन्तर्राष्ट्रीयतावाद की विकृति, अराष्ट्रीयतावाद और देशद्रोहवाद का रूप ग्रहण चुका है, निकलते हैं। ये देश भर के विश्वविद्यालयों में प्राध्यापक नियुक्त हो कर इस संस्कृति या विकृति को युवा पीढी में फैलाने का महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। आर्थिक या सामाजिक शोषण और अन्यायपूर्ण आर्थिक और सामाजिक विषमता के विरुद्ध संघर्ष और समर्थन की बात तो समझ में आती है, पर खुले रूप से घोषित मुस्लिम जेहादी सिद्धांत और व्यवहार के समर्थन को निरा पागलपन के सिवाय और क्या कहा जा सकता है।

ये मुस्लिम आक्रमणों के कारण, तरीका, सिद्धांत, बर्बरता, क्रूरता, आतंक, अत्याचार को छिपाकर उसे ऐसा रूप देने का प्रयास करते हैं जिससे हिन्दू, इस्लाम विस्तार के असली कारण को नहीं जान पावें। ताकि जेहादी इस्लाम अपने प्राचीन बर्बर तरीके से इन अनजान और असावधान हिन्दुओं का आसानी से नाश कर दे। पता नहीं इन्हें इस्लामी चरित्र का ज्ञान होता है या नहीं। यदि नहीं होता है तो दुनिया भर में इनकी गतिविधियों को देखकर उसका अध्ययन करना चाहिए और इतिहास को तथ्यों और सच्चाई से समृद्ध बनाना चाहिए न कि विकृत। यदि ये इस्लाम को जानते हैं तो फिर मार्क्सवाद में ऐसा कौन सा तत्त्व है जो इस बात के लिए प्रेरित करता है कि इस्लाम के निर्देशों के अनुसार मुसलमानों को जेहाद द्वारा हिन्दुओं को नष्ट कर देना चाहिए, जैसा वे चौदह सौ वर्षों से करते आ रहे हैं ? उन्हें नष्ट करने के बाद कट्टर इस्लामी संस्कृति की स्थापना से मार्क्सवादियों को कौन–सा पुरस्कार मिल जायेगा जिसके लिए वे अंधा होकर इस्लामी आतंकियों का समर्थन करते और मदद पहुँचाते हैं ? इसका उन्हें गम्भीरता से आत्ममंथन करना चाहिए।

मार्क्सवादी इतिहासकार एवं साहित्यकार भारतीय राष्ट्रीयता के एकमात्र वाहक हिन्दू समाज को अराष्ट्रीय बनाने के लिए उनके प्राचीन साहित्य से काटने, जो अत्यन्त समृद्ध है, की चेष्टा क्यों करते हैं ? क्या वे समाज में प्रचलित अंध विश्वास और रूढ़ियों को ही हिन्दूधर्म समझ बैठे हैं ? अंधविश्वास और रूढ़ियों को मिटाकर वैज्ञानिक जीवन मूल्यों की स्थापना के लिए प्रयास करते तो वह एक स्वस्थ दिशा होती। तब उन्हें सामाजिक–आर्थिक शोषण के विषय में सचेत कर सकते जिसे वे अपनी दिशा और लक्ष्य बतलाते हैं। किन्तु उन्होंने भारत के सुसंस्कृत अतीत के अनेक सुनहरे पृष्ठों को गंदा करने का ही प्रयास किया। यह सब कुछ नेहरू वादी परम्परा और प्रयासों का ही परिणाम है।

(34) तुष्टिकरण की होड़ में सरकारें अब इस देश को मुसलमानों और ईसाइयों को सौंप देने पर आमादा दिखती हैं। हाजियों को अनुदान के अलावा, प्रबंध व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए मक्का में सरकारी व्यवस्था दल, उनको

कवर करने के लिए टी0वी0 की टीम, सरकारी खर्च पर हज के लिए जाने वालों को राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री की ओर से इफ्तार पार्टी, जामा मस्जिद के रख रखाव के लिए 50 लाख रुपये का अनुदान, केवल मुसलमानों के लिए 10 पोलिटेकनिकों की स्थापना, बैंकों, रेलों, पुलिस में बिना प्रतियोगिता परीक्षा के नियुक्तियों के लिए अल्पसंख्यक समिति (सैल), अलीगढ़ युनिवर्सिटी के मुस्लिम ढाँचे को बनाए रखने के लिए संसद का विशेष बिल, मुसलमानों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण, अब 100 प्रतिशत की भी माँग होने लगी है जिसे ये आज या कल पूरा कर ही देंगे, विरोध करेगा ही कौन ? मुस्लिम वक्फ जायदादों की किराया कानून से छूट, वक्फ बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय परिसम्पत्तियों को धीरे–धीरे अपने अधीन लेने की साजिश, जिससे देश का अधिकांश धन मुस्लिम संस्थाओं के हाथ में पहुँच जाय। अभी–अभी ताजमहल को वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति की एक तरफा घोषणा कर दी गई पर सरकार के लिए तो तुष्टिकरण का सवाल है उसे चुप रहना ही पड़ेगा। पूरे भारत में महानगरों, नगरों, कस्बों, मुहल्लों में सरकारी भूमि पर कब्र का पत्थर रख कर सरकारी जमीन जायदाद मुसलमानों द्वारा दखल किया जा रहा है। सब तमाशा देख रहे हैं। उन जमीनों पर दरगाह बना कर फिर धीरे–धीरे घुसपैठियों को बसाने का सुनियोजित देशद्रोह जैसा आपराधिक काम चल रहा है।

दिल्ली में गरीबी रेखा का मुसलमानों के लिए आधार है 40,000/– रुपये वार्षिक आमदनी से नीचे; लेकिन हिन्दू के लिए वह 20,000/– रुपये से नीचे है। मुस्लिम तुष्टिकरण की कोई सीमा नहीं है। कांग्रेसी सरकार ने इमामों को वेतन देने की पेशकश की थी जैसे सरकारी खजाना उनके बाप का हो, जैसे चाहे लुटावें। पोप को भी दो बार करोड़ों रुपये खर्च कर भारत बुलाया गया। ईसाई वोट के लिए। पर, हिन्दू नेपाल नरेश महाराजा महेन्द्र को मकर संक्रान्ति उत्सव पर नागपुर आने से रोका गया जिसका आयोजन सारे हिन्दू समाज की ओर से 1965 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया था। महाराजा महेन्द्र को खेद के साथ हिन्दुस्तान आने के अपने कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा। इसी प्रकार वर्तमान नरेश (अब दिवगंत) महाराजा वीरेन्द्र को भी हमारी सरकार ने रामेश्वरम् में पूजा के लिए आने की अनुमति नहीं दी।

(भारत में छद्म धर्मनिरपेक्षतावाद, लेखक कन्हैया लाल एम0 तलरेजा, पृ0 531)

हिन्दू जनसंख्या नियंत्रित करने के लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम जोर शोर से चलाया गया इसके लिए हर पंचवर्षीय योजनाओं में भारी धन का प्रावधान किया गया पर मुस्लिम जनसंख्या नियंत्रित करने के नाम पर चुप्पी साध ली गई। किसी पर इस दिशा में कार्रवाई करने का साहस नहीं हुआ। मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए बिना मांग के ही पैगम्बर मुहम्मद के जन्म दिवस पर छुट्टी घोषित की गई। शादी करे मुस्लिम, तलाक दे मुस्लिम पर तलाकशुदा मुस्लिम औरत का जीवन निर्वाह करे हिन्दू। हिन्दुओं के टैक्स के रुपयों को सरकार वक्फ बोर्ड को देती है ताकि वक्फ बोर्ड तलाकशुदा मुस्लिम औरतों को पेंशन दे सके। चार शादियाँ करने वाले मुसलमान अपनी पहली वाली बीवियों को अक्सर तलाक दे ही देते हैं। जिसका खर्च हिन्दू चलाते हैं। वे नई बीवी से जनसंख्या विस्तार कर रहे हैं। राजीव गांधी का 15 सूत्री

कार्यक्रम मुस्लिम –ईसाइयों को ही तुष्ट कर वोट की व्यवस्था करने का कार्यक्रम था। स्कूल–कॉलेजों की पढाई से संस्कृत को निकाल कर हिन्दुओं को नेहरू की नीति के अनुसार उन्हें उनके अतीत से काटने की व्यवस्था की जा रही है जबकि उर्दू को द्वितीय राष्ट्रभाषा बनाकर देश में स्थापित करने की कार्रवाई की जा रही है। कश्मीरी विस्थापितों के विषय में सरकारें चुप रहती हैं। इस अत्याचार के विरुद्ध सरकार की ओर से निन्दा, उनके सहायता के लिए कार्य जिस हद तक किया जाना चाहिए नहीं किया जाता है क्योंकि वे हिन्दू हैं। यदि वे उनकी मदद की ओर उन्मुख होंगे तो इससे मुसलमान नाराज़ होंगे।

ईसाई मिशनरियाँ हिन्दू धर्म और हिन्दू समाज को विकृत और पिछड़ा दिखाने के लिए अपनी पाठ्य पुस्तकों में छिटफुट किस्से–कहानियों और घटनाओं में चालाकी से ऐसे प्रसंगों को जोड़ती हैं जिससे पढ़ने वालों के मन में हिन्दू धर्म से नफरत होने लगता है। अब यह सबको मालूम है कि ईसाई मिशनरियों ने भारत के शिक्षा तंत्र पर अपना अधिकार कर लिया है। बाहर से आने वाले अकूत धन और भारत सरकार से अल्पसंख्यकों को अनुदान के नाम पर मिलने वाली सहायता से वे अपना चौतरफा विस्तार करने में लगे हैं। सरकारें तो वोट के लोभ में उन्हें खुश करने के लिए उनका तलवा चाटती रहती हैं। ईसाई स्कूलों में शिक्षित लोग अंग्रेजी समाचार पत्रों, रेडियो, टी0वी0 आदि प्रचार माध्यमों में पहुँच कर वातावरण ऐसा बना चुके हैं कि ईसाई या मुसलमान के विरुद्ध यदि कोई घटना घटती है तो वे आकाश–पाताल एक कर देते हैं लेकिन हिन्दू के विरुद्ध कितना भी बड़ा अन्यायपूर्ण व्यवहार हो जाय, वे चुप्पी साध लेते हैं। ग्राहम स्टेन्स की हत्या पर लगा था कि हिटलर का यहूदी विध्वंश कार्यक्रम चालू हो गया है और गोधरा काण्ड पर इन समाचार पत्रों के सम्पादकीय, जो उस समय आते थे, उससे इनकी मक्कारी को देखकर लहू खौलने की स्थिति बन जाती थी। आज जो परिस्थिति बन चुकी है सब नेहरू और उनकी कांग्रेस के षड्यंत्र के कारण ही बनी है। आज तो ईसाई सोनिया के हाथ में इन्होंने इस देश को ही सौंप दिया है।

बिहार में कब्रिस्तानों की घेराबन्दी सरकार ने सरकारी खजाने से कराया। यह तुष्टिकरण में कांग्रेसियों से होड़ लेने में राजद ने किया। तुष्टिकरण और मुस्लिम उपद्रव को सहने की कुछ ताजा घटनाएँ इस प्रकार हैं –

इतिहास को विकृत करने के उद्देश्य से एन0सी0ई0आर0टी की किताब में लिखा गया है कि "पौराणिक जनश्रुति के अनुसार अयोध्या के राम का काल 200 ई0 पू0 के आसपास भले ही मान लें, पर अयोध्या में की गई खुदाई और व्यापक छानबीन से तो यही सिद्ध होता है कि उस काल के आसपास वहाँ कोई बस्ती थी ही नहीं।" 11वीं और 12वीं की इतिहास की पुस्तक के पृष्ठ 22 पर पुनर्मुद्रण में बदलकर यह बात लिखी गई है। इसके सम्पादक हैं वामपंथी इतिहासकार प्रो0 राम शरण शर्मा। यद्यपि ई0 पू0 15वीं सदी की बस्ती का प्रमाण पुरातत्व विभाग को मिला है। यह इतिहास की विकृति के साथ ही मुस्लिम परस्ती दिखाने के लिए हिन्दू आस्था के विरोध की एक भद्दी साजिश है।

11वीं की "एन सी ई आर टी" की नई किताब "मध्यकालीन भारत" में जिसके सम्पादक वामपंथी इतिहासकार प्रो0 सतीशचन्द्र हैं, पृथ्वीराज चौहान को कायर और भगोड़ा बताया गया है तथा जयचन्द को रणभूमि का शहीद। वक्फ बोर्ड द्वारा ताजमहल को वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति घोषित किये जाने पर यू0पी0 के मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव अंध मुस्लिम परस्ती दिखाने के लिए बोर्ड के फैसले के पक्ष में खड़े हो गये। ये पहले भी इमराना प्रकरण में मुल्ले मौलवियों द्वारा जारी फतवे को उचित करार दे चुके हैं। (हिन्दू विश्व– अगस्त 1–15)

अमरनाथ यात्रा पर सदैव आतंकवाद की छाया तो मंडराती ही रहती है, ऊपर से कश्मीर की मुफ्ति सरकार जो केन्द्र की धर्मनिरपेक्ष सरकार के सहयोगियों के गठबंधन से चल रही है; हिन्दू तीर्थ यात्रियों के साथ स्पष्टतया शत्रुओं जैसा व्यवहार करती है। "हिन्दू सभा वार्ता" के विशेष प्रतिनिधि ने लिखा, कि "मैंने तीर्थ यात्री के रूप में पहली बार ऐसा देखा है कि सरकारी टेंटों में रात्रि विश्राम के लिए पैसा वसूला जा रहा हो, वह भी दस–बीस रुपये नहीं अपितु एक सौ पचास रुपये से अधिक रकम जो कि सामान्यतः किसी होटल के कमरे के किराये से भी अधिक है। इसके अतिरिक्त भंडारे आयोजित करने के लिए स्थान भी धन लेकर दिया जाता है।" एक तरफ हिन्दू के पैसे मुसलमानों को हज कराने, उनके मदरसे चलाने, उनकी तलाकशुदा बीवियों को गुजारा भत्ता देने और उनके दरगाहों और मस्जिदों के निर्माण और मरम्मत पर खर्च होते हैं और दूसरी ओर मुस्लिम राज्य में इस्लामी असहिष्णुता और काफिर को शत्रु समझने वाली मानसिकता हिन्दुओं से "जजिया" कर वसूल रही है। हिन्दू बहुल राज्यों में सभी दल तुष्टिकरण में अल्पसंख्यक को आरक्षण देने की मांग करने लगे हैं। कल सेना पुलिस सहित सभी सुरक्षा बलों में यह आरक्षण दे कर हिन्दू विनाश का काम सरल बना देंगे।

मुस्लिम और ईसाई तुष्टिकरण, अल्पसंख्यक वाद और धर्मनिरपेक्षता का नाम लेकर किया जाता है। हिन्दू समाज के विनाश की दिशा में की जाने वाली इन सभी कार्रवाइयों के कर्ता स्वयं हिन्दू ही हैं। "निजी लाभ के लिए अपने हिन्दू समाज को मिटा डालने तक के घृणित काम में लगने वाली मानसिकता कब से और क्यों बनी तथा इसे शीघ्रता से कैसे दूर किया जाय" इस विषय पर गम्भीर चिन्तन की चुनौती को स्वीकार कर हिन्दू बुद्धिजीवियों को लगना चाहिए। अब समय बहुत कम है। क्रांतिकारी विचार और क्रिया द्वारा हिन्दू समाज की रक्षा और उत्थान के काम में प्रत्येक हिन्दू को अब सभी पूर्वाग्रहों को त्याग कर समर्पित भाव से लग जाना चाहिए।

स्वार्थान्ध, आत्मकेन्द्रित और असंगठित हिन्दू क्यों निजी लाभ के लिए बड़े से बड़े सामाजिक हितों के साथ घात कर बैठता है, इसकी छानबीन करना बहुत आवश्यक है। आज किसी भी संगठन में हिन्दू अपने पद, निजी प्रतिष्ठा, प्रभुत्व, धन आदि के लिए संगठन के मूल उद्देश्यों की परवाह न कर अक्सर आपसी कलह और एक दूसरे की टाँग खीचने में ही उलझे रहता है। संस्कार से उसे जो चरित्र मिलता है उसमें सामाजिक हित के लिए त्याग की भावना का सर्वथा अभाव होता है जिसके कारण अपनी सामाजिक, जातीय या राष्ट्रीय हितों के ऊपर वह अपने निजी हित को

रखने का अभ्यस्त बन जाता है। हिन्दू धर्म में व्यक्तिगत पुण्य लाभ द्वारा स्वर्ग प्राप्ति, मानवयोनि में पुनर्जन्म एवं मोक्ष प्राप्ति के सिद्धांत और विश्वास पर आधारित पूजा–पाठ, व्रत, उपवास, कर्मकाण्ड, तीर्थ आदि का पालन करते करते एक हिन्दू पूरी तरह से आत्मकेन्द्रित और अन्ततः स्वार्थी बन जाता है। इन संस्कारों से प्रभावित मन लौकिक जीवन में भी अपने ही तक सिमट जाता है।

सामाजिक, सामुदायिक, जातीय या राष्ट्रीय हित के लिए अपने हित का त्याग करने की भावना एक हिन्दू के अंदर उत्पन्न हो, इसके लिए हिन्दू धर्म विधान में कोई प्रभावकारी प्रावधान नहीं है। स्वयं में ही सिमट कर राष्ट्रीय हित की परवाह नहीं करने के कारण एक धार्मिक समूह के रूप में हिन्दू कमजोर बना हुआ है। हिन्दूवादी या हिन्दू हितकारी संगठनों के अंदर भी नाम मात्र के ही त्यागी लोग हैं, शेष तो सभी प्रभुत्व, यश या जीविका के लोभ में एक सहारा के रूप में ही इन संगठनों में शामिल होते हैं। इसे समझना होगा और हिन्दू समाज की वैचारिक सोच पर पड़ी धूल को साफ करने का बीड़ा उठाना ही होगा।

समाज सुधार का काम एक साथ पूरा समुदाय नहीं करता है। एक व्यक्ति या एक ही सोच के अनेक लोगों के संगठन द्वारा समाज में बड़ा से बड़ा उलट-पलट किया जा सकता है। जो जागृत लोग हैं और हिन्दू समाज की दुरवस्था देखकर चिन्तित एवं बेचैन हैं यह उन्हीं का कर्तव्य है कि अपनी उदासीनता, आलस्य और झिझक छोड़कर समाज में उथल–पुथल करने के उद्देश्य से आगे आवें। आज की सबसे बड़ी समस्या हिन्दू समाज के अस्तित्व रक्षा की है। इस कार्य को ही प्राथमिकता की सूची में प्रथम स्थान पर रखना होगा। इसके लिए जातियों में विभाजित पूरे हिन्दू समाज को एक करने का मुश्किल काम हाथ में लेना होगा। छुआछूत मिटाने और अन्य सामाजिक सुधार का काम भी करना होगा। संगठन तैयार करना और बिना किसी भेदभाव के हिन्दू समाज के सभी श्रेणी के लोगों की गाँव, मुहल्ला, टोला आदि के स्तर पर नियमित साप्ताहिक या अर्द्ध साप्ताहिक बैठकें करना और समाज पर आने वाले इस्लाम और ईसाइयत के खतरों से सचेत करना आवश्यक है। पूरा समाज जब सही जानकारी प्राप्त कर लेगा तो स्वयं ही उसके निदान का उपाय खोजना शुरू करेगा।

आज कल विभिन्न जातियों के नेता जातिगत आधार को बनाये रख कर निजी प्रभुत्व और राजनीतिक लाभ के लिए जातियों के बीच कटुता पैदा करने की चेष्टा में लगे रहते हैं। ये अपना अस्तित्व जाति के अस्तित्व में ही देखते हैं। यदि पूरा हिन्दू समाज एक बनता है तो इनको अपना आधार नष्ट होता हुआ दिखने लगता है इसलिए ये सामाजिक कटुता बढ़ाने का ही प्रयास करते हैं। इन भीतरघाती लोगों का पर्दाफाश करना होगा। हिन्दू समाज पर अस्तित्व का संकट गहराता जा रहा है। उसका मुकाबला करने में वह जिन कारणों से अक्षम बना हुआ है उनमें सर्वप्रमुख है अस्तित्व संकट की जानकारी का अभाव। यह विषय सबसे महत्वपूर्ण है। सारी कठिनाईयों के मूल में समस्याओं के ज्ञान का अभाव ही है। पहले ही इसकी चर्चा की जा चुकी है कि पूरे हिन्दू समाज को शिक्षित करने का काम किसी हिन्दू संगठन,

धर्मगुरू या प्रचार माध्यमों द्वारा सुनियोजित रूप से नहीं किया गया। यह काम बहुत बड़ा है लेकिन उतना ही आवश्यक भी।

इस्लाम की व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक बच्चे को इस्लामी नियमों के पालन का अभ्यास कराने और इस्लामी शिक्षा की जानकारी देने की कार्रवाई की जाती है। इससे बचपन में पड़े संस्कार सारी उम्र के लिए स्थाई स्वरूप ग्रहण कर लेते हैं। इन नियमों और शिक्षाओं के पालन के कारण उनमें कट्टरतापूर्ण आचरण की परम्परा स्थापित हो जाती है।

ईसाई भी अपने पंथ की शिक्षा की व्यवस्था करते हैं। नियमित प्रार्थना और चर्च के कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के कारण ईसाई बच्चे भी बड़ा हो कर सच्चा ईसाई बनते हैं। इन दोनों मजहबों में एक समानता है कि दोनों अपने-अपने मजहब में अन्य धर्मावलम्बियों को शामिल करने के लिए प्रयासशील रहते हैं। इनके मजहबों का सर्वाधिक प्रमुख भाग विस्तार है। इसलिए ये जहाँ भी रहते हैं अपने आसपास के विधर्मियों को अपने मजहब में सम्मिलित करने के लिए उनके समाज को तोड़ने का प्रयास करते रहते हैं। इस उद्देश्य के लिए उनके कार्यक्रमों के स्वीकृत विधान हैं। ये विधान ऐसे हैं जो सामान्य नैतिकता और प्राकृतिक न्याय के सर्वथा विरुद्ध हैं।

भारत में ये दोनों मजहब इस्लाम और ईसाइयत, अपने उन्हीं अनैतिक और अन्यायपूर्ण मार्ग से विस्तार के लिए हिन्दू समाज को कमजोर कर तोड़ने और अन्ततः मिटा डालने के कुचक्र में लगे हैं। ये दोनों ही शामी प्रथा के ईश्वर–पुत्र और पैगम्बर का आवरण ओढ़कर क्रमशः ईसा और मुहम्मद द्वारा चलाये गये मजहब हैं। अपने मजहब के विस्तार के लिए ईसाई चालबाजी, ठगी, धोखाबाजी, झूठा प्रचार, झूठा चमत्कार, रिश्वत, भावनात्मक शोषण आदि सभी प्रकार के अनैतिक आचरण अपनाते हैं। इनके विषय में सामान्य मान्यता है कि जब ये कमजोर होते हैं तब मेमने की तरह सरल होते हैं; जब समान होते हैं तब लोमड़ी की तरह चालाक बन जाते हैं और जब शक्तिशाली होते हैं तब चीते के समान आक्रामक बन टूट पड़ते हैं। धूर्तता इनके मजहब का धर्म है, जिसका ईसाई मिशनरी सदा पालन करते हैं। नवधर्मान्तरित इसी धूर्तता का प्रथम शिकार बनता है और बाद में इसी धूर्तता को अपना कर ईसाई के रूप में ईसाइयत विस्तार में सहयोगी बनता है। भारत में कमजोर, पिछड़ों, दलितों और असहाय के मददगार के रूप में इन्होंने अपना जाल फैलाया क्योंकि दुष्कर्म सदा सत्कर्म के आवरण के नीचे ही होता है। चंगाई चमत्कार का झूठा पाखण्ड गढ़ कर भोले–भाले लोगों को फँसाया। अब जिन इलाकों में बहुसंख्यक बन गये हैं; वहाँ भारत से अलग होने की माँग करने लगे हैं। इनके मजहब का चरित्र ही है असहिष्णुता। इनके विषय में स्वामी विवेकानन्द और डॉ0 अम्बेडकर ने कहा था कि एक भारतवासी जब तक हिन्दू (किसी भारतीय सम्प्रदाय का जैसे सिक्ख, बौद्ध, जैनी, सरना आदि) रहता है तब तक तो वह राष्ट्रीय रहता है लेकिन ईसाई बनते ही वह अराष्ट्रीय या राष्ट्रद्रोही तक बन जाता है। ये देश को तोड़ कर टुकड़े–टुकड़े करने के दुष्प्रयास में लग जाते हैं। ईसाई और इस्लाम दोनों के आमंत्रण को ठुकरा कर उन्होंने अराष्ट्रीय बनना स्वीकार नहीं किया।

इस्लाम का तो विधान ही जेहाद है, जिसके विषय में पहले बहुत कुछ कहा जा चुका है। इस्लाम विस्तार के लिए हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार आदि अति घिनौना और नीच कर्म भी इस मजहब में अल्लाह का स्वीकृत कानून है। इन्हीं दुष्कर्मों को भोग कर लोग मुसलमान बनते हैं। फिर मुसलमान इन्हीं दुष्कर्मों द्वारा गैर मुसलमानों को इस्लाम में शामिल होने के लिए विवश करते हैं। आतंक के साये में जन्मा मजहब कट्टरता और आतंक से संस्कार पा कर वैसा ही बन जाता है। इस्लाम विस्तार के लिए गैर मुसलमानों के साथ किया गया प्रत्येक अन्यायपूर्ण और अनैतिक कर्म अल्लाह द्वारा प्रशंसित पुण्य काम है। इनकी असहिष्णुता तो कुख्यात ही है। ये अपने जन्म से ही पृथकतावादी हैं। इनकी पृथकतावाद की ही उपज है – पाकिस्तान। इन सबका शिकार होना है गैरमुसलमानों को या स्पष्ट कहा जाय तो भारत में हिन्दुओं को।

हिन्दू की कठिनाई यह है कि इन सबके विषय में वह कुछ जानता ही नहीं है। अगर हिन्दुओं को इन समस्याओं की नियमित जानकारी दी जाती और इनसे निपटने के संबंध में आपस में विचार-विमर्श कर रणनीति बनाने एवं तद्नुरूप कार्रवाई करने हेतु नियमित बैठकें करने का धार्मिक प्रावधान होता तो हिन्दू ऐसे शत्रुओं से लड़कर उन्हें मिटा डालने की सामर्थ्य पैदा कर लेते। पर इस ओर किसी ने न तो ध्यान ही दिया और न ही इससे निपटने के लिए कोई धार्मिक, सामाजिक या राष्ट्रीय नीति ही तैयार की। परिणाम स्वरूप मुसलमान बढ़ रहे हैं, ईसाई बढ़ रहे हैं और हिन्दू मिटते जा रहे हैं। वह दिन बहुत दूर नहीं रह गया है जब हिन्दू, बर्बरता, क्रूरता और नीचतापूर्ण अत्याचार की यातना झेल कर और अपनी सारी दौलत खो कर अपने प्रियजनों सहित समाप्त हो जायेंगे यदि इसी प्रकार अज्ञानता के अंधकार और अप्रतिकारात्मक निष्क्रियता में पड़े रहे। यह अज्ञानता ही है जिसके कारण हिन्दू समाज के हितों के लिए समर्पित भाव से काम करने वाली एक भी राजनीतिक पार्टी नहीं हैं। हिन्दू जिस बी0जे0पी को ईसाइयत और इस्लाम के आक्रमण से हिन्दू हितों की रक्षक पार्टी समझ रहे थे वह अब तक साफ हो चुका है। बी0जे0पी0 भी पूरी तरह से अन्य पार्टियों की तरह ही मुस्लिम तुष्टिकरण की होड़ में शामिल हो चुकी है। अब पूरे देश के राजनीतिक क्षितिज पर हिन्दू हितों के लिए स्पष्टता और दृढ़ता के साथ आवाज उठाने वाला कोई दल नहीं बचा है।

इस्लाम और ईसाइत के विस्तारवादी आक्रामक चरित्र का शिकार हिन्दुओं को ही होना है। अब तो बिना रोक-टोक उनके सभी हिन्दू विरोधी प्रस्तावों को एक तरफा स्वीकृति मिलती जायेगी। इससे हिन्दू समाज को कमजोर करने की उनकी किस्तवार योजना तेजी से सफल होगी और एक हल्के झटके में ही वह टूट–फूट कर बिखर जायेगा। सऊदी अरेबिया के प्रोफेसर नासिर बिन सुलेमान उल उमर का कथन है कि "भारत स्वयं टूट रहा है। यहाँ इस्लाम तेज गति से बढ़ रहा है और हजारों मुसलमान पुलिस, सेना और राज्य शासन व्यवस्था में घुस चुके हैं और भारत में इस्लाम सबसे बड़ा दूसरा धर्म बन चुका है। आज भारत भी विध्वंश के कगार पर है। जिस प्रकार किसी राष्ट्र को उठने में दसियों वर्ष लगते हैं उसी प्रकार उसको ध्वंस

होने में भी लगते हैं। भारत एक दम रातों–रात समाप्त नहीं होगा। इसे धीरे–धीरे समाप्त किया जायेगा। निश्चित ही भारत नष्ट कर दिया जायेगा। (आर्गे 18.7–04)

मुस्लिम तुष्टिकरण की होड़ लेने वाले हिन्दू नेता ही कुछ दिनों में मुस्लिम मुख्यमंत्री और मुस्लिम प्रधानमंत्री की रट लगाने लगेंगे। मुस्लिम मजहबी राजनीतिक बुद्धि इन मूर्खों को पराजित करने में निपुण है। इस कार्यक्रम को मुसलमान खूब चतुराई से आगे बढ़ा रहे हैं। इसीलिए उन्होंने अपना नारा "हँस के लिया है पाकिस्तान, लड़ के लेंगे हिन्दुस्तान" को बदलकर अब नया नारा बना लिया है – "हँस के लिया है पाकिस्तान, घुस के लेंगे हिन्दुस्तान" और इस घुसपैठ को बड़े पैमाने पर व्यावहारिक रूप देना शुरू कर दिया है। यह सब बेरोक–टोक चल रहा है इसलिए कि पूरा हिन्दू समाज ही इस षड़यंत्र से बेखबर है। घुसपैठ की जेहादी कार्रवाई की सफलता के लिए निर्णायक महत्व है। इससे जनसंख्या वृद्धि, शत्रुओं की स्थिति की जानकारी, उनको विश्वास में लेना, समय पर भीतरघात करना, उनके अन्दर घुस कर उनमें लड़ाई कराने की व्यवस्था आदि काम बिना खतरे के होना संभव होता है। पाकिस्तान और बंगलादेश से भारत में अवैध घुसपैठ करना, वीसा लेकर भारत आना और मुस्लिम बस्तियों में छुप कर रह जाना, स्थाई रूप से भारत के विभिन्न जगहों में बस जाना, विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों में घुसना, चोरी, स्मगलिंग, जैसे अवैध कारोबार करना, मादक पदार्थों जैसे अफीम, हिरोइन आदि का हिन्दू मुहल्लों–बस्तियों में व्यापार कर काफिर शत्रुओं को नसेड़ी बनाना, हिन्दू मुहल्लों, स्कूलों–कॉलेजों, नौकरियों आदि में खुलापन का लाभ उठाते हुए हिन्दू लड़कियों का सुनियोजित रूप से पीछा करना, उन्हें फुसलाना–बहकाना, उन्हें भगाना, भ्रष्ट करना, बीवियाँ, रखैल और वेश्याएँ बनाना, हिन्दुओं के मुहल्लों, बस्तियों, कस्बों, घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, कारखानों, बड़ी फैक्टरियों, दुकानों, सेवा, व्यवसायों परिवहन के साधनों आदि हर जगह घुस कर हिन्दुओं के यहाँ नौकरी या व्यापार में हिस्सेदार बन कर उनकी हर गतिविधि से जुड़ जाना, हिन्दुओं के निजी उत्सवों, विवाह, पूजा, व्रत, सभा, सम्मेलनों, संस्थाओं, राजनीतिक दलों, स्वयंसेवी संस्थाओं हर जगह घुसकर अपनी सतर्क दृष्टि से जेहाद के दिन के लिए तैयारी में लगे रहना और उन्हें अपने मजहब के प्रावधानों की भनक तक न लगने देना आदि कार्रवाई अपने मजहबी फर्ज को पूरा करने के लिए करते हैं। दूसरी ओर उनके मुहल्लों में आतंकवादी और आपराधिक पृष्ठभूमि के कारण सामान्य हिन्दू की बात कौन करे पुलिस भी हर जगह निर्भय होकर घुसने का साहस नहीं कर पाती है। इसलिए हर प्रकार की अवैध गतिविधि के लिए उनका मुहल्ला सुरक्षित स्थान बन जाता है।

यदि पूरा हिन्दू समाज इस्लाम मजहब के असली विस्तारवादी उद्देश्य को समझता तो वह मुसलमानों से सतर्क रहता। उन्हें अपने घरों और प्रतिष्ठानों, त्योहारों, उत्सवों से दूर रखता या ऐसी रणनीति तैयार करता जिससे कम से कम अपनी रक्षा की दीर्घ कालिक योजनानुसार चल पाता। कश्मीर के तीन लाख हिन्दुओं को अपना धन और परिजनो में बहुतों को खोकर दर दर की ठोकरें खाते हुए शरणार्थी जीवन जीना पड़ रहा है। कोई हिन्दू इस विषय पर कभी सोचने का समय निकालता है कि

ऐसा क्यों हुआ ? उनकी सारी दुर्गति हो गई फिर भी इस्लाम को जानने समझने का प्रयास नहीं किया। मुसलमानों का महानतम या पवित्रतम धर्मग्रन्थ 'कुर्आन' जिसे वे अल्लाह का हुक्म कहते हैं; घोषित करता है कि "काफिर तुम्हारे खुले शत्रु हैं" और हिन्दू कहते हैं; "हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई आपस में सब भाई–भाई।" हिन्दू अपने धर्म और संस्कारों के कारण पूरी सृष्टि को ईश्वरमय समझता है, इसलिए वह सबमें एकात्म जीवन दृष्टि के कारण उसे भाई समझने का आग्रह करता है। ऐसा इस्लाम के चरित्र का ज्ञान नहीं होने के कारण ही करता है; क्योंकि जैसे ही मुसलमानों का अल्लाह, काफिरों (गैर मुसलमानों) को शत्रु घोषित करता है वैसे ही स्वतः मुसलमान, गैर मुसलमानों के शत्रु हो जाते हैं। अब वे भाई और मित्र नहीं रह जाते हैं। अगर मुसलमानों को कोई भाई या मित्र समझे तो वही अज्ञानी और मूर्ख है। यही वह अज्ञानता और मूर्खता है जो हिन्दुओं का नाश करा रही है। क्योंकि वह तो शत्रु जान कर अल्लाह के हुक्म का पालन करते हुए काफिर की हत्या करने की तैयारी कर रहा है –

"फिर, जब हराम के महीने बीत जाएँ, तो मुश्रिकों (मूर्तिपूजकों) को जहाँ कहीं पाओ कत्ल करो, और पकड़ो, और उन्हें घेरो, और हर घात की जगह उनकी ताक में बैठो। फिर यदि वे तौबा कर लें , नमाज कायम करें और जकात दें, तो उनका मार्ग छोड़ दो। निःसंदेह अल्लाह बड़ा क्षमाशील और दया करने वाला है।"

(कुर्आन 9 : 5)

"हे ईमान लाने वालों ! (मुसलमानों), मुश्रिक नापाक हैं।" (कु0 9 : 28)

गैर मुसलमानों को इस्लाम का अल्लाह नापाक घोषित करता है और गैर मुसलमान इससे बेखबर रहते हैं।

पैगम्बरी युक्ति से मानव समुदाय में विभेद पैदा कर मुहम्मद ने अरबी साम्राज्य विस्तार की योजना बनाई थी जिसमें वे सफल भी हुए। उनके लिए इस बात की क्या चिन्ता थी कि दूसरे देश के लोग आपस में बँट कर, भाई–भाई का शत्रु बन कर अनजान और निर्दोषों का गला काटे। भारत के हिन्दुओं का एक भाग टूट कर मुसलमान बने और फिर दूसरे भाग पर बर्बर अत्याचार कर उन्हें भी मुसलमान बनावे ताकि सदा के लिए वे मानसिक रूप से अरब के गुलाम बन जायँ। अरब की ओर पाँच बार प्रतिदिन माथा झुकावें, अरब के प्रति श्रद्धा भाव रखें, अरबी लोगों को फिरिश्ता समझें और हज के माध्यम से प्रतिवर्ष करोड़ों का धन अरब पहुँचावें और उस देश को जहाँ जन्म लेते हैं, परवरिश पाते हैं, सारी जिन्दगी व्यतीत करते हैं और अपने वंशजों की सुख–सुविधा के लिए आजीवन अर्जन करते हैं उसे शत्रु देश (दारुल हर्व) समझें और विध्वंश कर उसके ऐश्वर्य का नाश करें। चतुर मुहम्मद ने अपनी बुद्धि चातुर्य से किस प्रकार अरब के हित में दुनिया को गुलाम बनाने की चाल चली और उसमें सफलता हासिल की; आज इसे पूरी दुनिया देख रही है। अरब से बाहर के मुसलमान भी इस्लाम नाम के इस अरबी छद्म से पीड़ित होते हैं पर मानव प्रकृति की विशेषता के कारण वे पारम्परिक मजहबी व्यवस्था के इस चक्रव्यूह में ऐसा फँस जाते हैं कि उससे निकलना उनके लिए मुश्किल हो जाता है।

विगत दिनों में तो उनके लिए हिन्दू समाज भी दुखदाई ही रहा। भारत के 95 प्रतिशत या उससे भी अधिक मुसलमान इस्लामी बर्बर अत्याचार से पीड़ित होकर ही मुसलमान बने थे। आज जो मुसलमान नहीं हैं और जो मुसलमान हैं उनके पूर्वजों की पहचान शुरू की जाय तो कहीं न कहीं दोनों का पूर्वज एक ही व्यक्ति या एक ही वंश मिल जायेगा। यह कोई भावनात्मक कल्पना नहीं है, ऐतिहासिक सच्चाई है। उन पर आई विपत्ति टलते ही वे पुनः अपने पुराने धर्म में वापस आना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने बहुत प्रयत्न किये। किन्तु इस हिन्दू समाज के जो मार्गदर्शक थे, जिन पर धर्म के संचालन की जिम्मेवारी थी, वे धर्मगुरू रूढ़ियों में फँसे हुए अदूरदर्शी, अज्ञानी, मूर्ख और पाखंडी सिद्ध हुए जिन्होंने अपने ही विपत्तिग्रस्त भाइयों को नहीं अपनाया। उल्टे उन्हें अछूत, तिरस्कृत और पतित घोषित कर दिया। उनके लिए अब इस्लाम में बने रहने के सिवाय अन्य कोई मार्ग नहीं बचा था। तब हिन्दू धर्माचार्यों, गुरुओं, पंडितों और पुरोहितों के इस घृणित व्यवहार से कुपित होकर पूर्व मुसलमानों से भी ज्यादा उग्रता के साथ इन पर अत्याचार किया। उसके बाद इन्हीं मूर्खों पर बर्बर आक्रमण हुए। इनकी हत्याएँ की गई। कई शासकों ने तो इनकी हत्या के बाद जनेऊ निकाल कर जमा करने और उसे तौलने की प्रथा बनाई थी ताकि पता चल सके कि कितनों की हत्या की गई है। इनके पास धन तो था नहीं पर इनकी जवान लड़कियों को उठा कर ले गये और अपने भोग का साधन बनाया। फिर भी इनके वंशजों को बुद्धि नहीं उपजी। आधुनिक काल में भी ये ऐसी ही रूढ़िग्रस्त परम्परा के शिकार हैं। जहाँ शिक्षा, बुद्धि और विवेक निष्प्रभावी हो जाता है वहाँ मूर्खता का साम्राज्य होता है। मूर्ख, ज्ञान की बातों को सहन नहीं कर पाता है। वह जहाँ रहता है वहीं बने रहना चाहता है। विवेक सम्मत परिवर्तन का वह विरोधी बन जाता है। इसके कारण मुसलमान बने भाइयों को अपने धर्म में बड़े पैमाने पर वापस लाना और उनसे रोटी–बेटी का संबंध कायम कर उन्हें अपने में आत्मसात कर लेने की कार्रवाई रुकी पड़ी रह गई। ऐसा नहीं है कि पहले विधर्मियों को आर्य बनाने का काम धर्माचार्यों ने न किया हो। उन्होंने तो विजीगिषु जीवनवाद को अपनाते हुए पूरी दुनिया को ही आर्य बनाने का संकल्प लिया था।

"कृण्वन्तो विश्वमार्यम्"

सारी दुनिया को आर्य बना दो।

ऐसा इसलिए था कि वे महान ब्राह्मण धर्माचार्य जो सभी वर्णों के श्रेष्ठ लोग थे मानव समुदाय के सर्वोत्कृष्ट ज्ञानी और संत हुआ करते थे। वे आज के समान ब्राह्मण जाति के सदस्य नहीं होते थे, जो बिना ज्ञान, चरित्र, आचरण, गुण, सत्कर्म और संतवृत्ति के ही ब्राह्मण कहे जाते हैं और मिथ्या बड़ाई का अहंकार ढोये चलते हैं। हिन्दू समाज बहुत दिनों से ऐसे ही लोगों के नेतृत्व के कारण पतन के गर्त्त में गिरने की स्थिति में पहुँच गया है। आज स्थिति यहाँ तक पहुँची है कि पूरा हिन्दू समाज दिशाहीन बन गया है और ये परम्परा से बँधकर आज भी बहुत हद तक धर्म और उससे जुड़े व्यवसाय से अपनी जीविका चलाने में व्यस्त हैं। स्वयं तुच्छ बन चुके हैं। इनकी तुच्छता को देखकर समाज इनसे मुँह–मोड़ चुका है और स्वयं भी

दिशाहीनता का शिकार बन चुका है।

यह स्थिति हर जगह देखी जा रही है। आज की राजनीति, शिक्षा और समाज व्यवस्था को देखने से हिन्दू समाज का विखराव और दिशाहीनता का स्पष्ट बोध होता है। ऊपर से इस्लाम और ईसाइयत हिन्दू समाज की इस कमजोरी को भाँप कर तेजी से इसे मिटा डालने की कार्य योजना में लगे हुए हैं। इस काम के लिए अकूत धन मुस्लिम देशों और संगठनों से तथा पश्चिमी ईसाई देशों से प्राप्त हो रहा है। दोनों ही शामी मजहबों के विदेशी केन्द्र, भारत की सांस्कृतिक और अन्ततः आर्थिक पराधीनता के लिए मजहब के सहारे भारत में धन झोंक रहे हैं और मजहब के सामूहिक उन्माद (mass frenzy) के अधीन ईसाई और मुसलमान अपनी–अपनी शक्ति के अनुसार भारत को ईसाई या मुस्लिम देश बनाने पर तुले हैं।

यहाँ गैर–मुस्लिमों विशेषकर हिन्दुओं पर पड़ने वाले इस्लामी प्रभाव से संबंधित विषयों से ही मतलब है, पूरे इस्लामी शास्त्र की समीक्षा से नहीं, फिर भी अनवर शेख की उक्ति जिसे उन्होंने अपनी पुस्तक "इस्लाम, अरब राष्ट्रीयता का साधन" में व्यक्त किया है, को उद्धृत करना अप्रासंगिक नहीं होगा। अपनी उक्त पुस्तक की भूमिका में उन्होंने लिखा है –

"जो मुसलमान अरब नहीं उन्हें इस्लाम ने इतनी हानि पहुँचाई है जो किसी भी दैवी आपत्ति ने नहीं पहुँचाई। फिर भी मुसलमानों को पक्का विश्वास है कि इस्लाम समानता और मानव प्रेम का प्रतीक है। (क) मुहम्मद ने इस झूठ को बड़ी चतुरता से अटल सत्य के रूप में प्रस्तुत किया है। वास्तव में मुहम्मद ने सारी मानव जाति को दो भागों में बाँट दिया है – एक ओर अरब और दूसरी ओर सब दूसरे। इस विभाजन के अनुसार अरब तो राज करने वाले हैं, और बाकी सब अरब संस्कृति और साम्राज्यवाद द्वारा अरबों के अधीन रहने योग्य हैं। (ख) इस्लाम में मानव प्रेम का उल्लेख तो एक ढोंग है। दूसरों के प्रति घृणा ही इस्लाम का मूल आधार है। इस्लाम के अनुसार मुसलमानों को छोड़कर बाकी सब सदा के लिए घोर नरक में जायेंगे। इस्लाम का ध्येय मुसलमानों और दूसरों में संघर्ष है जो कार्ल मार्क्स के सामाजिक संघर्ष के तत्व से कहीं अधिक अनिष्टकारी है। क्योंकि इस्लाम का ध्येय अरबों की महत्ता स्थापित करना है। इसलिए इस्लाम को एक मत न कहकर अरब राष्ट्रीय आंदोलन कहना चाहिए। इसकी सफलता का कारण दूसरे देशों के मुसलमानों का बुद्धि नियंत्रण है। जिससे वे अपनी संस्कृति और धरोहर को ठुकराकर अरबों की महत्ता स्वीकार करने लगते हैं। इस विचारधारा का आधार मुसलमानों के इस अंधविश्वास पर है कि मुहम्मद उन्हें स्वर्ग दिलवा सकता है। परिणाम यह हुआ है कि हिन्दुस्तान, ईजिप्ट (मिस्र) और ईरान जो संसार के महान देश गिने जाते थे इस्लाम के प्रभाव से अपने गौरव को भूल गये हैं और अब संसार के हीन देशों में गिने जाते हैं।"

अनवर शेख के उपर्युक्त विचार से यह पूरी तरह पुष्ट होता है कि इस्लाम धर्म नहीं बल्कि राजनीति है जो मजहब के छद्म आवरण में छुप कर अरबी सांस्कृतिक साम्राज्य विस्तार में लगा हुआ है। इससे अरब को राजनीतिक और आर्थिक लाभ की

स्थाई व्यवस्था होती चलती है। मजहबी अफीम के नशे में डूबा हुआ दुनिया भर का मुस्लिम समाज अपनी हानि उठा कर यह सब कर रहा है। इस्लाम ने मजहबी उन्माद और उससे जुड़े आतंक की व्यवस्था द्वारा मुसलमानों को इस विषय पर सोचने ही नहीं देता है। इस्लामी देश किस परिस्थिति में हैं इसका विस्तृत विवरण देना यहाँ संभव नहीं है पर एक दो घटना का यहाँ वर्णन करना समीचीन होगा।

पाकिस्तान के किसी मस्जिद का एक इमाम जो अत्यन्त धार्मिक और सन्त प्रकृति का था अपने घर की सफाई के बाद रद्दी सामानों, रद्दी अखबारों, कूट के डिब्बों आदि को जमा कर नष्ट करने के लिए जला रहा था। उसी क्रम में किसी ने देखा कि जलते कागजों में दीमक खाये, नष्ट कुरान की एक प्रति भी जल रही है। उसने शोर मचाया कि मौलवी कुरान जला रहा है। सुनते ही उन्मादी भीड़ दौड़ पड़ी। जो भी आता बिना कुछ समझे कुरान जलाने के नाम पर मौलवी पर टूट पड़ता। पत्थर मार–मार कर मौलवी को वहीं मौत की नींद सुला दी गई। इस्लामी उन्माद की भयानकता खुद मुस्लिम समाज को ही सुव्यस्थित मानव जीवन नहीं जीने देती है।

दिनांक 01.06.2003 दैनिक जागरण, पटना में प्रकाशित एक समाचार इसे और भी साफ कर देता है। शीर्षक था – "ईश निंदा पर मौत व मोहब्बत के अपराध पर 'सामूहिक दुष्कर्म'" – जहाँ आज भी 'ईशनिंदा' के नाम पर आरोपी को पत्थर मार–मार कर मौत के घाट उतार दिए जाने की सजा दी जाती हो, 'इज्जत' के नाम पर अपने ही घर की सैकड़ों लड़कियों की इहलीला समाप्त कर दी जाए और अदालत में मामला भी तभी चले जब परिवार वाले राजी हों, बच्चों को भी मृत्युदंड सुनाया जा सकता हो और भाई के प्यार की सजा उसकी बहन को सामूहिक दुष्कर्म के फरमान से दी जाती हो तो उस समाज को आप क्या कहेंगे ? जाहिर है कि ऐसा समाज सभ्य समाज कहलाने के लायक नहीं है, लेकिन पाकिस्तान में आज भी यह बदस्तूर जारी है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल की रिपोर्ट यह खुलासा करती है कि किस तरह से पाकिस्तान में आज भी कठमुल्लापन हावी है और 'किसास' और 'दियात' जैसे कानूनों पर अमल होता है। सत्ता इस्लामिक गुटों के गठबंधन के हाथ में आ जाने के बाद तो इस तरह की घटना का अंदेशा और ज्यादा बढ़ गया है। भारत में अल्पसंख्यकों पर जोर–जुल्म पर हाय तौबा मचाने वाले पाकिस्तान में खुद अल्पसंख्यक शिया लोगों की जान को लाले हैं। जबकि पिछले एक साल में ही 65 पश्चिमी देश के लोगों और ईसाइयों को लक्ष्य बना कर मारा गया है। जांच के नाम पर खानापूर्ति चल रही है और कोई हत्यारा नहीं पकड़ा गया। ईशनिंदा को लेकर आज भी सदियों पुराने कानून चल रहे हैं। इसी के तहत कई लोगों को मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। एक रोमन कैथोलिक अनवर केनेथ को, जिसका दिमागी संतुलन भी ठीक नहीं था खुद को पैगंबर कहने के दोष में मौत की सजा सुना दी गई। इसी तरह पिछले साल जुलाई में जाहिद महमूद अख्तर को केवल इसलिए पत्थरों से मार–मार कर मौत के घाट उतार दिया गया क्योंकि उसने खुद को इस्लाम का पैगंबर कहा था। सबसे ज्यादा बुरा हाल औरतों का है। हर साल परिवार की इज्जत बचाने के नाम पर सैकड़ों

लड़कियों–औरतों को मार दिया जाता है। हालांकि हाल में लेघारी कबीले के प्रमुख ने इस तरह के अपराधों को गलत बताया है पर इन पर लगाम नहीं लग पाई है। पंजाब प्रांत के मीरवाला गांव में मुख्तरान बीबी के साथ सिर्फ इसलिए सामूहिक दुष्कर्म की सजा सुना दी गई क्योंकि उसके छोटे भाई का एक ऊँचे कहे जाने वाले कबीले की लड़की के साथ चक्कर चल रहा था। बाद में इस घटना को लेकर राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय स्तर पर बहुत शोर मचा तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हुई। यह ठीक है कि वहां इस तरह की घटनाओं के खिलाफ आवाज उठ रही है पर अभी पिछले साल जून में ही एक हत्या के मामले में अदालत के बाहर दो कबीले वालों ने यह समझौता कर लिया कि जिस कबीले के लोग मारे गए हैं उन्हें आठ औरतें व पैसा दिया जाएगा।"

भारत में अभी हाल में एक मुस्लिम महिला इमराना का उसके पति के पिता (स्वसुर) ने बलात्कार किया। विवाद मुस्लिम पंचायत में पहुँचा। दार–उल–उलूम–देववंद ने फतवा जारी किया कि इमराना से संबंध बनाने के कारण उसका स्वसुर उसका पति, और पति पुत्र हो गया। अब वह अपने पति के साथ नहीं रह सकती, यद्यपि फिर भी पति–पत्नी साथ रहना चाहते थे। अब उस का निकाह किसी दूसरे के साथ होगा। नया पति उससे सम्भोग करेगा, फिर तलाक देगा, तभी अपने पूर्व पति के साथ वह दुबारा निकाह कर रह सकती है। ऐसी शर्मनाक परिस्थिति और अन्याय दुनिया के किसी भी समाज में शायद ही होता है। ऐसा सिर्फ इस्लाम में ही संभव है।

प्रभात खबर, रांची दिनांक 07.07.95 की एक महत्वपूर्ण खबर इस प्रकार है–"मानवाधिकार संगठन एशिया राइट्स वाच की एक रिपोर्ट से भीषण विवाद छिड़ने की संभावना है, रिपोर्ट में कहा गया है कि हिंसा और विध्वंश इस्लाम की शिक्षा की बुनियादी बातों में हैं।

एशिया राइट्स वाच द्वारा कुछ विद्वानों से कराये गये एक अध्ययन में कहा गया है कि मुसलमान अपनी परंपरा और शिक्षा के कारण किसी काफिर (इस्लाम में विश्वास न रखनेवालों) के साथ शांति से नहीं रह सकते हैं। भले ही मामला इस्राइल, बेरूत, बोस्निया, चेचन्या, कश्मीर या त्रिनिदाद का ही क्यों न हो। इसके अलावा इस्लाम में औरतों को महज एक चीज समझा जाता है। एशिया राइट्स वाच का कहना है कि उसने हाल में इस्लाम के अनेक विद्वानों और इतिहासकारों को संगठित किया और उनसे कहा कि वे इस्लामी सिद्धांत और आतंकवाद के बीच संबंधों को स्पष्ट करें। रिपोर्ट में विद्वानों और इतिहासकारों का नाम नहीं बताया गया है लेकिन उनके अध्ययन में इस्लाम और आतंकवाद का सारांश दिया गया है।

रिपोर्ट में जिस पर इस्लामी जगत में तीखी और आक्रामक प्रतिक्रिया होना लगभग निश्चित है, कहा गया है कि इस्लाम को अच्छी तरह जानने वाले सभी लोगों का यह कर्तव्य है कि वे इस्लाम को इसी तरह का एक धर्म बता कर लोगों को गुमराह न करें। वास्तविकता यह है कि इस्लाम एक अरब राष्ट्रवादी आंदोलन है, जिसका मकसद हिंसा के जरिये अन्य लोगों की जमीन छीनना रहा है।"

दूसरी ओर मुस्लिम इस्लामी विद्वान, मुल्ला, मौलवी, उलेमा, मुफ्ती मुस्लिम

राजनेता, राज्याध्यक्ष एवं सामान्य मुसलमान तक पूरी दुनिया को गुमराह करने में लगे हैं। उनकी जेहादी सफलता और इस्लाम–विस्तार के लिए यह आवश्यक है कि काफिर शत्रु उनकी आक्रामक योजना को न जान सकें। गैर–मुसलमानों को अंधकार में रखना तो उनके मजहब का आवश्यक निर्देश भी है, जिसे सुन्ना या सुन्नत कहते हैं। दुनिया भर में इस्लाम के सर्वश्रेष्ठ और आदरणीय अनुयायी मुस्लिम लड़ाके होते हैं, जिनको मुजाहिदीन कहा जाता है। इन्हीं को आजकल उग्रवादी, आतंकवादी, फिदाइन आदि नामों से पुकारा जाता है। ये इस्लाम के सच्चे और सर्वोच्च सेवक होते हैं। इनकी शहादत पर अल्लाह इन्हें अपने पास जन्नते फिरदौश में तुरंत जगह देता है जबकि बाकी मुसलमान कयामत के दिन तक कब्र में पडे सडते रहते हैं। एक–एक को 72–72 हूरें और मोती जैसे [illegible] मिलते हैं। वहाँ दूध, शहद, शराब की नदियाँ बहती हैं। कुँवारी हूरें मिलती हैं और अल्लाह मुजाहिदों को कभी न चुकने वाला यौन शक्ति देता है। इस प्रकार वे जन्नत में शराब पीकर हूरों के साथ बिना थके यौन सुख का आनंद उठाते रहेंगे। यौन सुख की चाह में उन्मादी युवक अंधविश्वास का शिकार बन आत्म बलिदान को तैयार हो जाते हैं। काफिरों की हत्या, लूट, औरतों का बलात्कार अपहरण आदि सभी कार्य, इनके सर्वोच्च फर्ज है। इनके कार्यों की यदि कोई मुसलमान भी निन्दा करे तो वह कुफ्र का दोषी होता है। इसलिए इनकी सभी विध्वंसात्मक गतिविधियों और कार्यों का चुप रह कर पूरा मुस्लिम समुदाय मौन समर्थन करता है। फिर भी ये गैर मुसलमानों को गुमराह करते हैं और इस्लाम को शान्ति, प्रेम और भाईचारे का मजहब बताते हैं। अपनी आदत, संस्कार और धर्म शिक्षा के प्रभाव के कारण गैर मुसलमान विशेषकर हिन्दू तुरंत विश्वास भी कर लेते हैं।

ईरान के राष्ट्रपति मोहम्मद खातमी ने ईरान कल्चरल हाउस, दिल्ली में, 27 जनवरी 2003, को कहा था कि "महमूद गजनवी आक्रान्ता और दुस्साहसी शासक था। उसके भारत पर 17 हमलों का इस्लाम और उसकी विचार धारा से कोई लेना देना नहीं है। गजनवी ने भारत में जो कुछ किया वह इस्लामी संस्कृति और विचारधारा का प्रतिनिधित्व नहीं करता।"

(दै0 जागरण 28.10.03 "जिहाद और गैर मुसलमान" में डॉ0 कृ0 व0 पालीवाल द्वारा उद्धृत)

भारतीय इतिहास लेखक प्रोफेसर हबीब का विचार है कि "इस्लाम के अनुसार न तो आक्रमणकारी (महमूद गजनवी) का कलाकृतियों के प्रति बर्बर आचरण ही उचित था और न उसके लूट के उद्देश्य ही।" यह कथन बिल्कुल भ्रामक है। मक्का विजय के बाद काबा में स्थापित 360 मूर्तियाँ क्या कलाकृतियाँ नहीं थीं ? इन्हें पैगम्बर ने अपने हाथों तोड़कर दुनिया के मुसलमानों को सुन्नत का आदेश दिया। अर्थात पैगम्बर ने जैसा किया, वैसा करना हर मुसलमान का मजहबी फर्ज है। उसी फर्ज को पूरा करने के लिए हर मुस्लिम आक्रमणकारी मंदिरों को ध्वस्त कर मूर्तियों को तोड़ने का काम करता रहा है। यह इस्लाम का मौलिक तत्त्व है। प्रो0 हबीब की ही बातें भ्रामक नहीं है। मार्क्सवादी समझे जाने वाले हिन्दू या मैकाले शिक्षानीति से प्रभावित नेहरूवादी इतिहासकार भी ऐतिहासिक सच्चाई को विकृत करने के काम में जोरशोर से लगे हुए हैं। इसमें मुसलमानों और ईसाइयों की संस्कारित और मजहबी बुद्धि के

[illegible] बाहरी दौलत का लोभ भी काम करता है जबकि मार्क्सवादी एक पक्षीय शिक्षा और [illegible] वातावरण से प्रभावित होकर ऐसा करते हैं। अगर फातमी का कथन सही [illegible] उन्होंने भारत के उलेमाओं और मुफ्तियों को इस प्रकार का फतवा जारी करने की सलाह क्यों नहीं दी ?

सामनाथ की लूट के समय महमूद गजनवी मूर्ति को तोडने वाला ही था कि कुछ पुजारियों ने हाथ जोडकर प्रार्थना की कि मंदिर की सारी दौलत बिना किसी रुकावट के आप ले जायें पर मूर्ति को छोड दें। इस पर महमूद ने कहा,"क्या तुम चाहते हो कि मैं बुतशिकन की जगह अपना नाम बुतफरोश में लिखा लूँ" और यह कहकर उसने अपने हाथ से ही मूर्ति पर पहला प्रहार किया। इस्लाम के विषय में गैर–मुसलमानों को भ्रम में रखना उनके मजहब का भाग है इसलिए वे वैसा करते हैं। सवाल है गैर–मुसलमानों का कि वे भ्रमित होते हैं या सच्चाई को समझते हैं।

यहाँ प्रस्तुत है एक सफेद झूठ की बानगी – "आतंकवाद को इस्लाम से जोडना ओछी मानसिकता : ओबूदी"– इस्लाम और आतंकवाद में कोई संबंध नहीं है। जो लोग दोनों को जोड रहे हैं उनमें ज्ञान की कमी है। लेकिन ओछी मानसिकता के कारण ऐसे आरोप मढते हैं। यह बात मुस्लिम वर्ल्ड लीग, सऊदी अरब के उप महासचिव शेख नासिर अल ओबूदी ने शनिवार को 'जागरण' से एक विशेष भेंट में कही। वे यहाँ एक जलसा में भाग लेने आये हैं।

उन्होंने कहा आतंकवाद सामाजिक असमानता, राजनीतिक धोखाधड़ी व अनुशासन हीनता का परिणाम है। यदि इस्लाम आतंकवाद को बढ़ावा देता तो मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे महान राष्ट्रवादी पैदा नहीं होते। ......इस्लाम सहित कोई भी धर्म आतंकवाद की शिक्षा नहीं देता है........।"

(दै0 जागरण, पटना 20 मार्च 2005)

पर सत्य क्या है ? सत्य यह है कि इस्लाम और आतंकवाद का संबंध उसके संस्थापक के समय से ही है। बल्कि यों कहा जाय कि संस्थापक द्वारा ही स्थापित है। अपने विरोधियों की चुन–चुन कर धोखा से हत्या कराना और सामूहिक रूप से 800 यहूदियों को बन्दी बना कर कसाई की तरह कटवाना आतंकवाद नहीं है तो क्या प्रेमवाद है ?

इसे कहना ओछी मानसिकता है ? इसका मतलब हुआ इसकी प्रशंसा करना ऊँची मानसिकता है।

मुसलमान निश्चय ही घोर राष्ट्रवादी होते हैं। लेकिन जब वे "दारुल इस्लाम मुल्क" में होते हैं। दारुल हर्ब देश में अर्थात जहाँ इस्लामी शरीयत लागू न हो जैसे भारत, तब उनका राष्ट्रवाद उनके महजबी समुदाय से जुड जाता है न कि उस देश की सीमा, सम्पत्ति और नागरिकों से। तब उनका राष्ट्रवाद अराष्ट्रवाद और देशद्रोह तक में बदल जाता है। अबुल कलाम आजाद को मुसलमान राष्ट्रवादी कह सकते हैं, क्योंकि उन्होंने कहा था कि "इस देश को जो एक बार इस्लामी सत्ता के अधीन रह चुका है, इस्लाम के लिए पुनः अवश्य ही जीता जाना चाहिए।" निश्चय ही उन्होंने इस्लामी राष्ट्रवाद का पालन किया और काफिर गाँधी–नेहरू को खूब मूर्ख बनाया।

वे हिन्दुओं के लिए राष्ट्रवादी कदापि नहीं थे।

भारत के किसी नागरिक की तुलना में कश्मीर के लोगों की सुख सुविधा के लिए भारत सरकार कई गुना (यह बहुत ज्यादा है) खर्च करती है। वहाँ की मुस्लिम सरकार हिन्दू बहुल जम्मू और बौद्ध बहुल लद्दाख पर नाम मात्र का खर्च कर पूरी राशि मुस्लिम बहुल कश्मीर घाटी में खर्च कर डालती है, पर हिन्दू और बौद्ध आतंकवादी नहीं होते, आतंकवादी होते हैं मुसलमान। इसलिए असमानता, राजनीतिक धोखाधड़ी व अनुशासनहीनता का परिणाम न होकर यह मजहब की शिक्षा और संस्कार का परिणाम है। सारी दुनिया में आतंकवाद का पर्याय बने मुसलमान इस बात को सही सिद्ध करते हैं। मुस्लिम आतंकवाद का मजहबी विधान के अनुसार विरोध न कर, पूरा मुस्लिम समुदाय ही आतंकवाद का समर्थन करता है। ओबूदी भी अपने मजहब के पालन में ही गैर–मुसलमानों को धोखा में डालने के लिए इस झूठ को चिकना बना कर कहते हैं। ओबूदी की पूरी की पूरी बात ही असत्य पर आधारित है।

सच्चाई यह है कि सभी शामी (Semetic) मजहब आतंकवाद से किसी न किसी रूप में अवश्य जुड़े हुए हैं। पर इस्लाम तो पूरा का पूरा ही आतंकवाद है क्योंकि यह पैगम्बर के कारनामों से सीधा जुड़ा हुआ है। पैगम्बर ने यह साफ कहा है कि 'लड़ाई धोखाबाजी है।' इसके साथ इस्लाम विस्तार की जेहादी कार्रवाई तब तक चलाने का हुक्म दिया है जबतक पूरी दुनिया ही इस्लाम में न बदल जाय।

"तुम उनसे लड़ो यहाँ तक कि फितना (कुफ्र का उपद्रव) शेष न रह जाय और दीन (मजहब) अल्लाह ही का हो जाय। अतः यदि वे बाज आ जायँ तो अत्याचारियों के अतिरिक्त किसी के विरुद्ध कोई कदम उठाना ठीक नहीं।" (कु0 2 : 193)

वे किताब वाले जो न अल्लाह पर ईमान रखते हैं और न अंतिम दिन पर और न अल्लाह और न उसके रसूल के हराम ठहराए हुए को हराम ठहराते हैं और न सत्य धर्म (इस्लाम) का पालन करते हैं, उनसे लड़ो, यहाँ तक कि वे सत्ता से विलग होकर और छोटे (अधीनस्थ) बनकर जजिया देने लगें। (कु0 9 : 21)

मुहम्मद ने उमर के समक्ष यह घोषणा की, "मैं यहूदियों और ईसाइयों को अरब प्रायद्वीप से निकाल बाहर करूँगा। यहाँ मुसलमानों के अतिरिक्त कोई नहीं रहेगा।" (सहीह मुस्लिम 4366)

अबू हुरैरह का कथन है, "हमलोग मस्जिद में बैठे थे कि अल्लाह के रसूल पधारे। उन्होंने कहा कि यहूदियों के पास चलो। हमलोग चल पड़े.....पैगम्बर ने उनको बाहर बुलाया और कहा कि ऐ यहूदियों ! इस्लाम स्वीकार कर लो। तभी सुरक्षित रह सकोगे। जब उनका उत्तर संतोषजनक नहीं मिला तब उन्होंने उनको चेतावनी देते हुए कहा, तुमको जानना चाहिए, यह पृथ्वी अल्लाह और उसके रसूल की है, मैं यहाँ से तुम लोगों को खदेड़ कर ही दम लूँगा।" (स0मु0 4363)

मुझे लोगों से तब तक युद्ध करते रहने का (अल्लाह से) आदेश मिला है जब तक कि वह यह सत्यापित न करने लगें कि अल्लाह के अतिरिक्त दूसरा कोई उपास्य नहीं है और मुझमें अल्लाह का रसूल (संदेश वाहक) होने के नाते और उस सब में जो मेरे द्वारा लाया गया है विश्वास न करने लग जायँ। (स0मु0 31)

"निःसंदेह अल्लाह ने ईमान वालों (मुसलमानों से उनके प्राणों और उनके माल को इसके बदले में खरीद लिया है और उनके लिए जन्नत है, वे अल्लाह के मार्ग में लड़ते हैं तो मारते भी हैं और मारे भी जाते हैं" (कु0 9:11)

".....निःसंदेह काफिर तुम्हारे खुले दुश्मन हैं।" (कु0 40:101)

"हे ईमान लाने वालों! .....और 'काफिरों' को अपना मित्र मत बनाओ, अल्लाह से डरते रहो यदि तुम ईमान वाले हो।" (कु0 5:57)

"फिटकारे हुए, (गैर मुस्लिम) जहाँ कहीं पाए जायेंगे पकड़े जायेंगे और बुरी तरह कत्ल किये जायेंगे।" (कु0 33:61)

"तो फिर, जब हराम के महीने बीत जायें तो मुश्रिकों (मूर्ति पूजकों) को जहाँ कहीं पाओ कत्ल करो और पकड़ो और उन्हें घेरो और हर घात की जगह उनकी ताक में बैठो। फिर यदि वे तौबा कर लें, नमाज कायम करें और जकात दें तो उनका मार्ग छोड़ दो। निःसंदेह अल्लाह बड़ा क्षमाशील और दया करने वाला है।" (कु0 9:5)

"जब काफिरों से तुम्हारी मुठभेड़ हो तो गर्दनें काटो। यहाँ तक कि जब खूब अच्छी तरह उनका (जोर तोड़कर) कत्ल कर चुको तो बचे हुओं की मजबूती से मुश्कें कस लो। फिर (कैद करने के) बाद या तो एहसान रखकर या (बदला) फिदयः (अर्थ दण्ड) लेकर छोड़ दो यहाँ तक कि (दुश्मन) लड़ाई के हथियार डाल दें।... (कु0 47:4)

पाकिस्तानी सेना के अवकाश प्राप्त ब्रिगेडियर एस0 के0 मलिक ने अपनी बहुचर्चित पुस्तक "कुरानिक कनसेप्ट ऑफ वार" में लिखा है – "जेहाद कुफ्र के विरुद्ध राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, मानसिक, नैतिक, आध्यात्मिक, गृह और अन्तर्राष्ट्रीय मोर्चा पर लड़ी जाने वाली सदा चलते रहने वाली लड़ाई है। सशस्त्र युद्ध तो उसके अनेक तरीकों में से एक है। जेहाद हर मुसलमान का निजी और सामूहिक फर्ज है।"

जेहाद मुसलमान का सर्वोच्च निजी और सामूहिक फर्ज है। यह हर मोर्चे पर लड़ी जाने वाली और निरंतर चलने वाली लड़ाई है। लड़ाई धोखाबाजी है। इस कारण आतंक के साथ–साथ छल–कपट मुस्लिम जीवन का अभिन्न भाग बन जाता है।

इस्लाम के आतंकवादी चरित्र को साफ करते हुए उसने लिखा – "शत्रुओं को आतंकित कर देना केवल साधन ही नहीं साध्य भी है। एक बार विपक्षी के मन में आतंक बैठ जाता है तो करने को कुछ विशेष नहीं रह जाता।.....रणनीति चाहे कोई भी उपयोग में लायी जाय वह शत्रु के हृदय में आतंक उत्पन्न करने में समर्थ होनी चाहिए।" उसी आतंक की राह पकड़कर इस्लाम अपने जन्म से यहाँ तक पहुँचा है। भारत में मुस्लिम आक्रमणकारी जेहाद के ही नाम पर आते थे और इस्लामी प्रावधानों के अनुसार ही आतंक की सारी कार्रवाई करते थे। हिन्दुओं का कत्ल कर उनके सिरों का मीनार बनाते थे। ये सैनिक ही नहीं सामान्य नागरिक होते थे। उद्देश्य होता था, बर्बर और क्रूर आचरण से शत्रु को आतंकित करना जिससे वे पहले ही इतना भयभीत हो जायँ कि आतंक के सामने समर्पण कर दें। हिन्दू मर्दों, औरतों और बच्चों को बंदी बना कर यातना देते हुए नगरों में घुमाना, औरतों से व्यभिचार करना, फिर उन्हें अपने मुल्क के बाजारों में ले जाकर बेचना, मंदिरों को ध्वस्त कर मूर्तियों को तोड़ना फिर

उन्हें मस्जिद के फर्श और सीढ़ियों में जुड़वाना, मूर्तियों के टुकड़ों का मांस तौलने का बाट बनाना आदि काम उन्हें आतंकित करने और मानसिक रूप से तोड़ देने के लिए ही किया जाता था। इससे अधिक और क्या किया जा सकता था ?

हिन्दुओं को समझ लेना चाहिए कि मुसलमान अपने उसी राह पर हैं। वे तनिक भी उससे विचलित नहीं हुए हैं। वे अल्लाह और अल्लाह के रसूल के हुक्म का पालन करना कभी नहीं त्याग सकते हैं। उनकी कथनी और करनी कभी एक नहीं हो सकती। वे अल्लाह के रसूल के सिद्धांत "लड़ाई धोखाबाजी है" का कभी त्याग नहीं कर सकते हैं। .....मूर्ति पूजकों को जहाँ पाओ कत्ल करो और पकड़ो और उन्हें घेरो और हर घात की जगह उनकी ताक में बैठो।..... (कु0 9:5)" के पालन में ही मुसलमान हर शहरों–बाजारों में वैसी जगह बसते हैं जहाँ से काफिरों को आसानी से घेरा जा सके और अल्लाह के हुक्म के अनुसार उन्हें पकड़ कर जेहाद के समय उनकी हत्या की जा सके।

मुंबई में 1993 में अनेक विस्फोट कर 800 लोगों की जान ले ली गई। तब से लेकर आज तक वहाँ अनेक विस्फोट हुए हैं, ट्रेनों में, बसों में, बाजारों में और सैकड़ों लोग मौत के मुँह में समा गये। कहीं कोई विरोध नहीं हुआ। इसके विरोध में कोई फतवा जारी नहीं हुआ। अक्षरधाम (अहमदाबाद) और जम्मू के रघुनाथ मंदिर पर हमला कर सैकड़ों की जान ले ली गई। पवित्र अमरनाथ गुफा की यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों पर हमला कर उनकी हत्याएँ की गईं। गोधरा काण्ड में, साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बों में तेल छिडककर 59 रामभक्तों पुरुषों, स्त्रियों और बच्चों को जिन्दा जला दिया गया। भारत की संसद पर दिन दहाडे हमला हुआ। संयोग से वे सफल नहीं हुए वरना सभी मंत्री और सांसद बंधक बन चुके होते। जान बचाने के लिए ये इस देश का ही सौदा कर लेते। जम्मू कश्मीर में रोज-रोज आतंकवादी हत्याएँ हो रही हैं। छिटपुट घटनाएँ तो देशभर में घट रही हैं। यही जेहाद है। जेहाद चल रहा है। पूरे देश को आतंकित कर एक साथ इसके चपेट में लेने की जोरदार तैयारी चल रही है।

लेकिन हिन्दू समाज, सामाजिक स्तर पर कभी यह विचार नहीं करता कि यह सब क्यों हो रहा है। निर्दोष, अनजान, असावधान और धार्मिक प्रवृत्ति वाले लोगों तक की मुसलमान क्यों हत्याएँ करते हैं। हिन्दुओं के लिए इस प्रकार की बर्बर और क्रूर आतंक की घटनाएँ तब तक मनोरंजक समाचार बनती हैं जब तक कि वैसी ही घटनाएँ उनके आसपास नहीं पहुँच जाती हैं। जब ये घटनाएँ उनके आसपास घटने लगती हैं तब उन्हें अपनी उदासीनता, असावधानी और उपेक्षा भाव का भाव समझ में आता है। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कुछ तो नष्ट हो जाते हैं और शेष भेंड़, बकरियों की तरह पुनः चरने (जीविका अर्जन) में रम कर रह जाते हैं। लगता है उनके लिए धन जुटाना ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है। हजार वर्ष का हिन्दू इतिहास इस कमजोरी को दिखाता है। आज वे धन जुटाने में लगे हैं। अपने आद–औलाद को आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रकार के दुष्कर्म के साथ सुविधा जुटाने में व्यस्त हैं। अपने ही भाई बंधुओं की ठगी, बेईमानी, चोरी, रिश्वतखोरी से हानि पहुँचा कर अपना और बाल बच्चों के लिए दिन–रात कमाई में लगे हैं। बड़े–बड़े नौकरशाह

और सत्तासीन राजनीतिज्ञ का पेट तो इतना बड़ा हो गया है कि भरता ही नहीं है। व्यापारी, उद्योगपति से लेकर सभी प्रकार के पेशेवर लोग उसी धुन में लगे हैं। पूरे हिन्दू समाज की यही स्थिति है। वह स्वार्थ में पशु बन गया है। जिस प्रकार पशु को अपने सामने की घास से अधिक का कोई ज्ञान नहीं होता। वह अपना पेट भरता है और आराम करता है। फिर भूख लगने पर वही काम करता है। उसे नहीं पता होता है कि उसे बंधन में जकड़ कर उससे काम लिया जायेगा कि उसकी हत्या कर उसके मांस का भक्षण किया जायेगा। इस सबसे बेपरवाह वह सिर्फ पेट भरना जानता है।

आदमी को बुद्धि होती है इसलिए वह भोजन एवं अन्य आवश्यकताओं के लिए साधन जुटाने, उसका संग्रह करने, शिक्षित होने, स्वस्थ रहने की व्यवस्था के अलावा अपनी अल्पकालिक और दीर्घकालिक सुरक्षा की भी साथ–साथ तैयारी करता है। कोई समुदाय जब धन–अर्जन और धन–संग्रह तक ही सिमट जाता है उसके सारे क्रियाकलाप वैयक्तिक और सामाजिक स्तर पर बस उसी के आसपास केन्द्रित हो कर रह जाते हैं, तब उसकी वृत्ति, पशुवृत्ति बन जाती है। अब उसे सिर्फ तात्कालिक और निकटस्थ आर्थिक स्वार्थ की पूर्ति में ही आनन्द आने लगता है, उसी में रम जाता है, और उसके अतिरिक्त उसे कोई चर्चा अच्छी नहीं लगती है। वह अपना समय महत्वपूर्ण आत्मविकास एवं आत्मसुरक्षा के लिए भी नहीं निकाल पाता है, जिसका स्वरूप विशेषकर सामाजिक हो। उसे पूरे समाज के हित से कोई मतलब नहीं रह जाता है; भले ही पूरे समाज के हित के साथ उसका अपना हित भी जुड़ा हो। आज हिन्दू समाज के ऊँचे से ऊँचे तबके के लोग इसी नीचाई के स्तर पर जी रहे हैं। आध्यात्मिक और बौद्धिक स्तर के लोग भी।

यही कारण है कि उसे इस बात से कोई मतलब नहीं है कि कश्मीर के हिन्दू अपने ही देश में, जहाँ उनकी सुरक्षा के लिए इस देश की शक्ति, सेना के रूप में लगी है, क्यों अपना सबकुछ खोकर दर–दर की ठोकरें खा रहे हैं। आतंक की ये घटनाएँ क्यों हो रही हैं। इसके पीछे कौन से तत्व काम कर रहे हैं। उनका उद्देश्य क्या है ? इनकी तैयारी कैसी है ? पूरे देश में जब एक साथ वही सबकुछ शुरू होगा तब उनका यह धन किस काम आयेगा ? सामाजिक स्तर पर पूरे हिन्दू समाज को एकत्रित कर हर मुहल्ले, बस्ती, टोले, नगर, महानगर में इस विषय पर विचार–विमर्श करने का सिलसिला क्यों नहीं हो पा रहा है ? यह ध्यान रखना होगा कि हजारों जातियों, सैकड़ों सम्प्रदायों, भाषाओं, क्षेत्रीय संस्कारों, रीति–रिवाजों के बावजूद सारा हिन्दू समाज एक ही धार्मिक सांस्कृतिक विरासत का अंग है। सबको कैसे जोड़ कर चट्टान की एकता में बदल दिया जाए ताकि इसे मिटाने के मंसूबों के साथ कार्य में लगे मजहबों को अपने नापाक इरादों में सफलता नहीं मिले, इस पर पूरे हिन्दू समाज को मंथन करना जरूरी है। फिर अपनी कमजोरियों को पहचान कर सामूहिक और संगठित रूप से कौन से और किस प्रकार के कार्यक्रम बनाए जायँ और उन्हें कार्यरूप दिया जाय ये सभी विचार–विमर्श के विषय हैं। इसकी विवेचना करने पर जो परिस्थिति दृष्टिगोचर होती है उस पर संक्षेप में टिप्पणी करते हुए आगे उसके लिए कुछ उपायों पर विचार करना उचित होगा।

भाग - II

हमारे अस्तित्व संकट की कौन–कौन प्रमुख समस्याएँ हैं ? ये हैं – (1) इस्लाम (2) ईसाइयत और (3) आंतरिक कमजोरियाँ। इनके विषय में ऊपर मोटा–मोटी इतना विचार किया जा चुका है जिससे इनके द्वारा उत्पन्न हिन्दू समाज के अस्तित्व के संकट की एक रूप रेखा का आभास हो जाता है। इनसे निपटने में हमारी आंतरिक कमजोरियाँ प्रमुख कारण हैं। इन्हीं कमजोरियों को ढूँढना और दूर करना हमारा कर्तव्य है। हमारे लिए इस विषय पर विचार करना और उसके स्थाई समाधान के लिए नीति निर्धारित करना, कार्यक्रम बनाना और उस कार्यक्रम पर अमल करना हमारे जीवन में जितने महत्वपूर्ण काम हो सकते हैं उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह अस्तित्व का सवाल है। यह सवाल है, हमारे प्रियजनों की जिन्दगी का, यह सवाल है हमारी पीढ़ियों की अर्जित सम्पत्ति का, यह सवाल है हमारी महिलाओं के अस्मत का, यह सवाल है हमारे धर्म–सम्प्रदाय का, यह सवाल है हमारी संस्कृति का और इस प्रकार यह सवाल है हमारे सम्पूर्ण अस्तित्व का। इससे बढ़कर हमारे लिए और कौन–सा विषय महत्वपूर्ण हो सकता है ?

इस्लाम और ईसाइयत का सिद्धांत, भारत में इनका आक्रमण, हिन्दुओं पर इनके बर्बर अत्याचार और भारत में विस्तार पर व्यापक प्रकाश डालते हुए मध्यकालीन मुस्लिम इतिहासकारों, आधुनिक, विदेशी और स्वदेशी विद्वानों द्वारा बहुत पुस्तकें लिखी गई हैं। इनके अध्ययन और पहले के और आज के मुस्लिम ईसाइयों के कार्य–कलापों से सारी स्थिति साफ हो जाती है। विस्तारवादी चरित्र और विदेशी सहायता, जो सैनिक शक्ति और धन के रूप में प्राप्त होती रही है, के अतिरिक्त हमारी सामाजिक व्यवस्था की कमजोरियाँ और सामाजिक रूढ़ियाँ बहुत हद तक जिम्मेवार रही हैं। हमारे पास अतीत होता है, जिसे हम देखते हैं और जिससे कुछ सीख सकते हैं पर कुछ कर नहीं सकते। हमारे पास वर्तमान होता है जिसमें हम कुछ कर सकते हैं और अपनी पीढ़ियों के भविष्य को सुखमय बना सकते हैं।

भारत का 95 प्रतिशत मुस्लिम और ईसाई समुदाय हमारा अपना ही खून है। विदेशी आक्रमणकारियों ने उन्हें मुसलमान बनने पर मजबूर किया था। उनके पूर्वज भारी विपत्ति, विध्वंश, आतंक, बर्बरता और क्रूरता पूर्ण यातना झेल कर मुसलमान बने थे। लेकिन हमारे पूर्वजों ने उनके घावों पर मरहम नहीं लगाया, उनके आँसू नहीं पोंछे. उनकी पीड़ा को अपनी पीड़ा नहीं बनाया। मिथ्या श्रेष्ठता का दम्भ पाले सामान्य मानवीय करुणा की संतवृत्ति से भी च्युत हो गये। श्रेष्ठता के ढोंग में क्षुद्रता को अपनाये फिरते रहे। उन्हें जाति बहिष्कृत और अछूत बनाया। उन्हें आत्मसात करने से इनकार किया। रूढ़ियों और अज्ञानता में फँस कर अपने ही बंधु–बांधवों को छोटी–छोटी बातों पर म्लेच्छ बनाते रहे। उनके लिए इस्लाम में शामिल होकर रहने के सिवाय अब और कोई मार्ग नहीं बचा था। वे मुसलमान बने। इस्लाम के नियमों, सिद्धांतों और संस्कारों के प्रभाव से कट्टर मुसलमान बन गये। अब वे उसके अभ्यस्त बन गये हैं। उनमें उससे बाहर निकलने का कोई विचार पैदा नहीं हो सकता। फलतः वे इस्लामी

प्रावधानों के अनुसार मजहबी फर्ज का पालन करते हुए भारत को "दारुल इस्लाम बनाने, ताकि हिन्दुओं का बलात् धर्मान्तरण किया जा सके, के काम में जुट गये हैं। उनके मजहब के प्रावधानों के अनुसार यदि उनका अस्तित्व बना रहा तो हिन्दुओं का अस्तित्व का मिटना निश्चित है। यहाँ संदेह की कोई जगह नहीं है। इसके तरीकों की जानकारी ऊपर दी जा चुकी है। सिर्फ विवाद इस आकलन में हो सकता है कि इसमें कितना समय लगेगा और यह किस प्रकार सम्पन्न होगा। बीच का कोई रास्ता नहीं है। यहाँ हिन्दुओं को निर्णय लेना होगा कि वे स्वयं मिटने को तैयार हैं या अपने भाइयों को, जो मुसलमान और ईसाई नाम से जाने जाते हैं, उनके मजहबों से मुक्त करा कर अपने में आत्मसात करेंगे। वह समय निश्चित रूप से आना है जब या तो हिन्दू रहेंगे या मुसलमान। एक को मिटना होगा। दूसरा कोई विकल्प नहीं है। कबूतर के आँख बन्द कर लेने से बाज उसे छोड़ नहीं देगा।

कश्मीर में मुस्लिम शासन से त्रस्त होकर धार्मान्तरित हुए कश्मीरियों ने पुनः हिन्दू धर्म में वापस आने की बहुत चेष्टा की थी। पंडितों ने उन्हें वापस लेने से इनकार कर दिया। बल्कि दबाव बना कर पुनः हिन्दू बनने से रोका। आज उनके वंशजों की दुर्गति पूरी दुनिया देख रही है। पुत्र की हत्या, बेटी का बलात्कार, सम्पत्ति की लूट सब कुछ अपनी आँख से देखकर वे आज जीवन विहीन बन चुके हैं। उनके लिए अब जीवन का कोई अर्थ नहीं है। उनके पूर्वजों ने मिथ्या पवित्रता और झूठी बड़ाई के लिए अपने वंशजों का सर्वनाश कराया। यदि वे धर्मान्तरितों को पुनः अपने धर्म में शामिल कर आत्मसात कर लिए होते तो आज कश्मीर हिन्दुओं का होता और उनके वंशज सुख चैन का जीवन जी रहे होते। किन्तु जो समाज मूर्खों को ज्ञानी समझ लेता है और उसे अपने सामाजिक जीवन रूपी नौका का पतवार थमा देता है, उसका निश्चय ही विनाश होता है। जैसे कश्मीरी पंडितों के समाज का होकर रहा।

यह बात केवल उस समय के कश्मीरी पंडितों का ही नहीं है, आज के पूरे हिन्दू समाज की स्थिति वही है। अन्य धर्मावलम्बियों को अपने धर्म में शामिल करने के सभी दरवाजे आज तक बंद कर रखे गये हैं। विवेकशील, विद्वान और ज्ञानी धर्माचार्यों को संकीर्णता और रूढ़ियों से बाहर निकलकर अन्य धर्मावलम्बियों को अपने धर्म में मिलाने कें प्रचार का काम जोर–शोर से हाथ में लेना होगा। रूढ़िग्रस्त, अज्ञानी और मूर्ख गुरुओं का त्याग करना होगा। अन्यथा पूरे हिन्दू समाज का वही हश्र होकर रहेगा, जो कश्मीरी पंडितों का हुआ।

यदि मुसलमान या ईसाई विशेष प्रयास न भी करें तब भी एक दिन वे छा जायेंगे और हिन्दू समाज समाप्त हो जायेगा। दो जल–पात्रों की कल्पना करें, एक में बूँद–बूँद जल भर रहा है और दूसरे से बूँद–बूँद जल निकल रहा है। एक समय आयेगा जब खाली पात्र भर जायेगा और भरा पात्र खाली हो जायेगा। इसलिए यदि हिन्दू समाज को जीवित बचना है तो उसे दूसरों को अपने में शामिल करने की व्यावहारिक कार्रवाई तुरंत शुरू करनी पड़ेगी। इस्लाम और ईसाइयत के विस्तार का जो तरीका है वे उसे छोड़ नहीं सकते हैं। इसलिए हिन्दू समाप्ति का समय बहुत दूर नहीं है।

प्रसंगवश इसे समझ लेना उचित होगा कि इस्लाम विस्तार के लिए मुसलमानों की सर्वाधिक प्रेरणाप्रद व्यवस्था अल्लाह का वादा है—

अल्लाह ने तुमसे बहुत सी गनीमतों (लूट का माल) देने का वादा किया है कि तुम उन्हें पाओगे..... (कु0 48:20)

और औरतें जो (किसी के) निकाह में हैं (वे भी तुम पर हराम हैं) सिवाय उनके जो (कैद होकर) तुम्हारे अधिकार में आई हों। अल्लाह के ये हुक्म तुम पर (फर्ज) हैं।..... (कु0 48:24)

लूट की सम्पत्ति और लूट की औरतें ये ही दो प्रोत्साहन–पुरस्कार इस्लाम विस्तार के लिए इस लोक में प्राप्त कराने का कुरान के अल्लाह ने वादा किया है जिसके कारण मुसलमान जेहाद के लिए बहुत इच्छुक और उत्साहित रहते हैं। अल्लाह के इन्हीं पुरस्कारों के कारण दुनियाँ में इतनी तेजी से इस्लाम का विस्तार हुआ। आगे भी वे इस अवसर का यथाशीघ्र लाभ पाने के लिए तेजी से जनसंख्या विस्तार और हथियारों के संग्रह में लगे हैं।

लूट के माल और लूट की औरतों का मुसलमानों के लिए महत्व और अधिकार के संबंध में और स्पष्टीकरण के लिए एक–दो घटनाओं का वर्णन करना उचित होगा।

एक घटना में, जिहाद के क्रम में एक काफिर का सारा धन लूट कर मुसलमान ले आये। वह काफिर तुरंत मुसलमान बन गया। तत्कालीन खलीफा उमर के यहाँ वह फरियाद लेकर गया कि वह मुसलमान बन चुका है, इसलिए लूटा हुआ उसका धन दिला दिया जाय। खलीफा ने पूछा कि "तुम्हारा धन तुम्हारे मुसलमान बनने से पहले लूटा गया या बाद में', उसने बताया, "पहले"। खलीफा उमर ने फैसला दिया कि चूँकि धन काफिर रहते हुए लूटा गया इसलिए उसका अधिकारी लूटने वाला मुसलमान हुआ; क्योंकि काफिर का लूटा माल लूटने वाला मुसलमान का होता है। उस नव मुस्लिम को उसका धन वापस नहीं मिला।

दूसरी घटना मुहम्मद साहब के समय की है। हुनैन की लडाई में काफिरों की सारी सम्पत्ति और उनकी औरतों–बच्चों को मुसलमान जीत कर ले गये। काफिरों ने उसके बाद इस्लाम स्वीकार कर लिया और अपने परिवार तथा धन को वापस करने की माँग की। मुहम्मद साहब के बहुत कहने पर मुसलमान उनकी औरतें–बच्चे या धन दोनों में एक देने पर राजी हुए। वे धन छोड कर अपना परिवार ले गये।

लूट का माल मुसलमानों का अधिकार होता है जिसे अल्लाह ने दिया है। मुस्लिम विद्वान अनवर शेख ने अपनी पुस्तक "इस्लाम–काम–वासना और हिंसा" में इस्लाम विस्तार का कारण हिंसा और काम वासना को प्रोत्साहन देना बताया है। इस विषय में कही से भी संदेह की जगह नहीं रह जाती है। जिन के पास धन है और सुन्दर औरतें हैं उन पर ही अल्लाह के वादा के अनुसार धन और औरतें प्राप्त करने के लिए मुसलमानों का ध्यान विशेष रूप से केन्द्रित होता है। जेहाद की पहली कार्रवाई उन्हें ही मिटाने की होती है। इसका दो लाभ होता है। समाज के सबसे प्रभावशाली, प्रतिष्ठित और सम्पन्न परिवारों के अपमान, पराजय और विनाश के बाद

तो पूरा समाज ही आतंकित और भयभीत हो जाता है। फिर उनको समाप्त करने के लिए बहुत कुछ करना शेष नहीं रह जाता है जैसा "कुरानिक कन्सेप्ट ऑफ वार" में ब्रिगेडियर एस0 के0 मलिक ने कहा है। दूसरा प्रत्यक्ष लाभ धन और औरतों की प्राप्ति का होता है। मुसलमान काफिरों के धन और औरतों का आपस में पहले ही बँटवारा कर लेते हैं ताकि बाद में आपस में विवाद न हो । देश–विभाजन के समय जिन इलाकों से मुसलमानों को भागना पड़ा था, उनके घरों की तलाशी में ऐसी सूचियाँ मिली थीं जिनमें मुसलमानों का नाम और उनके सामने हिन्दू–सिक्ख लड़कियों–महिलाओं का नाम–पता लिखा था। इसका उद्देश्य था हिन्दुओं –सिक्खों के कत्ले आम के बाद उनकी औरतों के बँटवारे में आपसी विवाद से बचना। इसलिए इसे पहले से ही तय कर लिया गया था। हिन्दुओं के घर–घर में इनकी पहुँच रहती है जबकि हिन्दू इस सबसे बेखबर रहते हैं।

पूरा मुस्लिम समुदाय एक ऐसे मजहबी चैनल का भाग बन चुका है कि उसे सहजता से उससे मुक्त नहीं कराया जा सकता है। यदि अपने परिवार का कोई सदस्य किसी बुरी संगति, मानसिक असंतुलन या मादक पदार्थ के सेवन का अभ्यस्त बन, परिवार का शत्रु बनता है या असंतुलित बन हानिकारक बनता है तो परिवार के बाकी सभी लोग मिलकर उसे सुरक्षित पकड़ कर उपचार की व्यवस्था करते हैं। हिन्दू समाज को उसी भावना से निपटना होगा।

लेकिन यह काम अत्यन्त कठिन है। खूँखार बने प्रियजन को सुरक्षित नियंत्रित करने के लिए उससे पाँच गुनी अधिक शक्ति रखनी पड़ती है। हिन्दू समाज को यही करना होगा। सबसे पहले हिन्दू समाज को स्थिति की सही जानकारी देने का काम हाथ में लेना होगा। यह काम सामूहिक प्रयास से ही सम्भव है। इस देश के वैसे सभी लोगों को एक मंच पर इकट्ठा करना होगा जो सारी स्थिति की समझ रखते हों और जिनको हिन्दू हितों की चिन्ता हो। आज हिन्दू समाज के सभी तरह के लोगों में हिन्दू विरोध द्वारा अन्य लोगों के प्रति उदारता और सहिष्णुता का दिखावा करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसमें हिन्दू साधू–संत, धर्माचार्य, पंड़ित, पुजारी, बुद्धिजीवी, राजनीतिज्ञ, समाजिक कार्यकर्ता, सांस्कृतिक संगठन संचालक आदि के साथ ही पूरे हिन्दू समाज के सभी पेशा और श्रेणी के लोग शामिल हैं। हिन्दू ही हिन्दू हितों का घात करने के लिए तैयार हैं। कारणं सिर्फ अज्ञानता और अंधस्वार्थ है। इस विकट परिस्थिति में जो जागृत हैं उनका यह स्वतः कर्तव्य हो जाता है कि सोये हुओं को जगायें।

एक घटना में, तीन शराबी नशे में रेल पटरी के समतल पर लेट गये। थोड़ी ही देर में ट्रेन की सीटी सुनाई पड़ी। उसमें एक ने कम पी थी। वह जग गया और शीघ्रता से दोनों को झकझोर कर कहा, "रेल की पटरी पर सो गये हो, जल्दी उठो गाड़ी आ रही है, कट कर मर जाओगे। एक ने गाली देते हुए कहा क्यों नींद में खलल डालता है, उसकी इतनी हिम्मत कि मुझे काटेगी ? दूसरे ने उसे पत्थर मारते हुए कहा, अरे मूर्ख वह बगल से चली जायेगी ? सोजा। अपने फूटे माथे को पकड़े हुए दोनों को खींचकर पटरी से हटाया। जैसे ही हटाया गाड़ी पार कर गई। गाली और पत्थर के

चोट से क्रुद्ध होकर यदि उन्हें छोड़ देता तो क्या वह स्वंय को माफ कर पाता ! आजीवन उसकी आत्मा उसे हत्या का अपराधी कहकर कोसती नहीं !इसलिए पहले जगने वाले का स्वतः कर्तव्य होता है कि वह दूसरों को भी जगावे। यह हिन्दू समाज शराबियों की तरह रेल की पटरी पर सोया हुआ है, जागृत लोगों का कर्तव्य है कि इसे जगावें, अन्यथा यह नष्ट होकर रहेगा।

आर0एस0एस0, विश्व हिन्दू परिषद्, हिन्दू महासभा और अन्य छोटे–बड़े संगठन, राजनीतिक दल, हिन्दू धर्म के विभिन्न सम्प्रदाय, वनवासी, पर्वतीय लोगों, सिक्ख, जैन, बौद्ध अनेक पंथ के साधू–संत, महात्मा, कथावाचक, उपदेशक सभी मिलकर एक छत्र के नीचे जमा हों। सबसे पहले इनलोगों को ही विधिवत शिक्षित करने का काम करना होगा। इनके लेखों, वक्तव्यों, प्रवचनों, उपदेशों से यह पता चलता है कि इन्होंने इस्लाम और ईसाइयत के खतरों की गम्भीरता को आजतक समझने का प्रयास नहीं किया। ये सर्वधर्म समभाव, सहिष्णुता, बसुधैव कुटुम्बकम् आदि की बातें करते हैं। हिन्दुओं को बताते हैं कि सभी धर्म प्रेम, सत्य और न्याय की शिक्षा देते हैं कोई धर्म हिंसा नहीं सिखाता। इन धर्माचार्यों की बातें सुनकर ईसाई और मुसलमान इनकी अज्ञानता पर मुस्कराते हैं। ये लोग न तो ईसाइयत और इस्लाम का ही अध्ययन करते हैं और न ही अपने ही धर्म की आत्मा का ज्ञान रखते हैं। श्री राम और श्रीकृष्ण दोनों ईश्वर के अवतार के रूप में हिन्दू मानस में श्रद्धा और आस्था के केन्द्र हैं। दोनों ने ही अन्याय और अधर्म के विरुद्ध खड़ा होकर सशस्त्र युद्ध द्वारा अत्याचारियों का अंत किया। अन्याय और अधर्म के विरुद्ध सशस्त्र संग्राम में शामिल होना और अत्याचारियों का विनाश करना ही हिन्दू धर्म की आत्मा है। धर्म और न्याय की रक्षा करना ही परम कर्तव्य है। लेकिन आज के भ्रमित महात्मा अहिंसा का नकारात्मक पाठ पढ़ाकर समाज को कायर बनाते रहते हैं। वे अन्यायी और अधर्मी का विनाश करने की बात कभी करते ही नहीं हैं। इसलिए हर स्तर पर ज्ञान प्रकाश का काम करना होगा। सदाचारी और दुराचारी का भेद किये बिना सबके लिए एक ही व्यवहार की बात करना अपने आप में अधर्म है। सदाचारी की रक्षा के साथ दुराचारी का विनाश करना भी धर्म है। यह काम आगे बढ़कर कोई संगठन करे। गोष्ठियाँ, सभाएँ, सम्मेलनों या अन्य प्रचार माध्यमों, पत्र–पत्रिकाओं और पुस्तकों के व्यापक प्रचार–प्रसार द्वारा शहर–शहर, गाँव–गाँव और घर–घर तक इनको पहुँचाने का कार्यक्रम चालू करना होगा। यदि हिन्दू संगठनों ने इस दिशा में समुचित प्रयास किया होता तो आज तक पूरा हिन्दू समाज सजग हो गया होता। आज पूरा समाज जो अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने वालो सिरफिरों की जमात जैसा दिख रहा है, वैसा न होता। आज हिन्दू समाज के हिन्दू विरोधियों का कहीं अतापता नहीं होता, हिन्दू हित रक्षक सरकार होती और भारत हिन्दू राष्ट्र घोषित हो चुका होता। अब इस काम में देर करना आत्मघात होगा।

न्याय, प्रशासन,सेना और पुलिस को प्रथम लक्ष्य बना कर पूरे समाज को ही शिक्षित करने की आवश्यकता है। इस काम में अनेक कठिनाइयाँ हैं। उसकी चिन्ता

न कर, आवश्यकता है सिर्फ लगने की। इस्लाम और ईसाई समुदाय को बाहर से अकूत धन विदेशों से मिल रहा है। यह सुविधा हिन्दुओं को नहीं है। मादक पदार्थों की बड़ी पैमाने पर तस्करी पड़ोस के मुस्लिम देशों की मदद से होता है। उसके लिए भारत के मुस्लिम समाज की सुरक्षित बस्तियों में वे इस व्यापार को गुप्त तरीके से चलाने की व्यवस्था करते हैं। इस व्यापार से मुस्लिम देशों को सीधा लाभ मिलता है। उसके बाद दूसरा लाभ भारत के उन मुसलमानों को मिलता है जो इस व्यापार से जुड़ते हैं। इन मादक पदार्थों में अफीम, हिरोइन, ब्राउन सुगर आदि होते हैं। व्यापार हिन्दू बहुल इलाकों में होता है। लाभ की आशा में इस्लामी षड्यंत्र से अनजान हिन्दू युवक भी इस व्यापार से जुड़ कर हिन्दू समाज में इन मादक वस्तुओं को खपाते हैं। हिन्दुओं का आर्थिक नुकसान भी भारी पैमाने पर होता है। उससे भी भयंकर क्षति बड़े पैमाने पर युवकों के नशेड़ी होकर बर्बाद होने के कारण होता है। उनके घर के घर उजड़ रहे हैं। इस्लामी आतंकवाद की अन्तर्राष्ट्रीय कार्रवाई का यह एक महत्वपूर्ण भाग है। हिन्दू स्वयं शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से बर्बाद होते हैं और इस्लामी आतंक को मदद पहुँचाकर अपने ही सर्वनाश का उपाय करते हैं।

हिन्दू जागरण का काम किसी स्तर पर नहीं होने से इसके प्रति जागरुकता और सतर्कता नहीं हो पाती है। इसे तुरंत शुरू करने की आवश्यकता है। उनके हिन्दू जागरण के किसी कार्यक्रम में मुस्लिम–ईसाइयों की तरह सरकारी सहयोग के बदले असहयोग और विविध तरह की बाधाएँ ही खड़ी की जायेंगी। धन की व्यवस्था भी सामान्य हिन्दू द्वारा ही करना होगा। हिन्दूवादी राजनीति करने वाली बी0जे0पी0 अगर चाहती तो इस काम के लिए सरकार में रहते हुए बहुत धन की व्यवस्था कर सकती थी; पर इनका उद्देश्य हिन्दू हित नहीं, हिन्दू राजनीति द्वारा सत्ता की कुर्सी पाना भर रहा है।

सबसे महत्वपूर्ण काम प्रचारकों को गाँवों, कस्बों में स्थाई रूप से रहने की व्यवस्था करना है। जब तक सालों रहकर पूरे क्षेत्र के बालक, युवा, वृद्ध, स्त्री पुरुष को इस रंग में रँग कर विचार धारा के प्रवाह को एक स्थाई दिशा न दे दी जाय; उनके सोच–विचार और उनकी धारणा को भटकाव से हटा कर और इनके ही द्वारा प्रचार की कार्रवाई को आगे बढ़ाते रहने के योग्य और अभ्यस्त बना कर उनके नियमित जीवन से न जोड़ दिया जाय, तब तक लक्ष्य प्राप्ति में सफलता नहीं मिलेगी। आर0एस0एस0 ने यही काम नहीं किया; फलतः हिन्दू समाज को जागृत न कर सका और स्वंय भी इससे कट कर रह गया। लेकिन बीते समय से सीख लेकर आगे के लिए तुरंत कार्य योजना में लग जाना चाहिए। निराशा तो पराजय है। एक चिनगारी पूरे जंगल को जला डालने की शक्ति रखती है। एक व्यक्ति बहुत कुछ कर सकता है यदि वह पूर्ण समर्पित हो; यह तो संगठन है। आवश्यकता है, अहंकार त्याग कर और मिथ्या दम्भ छोड़कर, छोटे–छोटे लोगों और छोटी–छोटी घटनाओं से भी सीखने का। स्वार्थ के कींचड़ से निकल कर त्याग और आत्मोसर्ग की ऊँचाई तक उठने का; अटल **निश्चय के साथ अनवरत उद्योग में लीन होने का; क्योंकि बिना इस व्रत के कुछ भी प्राप्त नहीं होता है। लक्ष्य प्राप्ति तक कष्ट से विचलित नहीं होने का संकल्प लेना**

होगा। आप पैर तो आगे बढ़ाइये। आप देखियेगा, सहमा और ठिठका हुआ पूरा हिन्दू समाज कोई मार्ग नहीं सूझने से हताशा में जी रहा है. स्वार्थान्ध, अज्ञानियों. मूर्खों और पाखंडियों को छोड़कर। आप के आगे बढ़ते ही आपके साथ चल पडेगा। आप हिन्दू समाज पर मँडराती विपत्ति की छाया को शीघ्र ही नष्ट कर सकेंगे। पर आप का लक्ष्य पद और यश के ही आसपास रह गया तो कभी कुछ न कर सकेंगे।

सभी श्रेणी के लोगों से समय निकालने का अनुरोध कर टोलियाँ बनाना. उनको सिद्धांत और कार्यक्रम की समुचित जानकारी देना. उसके बाद प्रचार सामग्रियों की व्यवस्था के साथ उनको गाँवों में भेजना होगा। वहाँ कुछ दिनों तक भरपूर प्रचार कर एक दो व्यक्तियों को स्थाई रूप से रहने के लिए छोडना होगा जो नियमित बैठकें, प्रार्थना, योग, ध्यान सहित अध्ययन, विचार–विमर्श का क्रम जारी रखें। फिर कुछ दिनों में उसी गाँव से कुछ व्यक्तियों को तैयार करें जो आगे के गाँव में यही काम कर सकें। आज जो भी थोड़े से समर्पित लोग हैं वे भी गाँवों में नियमित रह नहीं पाते हैं। एक दो कार्यक्रम आयोजित कर चल देते हैं। इससे तो कुछ भी नहीं हो सकता है। मिशनरी काम निरंतर लगे रहने से होता है। प्रचार सामग्री में, पुस्तकें, पत्रक, पत्रिकाओं के साथ ऑडियो, भीडीओ कैसेट, नाटक, गायन आदि प्रचार के जितने उपाय हो सकते हैं, उनको ढूँढ कर उनका उपयोग करना होगा। दैनिक, साप्ताहिक, मासिक पत्र–पत्रिकाओं का इसी उद्देश्य से प्रकाशन करना होगा। इनका प्रकाशन हिन्दू समाज के लिए अलग, मुस्लिम समाज के लिए अलग और ईसाई समाज के लिए अलग करना होगा। हिन्दू को अपने अस्तित्व पर आये खतरे और उससे निपटने के उपाय के लिए शिक्षित करना, जबकि मुस्लिम और ईसाई समाज को बताना कि उनके हिन्दू पूर्वजों को किस प्रकार बर्बरता, क्रूरता और छल–कपट का शिकार बनाया गया था, आवश्यक है। दुनिया के इस्लामी समाज की गुलामी, पिछड़ापन, अंधविश्वास और मजहबी उन्माद के कारण कितना बुरा हाल है। उन्हें अपने पूर्वजों के धर्म में वापस आने की प्रेरणा देनी होगी। हिन्दू समाज की रूढ़ियाँ, जिनमें जाति प्रथा और छुआछूत भी शामिल हैं, तेजी से मिटने की ओर उन्मुख हैं। तब यह आर्थिक विकास, मानवीय प्रेम, समरसता की भावना और सबके प्रति आदर सम्मान के धार्मिक सिद्धांत के कारण दुनिया में सुख–शांति का समाज होगा। मुसलमानों को बताना होगा कि इस्लाम कोई मजहब नहीं है, इसमें कहीं आध्यात्मिकता नहीं है। जिस प्रकार सैनिकों को विशेष प्रकार के अभ्यास द्वारा लड़ाकू और अनुशासित बनाया जाता है उसी प्रकार अरबी साम्राज्य विस्तार के उद्देश्य से मुहम्मद ने आतंक के साये में गुलाम समुदाय को सांस्कृतिक बदलाव का अभ्यस्त बनाने का उपाय किया है। थोड़ा ध्यान देने से इस मध्ययुगीन अरब की बुद्धि कौशल को समझा जा सकेगा।

टी0वी0, रेडियो, अखबारों आदि में आध्यात्मिक वार्ता करने वालों से सम्पर्क कर उनसे इस विषय पर अपने हर प्रवचन में बोलने के लिए अनुरोध किया जाय। दुनिया में होने वाली आतंकवादी कार्रवाइयों का कारण बताया जाय। हिन्दू समाज को खतरों से सावधान किया जाय। हिन्दू धर्म के साथ इस्लाम और ईसाइयत के चरित्र की सच्चाई को बताया जाय।

विश्व हिन्दू परिषद को चाहिए कि हिन्दुओं को सतर्क करने के लिए एक विशेष टी0 वी0 चैनल की व्यवस्था कर हिन्दू धर्म पर इस्लाम और ईसाइयत के खतरों के प्रति हिन्दू जनता को सतर्क करे। आज इन चैनलों पर सिर्फ भजन–कीर्तन और पौराणिक कथाएँ होती हैं। सत्ता की लोभी पार्टियाँ, जो आज तुष्टिकरण की सारी सीमाएँ निर्लज्जतापूर्वक तोड़ रही हैं, उनकी परवाह करने की आवश्यकता नहीं है। उपदेशक लोग उपदेश को पेशा बना कर कमाई में ही लगे न रह जायँ, हिन्दू समाज की रक्षा के लिए स्वंय त्याग करें और लोगों को त्याग के लिए प्रेरित करें।

कुछ चुने हुए समर्पित लोगों को शिक्षित कर, साधू–संतों, कथावाचकों, धर्मोपदेशकों, महात्माओं, पंडितों, पुरोहितों, कर्मकांडियों केअलावा सामाजिक कार्यकर्ताओं और वैसे सभी लोगों की समय–समय पर बैठकें, गोष्ठियाँ आदि कर उन्हें इस विषय से पूरा परिचित कराने के लिए भेजा जाय। उनको स्वंय अध्ययन के लिए प्रेरित किया जाय और अनुरोध किया जाय कि अपने स्तर से वे जहाँ तक कर सकते हैं हिन्दू समाज को सच्चाई से अवगत करावें। ये लोग घर–घर, गाँव–गाँव में जाकर हिन्दू रणनीति की जानकारी दें।

जैसे–जैसे प्रचार कार्य बढ़ेगा वैसे-वैसे समर्पित लोगों की संख्या बढ़ेगी। तब हर गाँव, मुहल्लों, टोलों के स्तर पर संगठन तैयार करना होगा जो हिन्दू समाज की सुरक्षा और विकास के लिए काम करे। मुसलमान और ईसाई अपने मजहबों के मौलिक चरित्र से ही साम्प्रदायिक और राजनीतिक हैं और हिन्दू अपने धर्म के मौलिक चरित्र से ही असाम्प्रदायिक और अराजनीतिक हैं; लेकिन अधकचरे या अंधस्वार्थी लोग उल्टा ही कहते हैं। अब उनके कहने की चिन्ता छोड़कर हिन्दू समाज को तब तक साम्प्रदायिक और राजनीतिक रूप देना होगा जब तक इस्लाम और ईसाइयत के साम्प्रदायिक, राजनीतिक, विस्तारवादी और आतंकवादी आचरण को नष्ट न कर दिया जाय। यह काम सरकारों से नहीं हो सकता है। क्योंकि वे सत्ता लोभ में अन्याय और अनैतिकता का पक्षधर बन जाती हैं। यह काम पूरे हिन्दू समाज को संगठित होकर करना पड़ेगा और यदि हिन्दू समाज जागृत और संगठित बनता है तो फिर इस प्रकार की सड़ी गली सरकारें बनेंगी ही नहीं, जैसी आजादी के समय से ही बनती आ रही हैं। तब समर्पित और योग्य लोगों की सरकार होगी जिसका कर्तव्य न्याय और धर्म की स्थापना होगा।

हर स्तर पर हिन्दू स्वंयसेवकों की आवश्यकता होगी जिनसे हिन्दू रक्षादल, हिन्दू स्वास्थ्य सेवा, हिन्दू शिक्षासेवा जैसी अनेक सेवाओं का विस्तार हो सके। इनमें सबसे प्रमुख हिन्दू शिक्षा अभियान होगा। इसी से लोगों को प्रेरणा मिलेगी, जानकारी मिलेगी और कार्य दिशा का ज्ञान होगा। इसके कारण ही विचारधारा का तेजी से प्रचार–प्रसार होगा।

देश विभाजन के समय हिन्दू–सिक्खों के विरुद्ध मुस्लिम समाज के हर तबके के लोग सक्रिय रूप से लगे थे। जिन पर रक्षा की जिम्मेवारी थी वे ही हिन्दुओं पर गोलियाँ चला रहे थे। लेकिन कहीं हिन्दू अधिकारी, सेना या पुलिस वालों ने मुसलमानों के विरुद्ध वैसा नहीं किया। वे मुस्लिम मजहबी भावनाओं को नहीं जानने

के कारण उन पर विश्वास कर हमेशा धोखा खाते हैं। इसलिए आवश्यकता है कि सरकार में स्थित सभी श्रेणी के अधिकारियों कर्मचारियों को सच्चाई से परिचित कराया जाय। उनकी कठिनाई है कि वे अति व्यस्त लोग होते हैं, उनके पास अध्ययन का समय बहुत कम होता है। उनकी इधर रुचि भी नहीं होती है। यद्यपि वे मेधावी होते हैं. उन्हें पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने पर सच्चाई समझने में देर नहीं लगेगी। विद्यार्थी जीवन में उन्हें इस सत्य के साक्षात्कार का मौका ही नहीं लगा: क्योंकि पाठ्य पुस्तकों में इस सत्य को छिपाने की नेहरू के समय से ही पर्याप्त व्यवस्था की जाती रही है। विद्यार्थी जीवन के बाद नौकरी में आ जाने से उनके पास न वह वातावरण ही मिलता है और न समय ही बचता है। यह काम भी समर्पित लोगों को ही करना होगा।

प्रचार–प्रसार का काम तेजी से बढ़ने, हिन्दू टोलों, मुहल्लों, गाँवों, शहरों आदि में हिन्दू संगठनों के बनने और पूरे समुदाय के सभी श्रेणी के लोगों की नियमित (दैनिक, अर्द्ध साप्ताहिक, साप्ताहिक) बैठकें होने के बाद आपसी विचार विमर्श में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का निर्धारण होगा। आवश्यकतानुसार विभिन्न विषयों पर विचार होगा।

किन्तु अभी जो हिन्दू समाज में छुआछूत और ऊँच–नीच की भावना बनी हुई है उसको मिटाने की कार्रवाई तुरंत करनी होगी। जाति-प्रथा का भी अन्त होगा लेकिन इसमें कुछ समय लगेगा। गाँव मुहल्लों में नियमित बैठकें और सहभोज करना होगा, जिनमें धीरे–धीरे औरतों बच्चों को भी शामिल किया जाय। पढ़ी–लिखी सवर्ण घर की महिलाएँ जो जागृत हैं दलित महिलाओं के साथ आने लगेंगी। एक ही तरह के वातावरण का अभ्यस्त होने के कारण आदमी उससे बँध जाता है। वह उसी स्थिति में रहना पसंद करता है। बदलाव बुरा लगता है।

सहभोज में पहले हलके ढंग से जैसे प्रसाद वितरण, खड़े–खड़े जलपान फिर बैठ कर जलपान, फिर खड़े–खड़े भोजन फिर एक पंक्ति में बैठ कर भोजन खिलाने पिलाने से सभी जाति के लोगों को सम्मिलित करने, विशेष कर जो अछूत समझे जाते रहे हैं, आदि तरीकों से अत्यन्त पिछड़े ग्रामीण इलाकों में भी सामाजिक समरसता पैदा की जा सकती है। इसे तुरंत करने की आवश्यकता है।

हिन्दू समुदाय को समझना होगा कि दलित समाज के ही व्यक्तियों को ईसाई धर्मान्तरित क्यों करते हैं। क्योंकि वे कई कारणों से आकर्षित हो जाते हैं। उन्हें आर्थिक मदद, शिक्षा में सहायता, बीमारी में सहायता, सामाजिक मान्यता और सम्मान मिलता है। यह हिन्दू समाज उन्हें नहीं दे पाता। आर्थिक सुविधा तो ईसाइयों के मुकाबले जुटा पाना हिन्दू समाज के लिए संभव नहीं है पर कम से कम सामाजिक मान्यता और सम्मान तो दे सकता है। हिन्दू समाज में समानता और सम्मान मिलते ही और भेदभाव मिटते ही उनमें एकता का भाव दृढ़ होगा और हिन्दू समुदाय से अलग होने की इच्छा नहीं होगी। एक तरफा दोष देने से काम नहीं चलेगा। पूरे हिन्दू समाज के मन में यह बात बैठानी पड़ेगी कि दलित समाज तो हमारा ही अंग है। लगातार होने वाले मुस्लिम आक्रमण, अत्याचार, उत्पीड़न और बलात् धर्मांतरण से बचने के लिए

भारी संख्या में ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं कृषि से सम्बन्धित जातियों के लोग भाग कर जंगलों में रहने लगे थे। कुछ लोग धर्मांतरण के बदले उत्पीड़न के रूप में दलित जातियों का पेशा अपनाने को बाध्य हुए थे। आज के अनेक आदिवासी और दलित जातियों के लोग उसी उच्चकुलीन लोगों के वंशज हैं, यही लोग सच्चे हिन्दू थे जिन्होंने उत्पीड़न सहकर भी अपना धर्म नहीं बदला। परिस्थितियों ने उनकी पहचान बदल दी। उनसे सामाजिक जीवन में हर तरह की निकटता बढ़ाना जरूरी है। इस निकटता को बढ़ाने के लिए सहभोज और समरसता के साथ हिन्दू दिनचर्या में उन्हें समान रूप से अपना भागीदार बनाना सर्वोत्तम उपाय है।

ईसाई जहाँ जमा होकर तरह–तरह के अंधविश्वासों और झूठे चमत्कारों का ड्रामा करते हैं, जैसे चंगाई सभा, वहाँ उनका विरोध और पर्दाफाश कर उनको खदेड़ना भी पड़ेगा। उनसे कहीं-कहीं कड़ाई से पेश आना भी आवश्यक है। ये मुलायम तभी तक रहते हैं जब तक कमजोर रहते हैं। इनका उपद्रव देखना हो तो तिलक लगाकर और माला पहन कर उत्तर पूर्वी ईसाई बहुल राज्यों में जाइये। ये हर जगह छेड़खानी करते हैं। "हिन्दू सभा वार्ता" अपने 3 से 9 अगस्त 2005 के अंक में लिखा– "स्थानीय (अरूणाचल) जनजातियाँ प्रकृति पूजक हैं और अपने पारम्पारेक विश्वासों पर चलना चाहती हैं। परन्तु ये बन्दूकधारी उन्हें चैन से जीने देना नहीं चाहते। उनके मंदिरों को जलाने की कई घटनाएँ घटित हो चुकी हैं। उन्हें 25 दिसम्बर को ईसा मसीह का जन्म दिन मनाने को बाध्य किया जाता है। उनका निर्देश न मानने पर मार दिया जाता है। उनके गोवंशों को जबरदस्ती उठा ले जाते हैं और नौजवानों को आतंकवादी बनने को बाध्य किया जाता है।" गोवा में इनके द्वारा जितने अत्याचार किये गये वे मुस्लिम अत्याचारों से किसी प्रकार कम न थे। ज्यादा संभावना है कि इनके ही आतंकवादी विस्तार के चरित्र से मुहम्मद ने भी प्रेरणा ली हो और इनसे ही सीख कर दो कदम और आगे निकल गये हों।

हिन्दुओं के मिटने का सबसे प्रमुख कारण शस्त्र त्याग करना भी है। उन्हें अपनी रक्षा के लिए इसे तुरंत ग्रहण करना पड़ेगा। दुनिया में यहूदी हर जगह कमजोर हो गये थे। जब थोड़े रह गये तब मिटने–मिटाने के लिए कमर कस लिये। अब मुस्लिम देश उन पर सीधा हमला करने का साहस नहीं जुटा पाते हैं। हिन्दुओं को भी यहूदियों से शिक्षा और सहायता लेकर आत्मरक्षा के लिए उनकी ही राह पर चलना पड़ेगा। लेकिन सबसे प्रथम काम तो इस अज्ञानी हिन्दू समाज को ही शिक्षित करने का है। वरना सेना और परमाणु अस्त्र धरे रह जायेंगे और बिना युद्ध के ही भारत इस्लाम और ईसाइत के हाथों बँट जायेगा।

इस देश के सर्वोच्च आसन पर एक ईसाई महिला बैठी है। सारा हिन्दू शासनतंत्र जिसकी कृपा दृष्टि का आकांक्षी बना है। केन्द्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री एक से बढ़कर एक ईसाई तुष्टिकरण के लिए हिन्दू विरोधी काम करेंगे, क्योंकि उनका राष्ट्रधर्म स्वार्थ और सत्तासुख है। ये हिन्दू समाज को नष्ट कराने में कोई कोर कसर छोड़ने वाले नहीं हैं। भले ही हिन्दू समाज के अन्त के साथ इनका भी अन्त हो जाय। लेकिन जब तक पूरे हिन्दू समाज को सच्चाई से अवगत न करा दिया जाय तब तक

चालबाज उन्हें ठगते ही रहेंगे। हिन्दू समाज को जागृत होते ही गद्दारों की संख्या स्वतः कम हो जायेगी तब इनसे निपटना सरल हो जायेगा।

तिरुपति में तिरुमले स्थित बालाजी धाम के आसपास की पवित्र पहाड़ियों से सटी भूमि को ईसाइयों को देने का षड्यंत्र वहाँ की सरकार कर रही थी कि यह समाचार अखबारों में छप गया। विरोध के कारण सरकार ने इससे इनकार किया। अब धीरे–धीरे प्रचार माध्यमों में समाचार आते–आते हिन्दुओं का उत्तेजनात्मक विरोध क्रमशः कम होगा और अन्त में षड्यंत्रकारी सफल होंगे। यह सुनियोजित कार्यक्रम है जिससे हिन्दुओं के धर्म–स्थलों के पास चर्च बना कर उनको धर्मान्तरित करने का जाल बिछाया जा सके। ईसाइयत छल–कपट और गुप्त तरीके से धीरे–धीरे अपने विस्तार के कुचक्र में लगी है। इसमें अमेरिका भी भरपूर मदद दे रहा है। अपनी कपट नीति के तहत एक तरफ अमेरिका भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ा रहा है। मुस्लिम आतंकवाद से पीड़ित भारत के रुझान को देखकर आतंकवाद के नाम पर यह संधि कर रहा है। जबकि वास्तविक रूप में आतंकवाद से निपटने में वह भारत की कोई मदद नहीं करता है। उसका उद्देश्य है ईसाई मिशनरियों को भारत की किसी कठोर कार्रवाई से सुरक्षित बचाये रखना। भारत में ईसायइत के विस्तार के लिए धन झोंक रहा है। ईसाई विस्तार में रुकावट पैदा करनेवाले आर0एस0एस0 को अलकायदा के समान आतंकवादी संगठन घोषित करना, उसका मनोबल तोड़ने की अमेरिकी कपट रणनीति का भाग है। इनका भी उद्देश्य और चरित्र इस्लाम के समान ही है। जिस प्रकार मुसलमान की प्रथम राष्ट्रीयता इस्लाम होता है उसी प्रकार ईसाइयों की प्रथम राष्ट्रीयता भी ईसाइयत है। इसलिए ये दोनों जिस देश में रहते हैं उसे किसी सहधर्मी देश की तुलना में अपना देश नहीं समझते और अपने मजहबों के विस्तार के लिए देशद्रोह तक को अपना मजहबी फर्ज मानते हैं। "ईसाई चर्च इस विचार से समझौता नहीं कर सकता कि मेरा देश, गलत या सही, मेरा देश है। चाहे वह मातृभूमि का कितना ही ऋणी क्यों न हो लेकिन उस पर ईसा का अधिकार सर्वोपरि है (लेम्बेय विशेष कांफ्रेंस रिपोर्ट 1930)। इसी प्रकार विशप एजारिया ने कहा "जब हम ईसाइयत के बारे में बात करते हैं तो हमारी निष्ठा पहले अपने स्वामी (जीसस क्राइस्ट) में होनी चाहिए और मातृभूमि के लिए बाद में"। अतः अन्तर्राष्ट्रीय ईसाइयत का एक ही उद्देश्य है कि वह हिन्दू राष्ट्रभक्ति को समाप्त कर दे ताकि हिन्दुस्तान को अस्थिर कर इसे ईसाई राज्य बनाया जा सके।

(डा0 कृष्ण वल्लभ पालीवाल द्वारा "हिन्दू क्या करें ?" में उद्धृत)

दूसरी ओर इस्लाम आतंक और विध्वंस द्वारा गैर मुसलमानों को कुचल कर अपना विस्तार करता है। हिन्दू समाज क्या करे ? यह ठीक है कि प्रचार द्वारा सम्पूर्ण हिन्दू समाज को इस खतरे की जानकारी दी जाय। हर स्तर पर जातिभेद, ऊँच–नीच, छुआछूत, तिलक दहेज जैसी रूढ़ियों को मिटाया जाय। टोला, मुहल्ला, गाँव, शहर, जिला, प्रदेश, देश स्तर पर हिन्दू संगठन तैयार किये जायँ; लेकिन इससे होगा क्या? यह सब मात्र प्राथमिक कार्य होंगे। अभी करने को सबकुछ शेष रह

जाता है।

हिन्दुओं को जिन इस्लामी आतंक, बर्बरता, क्रूरता और विध्वंस को आज तक सहना पड़ा है और आगे उसी की व्यापक तैयारी में देश–विदेश का इस्लामी समाज जुटा हुआ है, उससे कैसे बचा जा सकता है ? यह सच है कि विदेशों से मुस्लिम देशों और संगठनों द्वारा भारत के इस्लामीकरण के लिए बड़े पैमाने पर धन भेजा जा रहा है। यह भी सच है कि इस धन का उपयोग मदरसों एवं अन्य मुस्लिम जेहादी केन्द्रों में हो रहा है। वहाँ मुजाहिदीनों (मुस्लिम लड़ाकों) का शिक्षण और प्रशिक्षण चल रहा है। वहाँ वैसे तालिबानी तैयार हो रहे हैं जैसा विशुद्ध खूँखार सैनिक के रूप में उन्होंने अफगानिस्तान में रूसी सेना को पराजित किया था। यह भी सच है कि अनेक उग्रवादी (जेहादी) संगठन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में, बंगलादेश और पाकिस्तान में, भारत में जेहाद को कार्यरूप देने की तैयारी में सहयोग दे रहे हैं। पाकिस्तानी खुफिया संगठन आई0एस0आई0 और बंगलादेशी खुफिया संगठन भारत के मुस्लिम इलाकों में आतंकवादी कार्रवाइयों के लिए विस्फोटकों और अत्याधुनिक हथियारों का संग्रह कर रहे हैं। यह भी सच है कि भारी संख्या में बंगलादेशी मुसलमान और पाकिस्तानी मुजाहिदीन भारत के विभिन्न भागों में घुसकर बैठ गये हैं। वे विभिन्न पेशा जैसे चोरी, स्मगलिंग, जालीनोट का व्यापार, मादक पदार्थों के व्यवसाय में लग कर भारत को नष्ट करने के भीतरघाती काम में जुटे हुए हैं। सेना, पुलिस, विभिन्न सुरक्षा एजेसियों एवं सरकारी गैर सरकारी महत्वपूर्ण जगहों पर जेहाद को मजहबी फर्ज समझने वाले काबिज हो चुके हैं। यह भी सच है कि मुस्लिम समुदाय भारत में परिवार नियोजन से इनकार कर, चार–चार शादियों के प्रचलन को बढ़ावा देकर, गैर मुस्लिम लड़कियों का अपहरण कर और उन्हें बहला–फुसला कर विभिन्न स्थानों पर धर्मान्तरण कर मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि की जी तोड़ कोशिश कर रहा है।

हिन्दुओं पर इनका क्या प्रभाव पड़ने वाला है ? यद्यपि इसका ऊपर वर्णन किया जा चुका है फिर भी इसे दुहरा देने से पुनः इसका स्मरण होगा।

हिन्दू युवाओं की हत्या, उनकी महिलाओं और सम्पत्ति की लूट, अचल सम्पत्ति पर दखल और बालक वृद्धों सहित सबका इस्लामीकरण; मुसलमानों को अल्लाह के हुक्म से यही करना है और यही पाना है। हिन्दुओं का यही भविष्य है। जो आज की परिस्थिति के अनुसार, निश्चित लगता है। जो हजार वर्ष से चला आ रहा है। निर्णय हिन्दू को लेना है, क्या करें ? क्या न करें ? अगर हिन्दू ने संकल्प ले लिया है कि वह तो हाथ पर हाथ धरे बैठेगा, क्योंकि जो कुछ होना है वह तो निश्चित है। भगवान ने तो उसे पहले ही तयकर दिया है अब किसी कर्म की आवश्यकता नहीं है तो वह समझ ले कि उसका मिटना निश्चित हो चुका है। अगर उसका पुरुषार्थ, आत्म गौरव और शौर्य का कुछ भी भाग शेष होगा तो अन्याय और अधर्म को मिटा कर ही दम लेने का सौगंध लेगा और तब वह कहेगा, आत्म सुरक्षा हर प्राणी का प्रकृति प्रदत्त स्वयं सिद्ध जन्म सिद्ध अधिकार है। किसी अत्याचार के विरुद्ध प्रतिकार हर व्यक्ति

और समाज का न्यायसिद्ध अधिकार है। अत्याचार, शैतान, मानव या अल्लाह किसी नाम से किसी रूप में आवे, अत्याचार का मुकाबला हर प्राणी का न्यायोचित धर्म है। अन्याय को सहन करना अधर्म है। गीता में कृष्ण का अर्जुन को उपदेश है कि अन्याय और अधर्म को मिटा डालने तक युद्ध करो।

